

# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी



Email:dainikayodhyatimes@gmail.com www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 142 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, शुक्रवार 22 जुलाई 2022 (डाक पंजीयन संख्या: 272 / 2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा जिला कार्यालय में भाजपाइयों ने मनाया राष्ट्रपति मुर्मु की जीत पर जश्न

प्रयागराज। जिला कार्यालय मे यमुनापार जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती,जिला उपाध्यक्ष संतोष



त्रिपाठी,जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी के साथ महानगर के भाजपाईयो ने द्रौपदी मुर्मु के लोकसभा बोट की मतगणना की घोषणा से ही जश्न मनाना चालू कर एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए जश्न मनाया। और प्रधानमंत्री मोदी जी,राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। भारी संख्या मे यमुनापार–महानगर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दिल्ली में नए राष्ट्रपति के कार्यक्रम में द्रौपदी मुर्मू का पोस्टर लगाया



नई दिल्ली। दिल्ली में पंडाल के अंदर बनाये गए मंच के पीछे भी एक बड़ा पोस्टर लगाया गया है. जिसमें द्रौपदी मुर्मू का अभिनन्दन किया गया. इसी मंच से द्रौपदी मुर्मू सभी शुभकामना देने वालों की सुभेच्छा ग्रहण करेंगी।

### नाराज बिल्डर ने ठेकेदार पर डाला ज्वलन शील पदार्थ फिर लगाई आग, हुई मौत

कानपुर। कानपुर के चकेरी थाना अंतर्गत दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां तगादे से नाराज बिल्डर ने ठेकेदार को ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग के हवाले कर दिया. इसके बाद घायल ठेकेदार राजेंद्र पाल की इलाज के दौरान उर्सला अस्पताल में मौत हो गई. पुलिस ने आरोपी बिल्डर शैलेंद्र श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है. यह घटना डी ब्लॉक हरिहर धाम चकेरी थाना अंतर्गत की है. इस बीच पीड़ित ठेकेदार का मौत से पहले का इकबालिया बयान भी सामने आया है।

### भाजपा ने देश में कई प्रदेश संगठन महामंत्रियों का कार्य क्षेत्र बदला

नई दिल्ली। भाजपा ने देश में कई प्रदेश संगठन महामंत्रियों का कार्य क्षेत्र बदला, 2024 का लोकसभा चुनाव और ट्रांसफर को लेकर मंत्रियों की मच–मच को देखते हुये यूपी भाजपा के संगठन मंत्री की कुर्सी बनी अंगद का पांव!राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री शिवप्रकाश जी केंद्र भोपाल की जगह मुंबई हुआ।

### भारत के नए राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू को हमारी योजना सोसायटी के अध्यक्ष सह अयोध्या टाइम्स बिहार के राज्य को-आर्डिनेटर रवि कुमार भार्गव ने दिया बधाई





(रवि कुमार भार्गव राज्य को–आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। पूर्वी चंपारण जिले के पकरीदयाल प्रखंड में स्थित हमारी योजना बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड पूर्वी चंपारण के निर्वाचित अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार के राज्य को–आर्डिनेटर रवि कुमार भार्गव ने भारत के नए दूसरी महिला राष्ट्रपति के रूप विजय हासिल करने वाली आदिवासी महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को भारत के नए राष्ट्रपति के रूप में अभिवादन करते हुए नमन अर्पित करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दिया है।

श्री भार्गव ने आस्था जताया है कि भारत के नए राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू महोदया के कार्यकाल में हमारा भारत एक नए भारत के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। साथ ही आस्था जताया है कि भारत के नए राष्ट्रपति महोदया देश के विकास की नयी गाथा रचेंगी।

# द्रौपदी मुर्मू होंगी देश की अगली राष्ट्रपति, यशवंत सिन्हा को हराया

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ







नई दिल्ली। एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू देश की अगली राष्ट्रपति होंगी। इसके साथ ही द्रौपदी मुर्मू देश की दूसरी महिला और पहली आदिवासी राष्ट्रपति होंगी। तीसरे राउंड की गिनती के बाद द्रौपदी मुर्मू ने इस चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए जरूरी आंकड़ों को हासिल कर लिया है। द्रौपदी मुर्मू को तीसरे राउंड तक 5,77,777 वोट मिले हैं। द्रौपदी मुर्मू ने तीसरे दौर की मतगणना के अंत में कुल वैध वोटों का 50: अंक पार कर लिया है। तीसरे दौर की मतगणना में कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा और पंजाब शामिल हैं। इस दौर में कुल वैध मत 1,333 हैं। जिनकी कुल वैल्यू 1,65,664 है। द्रौपदी मुर्मू को 812 वोट मिले, यशवंत सिन्हा को 521 वोट मिले। वहीं तीसरे राउंड तक यशवंत सिन्हा को 261062 मिले हैं। आपको बता दें कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए 18 जुलाई को वोट डाले गए थे। आज इसके नतीजे आ रहे हैं। द्रौपदी मुर्मू के समर्थन में 540 सांसदों ने वोट किया था। अभी भी कई राज्यों के वोटों की गिनती की जा रही है। द्रौपदी मुर्मू ने दूसरे दौर की मतगणना के बाद अब तक 10 राज्यों में सभी सांसदों और विधायकों के कुल मतों के लगभग 72 प्रतिशत मत प्राप्त कर अपनी बढ़त को मजबूत कर लिया था।

मुर्मू को दूसरे दौर की मतगणना के बाद 10 राज्यों में 1,138 विधायकों में से 809 विधायकों के मत मिले, जिनका कुल मत मूल्य 1,05,299 है जबकि सिन्हा को 329 विधायकों के मत मिले, जिनका मत मूल्य 44,276 है। जिन राज्यों में मतों की गिनती हुई उनमें आंध्र प्रदेश शामिल हैं जहां मुर्मू को लगभग सभी मत मिले। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा।

पहले दौर की मतगणना में लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्यों के मतों की गिनती हुई थी और इस दौर के बाद मुर्मू ने 748 मतों में से 540 मत पाकर बढ़त बना ली थी। इस राष्ट्रपति चुनाव में प्रत्येक सांसद के मत का मूल्य 700 है और मुर्मू को मिले कुल मतों का मूल्य 5,23,600 है, जो कि सांसदों के कुल वैध मतों का 72.19 प्रतिशत है। निर्वाचन अधिकारी पी. सी. मोदी ने बृहस्पतिवार को बताया कि पहले दौर की मतगणना के बाद विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को 208 वोट मिले थे। उन्होंने बताया कि सिन्हा के कुल मतों का मूल्य 1,45,600 था, जो कुल वैध मतों का 27.81 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि 15 सांसदों के मत अमान्य पाए गए। उन्होंने कहा कि सांसदों के सभी वोटों की गिनती हो चुकी है। मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में आठ सांसदों ने वोट नहीं डाला।

- पूरी मोदी केबिनेट द्रौपदी मुर्मू के घर बधाई देने पहुंची

राष्ट्रपति चुनाव मतगणना के बाद द्रौपदी मुर्मू को बधाई देने पूरी मोदी केबिनेट उनके घर पहुंचेगी. बताया जा रहा है जेपी नड्डा भी रोड शो कर के सीधे द्रौपदी के घर पहुंचेंगे. वहीं, शुक्रवार को आम जनता के लिए द्रौपदी के आवास के दरवाजे खोले जाएंगे।

- कल दिल्ली में होगा राष्ट्रपति की विदाई का कार्यक्रम, पीएम करेंगे मेजबानी

पीएम नरेंद्र मोदी कल शाम 5.30 बजे से दिल्ली के होटल अशोका में निवर्तमान राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के लिए विदाई रात्रिभोज की मेजबानी कर रहे हैं।

- राष्ट्रपति के फेयरवेल कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल दिल्ली आएंगे. राष्ट्रपति के फेयरवेल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे।

## एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू की जीत से पहले उनके गांव में जश्न का महौल

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ











नई दिल्ली। एक आदिवासी महिला के राष्ट्रपति चुनाव में जीत से पहले की खुशी हम इन महिलाओं के चेहरों पर देख सकते हैं, खासकर तब जब मयूरभंज की एक महिला सबसे अहम पद पर बैठने वाली हो। रायरंगपुर से ही उन्होंने बीजेपी की सीढ़ी पर पहला कदम रखा. वह 1997 में रायरंगपुर अधिसूचित क्षेत्र परिषद में पार्षद थीं और 2000 से 2004 तक ओडिशा की बीजेपी–बीजेडी गठबंधन सरकार में मंत्री बनीं. साल 2015 में, उन्हें झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया और 2021 तक वो इस पद पर रहीं।

मुर्मू ने 2014 का विधानसभा चुनाव रायरंगपुर से लड़ा था, लेकिन बीजेडी उम्मीदवार से हार गईं थीं. झारखंड के राज्यपाल के रूप में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद, मुर्मू ने अपना समय रायरंगपुर में ध्यान और सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित किया। देश के सबसे दूरस्थ और अविकसित जिलों में से एक मयूरभंज से संबंधित मुर्मू ने भुवनेश्वर के रामादेवी महिला कॉलेज से कला में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और ओडिशा सरकार में सिंचाई और बिजली विभाग में एक कनिष्ठ सहायक के रूप में कार्य किया।

उन्होंने रायरंगपुर में श्री अरबिंदो इंटीग्रल एजुकेशन सेंटर में मानद सहायक शिक्षक के रूप में भी काम किया. मुर्मू को 2007 में ओडिशा विधानसभा द्वारा वर्ष के सर्वश्रेष्ठ विधायक के लिए नीलकंठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

उन्हें ओडिशा सरकार में परिवहन, वाणिज्य, मत्स्य पालन और पशुपालन जैसे मंत्रालयों को संभालने का विविध प्रशासनिक अनुभव है. बीजेपी में, मुर्मू उपाध्यक्ष और बाद में ओडिशा में अनुसूचित जनजाति मोर्चा की अध्यक्ष थीं।

## यूपीएसएसएससी की इस परीक्षा को इलाहाबाद हाईकोर्ट में दी गई चुनौती

लखनऊ।उत्तर प्रदेश सब ऑर्डिनेट सर्विसेस सेलेक्शन बोर्ड और राज्य सरकार से इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक भर्ती परीक्षा को लेकर जवाब मांगा है. ये परीक्षा है एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट की ग्रुप सी टेक्निकल असिस्टेंट एग्जाम इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से कुल 2059 पदों को भरा जाना है. हालांकि अब इस परीक्षा के तहत होने वाली नियुक्ति प्रक्रिया के खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर कर दी गई है।



नई दिल्ली। देश की स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए ने जनजातीय समुदाय से आने वाली श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को राष्ट्रपति पद के लिए प्रत्याशी बनाया और आज वह देश के सबसे बड़े संवैधानिक पद पर निर्वाचित हुई हैं। यह हमारे देश के लोकतंत्र की खूबी है कि ‘अलग भाषा अलग वेष, फिर भी अपना एक देश। भारत अनेकों रंग में रंगा है, जनजातीय समुदाय हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। इसी समुदाय से आने वाली बहुमुखी प्रतिभा की धनी श्रीमती द्रौपदी मुर्मू अब राष्ट्रपति हैं, मैं उन्हें हृदय से बधाई देता हूं। —रमापति राम त्रिपाठी

## आगरा में जालिम पति ने पत्नी को बिजली के खंभे से बांधकर पीटा

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में एक महिला को बिजली के खंभे से बांध कर एक व्यक्ति द्वारा उसकी पिटाई करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है. यह वीडियो 22 सेकंड है, जिसमें महिला की उसका पति श्यामबिहारी पिटाई करता नजर आ रहा है।

पुलिस के अनुसार यह घटना आगरा के सिकंदरा पुलिस थाना क्षेत्र के तहत पड़ने वाले अरसेना गांव की है और यह घटना 14 जुलाई को हुई थी. उन्होंने बताया कि महिला के पति और सास के खिलाफ इस सिलसिले में मामला दर्ज कर लिया गया है तथा दोनों आरोपी फरार हैं।

सिकंदरा पुलिस थाने के प्रभारी आनंद कुमार शाही ने बताया, ‘‘ घटना 14 जुलाई को आगरा के अरसैना गांव में हुई थी. घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर सामने आया।

पुलिस ने बताया, ‘वीडियो में नजर आ रहे पुरूष की पहचान श्याम बिहारी के तौर पर हुई है.’ महिला ने पुलिस में दर्ज कराई गई।

शिकायत में कहा कि 14 जुलाई को उसके पति और सास ने उसके साथ मारपीट की और पुलिस में इसकी शिकायत नहीं करने की धमकी भी दी. महिला के अनुसार, जब उन्हें पता चला कि मैं पुलिस के पास गई थी तो मेरे पति ने मुझे बिजली के खंभे से बांध दिया और मेरी पिटाई की. पड़ोसियों ने घटना का वीडियो बनाया था।

## केडीए, बिल्डर और जिला प्रशासन के भ्रष्टाचार में फंसे लोग, 300 फ्लैट मालिकों के घरों पर लटकी तलवार

कानपुर नगर। यूपी के कानपुर में लंबे समय से विवादों में घिरे इंदिरा नगर के डीवीनिटी होम्स अपार्टमेंट के 300 फ्लैट खतरे में पड़ गए हैं. करीब 1 हजार करोड़ की 11 बीघा जमीन पर बने अपार्टमेंट का मालिकाना हक ही बदल गया है. प्रमुख सचिव आवास के आदेश पर खतौनी में दर्ज तथाकथित मालिक का नाम हटाकर उसमें केडीए का नाम दर्ज कर दिया गया है. यानी अब इस अपार्टमेंट पर मालिकाना हक पूरी तरह से कानपुर विकास प्राधिकरण का हो गया है।





दरअसल, शासन में प्रमुख सचिव आवास नितिन गोकर्ण ने केडीए वीसी और अपर सचिव के साथ बैठक की. डीवीनिटी होम्स की जमीन को अर्जुन देव केहर ने बेचा था. बैठक में प्रमुख सचिव ने आदेश दिया कि फर्जी तरीके से दर्ज किए गए अर्जुन देव केहर के नाम को तत्काल हटा दिया जाए. जिस पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई करके उस नाम को हटा दिया है. एडीएम LA सत्येंद्र सिंह की मानें तो अर्जुन देव केहर के प्रार्थना पत्र पर तत्कालीन एडीएम L/A ने 2005 में परवाना जारी किया था. साल 2008 में डीवीनिटी होम्स वाली जगह की खतौनी में अर्जुन देव का नाम दर्ज हो गया. तब से यह मामला चल रहा है।

डीविनिटी होम्स को लेकर अन्य कई मुकदमें कोर्ट में चल रहे हैं. इस साल मार्च में केहर मामले पर केडीए वीसी ने शासन को रिपोर्ट दी थी. जिस पर तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं. इसके बाद अर्जुन देव के नाम जारी परवाने को निरस्त कर दिया गया है. खतौनी में जमीन वापस कानपुर विकास प्राधिकरण के नाम पर दर्ज कर दी गई है. इसी के साथ डीविनीटी होम्स पर मालिकाना हक केडीए का हो गया है।

अब केडीए की जमीन पर फर्जी तरीके से बने डिविनिटी होम में फ्लैट खरीदने वालों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं. अवैध तरीके से बने डीविनिटी होम्स की जमीन पर अब आगे की कार्यवाही केडीए स्तर से होनी है. जिसके बाद यहां रहने वाले लोग काफी दहशत में हैं. हमने जब अपार्टमेंट के भीतर जाकर लोगों से बात करनी चाही तो हमें गेट पर ही रोक दिया गया और अंदर नहीं जाने दिया गया. डिविनिटी होम्स अपार्टमेंट कब्जे की जमीन पर निकलने के बाद यहां रहने वाले 300 से अधिक परिवारों में दहशत फैल गई है।

मेहनत से खरीदे गए करोड़ों रुपए के आशियाने को बचाने की चर्चा हो रही है. लोगों का आरोप है कि बिल्डर ने उन्हें ठग लिया. खून पसीने और मेहनत की कमाई से एक–एक पैसा जोड़कर फ्लैट खरीदे और आज फ्रॉड के शिकार हो गए. क्लब हाउस जैसी तमाम सुविधाओं के नाम पर करोड़ों रुपए की वसूली तो की गई लेकिन सुविधाएं आज तक नहीं दी गई. इनका आरोप है कि बिल्डर ने अपने ही लोगों से डीएफएमएस संस्था बनाकर सोसाइटी तैयार की. लेकिन पिछले 6 साल से यहां चुनाव तक नहीं हुआ. इस पर यहां के लोगों ने अपनी एक नई सोसाइटी बनाई।

## पूर्व राज्यपाल स्व. लालजी टंडन बाबूजी जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, हम सभी के मार्गदर्शक, पूर्व राज्यपाल स्व. लालजी टंडन बाबूजी जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धेय बाबूजी ने पार्टी के सिद्धांतों और मूल्यों पर चलते हुए विधायक, सांसद एवं राज्यपाल जैसे गरिमामयी पदों पर रहकर जनसेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। आपके ईमानदार, कर्मठ एवं निष्ठावान व्यक्तित्व को हम शिरोधार्य करते रहेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

### 22 जुलाई, 2022 को अपरान्ह 12:00 बजे विकास भवन सभागार में भूजल गोष्ठी का आयोजन

कानपुर नगर। मुख्य विकास अधिकारी डा0 महेन्द्र कुमार ने बताया है कि भूगर्भ जल के उपयोग में लगातार वृद्वि एवं गिरते भूजल स्तर तथा उस पर आसन्न संकट को दृष्टिगत रखते हुए जन–सामान्य में इसके संरक्षण, प्रबन्धन, विवेकयुक्त उपयोग एवं विकास तथा विनियमित दोहन के प्रति जागरूकता की दृष्टि से शासन के निर्देशानुसार जनपद में दिनांक 16 से 22 जुलाई, 2022 के मध्य "भूजल सप्ताह" के रूप में मनाया जायेगा। इस वर्ष का मुख्य विचार बिन्दु जन–जन तक जल पहुंचाना है, जल संरक्षण अपनाना है रखा गया है। उन्होंने बताया कि उक्त के क्रम में दिनांक 22 जुलाई, 2022 को अपरान्ह 12:00 बजे विकास भवन सभागार में भूजल गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

### संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजनांतर्गत आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 19 सितंबर 2022 तक

कानपुर नगर। सहायक आयुक्त हथकरघा कानपुर परिक्षेत्र ने बताया है कि संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजनांतर्गत जनपद कानपुर नगर, कानपुर देहात, उन्नाव के बुनकरों के आवेदन पत्र एवं उत्कृष्ट उत्पाद के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त हथकरघा, कबीर भवन, जीटी रोड कानपुर नगर परिक्षेत्र कानपुर में जमा करने की अंतिम तिथि 19 सितंबर 2022 है। अतः उक्त तिथि तक अपने आवेदन पत्र एवं उत्कृष्ट उत्पाद/सैम्पल फुल साइज सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। आवेदन के लिए चार श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। श्रेणी–1 के तहत साड़ी, ब्रोकेड, ड्रेस मटेरियल, श्रेणी–2 के तहत सूती दरी, वूलेन दरी, आसनी व दरेट, श्रेणी–3 के तहत बेड शीट, बेड कवर, होम फर्निशिंग एवं श्रेणी–4 के तहत स्टोल, स्कार्फ, व गमछा है। पुरस्कार का चयन जिलाधिकारी कानपुर नगर की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा किया जाएगा। परिक्षेत्रीय स्तर पर पुरस्कार के लिए प्रथम पुरस्कार 20000, द्वितीय पुरस्कार रुपए 15000 एवं तृतीय पुरस्कार 10000 का चेक, शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस हेतु आवेदन पत्र कार्यालय में किसी भी कार दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

### दिव्यांगता पुरस्कार हेतु 25 जुलाई 2022 के पश्चात प्राप्त आवेदनों को सम्मिलित नही किया जायेगा

कानपुर नगर। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया है कि 'विश्व दिव्यांग दिवस 03 दिसम्बर' के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वै0 संस्थायें, दिव्यांग व्यक्ति, नियोक्ता, नियोजक आदि को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है। पुरस्कार की धनराशि रू0 5000/– से बढ़ाकर रू0 25000/– कर दिया गया है। नियमावली के अनुसार 12 श्रेणियों की पात्रता रखने वाले पुरस्कार हेतु अपना प्रस्ताव इस कार्यालय को दिनांक 25 जुलाई 2022 तक प्राप्त कराये। दिनांक 25 जुलाई 2022 के पश्चात प्राप्त आवेदनों को सम्मिलित नही किया जायेगा। जिसमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेंसी के लिये सेवायोजकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, प्रेरणाश्रोत हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालकध्बालिका हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के लिये सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियों के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्य रत अधिकारी/कर्मचारी के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार हैं।

### दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दुकान संचालन/निर्माण योजना के अंतर्गत आनलाइन आवेदन फार्म आंमत्रित

कानपुर नगर। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया है कि जनपद के समस्त दिव्यांगजन जो अपना स्वतः रोजगार कर आत्मनिर्भर बनाना चाहते है को दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दुकान संचालन/निर्माण योजना के अंतर्गत आनलाइन आवेदन फार्म आंमत्रित किये जा रहे है। दुकान निर्माण योजना मे ऐसे दिव्यांगजन जिनके नाम से स्वयं की 110 वर्ग फीट की जमीन ऐसे स्थान पर हो जहाँ दुकान का निर्माण कराया जा सकता है, वे आवेदन कर सकते है। इसके अंतर्गत रू0 20,000/–की धनराशि स्वीकृत कर दो किश्तो मे दी जाती है। जिसमे रू0 15,000/–ऋण 4 प्रतिशत साधारण व्याज पर एवं रू0 5,000/–अनुदान की राशि सम्मिलित है। इसी प्रकार दुकान संचालन योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांगजन रू0 10,000/–की धनराशि स्वीकृत की जाती है जिसमे रू0 7,500/–ऋण 4 प्रतिशत साधारण ब्याज पर एवं रू0 2,500/–अनुदान दिया जाता हैं। सभी इच्छुक/पात्रता रखने वाले (किसी आपराधिक अथवा अर्थिक मामलो मे सजा न पाए हो तथा जिनके विरूद्ध किसी प्रकार की सरकारी धनराशि देय न हो) के आवेदन पत्र निम्न अभिलेखो के साथ वेबसाइट http://divyangjandukan.upsdc.gov.in पर आनलाइन आवेदन करे। दिव्यांग आवेदक की नवीनतमफोटो, आयु प्रमाण पत्र जिसमे जन्म तिथि का अंकन हो।(आयु 18 वर्ष से अधिक तथा 60 वर्ष से कम), मुख्य चिकित्साधिकारी स्तर से निर्गत दिव्यांगताप्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (गरीबी रेखा के लिये निर्धारित आय सीमा के दोगुने से अधिक न हो), अधिवासप्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रतिलिपि, निर्वाचनकार्ड/राशनकार्ड/यू0डी0आई0डी0 कार्ड, राष्ट्रीयकृत बैक मे संचालित खाता, दो गारन्टर अभिलेख होना आवश्यक है।

### आधा दर्जन लोगों पर की शांति भंग की कार्रवाई

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र मे शांति व्यवस्था को बनाए रखने की क्रम में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आधा दर्जन लोगों पर शांति भंग की कार्रवाई की। थाना अध्यक्ष कमल भाटी के निर्देशन पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था को बनाए रखने की क्रम में उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह , रामप्रकाश यादव द्वारा छह लोगों पर शांति भंग की कार्रवाई की। अतुल , पवन पुत्र राम नारायण , नीरज पुत्र मोतीलाल , सिपाही लाल पुत्र रमेश , कश्मीर उर्फ अखिलेश कुमार पुत्र शंभू दयाल निवासी ग्राम विसैनेपुरवा , हुसैन पुत्र नन्हे खां निवासी ग्राम झुलनापुर इंदरगढ़ कन्नौज को गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई की।

## आउटर पुलिस अधीक्षक तेज स्वरूप सिंह व थाना प्रभारी ने कस्बे में किया पैदल मार्च



दैनिक अयोध्या टाइम्स
सुनील शुक्ला शिवराजपुर। आउटर पुलिस कप्तान तेज स्वरूप सिंह व थाना प्रभारी शिवराजपुर जितेंद्र सिंह परिहार के नेतृत्व में शिवराजपुर थाना क्षेत्र के राम सहाय इंटर कालेज से लेकर बंसन मोड़ तिराहे तक पुलिस फोर्स के साथ हल्की बूंदाबांदी में पैदल गस्त कर, लोगों को भय मुक्त हो कर कार्य करने का संदेश दिया गया, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक तेज स्वरूप सिंह ने थाना प्रभारी को कड़े निर्देश जारी कर कहा
कि उपनिरीक्षकों के साथ अपनी पूरी पुलिस फोर्स के साथ में प्रतिदिन शाम को कस्बे में एवं मोहल्लों में रेलवे स्टेशन,व ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख स्थानों आदि जगहों पर कड़ी नजर रखे, और समयानुसार पुलिस कर्मी गस्त करते हुए नजर आये, उन्होंने कहा कि क्षेत्रिय पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ाई के साथ जी टी रोड के किनारे जो भी अतिक्रमण है उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जाए, शिवराजपुर रामसहाय इंटर कॉलेज तिराहे पर पैदल मार्च करते हुए आउटर पुलिस अधीक्षक तेज स्वरूप सिंह व शिवराजपुर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह परिहार एवं अन्य पुलिस कर्मी एसपी आउटर अधीक्षक ने कहा सभी हल्का पुलिस कर्मियों को ग्रामीण क्षेत्रों में भी समयानुसार गस्त व अपराधी किस्म के लोगों पर कड़ी नजर रखते हुए सजगता के साथ करने की बात कही।

## भुगतान की ई-पेंशन पोर्टल प्रक्रिया का हुआ शुभारम्भ

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। उत्तर प्रदेश शासन की कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत शासन द्वारा पेंशनरों को ऑन–लाइन जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने की सुविधा पूर्व में ही प्रदान की जा चुकी है। वर्तमान में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा पेंशनरों के सेवानैवृत्तिक लाभ सम्बन्धी भुगतान प्रक्रिया सुगम बनाते हुए ससमय पेंशन राशिकरण एंव उपादान भुगतान की ई–पेंशन पोर्टल प्रक्रिया का भी शुभारम्भ किया जा चुका है इसी क्रम मे पेंशनरों की सुविधा हेतु कोषागार निदेशालय के निर्णय के अनुसार कोषागार कानपुर देहात के समस्त पेन्शनरों को सूचित किया जाता है कि कोषागार निदेशालय द्वारा पेंशन/पारिवारिक पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर्स को स्मार्ट फोटो आई०डी० कार्ड की सुविधा दिया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी के के पाण्डेय ने कोषागार कानपुर देहात के समस्त पेन्शनरों से अनुरोध है कि प्रस्तावित स्मार्ट फोटो आई०डी० कार्ड तैयार किये जाने हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवश्यक सूचना कोषागार कानपुर देहात को उपलब्ध कराने का कष्ट करे। निर्धारित प्रारूप कार्यालय कोषागार कानपुर देहात के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।

## बैंकर्स लाभार्थियों की पत्नावलियां को न रखे लंबित, शीघ्र करें निस्तारण : जिलाधिकारी

- प्रधानमंत्री जी द्वारा 15 अगस्त को पेपरलेस बैंकिंग रिव्यू शुभारंभ में कानपुर देहात जनपद का हुआ चयन



कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में बैंकर्स जिला सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई, बैठक में जिलाधिकारी ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को गंभीरता से लें एवं संबंधित विभागों की ओर से गरीबों के उत्थान एवं रोजगार के लिए जो ऋण आवेदन पत्र पेश किए जाते है, उनमें संवेदनशीलता व सकारात्मक रूख रखते हुए समय पर ऋण की स्वीकृति कराएं। उन्होंने लीड बैंक अधिकारी एवं योजनाओं से संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस वितीय वर्ष में सरकार की ओर से प्रायोजित योजनाओं में जो लक्ष्य प्राप्त हुए है, उसकी तुलना में अधिक संख्या में ऋण आवेदन पत्र तैयार कर बैंकों में प्रेषित करें एवं नियमित रूप से बैंकर्स के साथ प्रभावी मॉनिटरिंग कर ऋण स्वीकृति की कार्यवाही कराएं। उन्होंने बैंकर्स से कहा कि जिले में विकास की असीम संभावनाएं है।
इसलिए बैंकर्स अधिक से अधिक सेक्टर में ऋण वितरण करने की कार्यवाही कराएं। उन्होंने शहरी आजीविका मिशन में स्वयं सहायता समूहों को भी अधिक से अधिक बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाने पर बल दिया। बैठक में जिला उद्योग विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग, समाज कल्याण विभाग, परियोजना अधिकारी डूडा, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के खाते खोले जाने आदि की समीक्षा की गई, वहीं जिला उद्योग विभाग द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत एसबीआई बैंक में 24 पत्रावलियां लंबित है, जिसमें जिलाधिकारी ने एक सप्ताह में आठ पत्रावलियो को निस्तारण करने के संबंधित बैंक के अधिकारी को निर्देशित किया, उन्होंने कहा कि सभी बैंकों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाएं, वही पीएम स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, मुद्रा योजना आदि योजनाओं में गरीब व्यक्तियो को लाभान्वित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी के अमृत अभियान के तहत 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद में किया जाएगा, इसमें ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान सप्ताह 11 से 17 अगस्त के बीच चलाया जाएगा तथा 13 से 15 अगस्त के बीच एक विशेष अभियान हर घर तिरंगा फहराए जाने के निर्देश दिये गए है, जिसके तहत आप सभी बैंकर्स अपने बैंकों में खादी के तिरंगे झंडे अवश्य लगाएं। एल0डी0एम ने बताया कि मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा 15 अगस्त को पेपरलेस बैंकिंग रिव्यू शुभारंभ कार्यक्रम अकबरपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनपद कानपुर देहात को चुना गया है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह एक गौरव की बात है।
बैठक में अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर बैंकर्स मौजूद रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाडेय ने आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे तिरंगा निर्माण कार्य का लिया जायजा

- मुख्य विकास अधिकारी ने समूह की महिलाओं से जमीन पर बैठ की चर्चा, जाना किस तरह किया जा रहा है झंडा निर्माण
- पंचायत भवन के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए शीघ्र कराये पूर्ण : मुख्य विकास अधिकारी



संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत भवन जैनपुर व आरसीटी आलमचंद्रपुर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे तिरंगा निर्माण कार्य का जायजा लिया तथा लक्ष्य के सापेक्ष झंडा बनाए जाने पर समूह की महिलाओं का उत्साहवर्धन किया, उन्होंने कहा कि तिरंगा झंडा बनाना एक शान की बात है, यह मौका हर किसी को नहीं मिलता है, झंडा निर्माण का कार्य उमंग व उत्साह के साथ करें, सभी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं दिए गए लक्ष्य के अनुसार तिरंगे का निर्माण करें, आप द्वारा बनाए गए तिरंगा झंडा जनपद के हर घर में फहराये जाएंगे, वहीं उन्होंने कहा कि जिन समूह के खाते में पैसे नहीं गए हैं उन्हें शीघ्र ही उपलब्ध करा दिया जाए जिससे कि झंडे निर्माण के कार्य में कोई लापरवाही ना हो सके, जैनपुर में चल रहे झंडे निर्माण कार्य में राधा रानी महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा 1800 के सापेक्ष 900 झंडे निर्माण कार्य किए गए, वही बताया गया कि आशीर्वाद महिला संगठन द्वारा झंडे के निर्माण कार्य के लिए सामग्री आदि उपलब्ध कराई जाती है, वही मुख्य विकास अधिकारी ने पंचायत भवन जैनपुर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, निरीक्षण के समय उपस्थित सचिव अमित यादव ने बताया कि वर्तमान में आधा निर्माण कार्य कराया जा चुका है तथा कुछ कार्य अभी बाकी है, इसे शीघ्र ही पूर्ण करा लिया जाएगा, इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर की तथा सचिव को निर्देशित किया कि पंचायत भवन के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं। वही स्वयं सहायता समूह की महिला रेखा द्वारा पंचायत भवन का साफ सफाई कार्य कराए किया जाता है, साफ सफाई ना मिलने पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर की तथा संबंधित कर्मचारी को साफ सफाई सही प्रकार से करने के निर्देश दिए। आरसीटी में एक समूह द्वारा दो हजार झंडे बनाए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने उसकी सराहना की। मुख्य विकास अधिकारी ने आरसीटी में चल रहे पापड़, अचार, मसाला आदि के प्रशिक्षण कार्य का भी जायजा लिया जहां पर महिलाओं द्वारा करेले का अचार एवं नवरंग अचार तैयार किया जा रहा था, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रसन्नता जाहिर की तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं प्रशिक्षण ले रही महिलाओं से कहा कि शिक्षण को भली प्रकार से लें तथा इससे अपना एक व्यवसाय अवश्य तैयार करें तथा मार्केटिंग हेतु अवश्य प्रयास कर अपनी रोजी–रोटी के नए अवसर तैयार करें। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे हैं।

## 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का होगा भव्य आयोजन

कानपुर देहात। 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का होगा भव्य आयोजन। जन जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। उन्होंने प्रेस वार्ता के माध्यम से हर घर तिरंगा कार्यक्रम की प्रगति की विस्तार में जानकारी दी गयी व महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। प्रेस वार्ता के दौरान आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आगामी 13 से 15 अगस्त 2022 हर घर तिरंगा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी से जनता को जागरूक करने की अपील की जिससे हर व्यक्ति जागरूक होकर अपने अपने घरों पर शासन के दिये गए निर्देशों के अनुसार ध्वजारोहण करे एवं अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान भी बनाये रखें। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त नागरिक स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर 13 से 15 अगस्त के मध्य अपने–अपने घरों, कार्यालयों, संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने में बढ़चढ़ कर अपनी सहभागिता निभाएं। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने बताया कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जाग्रत करते हुए राष्ट्र और इसकी स्वतंत्रता एवं संप्रभुता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव जाग्रत करना है।

उन्होंने कहा कि जनपद में इस हेतु पूर्व से तैयारियां की गई हैं जिसके अंतर्गत जनपद में कुल 3.3 लाख घरों के सापेक्ष शासन द्वारा जनपद का प्रस्तावित लक्ष्य 2.5 लाख है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए जनपद में 03 लाख झंडों का निर्माण ग्रामीण स्तर पर दिए गए लक्ष्य 155000 का निर्माण 174 स्वयं सहायता समूहों द्वारा, नगरीय निकायों में दिए गए लक्ष्य 65500 का निर्माण 13 निजी सिलाई केंद्रों पर एवं सभी संबंधित विभागों को प्रस्तावित लक्ष्य 108000 का निर्माण कराया जा रहा है, अभी तक तिरंगा निर्माण की भौतिक प्रगति 56 प्रतिशत बताई गई। 20 जुलाई को प्राप्त शासनादेश व बेसिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, जिला पंचायतराज विभाग में प्राप्त शासनादेशों के क्रम में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को पूर्ण विधि विधान से झंडा संहिता का अनुपालन व जानकारी हेतु नोडल अधिकारियों की बैठक कर जागरूक किया जाएगा एवं प्रेस वार्ता के दौरान प्राप्त सुझाव पर भी विचार करते हुए पम्पलेट्स, फोल्डर, होर्डिंग के माध्यम से जनता को झंडा संहिता व उसमें बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दिए जाने हेतु आश्वस्त किया गया। उन्होंने बताया कि जनता को निर्मित झंडों को छोटे 18•12 झंडे हेतु 25 रुपये प्रति झंडे एवं 20•30 हेतु 30 रुपये प्रति झंडे की निर्धारित न्यूनतम दर पर गांधी आश्रम या ब्लॉक, तहसील एवं जिला मुख्यालय से भी तिरंगा झण्डा क्रय कर सकते हैं। प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय व जिला विकास अधिकारी गोरख नाथ भट्ट, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम की विस्तार में जानकारी दी एवं कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक विचार विमर्श किया। इस दौरान विभिन्न प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथी उपस्थित रहे।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, नदीगांव(जालौन)

पत्रांक /ई–निविदा/राज्यवित्त/2022–23 दिनांक 21.07.2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदया की ओर से ग्राम निधि योजना के अन्तर्गत वर्ष 2022–23 के लिये निम्नलिखित निर्माण कार्य की सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदाये पंजीकृत ठेकेदारो से दिनांक 29.07.2022 को 3.00 बजे अपरान्ह तक आंमत्रित की जाती है। जो दिनांक 29.07.2022 को ही 3.30 बजे अपरान्ह खण्ड विकास अधिकारी, नदीगांव के कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।
निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार को धरोहर धनराशि के रुप में राष्ट्रीय बचतपत्र/डाकघर पासबुक/एफ0डी0आर0 जो खण्ड विकास अधिकारी, नदीगांव(जालौन) के पद नाम बन्धक हो जमा करनी होगी। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.07.2022 से दिनांक 29.07.2022 तक किसी भी कार्यदिवस में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, नदीगांव(जालौन) से क्रय किये जा सकते है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु0 में) | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम पंजौनिया में पंचायत भवन की बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 1525867.00 | 30517.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 2 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम पंजौनिया में तालाब से बम्बा तक आर सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 1306046.00 | 26121.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 3 | ग्राम पचांयत घिलौर मोड़ बडी डॉग में मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य | 1088890.00 | 21778.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 4 | ग्राम पचांयत पजौनिया में मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य | 1088890.00 | 21778.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |

1. निविदा प्रपत्र खण्ड विकास अधिकारी नदीगांव/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, जिला पंचायत में पंजीकृत ठेकेदारों को ही निर्गत की जायेगी।
2. बिका हुआ टेण्डर फार्म वापस न होगा। किसी भी कार्य की मात्रा/मद बढ़ाने या घटाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
3. निविदा में दरे आइटमवार भरी जानी चाहिये। सही प्रकार से दरें न भरे जाने पर निविदा निरस्त की जा सकती है।
4. निविदादाता को निविदा के साथ 100.00 का स्टाम्प एवं 1.00 रु0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर करना होगा। इसके साथ नियमानुसार T4,T5,T6 भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. **निविदा स्वीकार होने पर अनुबन्ध के साथ ठेकेदार को जमानत धनराशि के रुप में कुल मिलाकर 10 प्रतिशत धनराशि राष्ट्रीय बचतपत्र/डाकघर पासबुक/एफ0डी0आर0 जो खण्ड विकास अधिकारी, नदीगांव(जालौन) के नाम बन्धक हो, जमा करनी होगी। अन्य कोई जमानत धनराशि मान्य न होगी।**
6. निविदा स्वीकार किये जाने की दशा में निविदादाताओं को अनुबन्ध करते समय निविदानुसार स्टाम्प शुल्क भी देय होगा।
7. निविदा को बिना कारण निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी।
8. अनुबन्ध के बीजक में से नियमानुसार जी0एस0टी0, आयकर, रायल्टी एवं अन्य अनुमन्य कटौतिया की जायेगी।
9. एक टेण्डर फार्म केवल एक कार्य के लिये मान्य होगा।
10. किसी कार्य पर धन उपलब्ध न होने की दशा में कार्यादेश धन उपलब्ध होने के बाद ही निर्गत किया जायेगा।
11. यह कि ठेकेदार/फर्म का श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।
12. यह कि ठेकेदार/फर्म का इम्पलोयी प्रोविडेन्ट फण्ड आर्गनाइजेशन में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।
13. यह कि ठेकेदार/फर्म का इम्पलोयी स्टेट इनश्योरेंस में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।
14. यह कि ठेकेदार/फर्म का इम्पलोयी स्टेट इनश्योरेंस कारपोरेशन में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।
15. यह कि ठेकेदार/फर्म को उपरोक्त 1 लगायत 14 अर्हता पूर्ण करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा मान्य नही होगी।
16. विस्तृत नियम एवं शर्तें की जानकारी कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

खण्ड विकास अधिकारी
नदीगांव(जालान)

अध्यक्ष, क्षेत्र पचायत
नदीगांव(जालौन)

# टीकाकरण करने गई स्वास्थ्यकर्मी को पीटा

लखीमपुर,खीरी। कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव में टीकाकरण करने गई स्वास्थ्य कर्मी पर कार्ड बनाने को लेकर गाली–गलौज करते हुए पिटाई कर दी, जिससे कर्मचारी के कपड़े फट गए। पीड़िता ने जिला चिकित्सा अधिकारी समेत कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। स्वास्थ्य कर्मी सुनीता वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार को गांव पिपरिया कप्तान में टीकाकरण करने गई थी। जहां उसकी सहयोगी आशा कर्मचारी भी मौजूद थी। गांव के एक व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ गर्भवती बहू का टीकाकरण कराया। जिसके बाद कार्ड बनाने को लेकर कुछ कहासुनी हो गई। इतने में सभी ने मिलकर स्वास्थ्य कर्मी की पिटाई कर दी। बचाव करने में उसके कपड़े फट गए। पीड़िता ने पुलिस को नामजद आरोपियों की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

इधर निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है।

कार्यवाही के लिए मूडानिजाम चौकी इंचार्ज को निर्देशित किया गया है।

# ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाने में अहम भूमिका निभा रहे ग्राम प्रधान



- संचारी रोगों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में नोडल बनाए गए ग्राम प्रधान
- संचारी रोग अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ काम कर रही गांव की सरकार

लखीमपुर,खीरी। संचारी रोगों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान में इस बार ग्राम प्रधान भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। गांव के प्रधानों को इस अभियान का नोडल बनाया गया है। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी ने जिले के सभी ग्राम प्रधानों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दे दिए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि संचारी रोगों के खिलाफ 30 जुलाई तक अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ताओं के साथ ही ग्राम प्रधानों को भी लगाया गया है। ग्राम प्रधान इस अभियान में नोडल की भूमिका में हैं। उनको बड़ी जिम्मेदारियां दी गई हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान अपनी संबंधित ग्राम पंचायत में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अभियान चला रहे हैं। वह अपनी ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था को चाक–चौबंद रखेंगे। लोगों को हाथ धोने आदि के बारे में जागरूक कर रहे हैं। साथ ही शौचालयों की साफ–सफाई, घर से जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त कराने का भी कार्य करा रहे हैं। इसके साथ ही लोगों में संचारी रोगों से बचने के लिए जन जागरूकता फैलाने का भी काम किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों को पत्र भेजकर उन्हें अभियान का हिस्सा बनने को कहा है।

- यह विभाग भी निभा रहे अहम जिम्मेदारियां

जिला मलेरिया अधिकारी शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि संचारी रोग अभियान को सफल बनाने के लिए कई विभागों को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अलावा शिक्षा विभाग भी इस अभियान में अहम भूमिका निभा रहा है। शिक्षा विभाग को लोगों को जागरूक करने के लिए लगाया गया है। इसके अलावा सिंचाई विभाग, वन विभाग, पशुपालन विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सिंचाई विभाग, बाल एवं पुष्टाहार विभाग आदि को भी अभियान में शामिल किया गया है।

- संचारी रोगों से बचने के यह हैं उपाय

एसीएमओ डॉ. बीसी पंत ने बताया कि संचारी रोगों से बचने के लिए पानी की टंकी को पूरी तरह बंद रखें। फुल आस्तीन के कपड़े पहनें। घर और खिड़कियों में जाली लगवाएं। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। घरों की छत, कूलर, बर्तन व आस पड़ोस में गड्ढों में भरे पानी को साफ रखें। पीने के पानी के लिए इंडिया मार्का टू हैंड पंप का इस्तेमाल करें। पानी उबालकर व क्लोरीन टेबलेट से विसंक्रमित करके पिएं। शौच जाने के बाद व खाना खाने से पहले अच्छी तरह साबुन से हाथ धुलें। बच्चों को उम्र के अनुसार टीके लगवाएं। कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

- इन बातों को करने से बचें

सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि संचारी रोगों से बचने के लिए घर और कार्यालय के आस–पास पानी जमा न होने दें। कूलर, पानी की बोतल व कूड़े, टायर आदि में पानी जमा न होने दें। फ्रिज की बकेट व घरों की छत पर पानी जमा न होने दें। उथले हैंडपंप का पानी इस्तेमाल न करें। बच्चों को घर से नंगे पांव और फुल आस्तीन के कपड़े पहने बिना न निकलने दें। खुले में शौच न जाएं। बस्तियों में सूअर बाड़े न बनने दें। अप्रशिक्षित से इलाज न कराएं।

# संक्षिप्त समाचार

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की इलाज के दौरान मौत

लखीमपुर,खीरी। ओयल स्थित एमसीएच जिला अस्पताल में बुधवार की रात जहर खाने के बाद गम्भीर हालात में मरीज को भर्ती किया था। गुरूवार की सुबह राउंड पर आए डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने डाक्टरों पर सही इलाज न करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। जानकारी के अनुसार, कस्बा फूलबेहड निवासी अमन शुक्ला पुत्र अखिलेश शुक्ला ने किसी कारण बुधवार को जहर खा लिया जिससे उसकी हालत गम्भीर हो गई। हालत गम्भीर देख उसे परिजन जिला अस्पताल लेकर आये, जहां उसका इलाज शुरू हुआ। इलाज के बाद सुबह राउंड पर आये डॉक्टर अखिलेश ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने हंगामा काटना शुरु कर दिया। परिजनों का आरोप था कि सही तरह से इलाज न किया गया और मरने के बाद भी बोतल लगाये रखा। काफी देर चले हंगामे को कोई जैसे–तैसे कर शांत कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## विनोद तिवारी बने जनसंघ विकास संगठन के प्रदेश अध्यक्ष



लखीमपुर,खीरी। अधिवक्ता विनोद तिवारी को जनसंघ विकास संगठन संगठित हिंदू समर्थ भारत का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने बताया कि पूर्व में विधानसभा का चुनाव समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को तन–मन–धन के साथ मैंने लगाया था। पार्टी द्वारा जनहित के कार्यों में रुचि नहीं ली गई, न ही कार्यकर्ताओं का ध्यान रखा गया। इसलिए मैंने समाजवादी पार्टी को त्यागपत्र देकर जनसंघ विकास संगठन का मजबूरन मुझे पदाधिकारी बनना पड़ा। जनसंघ विकास संगठन के समस्त पदाधिकारियों द्वारा मुझ पर भरोसा जताया है। संगठन की सोच के अनुसार जन जन तक संगठन का विस्तार कर आगे बढ़ाने का पूरा प्रयास करूंगा। मेरे द्वारा लगातार समाज के गरीब वंचित लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता देकर सामाजिक कार्य करने का कार्य कर रहा हूं। साथ ही मेरे द्वारा जिला लखीमपुर का गठन कर दिया है, जिसमें करुणेश मिश्र जिला अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष, संतोष कुमार दीक्षित नगर अध्यक्ष पुनीत पांडे को नियुक्त पत्र देकर सभी पदाधिकारियों को बधाई दी है। जल्द ही पूरे प्रदेश में कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करूंगा।

## सर्पदंश से नवविवाहिता की मौत

लखीमपुर,खीरी। कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के एक गांव में शिव मंदिर में पूजा करने गई नवविवाहिता को सर्प ने काट लिया। परिजनों ने आनन–फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। विवाहिता सात माह की गर्भवती बताई गई है। जानकारी के अनुसार, गांव सहिजना निवासी देवकी (25) पत्नी शिवम गुरुवार को सुबह मकान के सामने बने शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने गई थी। जहां वह शिवलिंग पर चढ़ी बेलपत्र को हटाने लगी, तभी नीचे बैठे सर्प ने काट लिया। जिससे चीख–पुकार मच गई। आनन–फानन में परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। जीवित हो जाने की आस लगाए परिजनों ने कई तांत्रिकों को बुलाकर झाड़ फूंक कराते रहे नतीजा बेअसर रहा। जिस पर देर शाम परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। पति ने बताया उसकी पत्नी 7 माह की गर्भवती थी। जिसने पुत्र प्राप्त होने को लेकर शिव की आराधना का संकल्प लिया था।

## ट्रेन से कट कर महिला की मौत

लखीमपुर,खीरी। कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के अन्तर्गत एक महिला अपनी बहन के घर जाने को कह कर घर से निकली थी। जिसकी शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसके पास मिली पासबुक के पते पर घरवालों को सूचना दी। जिससे घर में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, गांव गुलौली निवासी अनीता सिंह वर्ष पत्नी राजू सिंह गुरुवार को सुबह नौ बजे करीब अपनी बहन के घर जाने को कहकर गांव शेरा मऊ जिला शाहजहांपुर को निकली थी। दोपहर 12 बजे करीब रेलवे स्टेशन शाहजहांपुर पहुंचने पर ट्रेन की चपेट में आ जाने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंची रेलवे पुलिस ने मृतका के पास मिली पासबुक के पते पर मोहम्मदी कोतवाली को सूचना दी। जिसकी खबर पुलिस वालों ने मृतका के परिजनों को दी। जिससे घर में कोहराम मच गया। आनन–फानन में उसके पति राजू, पुत्र अजय और अमर सिंह मौके पर पहुंचे, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम शव के गांव पहुंचते ही सन्नाटा पसर गया।

## मो. जुबैर मामले में अब अगली सुनवाई 25 को

लखीमपुर–खीरी। वेबसाइट के संस्थापक और फैक्ट चेक कर मो. जुबैर की पुलिस कस्टडी रिमांड पर गुरुवार को सुनवाई फिर टल गई। अदालत ने अगली सुनवाई 25 जुलाई को लगाई है। जानकारी के अनुसार, मो. जुबैर पर मोहम्मदी कोतवाली में कोर्ट के आदेश पर दर्ज मुकदमे में एसीजेएम कोर्ट मे पुलिस रिमांड कस्टडी पर सुनवाई में तारीख के बाद तारीख लगने के बाद फिर तीसरी बार सुनवाई को लेकर 25 जुलाई तारीख लगा दी गई।

अभियोजन के एपीओ केपी सिंह के अनुसार 20 जुलाई को दिल्ली जेल के अधीक्षक द्वारा सुरक्षा को लेकर संबंधित न्यायालय को पत्र भेज कर आरोपी को प्रस्तुत करने पर असमर्थता जता दी। जिस पर न्यायालय ने अब सुनवाई के लिए 25 जुलाई तय कर दी। कानून के जानकारों की माने उच्च अदालत द्वारा उत्तर प्रदेश में लंबित सभी मुकदमों में आरोपी को जमानत पर रिहा किया जा चुका है। सभी मुकदमों की जांच एसआईटी को सौपी जाने से निचली अदालत की कार्यवाही खुद ही डिसमिस हो जाती है।

# पब्लिक स्कूलों की मनमानी पड़ेगी भारी जाएगी मान्यता, होगी कार्यवाही

- चयनित बच्चों को तीन दिन में दे प्रवेश, नहीं तो जाएगी मान्यता : डीएम

लखीमपुर,खीरी। शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून के तहत कई पब्लिक स्कूलों की मनमानी सामने आ रही है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रवेश में आनाकानी, हीलाहवाली करने वाले विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए।

गुरुवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के जनता दर्शन में काशीराम कॉलोनी निवासी दिव्यांग शकील ने प्रार्थना पत्र के जरिए अवगत कराया कि उसकी पुत्री नसरा का चयन आरटीई एक्ट के तहत एक विद्यालय में हुआ। बीएसए के आदेश लेकर प्रवेश के लिए विद्यालय पहुंचा तो विद्यालय ने प्रवेश से साफ इंकार करने की बात कही। फरियादी की दीनहीन दशा, प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने फौरन बीएसए लक्ष्मी कांत पांडेय को निर्देश दिए कि प्राप्त प्रार्थना पत्र पर त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित विद्यालय में प्रवेश कराकर उन्हें अवगत कराएं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि आरटीई एक्ट के तहत चयनित सभी बच्चों का प्रवेश संबंधित विद्यालयों में कराकर उन्हें तीन दिन के अंदर अवगत कराएं। हीलाहवाली एवं आनाकानी करने वाले विद्यालयों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए। डीएम ने कहा कि स्कूलों द्वारा दाखिले को लेकर हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं होगी। बहाने करके दाखिले से इनकार करने वाले स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को गोल्डन कार्ड की सौगात

- खीरी में 25 जुलाई से 14 अगस्त तक चलेगा अभियान

लखीमपुर,खीरी। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत, पात्र निर्माण श्रमिकों, उनके परिवार के सदस्यों को बीमारी की स्थिति में पांच लाख तक निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना व सीएम जन आरोग्य योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाये जाने के लिए 25 जुलाई से 14 अगस्त तक विशेष अभियान चलेगा। उक्त आशय की जानकारी सहायक श्रमायुक्त डॉ. महेश कुमार पांडेय ने दी। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सहायक श्रमायुक्त डॉ. महेश कुमार पांडे को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान कोई भी पात्र पंजीकृत श्रमिक गोल्डन कार्ड बनवाने से वंचित न रहने पाए। निर्देश दिए कि सभी पंजीकृत श्रमिकों तक गोल्डन कार्ड के फायदे बताकर बनवाने हेतु प्रेरित करें। एएलसी ने बताया कि गोल्डन कार्ड बनाये जाने हेतु बोर्ड द्वारा जनपदों को लक्ष्य आवंटित हैं। लखनऊ मण्डल के जनपद खीरी में 153688 पात्र पंजीकृत निर्माण श्रमिकों का गोल्डन कार्ड बनाया जाना नियत है। उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिक अपने श्रमिक पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड एवं राशन कार्ड सहित किसी भी नजदीकी जन सुविधा केन्द्र, आरोग्य मित्र एवं राशन वितरण से सम्बन्धित कोटे से सम्पर्क कर अपना गोल्डन कार्ड शीघ्र बनवायें तथा चिकित्सा उपचार के लिए किसी भी सूचीबद्ध अस्पताल में प्रतिवर्ष 05 लाख रूपये तक की मुफ्त चिकित्सा का लाभ उठायें।

# स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम में एनडीआरएफ ने दिया प्रशिक्षण

लखीमपुर,खीरी। गुरुवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन व निर्देश पर रामापुर स्थित श्रीपाल रामेश्वर दयाल इंटर कालेज में स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम आयोजित हुआ। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) वाराणसी की 11–डी टीम ने आपदा से होने वाली क्षति के न्यूनीकरण के उपायों का प्रस्तुतीकरण किया। मानव जनित आपदा से निपटने, बाढ़ संबंधी बचाव कार्य, आगजनी की घटना व सर्पदंश से बचाव के विभिन्न तरीकों–उपायों से पीड़ित की जान बचाने, आपदा से होने वाली क्षति के न्यूनीकरण के उपायों को बखूबी डेमो दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेस्क्यूवर के साथ ही साथ कई छात्र–छात्राओं से उपायों को



कराके सिखाया।

एनडीआरएफ ने विद्यार्थियों, अध्यापकों, आपदा मित्रों को आपदाओं से संबंधित जानकारी देकर जागरूक करते हुए बचाव कार्यों की जानकारी दी। कमांडेंट मनोज शर्मा के कुशल दिशा निर्देशन में टीम कमांडर व अन्य सदस्यों ने अध्यापकों, विद्यार्थियों, आपदा मित्रों को किसी भी प्रकार के प्राकृतिक या

इस दौरान एनडीआरएफ टीम से निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता, उपनिरीक्षक अजय सिंह, सहायक उपनिरीक्षक रंजन जायसवाल व प्रवीण कुमार व 05 रेस्क्यूअर सहित कुल 10 के साथ प्रधान शिवरानी वर्मा, प्रधानाचार्य ओपी वर्मा व अध्यापकगण मौजूद रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



लखीमपुर,खीरी। गुरुवार को मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के तहत ब्लॉक कुम्भी–गोला के कृषक समाज इंटर कॉलेज में उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने उपस्थित महिलाओं को मिशन शक्ति के मुख्य उद्देश्य, महिलापरक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सरकार की महिलापरक योजनाओं से जुड़कर अपने भविष्य को संवारे। सरकार महिलाओं के सुरक्षा स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता हेतु नित्य नए कदम उठा रही है। सदस्य ने महिलाओं के हित के लिए चलाई जा रही महिला आयोग के व्हाट्सएप नंबर को उपस्थित लोगों के बीच में साझा किया एवं सभी से आग्रह किया किसी भी प्रकार की समस्या आने पर हम हमेशा सेवार्थ तत्पर रहेंगे और सभी पीड़ित महिलाओं बालिकाओं की सहायता करेंगे। डीपीओ संजय कुमार निगम ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न महिलापरक जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला या बालिका को कोई भी समस्या हो, तो वह कलेक्ट्रेट स्थित उनके कार्यालय अथवा वन स्टॉप सेंटर जाकर अपनी समस्या का निदान करा सकती है। कार्यक्रम में उपस्थित महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्र बिष्ट ने जनहित में चल रहे टोल फ्री नंबर 181,1090, 1098, 102 व 108 की जानकारी साझा करते हुए महिलाओं द्वारा उत्पीड़न का शिकार होने पर उनकी सहायता में तत्पर वन स्टॉप सेंटर, रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोश निराश्रित विधवा पेंशन योजना की विधिवत जानकारी दी। जिला समन्वयक निक्की गुप्ता ने सीएम कन्या सुमंगला योजना, उप्र बाल सेवा योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य एनआर वर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. गणेश, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम, सब इंस्पेक्टर श्रद्धा सिंह, कंचन, सीडीपीओ राधा रानी, महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्र विष्ट, जिला समन्वयक निक्की गुप्ता सहित काफी संख्या में बालिकाएं मौजूद रही।

- सदस्य ने किया बा विद्यालय का निरीक्षण

गुरुवार को उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम के साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की न केवल मूलभूत आवश्यकताओं की पड़ताल की बल्कि शैक्षिक गुणवत्ता परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षिकाओं को निर्देश दिया कि बालिकाओं को रचनात्मक व सुरुचिपूर्ण ढंग से पढ़ाए। उन्होंने बालिकाओं सिर्फ कई प्रश्न करके उनकी शैक्षिक गुणवत्ता जांची।

इस दौरान उन्होंने विद्यालय की उपस्थिति स्टॉक सहित विभिन्न पंजिकाओ का अवलोकन करके संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इसके अलावा राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने निरीक्षण में बालिकाओं को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता परखी। निर्देश दिए कि बालिकाओं को गुणवत्ता वाला पौष्टिक भोजन परोसा जाए। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की सभी मूलभूत आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

# न्याय के लिए दर-दर भटकती अबला




मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। नारी सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार एक ओर विभिन्न कार्यक्रमों को चला कर उन को सफल बनाने को तत्पर दिखाई देती है।

वही आज भी भ्रष्ट तंत्र के चलते एक पीड़ित महिला अपने पति की सलामती और उसके बरामदी के लिए दर–दर ठोकरें खाती पुलिस अधीक्षक कार्यालय में न्याय के लिए गुहार लगाती नजर आई

बताते चलें जनपद कन्नौज के कस्बा गुरसहायगंज मोहल्ला किदवई नगर निवासी शबनम बेगम पत्नी जुबेर जिसका पति 11 महीने पहले मोहल्ले के ही नन्हे लाल पुत्र अली बख्श द्वारा आइसक्रीम के धंधे के लिए चेन्नई ले जाया गया था 8 महीने तो सब ठीक ठाक चला उसके बाद दो महीने से पीड़िता की पति से उक्त लोगों द्वारा बात भी नहीं कराई गई ना ही रुपए पैसे कुछ दिए गए जिससे पीड़िता के छोटे–छोटे 5 बच्चों और उसका जीवन यापन करना दुश्वार हो गया इस बाबत जब पीड़िता नन्हे लाल के भाई पुन्नी उर्फ अलीमुद्दीन से पति के बारे में पूछताछ और उनसे बात करने के लिए कहने को गई तो उन लोगों ने उसके साथ बुरा भला बर्ताव किया और पति से बात ना कराने की बात कही और कहा तुम्हें जो करना हो कर लो जाकर और पीड़िता को भगा दिया इस बाबत पीड़िता ने अपने संबंधित थाने में प्रार्थना पत्र भी दिया जिस पर कोई सुनवाई नहीं की गई उसी के चलते आज पीड़िता न्याय की गुहार लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक के दर पर पहुंची जहां उसे पूरा विश्वास है कि उसको नवांग तो पुलिस अधीक्षक कुमार अनुपम सिंह द्वारा न्याय दिलाकर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# नगर और कस्बों में लगेंगे हर चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे : एसपी



मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। नवांगतुक पुलिस अधीक्षक कानून व्यवस्था को लेकर पूरी एक्टिव मोड पर नजर आ रहे हैं पदभार संभालते ही अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने को तत्पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों और कोतवालों से सीधा संवाद कर कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने की दृष्टि से बैठकों का दौर चला उसके बाद आज सीधे मीडिया के साथ प्रेस वार्ता कर अपनी मंशा जाहिर की गई। जनपद कन्नौज के नवागंतुक पुलिस अधीक्षक कुमार अनुपम सिंह ने कानून व्यवस्था को लेकर अपनी मंशा जाहिर कर दी है उन्होंने अपराध और अपराधियों पर लगाम कसने की रणनीति तैयार कर ली है जिसके तहत जनपद के सभी नगरों और कस्बों में चौराहों पर तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी जिसके चलते कोई भी अपराधी अपराध करके बच नहीं पाएगा उन्होंने पुलिस प्रशासन के लिए सख्त निर्देश जारी किए कि पुलिसकर्मी थानों और कोतवालियों नहीं रहेगे वह अपने–अपने क्षेत्रों में रहकर जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं से रूबरू होकर उनके निदान करने का कार्य करेगे पुलिसकर्मी बनाए गए शेड्यूल के अनुसार पेट्रोलिंग करेंगे जिससे भयमुक्त जनपद में वातावरण तैयार किया जा सके इसके साथ ही उन्होंने यह भी हिदायत दी कि किसी भी फरियादी की शम समस्या उसके क्षेत्र में आने वाले थानों और कोतवाली ओं में ही सुनाई जाएगी किसी भी फरियादी को वहां से निराश नहीं किया जाएगा इस अवसर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में मीडिया से भी सुझाव मांगे कार्यक्रम में जनपद के इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# सम्पादकीय....

## धीरे-धीरे कम हो रही है आधुनिक गुलामी

ग्लोबल स्लेवरी इंडेक्स के मुताबिक दुनियाभर में करोड़ों लोग आधुनिक गुलामी के शिकार हैं। भारत में भी इनकी संख्या काफी है। आजकल के दास मॉडर्न स्लेव्स या आधुनिक गुलाम कहे जाते हैं। वर्ष 2014 में भारत में 1 करोड़ 40 लाख गुलाम थे, वहीं 2016 में यह संख्या बढ़कर एक करोड़ 83 लाख 50 हजार हो गई। 2018 में यह संख्या घटी है, जो 80 लाख रह गई। इसके साथ ही मानव तस्करी से निपटने के उपाय करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत की प्रशंसा की गई है। अंग्रेजों के चले जाने के बाद भी भारत में दास प्रथा खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इससे ज्यादा शर्मनाक बात और क्या हो सकती है कि भारत में गुलाम देखने को मिलते हैं। ग्लोबल स्लेवरी इंडेक्स के मुताबिक, दुनियाभर में करोड़ों लोग आधुनिक गुलामी के शिकार हैं। इनमें भारत में भी गुलाम देखने को मिलते हैं। मसलन दास प्रथा आज भी जारी है, लेकिन एक नए नाम के रूप में। आजकल के दास मॉडर्न स्लेव्स या आधुनिक गुलाम कहे जाते हैं। भले ही दुनिया चांद पर पहुंच गई हो, भले ही भारत आजाद हो गया हो, भले ही दुनिया के अधिकतर मुल्कों ने स्वतंत्रता का स्वाद चख लिया हो, फिर भी दुनिया गुलामी की जंजीरों से मुक्त नहीं हो पाई है। भारत में लोगों के पास मूलभूत सुविधाएं भी नहीं हैं। पेट पालने के लिए बच्चे बचपन से ही काम करने लगते हैं। दे भारत में करीब 80 लाख गुलाम हैं। दुनिया के अलग–अलशों में लोगों के अधिकारों का कितना सम्मान होता है, उसी के आधार पर यह इंडेक्स तैयार किया जाता है। इसके अलावा बंधुआ मजदूरी, जबरन वेश्यावृत्ति, जबरन भीख मांगना, जबरन सशस्त्र संस्थाओं में झोंक दिया जाना, जबरन शादी भी आधुनिक गुलामी के दायरे में शामिल है। इसी आधार पर तैयार किए गए ग्लोबल स्लेवरी इंडेक्स में भारत सबसे ऊपर है। ऑस्ट्रेलिया के मानवाधिकार समूह वॉक फ्री फाउंडेशन की तरफ से जारी ग्लोबल स्लेवरी इंडेक्स के अनुसार, दुनियाभर में महिलाओं–बच्चों समेत करीब साढ़े तीन करोड़ लोग आधुनिक गुलामी की गिरफ्त में हैं। इनमें करीब 80 लाख लोग भारत में हैं। सभी 167 देशों में आधुनिक गुलाम पाए जाते हैं, इसमें शीर्ष पांच देश एशिया के हैं। भारत का स्थान इनमें 53वां है। दासता का स्तर उत्तर कोरिया में सबसे ज्यादा तथा जापान में सबसे कम है। सर्वे के लिए दासता की जिस परिभाषा का इस्तेमाल किया गया है, उसके मुताबिक किसी की आजादी छीन लेना और हिंसा, दबाव या छल के जरिए उसका आर्थिक या यौन शोषण करना उसे दास बनाना है। एक ओर जहां पश्चिम अफ्रीका और दक्षिण एशिया में आज भी कुछ लोग पैदा होते ही गुलाम बन जाते हैं, वहीं भारत समेत अन्य गरीब देशों में बंधुआ मजदूरी, बाल मजदूरी, देह व्यापार और जबरन विवाह के जरिए गुलामी कराई जाती है। आज की तारीख में दुनिया के 167 देशों में आधुनिक गुलामी पाई गई है। जनसंख्या के अनुपात में लग्जम्बर्ग, आयरलैंड, नॉर्वे, डेनमार्क, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, स्वीडन और बेल्जियम में सबसे कम लोग गुलाम हैं। दुनियाभर में आधुनिक युग के गुलामों की तरह जीने वालों की तादाद करोड़ों में है। इनसे बिना पैसे दिए काम करवाया जाता है। सेक्स बंधक के रूप में बेचा जाता है। अपने आदेशों पर चलने वाले दास की तरह रखा जाता है। कई बार बाल सैनिकों के रूप में युद्ध में झोंक दिया जाता है। इस तरह की दासता झेल रहे सबसे ज्यादा लोग भारत में रहते हैं। साल 2018 में इनकी संख्या करीब 80 लाख आंकी गई है। भारतीय घरों में घरेलू नौकर, बंधुआ मजदूरों, भिखारियों और सेक्स वर्करों के रूप में इन्हें मजबूरी और गुलामी का जीवन जीने पर मजबूर किया जाता है। भारत अंग्रेजों से तो आजाद हो गया, लेकिन आज भी यहां के लोग गुलामी में जीवन बिता रहे हैं। इन्हें गुलाम बनाने वाले बाहर से नहीं आए, यहीं के हैं। हालात ये हैं कि देश में लोगों के पास आधारभूत सुविधाएं नहीं हैं। पेट भरने की मजबूरी के चलते लोग बच्चों को बचपन से ही काम पर लगा देते हैं। बाल मजदूरी, सेक्स स्लेव और बच्चों से भीख मंगवाना, ये सब छिपकर हो रहा है। इन आंकड़ों से भारत की वह तस्वीर दुनिया के सामने आई है, जो बेहद भयावह है। यहां गुलाम देश नहीं, बल्कि देश में रहने वाले लोग हैं। जिस दिन इन लोगों को सम्मानजनक जीवन जीने की आजादी मिल जाएगी, उसी दिन समझा जाएगा कि देश सही मायनों में आजाद है। दुनियाभर में महिलाओं–बच्चों समेत करीब साढ़े तीन करोड़ लोग आधुनिक गुलामी की गिरफ्त में हैं। दुनियाभर के आधुनिक गुलामों में से 58 प्रतिशत सिर्फ एशिया में रहते हैं और भारत इसमें सबसे ऊपर है। भारत की करीब 1 अरब 30 करोड़ की आबादी में 80 लाख लोग आधुनिक गुलाम हैं। भारत के बाद चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश और उज्बेकिस्तान आते हैं। हालांकि पिछले दो सालों में भारत में आधुनिक गुलामों की संख्या में कमी आई है। वर्ष 2014 में भारत में 1 करोड़ 40 लाख गुलाम थे, वहीं 2016 में यह संख्या बढ़कर एक करोड़ 83 लाख 50 हजार हो गई। 2018 में यह संख्या घटी है, जो 80 लाख रह गई। सभी 167 देशों की सूची में भारत की 80 लाख की आबादी गुलामी में फंसी है। वहीं उत्तर कोरिया में हर 20 में से एक व्यक्ति आधुनिक गुलाम है। मसलन कुल आबादी का करीब 4.3 प्रतिशत हिस्सा। उत्तर कोरिया में नागरिकों से राज्य समर्थित बेगारी करवाई जाती है। इनमें से कई राजनीतिक बंदी हैं और कई ऐसे लोग हैं, जो बाहर के देशों से श्रमिक के रूप में लाए गए। विश्व के 124 देशों में मानव तस्करी को अपराध माना जाता है और 96 देशों में इससे निपटने के लिए नेशनल एक्शन प्लान भी बने हैं। हालांकि मानव तस्करी से निपटने के उपाय करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत की प्रशंसा भी की गई है।

अमित बैजनाथ गर्ग, वरिष्ठ पत्रकार

## आखिरकार कब होगी हरनंदी (हिंडन) नदी प्रदूषण मुक्त

देश में प्रदूषण की मार झेल रही विभिन्न नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकारों के स्तर पर विभिन्न प्रकार के छोटे–बड़े प्रोजेक्टों के माध्यम से प्रदूषण मुक्त करने का कार्य चल रहा है। हालांकि यह बात अलग है कि कहीं यह कार्य अभी तक भी केवल फाइलों में ही चल रहा है और कहीं धरातल पर कछुए की धीमी रफ्तार के साथ कार्य चल रहा है। धरातल पर आलम यह है कि देश की राजधानी दिल्ली से चंद किलोमीटर दूर होकर गुजरने वाली पोराणिक व ऐतिहासिक महत्व वाली हरनंदी (हिंडन) नदी मृतप्राय होने के कगार पर है और हमारा सिस्टम तमाशबीन बनकर बैठा हुआ तमाशा देख रहा है। सिस्टम व आम जनमानस की उपेक्षा का शिकार होने के चलते पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जनपदों से होकर गुजरने वाली हरनंदी (हिंडन) नदी भी आज उन नदियों में शुमार है जो लापरवाही के चलते आज एक गंदे नाले में तब्दील होकर रह गयी है। वैसे देखा जाये तो मुख्य रूप से हरनंदी (हिंडन) नदी वर्षा पर निर्भर रहने वाली एक बड़ी बरसाती नदी है, जो कि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जनपद में शाकुंभरी देवी रेंज के ऊपरी हिस्से शिवालिक रेंज से निकलती है। हरनंदी (हिंडन) नदी की काली नदी व कृष्णा प्रमुख सहायक नदी है, जो स्वयं आज इतना अधिक प्रदूषित है कि बहुत सारे लोग तो इनको नदी की जगह गंदा नाला ही मानते हैं। हरनंदी (हिंडन) नदी से जुड़े कुछ आंकड़ों की बात करें तो इस नदी का अनुमानित जलग्रहण क्षेत्र 7,083 वर्ग किलोमीटर (2,735 वर्ग मील) है और यह यमुना नदी की एक प्रमुख सहायक नदी है, जो कि उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जनपद में पहुंचकर यमुना नदी में मिल जाती है। आज गंगा –यमुना के दोआब के बीच बहने वाली हरनंदी (हिंडन) नदी की हालत यह हो गयी है कि उसमें जलीय जीव लगभग खत्म हो चुकें हैं, हमारे सिस्टम की जबरदस्त लापरवाही के चलते अब यह नदी शहरों का गंदा पानी व औद्योगिक कचरों के भार को ढोती हुए एक बड़े गंदे नाले के रूप नजर आती है, अब तो प्रदूषण के चलते नदी के जल का आलम यह हो गया है कि नदी का जल तेजी से भूजल को भी प्रदूषित करने का कार्य कर रहा है। वैसे देखा जाये तो पिछले कई वर्षों से हरनंदी (हिंडन) नदी देश की मीडिया की निरंतर सुर्खियों में बनी हुई है, क्योंकि कभी इसको निर्मल बनाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार पहल करती है, कभी इसकी स्वच्छता के लिए एनजीटी पहल करती है, कभी इसकी स्वच्छता के लिए विभिन्न जनपदों का जिला प्रशासन पहल करता है और कभी देश की विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं इसकी स्वच्छता के लिए पहल करती है, जिसके चलते हरनंदी (हिंडन) नदी अक्सर मीडिया की चर्चाओं में रहती है। लेकिन हरनंदी (हिंडन) नदी के मौके पर जाकर हालात देखें तो धरातल पर स्थिति श्ढ़ाक के तीन पातश से ज्यादा कुछ नहीं है, नदी के स्वच्छता अभियान के नाम पर श्थोथा चना बाजे घनाश की नीति पर काम चल रहा है, किसी भी स्वच्छता के अभियान को लंबा चलाकर धरातल पर कार्य नहीं किया जा रहा है। नदी की सफाई के लिए सिस्टम के द्वारा चलाए गए अभी तक के अभियान केवल क्षणिक इवेंट बनकर सीमित रह गये हैं। सिस्टम के द्वारा हरनंदी (हिंडन) नदी के लिए चलाए गए स्वच्छता अभियानों की हालात देखकर यह स्पष्ट है कि देश में नदियों की सफाई के नाम होना वाले कार्य मीडिया की सुर्खियों में बनने वाले एक क्षणिक इवेंट से ज्यादा कुछ नहीं है। इन अभियानों में नदी की स्वच्छता के लिए मौके पर सिस्टम के द्वारा बड़ी–बड़ी घोषणाएं की जाती है, लेकिन ना जाने क्यों वह घोषणाएं बीतते हुए समय के ठंडे बस्ते में चली जाती हैं। यही हाल हरनंदी (हिंडन) नदी के लिए समय–समय पर चले स्वच्छता अभियानों की है। कभी तो उत्तर प्रदेश सरकार हरनंदी (हिंडन) नदी को स्वच्छ करने की बात करती है, लेकिन वह उसमें डलने वाले गंदे पानी के नालों तक को भी वह बंद नहीं करवा पाती है, कभी वह हम लोगों को सपना दिखाया जाता है कि हरनंदी (हिंडन) नदी को साफ करके उसके दोनों किनारे की तरफ भूमि को कब्जा मुक्त करवाकर उस पर वृक्षारोपण करके भविष्य में भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त रखने व जल प्रवाह को गति प्रदान करने का कार्य किया जायेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने सपना दिखाया था कि हरनंदी (हिंडन) नदी के दोनों किनारों पर सौंदर्यीकरण करके लभभग 37 किलोमीटर लंबा एक बहुत ही शानदार रिवर फ्रंट बनाया जायेगा। लेकिन अफसोस की बात यह है कि धरातल इनमें से कोई भी कार्य होता दिखता नजर नहीं आता है। उसके उल्ट उत्तर प्रदेश सरकार का तंत्र तो हरनंदी (हिंडन) नदी के संदर्भ में एनजीटी के द्वारा दिये गये आदेशों तक का सही ढंग से पालन ना होने के चलते आयेदिन एनजीटी से फटकार तक खाता रहता है। लेकिन आज हम लोगों के सामने विचारणीय तथ्य यह है कि जिस तरह से देश दुनिया में आबादी बहुत तेजी के साथ बढ़ रही है, वहीं जीवन के लिए बेहद जरूरी स्वच्छ जल के स्रोत बहुत तेजी के साथ दिन प्रतिदिन घटते जा रहे हैं, आखिर हम समय रहते इस हालात पर नियंत्रण करने के लिए कार्य क्यों नहीं कर रहे हैं। जबकि देश व दुनिया का एक छोटा सा समझदार बच्चा भी यह अच्छी तरह से जानता है कि श्जल ही जीवन हैश फिर भी हमारे देश का सिस्टम धरातल पर नदियों को स्वच्छ बनाने के कार्य की गति को ना जाने क्यों गति नहीं दे पा रहा है, देश में नदी स्वच्छता अभियान की गति ना जाने क्यों बेहद धीमी है। सरकार, सिस्टम व हम लोगों को समय रहते यह समझना होगा कि जिस तेजी के साथ देश में भूजल का स्तर गिर रहा है और इस्तेमाल योग्य स्वच्छ जल के स्रोत घट रहे हैं, भविष्य में हम लोगों को स्वच्छ पेय जल उपलब्ध करवाना किसी भी सरकार के सामने एक बहुत बड़ा चुनौती पूर्ण कार्य होगा, इसलिए समय से समझ जाये कि श्जल है तो ही कल हैश भविष्य के लिए जल को स्वच्छ रखें और एक–एक बूंद बचाएं यह सरकार सिस्टम व हम सभी लोगों का दायित्व है।।

।। जय हिन्द जय भारत।।

।। मेरा भारत मेरी शान मेरी पहचान।।

## मुस्कान का व्यापार (लघुकथा)

रामनिवास और रामजानकी ने पता नहीं राघव को क्या शिक्षा दी थी कि वह जीवन का असली अर्थ समझता हो या नहीं पर उसके जीवन की परिभाषा मुस्कान का व्यापार थी। वह लोगों के दुरूख उकेरने और उनके मन को आहत करने का कार्य कभी नहीं करता था। वह सदैव प्रयासरत रहता था कि वह चेहरे पर मुस्कान बिखेरे। आज जब हर कोई दूसरे की कमजोरी और दुरूख जानकार उन पर चोट करने को प्रयासरत रहता है वहीं राघव मुस्कान वाले व्यापार की ओर कदम बढ़ाता जा रहा था। एक दिन अचानक राघव को स्टेशन के पास उनके पुराने परिचित मिले।

राघव यह बात जानता था कि कुछ समय पूर्व ही उनके जवान बेटे का देहांत हुआ था। राघव का उदार व्यवहार हर किसी को उसके सामने अपने दिल खोलकर रखने को विवश कर देता था। वह जानता था कि उनके परिचित मिलते से ही उन्हें अपने दुरूख के बारे में बताएँगे और व्यर्थ ही दुरूखी होंगे। उनके मन की व्यथा को जानकर राघव ने बातों का ऐसा जाल बुना जिसमें वह दुरूख की पटरी पर जाने की बजाए सुख के कुछ क्षण अनुभव करने लगे। कुछ क्षण ही सही पर उनके चेहरे पर मुस्कुराहट दिखाई दी। राघव अपने मन में प्रसन्न था। कुछ समय पश्चात राघव अपने एक मित्र से मिला जो काफी अमीर था, पर वह सदैव दुरूखी रहता था और जीवन की कमियों पर ध्यान केन्द्रित करता रहता था। राघव ने उसे एक ऐसे अमीर से मिलाया जिसके लिए भरपेट खाना ही भगवान और खुशियों का रूप था। जब उस अमीर व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति की भोजन के लिए मदद की और अतिरिक्त धनराशि लेने पर बल दिया तो उसने प्रसन्न मन से कहा कि आप मेरे लिए परेशान न हो ईश्वर मेरे हर दिन की व्यवस्था करता है। निर्धनता के बीच भी उसके चेहरे की मुस्कान देखते ही बनती थी। जीवन को लेकर इतनी सकारात्मकता रखी जा सकती है यह उस व्यक्ति ने सिखाया। बस यही से उससे शिक्षा लेकर उसके मित्र ने मुस्कान को अपने चेहरे का आभूषण बना लिया। दुनिया के व्यापार से अलग राघव का व्यापार था। उसके व्यापार की अर्निंग तो मीठी मुस्कान थी जिसमे कोई अंधी दौड़ नहीं है और न ही कोई प्रतियोगिता।

इस लघुकथा से यह शिक्षा मिलती है कि जीवन की सार्थकता तो दूसरों के दुरूख को न्यून करके मुस्कान बिखरने में निहित है, पर आज हर व्यक्ति दुरूख पर आघात करने की कोशिश करता है। चेहरे की उदासी को बढ़ाता है। शब्दों का ऐसा जाल बुनता है जो दूसरों के मन को आहत करता है। ईश्वर की बनाई सृष्टि में बहुत सारी विषमता है, पर हम अपने प्रयासों से सकारात्मकता को महत्वपूर्ण बना सकते है और कुछ क्षण के लिए ही खुशहाल जीवन की नींव रख सकते है तो क्यों न राघव की तरह छोटे–छोटे प्रयासों से हम जीवन को खुशहाल बनाने का प्रयास करें। एक बार मुस्कान वाला व्यापार करके देखिये, शायद आपकी जिंदगी बदल जाए।

डॉ. रीना रवि मालपानी

(कवयित्री एवं लेखिका)

## गांधी परिवार पर कानून का शिकंजा, क्या ईडी के सवालों से बच गयीं सोनिया गांधी?



कानून सबके लिए बराबर है यह महज एक कहावत ही नहीं है बल्कि सच्चाई है. यह बात साबित हो गई जब पूर्व प्रधानमंत्री के पोते, पूर्व प्रधानमंत्री के बेटे और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को ईडी ने समन जारी किया और पूछताछ के लिए घंटो तक दफ्तर में बिठाए रखा. नेशनल हेराल्ड केस में जो आरोप राहुल गांधी पर लगाए गए हैं वह सिद्ध होते हैं या नहीं यह अलग बात है लेकिन देश की आम जनता में कानून का सम्मान जरूर बढ़ा है. आज गली के नुक्कड़ से लेकर शहर के चौराहों तक इस बात की चर्चा जरूर होने लगी है कि इस देश में घोटाला करने वाला कोई आम इंसान हो या प्रधानमंत्री का बेटा, कानून की नजर में सब बराबर है कांग्रेस का सुर्खियों में बने रहना आम बात है. कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी आये दिन अपने किसी न किसी बयान की वजह से जनता के बीच चर्चा में बने रहते हैं. बीजेपी को भ्रष्ट कहने वाली पार्टी कांग्रेस, इस बार खुद भ्रष्टाचार के आरोप से घिरते हुए नजर आ रही है. क्योंकि इस बार कांग्रेस पर ही करोड़ो रुपए का घोटाला करने का आरोप लगा है. जिसकी वजह से गांधी परिवार को प्रवर्तन निदेशालय ने समन जारी कर दिया है. आगे चलने से पहले जानिए क्यों कानून ने कस दिया गांधी परिवार पर अपना शिकंजा.

यह मामला शुरू होता है आज से 84 साल पहले, साल 1938 से, जब देश आजाद भी नहीं हुआ था. साल 1938 में भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने एक अखबार शुरू किया जिसका नाम है द नेशनल हेराल्ड यह न्यूजपेपर AJL (एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड) नाम की कंपनी चलाती थी, जिसको फण्ड कांग्रेस करती थी. लेकिन अचानक साल 2008 में यह न्यूजपेपर बंद हो गया. वजह था, AJL का कर्ज में डूबना. AJL को बचाने के लिए कांग्रेस ने पार्टी फण्ड से कंपनी को बिना ब्याज के 90 करोड़ रुपए का फण्ड दिया. जिसके बदले में साल 2011 में कांग्रेस ने ष्यंग इंडियाष नाम की एक कंपनी बनाई. और AJL की आर्थिक मंदी के कारण उसको दिए लोन के बदले में 99 प्रतिशत की हिस्सेदारी अपने नाम कर ली. उस वक्त कांग्रेस का बोलबाला होने की वजह से कंपनी के 38–38 प्रतिशत की हिस्सेदारी राहुल और सोनिया गांधी ने अपने नाम कर ली और बाकी का शेयर मोतीलाल बोरा और आस्कर फर्नांडिस के पास था.

इसके बाद आज से ठीक 10 साल पहले साल 2012 में सुब्रमण्यम स्वामी ने कोर्ट में एक अर्जी दाखिल की. जिसमें उन्होंने कांग्रेस पर न्यूजपेपर द नेशनल हेरल्ड को यंग इंडिया के जरिए गलत तरीके से अधिग्रहण करने का आरोप लगाया. साल 2014 में प्रवर्तन निदेशालय ने गांधी परिवार पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज करते हुए समन जारी किया था. मगर साल 2015 में राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने कोर्ट में 50–50 हजार रुपए के मुचलके पर जमानत अपने नाम की थी. यही नहीं आजादी के बाद साल 1971 में देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर भी धांधली करने का आरोप लगा था. यह सिलसिला शुरू होता है 1971 के चुनाव से, जब इंदिरा गांधी और उनकी पार्टी को जनता का बेशुमार प्यार मिला था और चुनाव में उन्होंने ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी. यह चुनाव रायबरेली लोकसभा सीट पर हुआ था जिसमें संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी की नेता इंदिरा गांधी ने विपक्षी तेजतर्रार नेता राजनारायण को पराजित किया था. मगर इस जीत से नाखुश प्रतिद्वंदी नेता राजनारायण ने इंदिरा गांधी पर चुनाव में हेरा–फेरी करने का आरोप लगाया और हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. मामले पर सुनवाई होने के बाद हाइकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए इंदिरा गांधी का चुनाव निरस्त कर छह साल तक चुनाव लड़ने पर बैन लगा दिया था. इस फैसले से आक्रोशित होकर इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 में रेडियो के माध्यम से देशभर में 21 महीने की इमरजेंसी का एलान कर दिया था. इस दिन को आज 46 साल बाद भी सबसे काला दिन माना जाता है.

हालांकि अब एक बार फिर साल 2022 में 70 साल पुराने हुए घोटाले की फाइल खुल गई है. और प्रवर्तन निदेशालय ने भी एक बार फिर गांधी परिवार को कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया है. ईडी के समन जारी करने पर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को जहां ईडी के चक्कर लगाने पड़े, वहीं दूसरी तरफ गांधी परिवार के डूबते भविष्य को बचाने के लिए कांग्रेस समर्थक सड़क पर उतर आये. बावजूद इसके, कानून के सवाल से न राहुल बच पाए ना ही बहन प्रियंका और ना ही सोनिया गांधी, क्योंकि आज प्रवर्तन निदेशालय के सवालों का सामना उन्हें भी करना होगा. देश का संविधान और कानून जो एक आम आदमी के लिए है, वही कानून सबके लिए है फिर चाहे वो कोई राजनितिक दल हो, नेता हो, पूंजीपति हो, या पूर्व प्रधानमंत्री का परिवार ही क्यों न हो. इस मामले पर आगे क्या सुनवाई होगी ये तो वक्त ही बताएगा. लेकिन एक कहावत तो आपने सुनी होगी की– कानून के हाथ लंबे होते हैं. और उससे बचना जितना नामुमकिन एक आम आदमी के लिए है उतना ही मुश्किल एक प्रधानमंत्री के बेटे के लिए भी है.

निकिता शुक्ला, नई दिल्ली

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

**: प्रसारित :**

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## मा0 सदस्या ने जनसुनवाई के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं का किया निराकरण

- बिना भेदभाव के हर बहन–बेटी को सामाजिक सुरक्षा प्रत्येक दशा में हो मुहैया–मा0 सदस्या


ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। समस्याओं से पीड़ित महिलाओंध्बालिकाओं को त्वरित न्याय देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसलिए सम्बन्धित अधिकारियों का दायित्व बनता है कि वे महिलाओंध्बालिकाओं छोटी–बड़ी शिकायतों को गम्भीरता से लें और त्वरित कार्यवाही कर उन्हे न्याय शुलभ करायें ताकि समस्याओं से ग्रसित महिलाओं एवं बालिकाओं को न्याय के लिए इधर–उधर भटकना न पड़े और उनका मान–सम्मान प्रत्येक दशा में कायम रहे। उक्त विचार लोक निर्माण विभागधनिरीक्षण भवन में महिलाओंध्बालिकाओं की समस्याओंधशिकायतों से रूबरू होते हुए तथा उनका निराकरण करते हुए जनसुनवाई के दौरान प्रदेश की राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्या श्रीमती कुमुद श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। उन्होने कहा कि महिलाएं एवं बालिकाएं हर घर की लक्ष्मी है, इसलिए हम लोगों की जिम्मेदारी बनती है कि बिना भेद–भाव के हर बहन बेटी को समाजिक सुरक्षा प्रत्येक दशा में मुहैया करायें। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार सभी बहन बेटियों के मान सम्मान को बनाये रखने के लिए उनकी सुरक्षा हेतु 1090, 181 का संचालन कर रही है। यदि कोई भी व्यक्ति किसी भी बहन बेटी के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो वह बेझिझक इन टोल फ्री नम्बर का उपयोग कर सम्बन्धित व्यक्ति को जेल भिजवा सकती है। यदि उनको समय से न्याय नही मिलता है तो वे राज्य महिला आयोग में शिकायत दर्ज करा सकती है। ऐसे प्रकरणों पर निश्चित ही महिला आयोग समस्या से पीड़ित महिलाओंध्बालिकाओं को न्याय मिलेगा। इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर दयाल पाण्डेय, उपजिलाधिकारी आशुतोष, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, महिला थाना प्रभारी मंजू पाण्डेय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नामित सदस्य अशोक कुमार शर्मा, वरिष्ठ लिपिक दयाराम, कमलेश मिश्रा, पंकज मिश्रा सहित सम्बन्धित अधिकारीगण एवं महिलाएं उपस्थित रहे।




## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

- संस्थागत प्रसव पर दिया जाए विशेष बल, लाभार्थियों को समय से किया जाए भुगतान : जिलाधिकारी
- परिवार नियोजन पर दिया जाए विशेष बल : मुख्य विकास अधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को सीधे लोगों की जिन्दगी को स्वस्थ्य रखने का दायित्व है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक से लेकर पैरामेडिकल कर्मी तक अपने दायित्व बोध के साथ काम कर लोगों को स्वस्थ्य रखने में अपनी महती भूमिका निभायें। उन्होने जोर देते हुए कहा कि जिले में मातृ एंव शिशु मृत्यु दर अन्य जनपदों की तुलना में अधिक है, जो चिंता का विषय है। इसे रोके बिना स्वस्थ्य समाज की परिकल्पना नही पूरी की जा सकती है, इसलिए मातृ एंव शिशु मृत्यु दर पर रोकथाम के लिए कारगर कदम उठाए जाएं ताकि स्वास्थ्य के देखभाल के अभाव में जिले में किसी भी गर्भवतीध्धात्री महिला एंव नवजात शिशुओं की मौत न होने पाए। ए0एन0एम0 और आशा गांव में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन की मुख्य धुरी है इसलिए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी ए0एन0एम0 और आशा वार किये गये कार्यो की समीक्षा भी करे और लापरवाही बरतते पाये जाने पर आशा और ए0एन0एम0 को दण्डित भी किया जाय। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि आर0सी0एच0 पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं का पंजीकरणध्अपडेशन शत–प्रतिशत किया जाए। यदि शत–प्रतिशत अपडेशन में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक एवं डाटा इंट्री ऑपरेटर की लापरवाही पायी जाए तो उनके विरूद्ध कार्यवाही भी सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के मुखिया से लेकर उनके अधीनस्थ प्रभारी चिकित्साधिकारियों के साथ ही स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, ए0एन0एम0, आशा बहू, आशा संगिनियो को अब विशेष ध्यान रखकर दायित्व बोध के साथ काम करना होगा। इसके लिए उन्होने जिले की हर गर्भवती महिलाओं से लेकर नवजात शिशुओं को सूचीबद्ध करना होगा तथा समय से टीकाकरण के साथ–साथ स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उन्हे समय से इलाज मुहैया कराकर स्वस्थ्य बनाना होगा, ताकि जिले की मातृ एंव शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। उन्होने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रध्प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रवार मातृ एंव शिशु मृत्यु दर की समीक्षा की और मृत्यु के कारणों का विश्लेषण करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, उन्होने यह भी निर्देश दिया कि यदि भविष्य में कोई भी मातृ एव शिशु की प्रसव से पूर्व प्रसव के दौरान या प्रसव के पश्चात मृत्यु होती है तो सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारियों को मृत्यु का कारण जच्चा–बच्चा की प्रसव पूर्व की गई देख भाल एवं टीकाकरणध्पोषण सम्बन्धी दी गई सुविधाओं के विषय में स्थिति स्पष्ट करनी होंगी। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया है कि डियु लिस्ट ढंग से तैयार करें ताकि कोई भी पात्र गर्भवती महिला एवं बच्चें टीकाकरण से वचित न रहने पावें। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि जहॉ पर ए0एन0एम0 की तैनाती नहीं वहां पर बच्चों के टीकाकरण हेतु सेक्टोरियल व्यवस्था की जाए। तथा ए0एन0एम0 और आशाओं के माध्यम से परिवार नियोजन के साधनों का व्यापक प्रचार–प्रसार कराकर जरूरतमंदो को उपलब्ध कराए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने निर्देश दिया कि जननी सुरक्षा योजना अन्तर्गत बी0सी0पी0एम0 व बी0पी0एम0 द्वारा शत–प्रतिशत मानिटरिंग किया जाए। वी0एच0एन0डी0 के अन्तर्गत सभी कार्य सरकारी भवनों में शत–प्रतिशत कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने संस्थागत प्रसव बढ़ाने हेतु अधीक्षक मल्हीपुर इकौना को निर्देश दिया। तथा ऐसे उपकेन्द्र जहां पर शून्य प्रसव हो सम्बन्धित ए0एन0एम0 का वेतन बाधित किया जाए। उन्होने कहा कि परिवार नियोजन योजनान्तर्गत समस्त अधीक्षक ए0एन0एम0/सी0एच0ओ0 को एक–एक नसबन्दी पुरूष/महिला का लक्ष्य आवंटित कर कार्यवाही की जाए। आशाओं के वेतन भुगतान हेतु समस्त बी0सी0पी0एम0 को शत–प्रतिशत भुगतान का निर्देश दिया। गर्भवती महिलाओं की आर0सी0एच0 पोर्टल पर फीडिंग शत–प्रतिशत अवश्य करायी जाए। उन्होने कहा कि पर्यवेक्षक रेशनलाइजेशन अनिवार्य रूप से कराया जाए है। डब्ल्यू0एच0ओ0 के अनुसार प्रत्येक ब्लाकध्जनपद स्तरीय अधिकारियों को तीन सत्र (वी0एच0एन0डी0) देखने का निर्देश दिया। बैठक का संचालन मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारी ने किया।



## कार्यालय- नगर पंचायत तिर्वागंज, कन्नौज

पत्रांक : मीमो/न0पं0ति0/2021–22 दिनांक :19.07.2022

नोटिस अन्तर्गत धारा 147 म्यू0एक्ट 1916 सूचना पत्र

नामान्तरण हेतु एक प्रर्थना पत्र प्राप्त हुआ है। जिसका विवरण निम्न है। 1.आवेदक प्रार्थी का नाम–श्रीमती अनामिका 2.पति का नाम–अमित कुमार 3.भवन सं0/सम्पत्ति सं0–आवासीय प्लाट, 4. नि0–सरहटी, तिर्वा कन्नौज। तिर्वा, 5. वर्तमान में पंचायत अभिलेख में उक्त भवन पर अंकित अध्याशी का नाम– रामबाबू व रमाकान्त व प्रेम बाबू व जितेन्द्र व रवि कुमार पुत्रगण–स्व0 राधा कृष्ण 2–श्रीमती जयदेवी पति का नाम– राधा कृष्ण 6. मोहल्ला–सहनापुर,लोहामढ़, सदर,कन्नौज 7. नामान्तरण का आधार– क्रय विक्रय पत्र– बैनामा की छायाप्रति सलंग्न, विरासतन.. .....,आदेश न्यायालय.......,पंजीकृत वसीयत....., अन्य......, एदद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है। कि 30 दिवस के भीतर उक्त के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो उसके समर्थन में साक्ष्य संहित इस कार्यालय को उपलब्ध करा दें। निर्धारित समय व्यतीत होने के पश्चात् नामान्तरण/नाम संशोधन की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिसका विवरण वर्तमान अभिलेख में अंकित/विवरण की प्रविष्टि के स्थान पर पंचायत के प्रस्तुत पत्र में अंकित विवरण की प्रविष्टि कर दी जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तिर्वागंज कन्नौज

## किसान दिवस का किया गया आयोजन



ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी राम समुझ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवस के अवसर पर खरीफ अभियान की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया।

बैठक के दौरान वर्षाकाल में आच्छादन, बीज, उर्वरक व अनय कृषि निवेशों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता नियंत्रण की प्रगति की समीक्षा की गई। कृषि निवेशों एवं फसलों के लिए आवश्यक उर्वरकों की आपूर्ति, मत्स्य पालन, रेशम उत्पादन एवं रेशम कीट पालन, दृग्ध व्यवसाय एवं उत्पादन की प्रगति, नहरों के संचालन की स्थिति, बोरिंग, चेकडैम एवं आकस्मिक सिंचाई योजना, पशुओं को चारे के उत्पादन एवं पानी आदि की उपलब्धता तथा नलकूप के संचालन की स्थिति आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में उप निदेशक कृषि कमल कटियार द्वारा सूखे की स्थिति में आवश्यक कार्ययोजना बनाकर एवं फसलों के उत्पादन की तकनीक के बारे में भी बताया गया। उन्होने किसान क्रेडिट कार्ड एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में किसानों को अवगत कराते हुए अधिक से अधिक इस योजना का लाभ उठाने हेतु अपील भी किया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादव, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश कुमार चौधरी, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, भूमि संरक्षण अधिकारी शिशिर वर्मा सहित अधिकारीगण एवं किसान बन्धु उपस्थित रहे।

## गोल्डन कार्ड बनाये जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा : श्रम प्रवर्तन अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार श्रम प्रवर्तन अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एंव मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाये जाने हेतु 25 जुलाई, 2022 से 14 अगस्त, 2022 तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। बोर्ड कार्यालय द्वारा जनपद श्रावस्ती हेतु 17455 गोल्डन कार्ड का लक्ष्य निर्धारण किया गया है। जनपद स्तर पर समस्त सी0एस0सी0, राशन वितरण से सम्बधित कोटेदारों एंव आरोग्य मित्र आदि के माध्यम से गोल्डन कार्ड बनाये जायेंगें। बोर्ड द्वारा जारी आयुष्मान कार्ड की सूची के अनुसार श्रमिक अपने पंजीयन कार्ड (पंजीयन नं0) के माध्यम से निकट के जनसेवा केन्द्र/सी0एस0सी0, राशन वितरण से सम्बधित कोटेदारों एंव आरोग्य मित्र से सम्पर्क कर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है।

## रेलवे के अण्डरपास बने स्वीमिंग पूल, राहगीरों को हो रही भारी परेशानी



दैनिक अयोध्या टाइम्स

मौदहा हमीरपुर। आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की पहली प्राथमिकता होती है लेकिन जब यही सुविधाएं आमजन की परेशानी का कारण बन जाएं तो इन्हें क्या कहा जाएगा।ऐसा ही कुछ रेलवे द्वारा बनाए गए अण्डर पासिंग ब्रिजों का है जो हल्की बारिश में स्वीमिंग पूल का रूप धारण कर लेते हैं जिनसे आमजन को परेशानी का सामना करना पडता है तो वहीं लोगों को तहसील मुख्यालय आने के लिए लम्बा चक्कर काटना पडता है। क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और ट्रेन निकलने के समय रेलवे क्रासिंग पर लगने वाले जाम के झाम से लोगों को छुटकारा दिलाने के उद्देश्य से रेलवे ने लगभग सभी रेलवे क्रासिंगों पर अण्डर पास बनाने का काम किया था।लेकिन रेलवे विभाग को भी यह अंदाजा नहीं था कि यही अण्डर पास आमजन के लिए मुसीबत का कारण बन सकते हैं। रेलवे द्वारा बनाए गए अण्डर पास ब्रिज हल्की बारिश में ही स्वीमिंग पूल का रूप धारण कर लेते हैं जिससे क्षेत्र के लगभग आधा सैडका गावों का तहसील मुख्यालय से सम्पर्क पूरी तरह से कट जाता है और चिकित्सा तथा शिक्षा सहित अन्य आवश्यक कार्यों से आने वाले लोगों और छात्र छात्राओं को या तो लम्बी दूरी तय कर बडा चक्कर काट कर आना पडता है या तो जान जोखिम में डालकर रेलवे लाईन से अपने वाहनों को निकालने पडते हैं।हालांकि इससे हादसे होने की सम्भावना भी बनी रहती है और इसके पहले भी रेलवे अण्डर पास मे डूब कर मरने की घटना भी हो चुकी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तिंदुही, अरतरा, गुरदहा और करहय्या के निकट बने अण्डर पासों में पानी भर जाने के कारण तिंदुही, अरतरा, परछछ, तिलसरस,खण्डेह, करहिया, छिमौली, गुरदहा सहित दर्जनों गांवों का सम्पर्क तहसील मुख्यालय से पूरी तरह से कट गया है।

## जलजीवन मिसन के तहत पेयजल गुणवत्ता जांच प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



दैनिक अयोध्या टाइम्स

हमीरपुर। राठ ब्लाक के सभागार में पेयजल परीक्षण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी एवम ब्लाक प्रमुख रामदुलारी अनुरागी द्वारा देवी मां सरस्वती की प्रीतिमा में फूल माला अर्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला में भरत अनुरागी द्वारा जल परीक्षण के साथ पानी बचाने व वृक्षारोपण कराने पर जोर देते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण की योजनाओं की जानकरी दी। ब्लाक प्रमुख श्रीमती रामदुलारी ने जलजीवन मिसन पर प्रकाश डालते हुए श्जल ही जीवन का नारा दिया इसी क्रम में अमर चंद्र अनुरागी जी ने ब्लाक बताया कि ब्लाक के सभी पंचायतों से आई महिलाओं को गांव में जाकर पानी की गुणवत्ता की शत प्रतिशत जांच करने पर बल दिया।

कार्यक्रम में भाजपा की महिला मोर्चा की जिलाअध्यक्ष डॉ. अराधना सिंह ने महिलाओ को पानी लाने होने वाली समस्याओं और निदान की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित अपरजिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार यादव में बताया कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने 15 अगस्त 2019 को लालकिले से जलजीवन मिसन की घोषणा की थी, जलजीवन मिसन का उद्देश्य 2024 तक देश के प्रत्येक परिवार को नल द्वारा निरंतर जल पहुचाने का जो अब साकार हो रहा है। प्रशिक्षण में यूनोप्स के जिला सलाहकार सिद्ध गोपाल त्रिवेदी ने पानी की जांच की दो विधियों बायोलॉजीकल और केमिकल से जाँच करने की जानकारी दी तथा जनपद में ग्रे वाटर प्रबंधन के तहत बनाये जा रहे लीच पिट की जानकारी दी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पी एम सी से संतोष कुमार ने बताया कि जलजीवन मिसन और सरकार का लक्ष्य है कि जिले के प्रत्येक घर को नल से शुद्ध जल मिल जाये और महिलाओं का आवाहन करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण की सफलता आप लोगो पर आधारित है यदि आप अपने गांव के जलश्रोतों के पानी की जाँच कर साफ पानी देने में गाँव का सहयोग करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन यूपिकान संस्था द्वारा किया गया, प्रशिक्षण में जीवन ज्योती से अनीता जायसवाल, शिवकुमार, नेहा सिंह,रजनीश कुमार शुक्ला, श्यामू तथा ब्लाक के विभिन्न गांवो से आई आशा, आँगनवाड़ी, समूह सदस्य और पेयजल एवम स्वच्छता समिति के लोग उपस्थित रहे ।

———————————

## उत्तर-प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सुमेरपुर में एचयूएल की अल्ट्रा-मॉडर्न फैक्ट्री का उद्घाटन किया



दैनिक अयोध्या टाइम्स

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज आयोजित वर्चुअल समारोह में हिन्दुस्तान युनिलिवर लिमिटेड के सीईओ और एमडी संजीव मेहता के साथ सुमेरपुर में युनिलिवर इंडिया लिमिटेड इंण्डिया लिमिटेड (यूआईएल) के नए कारखाने का औपचारिक उद्घाटन किया। नई यूनिट, एक अत्यधिक स्प्रे ड्राइड डिटर्जेट फैक्ट्री और स्वचालित स्टोरेज और पुनर्प्राप्ति प्रणालियों के साथ सह स्थित वितरण केन्द्र , जो सर्फ एक्सेल सहित प्रमुख युनिलिवर ब्रांडो के लिए उत्पादों का निर्माण करेगा, जो भारत का सबसे बड़ा लॉन्ड्री बांड है। एचयूएल 2025 तक सुमेरपुर में कुल 700 करोड़ रूपये के निवेश की योजना बना रहा है, जिसमें आज उद्घाटित स्प्रे ड्राइड डिटर्जेट पाउडर प्लांट और वितरण केन्द्र भी शामिल है। यह यूनिट स्प्रे ड्राइड डिटर्जेट पाउडर की उत्पादन क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देगें,जिससे फैक्ट्री 2025 तक कंपनी के लिए सबसे बड़ी मात्रा में कार्यनीतिक सोर्सिंग साइट बन जाएगी। कारखाने का उद्घाटन करते हुए, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी अदित्यनाथ जी ने कहा कि "यह उत्तर प्रदेश राज्य के लिए गर्व का क्षण है। हमें खुशी है कि युनिलिवर जैसी वैश्विक, बड़ी कंपनी ने हमारे राज्य को अपनी अल्ट्र–मॉडर्न फैक्ट्री स्थापित करने के लिए चुना है। मुझे यह जानकर भी खुशी हो रही है। कि महिलाओ और विकलांग व्यक्तियों को रोजगार देने में उनकी रूचि है। हमें विश्वास है कि इस तरह के निवेश से संमग्र क्षेत्र के विकास में मदद मिलेगी। एचयूएल के सीईओ और एमडी संजीव मेहता ने कहा कि "यूआईएल प्लांट को उत्तर प्रदेश के बुंदेलखण्ड क्षेत्र में आकार लेते देखना खुशी की बात है, एक ऐसा राज्य जहां हमारी कंपनी की महत्वपूर्ण उपस्थिति और इतिहास है। यह यूपी राज्य के लिए युनिलिवर की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दशाता है और सरकार के साथ स्थानीय समुदायों के उत्कृष्ट समर्थन को भी स्वीकार करता है। यह निवेश युनिलिवर की आत्मानिर्भर भारत के लिए लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता के अनुरूप है।" आपूर्ति श्रंखला के एचयूएल के कार्यकारी निदेशक विलियम उड़जेन ने कहा ,"उत्तर प्रदेश में हमारा नवीनतम कारखाना विश्व स्तर पर युनिलिवर के लिए अति आधुनिक निर्माण में सबसे आगे है। यह डिजिटल 4जी औद्योगिक क्रांति की पेशकश का सबसे अच्छा उपयोग करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसे लोगो की सुरक्षा , उत्पाद की गुणवत्ता, नवीनीकरण नेतृत्व समय और पर्यावरणीय प्रदर्शन में विश्व स्तर के प्रदर्शन की गारंटी मिलती है। साइट का इंटिग्रेटेड डिजाइन सप्लाई चौन के इष्टतम एकीकरण के साथ साइट पर सामग्री आपूर्तिकताओं ,लॉजिस्टिक आपरेटरों और विनिर्माण भागीदारों के एक इकोसिस्टम की अनुभूति देता है। निर्माण यूनिट के अलावा, एचयूएल ने पूरी तरह से स्वचालित वितरण केंद्र स्थापित किया है, जो युनिलिवर के लिए दक्षिण एशिया में अपनी तरह का पहला केन्द्र यह वितरण केंद्र न्यूनतम पुनर्प्राप्ति समय के साथ सामान वितरित करने के लिए सबसे आधुनिक स्वचालित स्टोरेज और पुनर्प्राप्ति प्रणाली(एएसआरएस) से भी लैस है। सुरक्षा और स्थायित्व एक प्रमुख क्षेत्र रहा है। विनिर्माण यूनिट को शून्य कार्बन फुटप्रिंट के लिए डिजाइन किया गया है। इंधन के रूप में बायोमास ब्रिकेट के उपयोग के माध्यम से यूनिट लगभग 10, 000 किसानों की आमदनी को बढ़ाने में योगदान देगी। क्योकि ये ब्रिकेट कृषि कचरे से बनाए जाते है। युनिलिवर की स्थिरता प्रतिबद्धताओं को ध्यान में रखते हुए, यूनिट व्यापक सामुदायिक उपयोग के लिए बारिश का पानी एकत्र और संग्रहित करेगी, लैंडफिल में शून्य अपशिष्ट भेजेगी और निकट भविष्य में सौर ऊर्जा उत्पादन शुरू करेगी। वितरण केंद्र सुरक्षित और निर्बाध संचालन के लिए नवीनतम सुरक्षा सुविधाओं से भी लैस होगा। यूआईएल स्प्रे ड्रायड फैक्ट्री दक्षिण एशिया में युनिलिवर की पहली जेंडर–बेलेंस फैक्ट्री होगी,जहां उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति के तहत 101 महिला कर्मचारियों को काम पर रखा गया था। जल्द ही अतिरिक्त 153 महिला कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना है। इसी तरह , यूनिट विकलांग व्यक्तियों को काम पर रखने पर भी सक्रिय रूप से विचार करेगी। संपूर्ण निवेश, जब 2025 तक पूरा हो जाता है, तो कुल 1600 व्यक्तियों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार की परिकल्पना की गई है। युनिलिवर स्थानीय लॉजिस्टिक्स बाजार को विकसित करने और उत्तर प्रदेश में कई आपूर्तिकर्ता एकीकरण पहलों के माध्यम से अपने आपूर्तिकर्ताओं और सहायक कंपनियों की संख्या बढ़ाने पर भी काम कर रहा है। ये उपाय इस क्षेत्र के आर्थिक विकास का समर्थन करते हुए क्षेत्र में सामग्री आपूर्ति क्षमता को बढ़ावा देने में मदद करेंगी। अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रम'प्रभात' के तहत ,कंपनी कई गैर सरकारी संगठनों और स्थानीय अधिकारियों के साथ काम कर रही है, ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार योग्य कौशल प्रदान करने और निवासियों की आजीविका बढ़ाने में मदद करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढ़ॉचा स्थापित किया जा सके। इसमें किसानों की आमदनी में सुधार और स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण पर जागरूकता पैदा करने के कार्यक्रम शामिल हैं।

सुमेरपुर में युनिलिवर इंण्डिया लिमिटेड यूआइएल के नये कारखाने का उद्घाटन मा0 जनप्रतिनिधि विधायक सदर डॉ मनोज प्रजापति, एवं जिलाधिकारी डॉ चन्द्र भूषण त्रिपाठी के द्वारा किया तथा अपन–अपने विचार व्यक्त किये। उद्घाटन के उपरान्त मा0 जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न उत्पादों का निरीक्षण किया गया तथा परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर मा0 जनप्रतिनिधि सदस्य विधान परिषद जितेन्द्र सिंह सेंगर मा0 अध्यक्षा जिला पंचायत हमीरपुर जयंती राजपूत,, अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बृजकिशोर गुप्ता, पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल, मुख्य विकास अधिकारी मथुरा प्रसाद, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 रमेश चन्द्र हिन्दुस्तान युनिलिवर के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## बालिकाओं एवं महिलाओं के उत्थान हेतु सरकार है प्रतिबद्ध : मा0 सदस्या

- महिलाओं के चतुर्दिक विकास के लिए अनेक योजनायें की जा रही संचालित–मा0 सदस्या





ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। देश एवं प्रदेश सरकार बेटियों एवं महिलाओं के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है, इनके उत्थान के लिए सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत तमाम कार्यक्रम चलाकर उन्हें जागरूक करने के साथ ही लाभान्वित भी किया जा रहा है। लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नही है। जरूरत इस बात की है कि बिना भेदभाव के लड़कियों को भी लड़को की तरह ही पढ़ा लिखा कर आगे बढ़ाया जाए। उक्त विचार विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बलनपुर बसन्तपुर के मजरा बनगई जूनियर हाईस्कूल में मिशन शक्ति 4.0 कार्यक्रम के तहत आयोजित जन जागरूकता चौपाल में बालिकाओं एवं महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्या कुमुद श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। इस दौरान मा0 सदस्या ने चौपाल में आयी बालिकाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गो का सम्मान भी किया। उन्होने कहा कि आज महिलायें हर क्षेत्र में कार्य करते हुए परिवार की आर्थिक बुनियाद मजबूत कर रहीं हैं, साथ ही राष्ट्र के विकास में सहभागी बन रही है। देश के मा0 प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी ने देश एवं प्रदेश की महिलाओं की सशक्तीकरण व सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और रोजगार से लगाने की जो संकल्पना की थी वह पूरी हो रही हैं। प्रदेश सरकार महिलाओं के चतुर्दिक विकास के लिए अनेक योजनायें संचालित कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। प्रदेश सरकार की संचालित योजनाओं से करोड़ो बालिकायें, महिलायें लाभान्वित हुई। इसलिए अपनी बेटियों को बिना किसी भेदभाव के पढ़–लिख कर आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित करें। इस दौरान मा0 सदस्या द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान को योजना, अत्याचार से प्रभावित अनुसूचित जाति की पीड़िताओं को आर्थिक सहायता, चिकित्सा विभाग की योजनाओं, महिलाओं को प्राप्त सुविधाओं की समीक्षा, ग्रामीण आर्थिक विकास और नियोजन में महिलाओं की भागीदारी ग्राम्य विकास, एस0एच0जी0एस0 तथा ओ0डी0ओ0पी0 योजना में प्रगति, दिव्यांगजन से शादी करने पर पुरस्कार, ऑगनबाडी योजना, अल्पसंख्यक वर्ग हेतु शादी योजना, महिला शिक्षा, ग्रामीण शौचालय की स्थिति आदि की समीक्षा की तथा पात्रों को लाभान्वित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होने कहा कि गांव में यदि कोई पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से अछूते है तो उनका ऑकलन कर सूची तैयार किया जाए और सरकार की योजनाओं से उन्हें जोड़ा जाए। उन्होने बालिकाओंध्महिलाओं को उनके अधिकारों, विद्यमान कानूनों की जानकारी दी और कहा कि बालिकाएं एवं महिलाओं को बिना भेदभाव के आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया जाए तो निश्चित ही वे सफलता हासिल करेंगी। आजकल महिलाएं पुरूषों से कन्धा से कन्धा मिलाकर हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है, जो गर्व की बात है। उन्होने उपस्थित बालिकाओं एवं महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक थाना में महिला हेल्प डेस्क एवं आगन्तुक कक्ष की स्थापना महिला आरक्षीगण की डयूटी लगायी गयी है। जहां पर कोई भी महिला/बालिका अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। जिनकी शिकायत सुनकर तत्काल निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारीगण को आदेशित किया गया है। प्रत्येक थाना स्तर पर एन्टी रोमियों चेंकिग के दौरान मिलने वाली महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है यदि उनकी कोई समस्या है, तो उन्हें नोट कर उसका त्वरित निस्तारण कराया जा रहा है। मा0 सदस्या ने कहा कि विभिन्न सेवायें जैसे–1090 (वूमेन पॉवर लाइन), 181 (महिला हेल्प लाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइल), 112 (पुलिस आपतकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड लाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा) जनपयोगी हेल्पलाइन नम्बर आप लोगों के कल्याण हेतु चलायी जा रही है, जिन पर आपनी शिकायत कभी भी दर्ज करा सकती हैं। इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा ने कहा कि सरकार महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है। उनके सर्वागीण विकास के लिए सरकार द्वारा तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। बालिकाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु मिशन शक्ति अभियान चलाकर उन्हें स्वावलम्बी बनाया जा रहा है। उन्होने कहा कि महिलाएं एवं बालिकाएं हर घर की लक्ष्मी है, इसलिए हम लोगों की जिम्मेदारी बनती है कि बिना भेद–भाव के हर बहन बेटी को समाजिक सुरक्षा प्रत्येक दशा में मुहैया कराने के साथ ही उनका सुरक्षा कवच भी बने ताकि कोई भी बहन बेटी का मान सम्मान धूमिल न होने पावे। और बिना भेदभाव के उन्हें शिक्षित कर आगे बढ़ायें। कार्यक्रम सम्पन्न होने पर पूर्व ग्राम प्रधान घनश्याम पाठक ने धन्यवद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आशुतोष, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, खण्ड विकास अधिकारी सिरसिया रामबरन, महिला थानाध्यक्ष मंजू पाण्डेय, थानाध्यक्ष सिरसिया पंकज कुमार, कमलेश मिश्रा, पंकज मिश्रा, लेखपाल, ग्राम पंचायत अधिकारी सहित गांव की बालिकाएंध्महिलाएं एवं भारी जनसैलाब उपस्थित रहा।तदोपरान्त मा0 सदस्या एवं मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत ने बाबा विभूतिनाथ मन्दिर जाकर दर्शन–पूजन किया।

# संक्षिप्त समाचार

## कांग्रेस नेता ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौपा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई (जालौन)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव एवं प्रभारी जिला जालौन विधि प्रकोष्ठ सुरेश कुमार दीक्षित ने आज गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को भेंट करते हुए बताया कि



खाद्य, तेल, डीजल, पेट्रोल, घरेलू गैस में सरकार द्वारा बेतहाशा दामों में वृद्धि करने के कारण देश व प्रदेश की जनता में हाहाकार मचा है यह वस्तुएं आम गरीब जनता की पहुंच से बाहर होती जा रही है तथा खाने पीने की वस्तुओं पर सरकार द्वारा जीएसटी लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डीजल, पेट्रोल, खाद्य, तेल, गैस टैक्स के अंदर लाये जाये। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की पूरणत की तारीख विज्ञप्ति के साथ घोषित की जाये जिससे प्रतियोगी परीक्षार्थियों को आशानी हो सके तथा परीक्षार्थी विक्षिप्त होने से बच सके।

## समय से नहीं पहुंच रहे अधिकारी फरियादी परेशान सुबह खाली मिले अफसरों के दफ्तर बीजेपी नेता ने खोली पोल

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां एक तरफ अधिकारियों को समय से ऑफिस पहुंचने के निर्देश देते हैं तो वहीं पर जनपद जालौन के कुछ अधिकारी अपने ऑफिस समय से नहीं पहुंचते हैं और मुख्यमंत्री के आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हैं गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र राजपूत अपने फरियादियों के साथ जिला उद्योग विभाग पहुंचे जहां पर 9:00 बजे से लेकर 11:30 बजे तक बीजेपी नेता के साथ फरियादी अधिकारियों का इंतजार करते रहे लेकिन कोई भी अधिकारी



11:30 बजे तक ऑफिस में नही आया बीजेपी नेता पुष्पेंद्र राजपूत ने अधिकारियों के ऑफिस में जाकर चारों तरफ देखा तो कहीं ऑफिस खुले मिले तो कहीं ऑफिस बंद मिले लेकिन अधिकारी बैठे नजर नही आए फरियादी ने बताया है कि जिला उद्योग विभाग में सिलाई मशीन के प्रमाण पत्र मिले थे जिसको लेकर आए थे लेकिन क्या पता था की ऑफिस में अधिकारी नही मिलेंगे निराश होकर अपने घर जाने को मजबूर हुए तो वहीं पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र राजपूत ने कहा कि इसकी शिकायत जिलाधिकारी चांदनी सिंह से करेंगे जिससे ऐसे अधिकारियों के ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई हो अधिकारियों को ऑफिस में समय से बैठने के निर्देश दे जिसे फरियादियों को अधिकारियों द्वारा मदद मिल सके।

## श्रम विभाग में पंजीकृत सभी मजदूरों को आयुष्मान कार्ड का तोहफा

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा
सुलतानपुर। जिले में भवन और निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिकों के लिए खुशखबरी है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के तहत सरकार ने श्रम विभाग में पंजीकृत मजदूरों को आयुष्मान कार्ड का तोहफा दिया है। यानी जिन श्रमिकों का श्रम विभाग में निबंधन हो गया है, उन सभी श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड का लाभ मिलने वाला है। इसके तहत श्रमिक सालाना पांच लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकेंगे। इसे लेकर श्रम विभाग के द्वारा पूरे जिले में प्रचार–प्रसार करने के साथ जागरूकता का कार्यक्रम भी चलाया जायेगा। जिले में श्रम विभाग के द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के श्रमिकों का निबंधन किया गया है। निबंधित सभी श्रमिक आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनवा इसका लाभ उठा सकते है। योजना का लाभ उठाने के लिए सभी श्रमिक अपने नजदीकी जनसुविधा केंद्र, राशन कार्ड वितरण से संबंधित कोटेदार एवं आरोग्य मित्र आदि के पर पहुंचकर अपना गोल्डन कार्ड बनवा सकते है। गोल्डन कार्ड बनाएं जाने के लिए जरूरी अभिलेख आधार कार्ड, राशन कार्ड और श्रमिक पंजीयन कार्ड है। यह जानकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुलतानपुर प्रकाश चंद्र ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

## मृतक महिला की अभी तक नहीं हो सकी पहचान

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो सुल्तानपुर। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत का मामला अज्ञात वाहन के जोरदार टक्कर से घायल हुई थी महिला जिसको लेकर राहगीरों की मदद से भेजा गया था जिला अस्पताल इलाज के दौरान हो गई थी मौत लिहाजा मृतक महिला के शव की पहचान ना होने की वजह से चर्चा का विषय बना हुआ है मिली जानकारी के अनुसार मानसिक स्थिति ठीक नही रहती थी और सुबह करीब 5 बजे की घटना बताई जा रही हैं, गोसाईगंज थाना क्षेत्र से द्वारिका गंज चौकी से जुड़ा हुआ मामला,घटनास्थल



बाबूगंज क्षेत्र खेड़ी डोड़ापुर के पास अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से 55 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो चुके थे ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पी आर बी के द्वारा 108 एंबुलेंस से जिला अस्फताल को भेजवा दिया गया ,इलाज के दौरान हुई महिला की हुई मौत जिसकी मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है ,महिला के बदन पर हरा रंग की कमीज है।
चौकी प्रभारी बबलू जायसवाल ने कहा कि शव की शिनाख्त कराई जा रही है विधिक कार्यवाही की जायेगी खबर लिखे जाने तक महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

## मृतका पति सुमित यादव की शिकायत को डीएम ने संज्ञान में तीन सदस्यीय टीम गठित करदिये जांच के आदेश

• दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई (जालौन)। जिलाधिकारी चंदनीं सिंह ने सुमित यादव की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए तीन सदस्य टीम गठित की। सुमित यादव पुत्र सप्तीदीन यादव निवासी ग्राम गढ़ा कुसमरा थाना आटा द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र दिनांक 19 जुलाई इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि. आवेदक द्वारा अपनी गर्भवती पत्नी का प्रसव कराये जाने हेतु जिला महिला चिकित्सालय उरई में दाखिल कराया गया था। जिला महिला चिकित्सालय में डयूटी पर तैनात स्टाफ नर्स द्वारा प्रसव हेतु उत्कोच की धनराशि तय की गयी. कुछ धनराशि का भुगतान आवेदक द्वारा किया गया और अवशेष धनराशि का भुगतान संबंधित कर्मचारियों को न किये जाने के कारण उनके द्वारा प्रसव कराये जाने में लापरवाही एवं शिथिलता बरती गयी। आवेदक का आरोप है कि कर्मचारियों द्वारा अमानवीय एवं संवेदनहीन व्यवहार अपनाये जाने के कारण उसकी पत्नी की मृत्यु हो गयी। जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने इस गम्भीर एवं संवेदनशील प्रकरण की जांच हेतु समिति गठित की गई। समिति में डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी, डा. बीरेन्द्र सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधि कारी, व इं. कु. एकता, सहायक अभियंता, लघु सिचाई प्रखण्ड उरई, उपरोक्त समिति शिकायत कर्ता को साक्ष्य का अवसर प्रदान करते हुए शिकायती पत्र में वर्णित तथ्यों की गहनता से जाँच कर और दोषी चिकित्सा कर्मियों ६ चिकित्साधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते अपनी संस्तुति सहित सुस्पष्ट आख्या दो दिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगी। जाँच में मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे।

## मरघट व धोबी घाट की जमीन पर कब्जे की शिकायत अतिरिक्त मजिस्ट्रेट से कब्जा मुक्त करवाये जाने की मांग उठाई ग्रामीणों ने



दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई,जालौन। कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम मुसमरिया निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने आज कलेक्ट्रेट पहुंच कर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र देते हुए गांव के दबंगों द्वारा मरघट व धोबीघाट की जमीन पर किये गये जबरन कब्जे को हटवाये जाने की मांग उठाई।
कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम मुसमरिया निवासी पुष्पेन्द्र, सुरेश कुमार, देवेंद्र कुमार, राजेश, नरेश कुमार, राधेलाल, दिग्विजय, गंगाराम सहित दर्जनों ग्रामीणों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि गांव में गाटा संख्या 1563 जिसका रकवा 0.150 हेक्टेयर है जिस पर शमशान घाट दर्ज है जिसमें गांव के सभी ग्रामीण अपने शवों का अंतिम संस्कार करते है जिस पर दबंग जंटर सिंह पुत्र भगवान सिंह, सुरजीत पुत्र पल्लू, राजकुमार पुत्र देवेन्द्र आदि ने उक्त शमशान घाट की जमीन पर जबरन कब्जा कर रखा है जिस पर उक्त लोगों ने कच्चा पक्का निर्माण कर रखा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले की शिकायत उप जिलाधिकारी कालपी से की थी जिस पर लेखपाल मौके पर गया मगर उसने सही नाप नहीं की।
ग्रामीणों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र देते हुए अवैध कब्जा हटवाये जाने की मांग उठाई है।

## खेले गए फाइनल मुकाबले मे जीत हासिल की लहरपुर टीम



नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट
तंबौर सीतापुर। तम्बौर के कस्बे में नेशनल पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में हो रही क्रिकेट मैच प्रतियोगिता में खेले गए फाइनल मुकाबले में लोहिया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए टॉस 12 ओवर में 104 रन बनाये। जवाब के उतरी लहरपुर की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 11.4 ओवर में 105 रन बनाकर 2 विकेट से मैच जीत हासिल कर लिया। सर्वाधिक 52 रन इजहार ने बनाये। जिन्हें मेन आफ द मैच दिया का सीरीज गया। मैन ऑफ द मैच अजहर, मैन ऑफ द सीरीज (ऑलराउंडर) सुहेल व मैन ऑफ द सीरीज (विकेट) तौहीद खान लारा को दिया गया। विजेता टीम को ट्रॉफी और 7100 रुपये व उप विजेता को ट्रॉफी और 5100 का पुरस्कार चेयरमैन प्रतिनिधि झब्बन बेग, ईओ आशुतोष त्रिपाठी, मो जियाउल हक, सीएचसी अधीक्षक डा अनंत मिश्रा द्वारा दिया गया। इस मौके पर तारिक बेग, शादाब बेग, अरकम बेग, वहीद खान, जावेद खान, मुन्ना गौरी, नसीमुद्दीन, सुभान अली, फैजान, दिलशाद आदि लोग मौजूद रहे।

## पति के वियोग मे पत्नी भी जीवन लीला समाप्त कर ली

तंबौर,सीतापुर। थाना तंबौर क्षेत्र के भानीपुर गांव निवासी पिंकी देवी उम्र करीब 27 वर्ष पत्नी कमलेश कुमार की विगत पंद्रह जुलाई दिन शुक्रवार की शाम को कमरे में कुछ सामान लेने गया था । वहीं पर किसी जहरीले सर्प ने डस लिया था । जिसे परिजन इलाज हेतु प्राइवेट चिकित्सक के पास ले गए थे जहां कमलेश की इलाज दौरान मौत हो गयी थी । पति की मौत के बाद से गर्भवती पत्नी पिंकी काफी परेशान रहती थी । पति के वियोग में आकर गर्भवती पत्नी ने गुरुवार की सुबह घर के कमरे में गमछे से छत में पड़े छल्ले में फांसी लगाकर जान दे दी । कमरे से बाहर पिंकी के न निकलने पर परिजन कमरे के अंदर देखा तो पिंकी का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला । परिवार में कोहराम मच गया । परिजनो ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया ।

## पहले ही बारिश में बह गया विकास, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे की रोड धसी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो
उरई (जालौन)। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे की रोड धसी, 16 जुलाई को शुभारंभ हुआ था। जो पहली ही बारिश में बह गया। विकास , बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे की रोड धसी
आपको बता दें कि चित्रकूट से इटावा तक 296 किलोमीटर लंबे को 14800 करोड़ की लागत से बनाया गया है। लेकिन इसकी क्वालिटी की पोल जालौन में बुधवार को हुई मूसलाधार बारिश ने खोलकर रख दी है, बारिश के कारण जालौन के छिरिया सलेमपुर से निकले इस एक्सप्रेस वे पर 2 से 3 फुट गहरे गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों के कारण कई यात्रियों की गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है ।
इसके अलावा कई यात्रियों को घायल भी होना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 जुलाई को संबोधित करते हुए कहा था कि 28 माह में इस एक्सप्रेस भी को बनाया गया है और जिसे उच्च क्वालिटी का बनाकर यूपी सरकार ने यह साबित कर दिया है कि कोई भी काम ईमानदारी से किया जाए तो वह है गुणवत्ता परक जरूर होगा लेकिन इस एक्सप्रेस वे की गुणवत्ता की पोल जरूर बारिश ने खोल कर रख दी है यदि इस एक्सप्रेस –वे पर सही तरीके से काम हुआ होता तो निश्चित ही 4 दिन के अंदर इस एक्सप्रेस वे में 2 से 3 फुट गहरे गड्ढे नहीं होते। जिस जगह बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की रोड धसी है, वह पैकेज फोर के तहत बनाई जा रही है। यह रोड बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के 195 किलोमीटर



की दूरी पर धसी है, रोड के क्षतिग्रस्त होने के कारण इसको बंद कर दिया गया है साथ ही जेसीबी मशीन की मदद से इसे खोदा जा रहा है, जिससे इसे दोबारा बनाया जा सके राजस्थान की गावर कंपनी द्वारा बनाया जा रहा है गावर कंपनी देश की मानी हुई रोड बनाने वाली कंपनी है।

## आबकारी की ताबड़तोड़ छापेमारी से शराब माफियाओं में मचा हड़कंप

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा जयसिंहपुर। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र में कुछ गाँव मे अबैध कच्ची शराब बनाकर बेंचने का कारोबार बहुत दिनों से फलफूल रहा था। जिस पर कई बार कार्यवाहियां भी होती रही, किन्तु अवैध कच्ची शराब बनाने वाली भट्ठियां लाख कोशिश के बावजूद भी धधकती ही रही। सूत्रों व स्थानीय लोंगों की सूचना पर आबकारी विभाग द्वारा ऐसे अवैध कच्ची शराब बनाने वाले कारोबारियों पर अंकुश लगाने के लिये लगातार ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिले के मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के तराई इलाकों में अवैध कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ आबकारी ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार की सुबह जयसिंहपुर क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक डॉ महेंद्र प्रताप वर्मा के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम की मदद से मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के गोमती नदी के किनारे बसे का भिटोरा, खैरहा, बहरिया, नानेमऊ आदि गांव में शराब माफियाओं पर कार्रवाई करते हुए 200 किलो लहन को नष्ट कर दिया। टीम ने छापेमारी के दौरान 38 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। अवैध शराब के व्यवसाय में संलिप्त दो व्यक्ति बंशी लाल निषाद निवासी गांव बहरिया और अंकित को पुलिस ने हिरासत में लेते हुए जेल भेजने की कार्यवाही की। गौरतलब हो कि आबकारी निरीक्षक डॉ महेंद्र प्रताप वर्मा द्वारा क्षेत्र में लगातार अभियान चलाकर शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। आबकारी निरीक्षक की लगातार कार्रवाई से अवैध व्यवसाय से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। आबकारी इंस्पेक्टर डॉ महेंद्र प्रताप वर्मा ने बताया कि छापेमारी के दौरान कुल 38 लीव अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। जिसमे चार अभियोग पंजीकृत कर, दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। चेकिंग प्रवर्तन अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और क्षेत्र को अवैध शराब से मुक्त कराया जाएगा।




## क्रिकेट टूर्नामेंट मे तम्बौर से लहरपुर टीम जीत हासिल की

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट
तम्बौर सीतापुर। तम्बौर मे कस्बे के अम्बेडकर नगर में नेशनल पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में चल रहे नाट आउट क्रिकेट प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हो गया। फाइनल मैच में नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अनंत मिश्रा, चेयरमैन प्रतिनिधि झब्बन बेग, नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अरकम बेग, जावेद खान, मुन्ना गौरी अतिथि के रूप में मौजूद रहे।
अतिथियों ने सबसे पहले दोनों टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें खेल भावना के साथ क्रिकेट खेलने की बात कहीं। टूर्नामेंट का फाइनल मैच लोहिया इण्टर कॉलेज और लहरपुर के बीच खेला गया। जिसमें लहरपुर की टीम विजयी रही। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एलआईसी ने 12 ओवर में 104 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लहरपुर की टीम ने मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया।
अतिथियों ने विजेता टीम को 7100 सौ रुपये और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को 5100 सौ रुपये पुरस्कार और मोमेन्टो मैडल देकर सम्मानित किया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच अजहर रहे वही मैन ऑफ द सीरीज सुहैल अख्तर, बेस्ट बैट्समैन राज खान, बेस्ट बॉलर तोशिफ उर्फ लारा, रहे। लहरपुर के खिलाड़ी अजहर ने दर्शकों और अतिथियों की खूब वाहवाही लुटी। ईओ आसुतोष त्रिपाठी ने कहा कि क्रिकेट विश्व भर में एक प्रसिद्ध खेल है।



ग्रामीण क्षेत्र के युवा खेल में अपना बेहतर प्रदर्शन करते हैं। टूर्नामेंट का नेशनल पब्लिक स्कूल ने किया था। इसमें 12 टीमों ने भाग लिया था। इसे सफल बनाने में सैय्यद मो0 रेहान, तारीख बेग,मोहम्मद जियाउल हक,दिलशाद खान, फैजान खान, शादाब बेग, एहतिशाम बेग, वहीद खान, हाजी साबित, गणेश, राजी बेग, फरीद गौरी, मुन्ना बेग, साहब खान का बड़ा योगदान रहा।

## श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों का 25 जुलाई से 14 अगस्त, 2022 तक विशेष अभियान के तहत बनाया जायेगा गोल्डन कार्ड

ओंकार नाथ चौधरी बलरामपुर। सहायक श्रमायुक्त कुलदीप सिंह द्वारा बताया गया कि श्रम विभाग में उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों का आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाये जाने के लिए दिनांक 25 जुलाई से 14 अगस्त, 2022 तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। कल्याण बोर्ड द्वारा जनपद बलरामपुर हेतु 24,354 गोल्डन कार्ड का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर समस्त सी0एस0सी0, राशन–वितरण से सम्बन्धित कोटेदारों एवं आरोग्य मित्र आदि के माध्यम से गोल्डन कार्ड बनाये जायेंगें। उन्होंने पंजीकृत निर्माण श्रमिकों जिनका नाम आयुष्मान सूची में अंकित है, से अपील किया है कि अपने पंजीयन कार्ड के माध्यम से निकट के जनसेवा केन्द्र/सी0एस0सी, राशन–वितरण से सम्बन्धित कोटेदारों एवं आरोग्य मित्र से सम्पर्क कर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है।
इस योजना के तहत सरकार द्वारा नागरिकों को पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाती है। बीमारी के कारण कोई भी श्रमिक कार्य से विरत नहीं होगा। श्रम विभाग पहल करके उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा करेगा। गंभीर बीमारी से



इलाज की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करायेगा इससे उनका जीवन स्तर ऊंचा हो सकेगा।

## स्काउट गाइड प्रशिक्षण का हुआ बृहद रूप से समापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। कादीपुर क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में स्काउट गाइड कैंप का समापन किया गया जिसके उपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मथुरा प्रसाद सिंह जटायु पूर्व जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट विशिष्ट अतिथि श्री सुभाष चंद्र यादव सहायक कमिश्नर स्काउट के द्वारा बच्चों की रंगोली टेंट, खुले स्थान में भोजन मुख्य रूप से चोखा और बाटी, का निरीक्षण कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर वर्मा जी अतिथि को स्कार्फ वागेल व माला पहनाकर स्वागत किया गाइड प्रतिभा ने सरस्वती वंदना साक्षी के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि स्वागत अभिनंदन की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मथुरा प्रसाद जटायू जी ने कहा बताया स्काउट गाइड प्रशिक्षण से हमारा सद्‌गुण विकास होता है प्रशिक्षण में जो भी कुछ बताया गया आप अपने जीवन में उतारें और उसका पालन करें। विशिष्ट अतिथि सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण से बच्चों में अनुशासन व कौशल कि सीख मिलती स्काउट गाइड प्रशिक्षक महेंद्र कुमार वर्मा ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट व कविता वर्मा ट्रेनिंग काउंसलर गाइड ने बताया 3 दिन के प्रशिक्षण में बच्चों को प्रार्थना ,झंडा गीत ,नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धांत, बाया हाथ मिलाना, स्काउटिंग गाइडिंग का संक्षिप्त इतिहास, सेल्यूटिंग, रिपोर्टिंग, गांठ बंधन, प्राथमिक सहायता, मार्च पास्ट ,साहसी क्रियाकलाप , बिना बर्तन के भोजन बनाना, टेंट लगाना, का प्रशिक्षण दिया गया इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक आरपी सिंह ,एसपी सिंह, के पी सिंह, विनय कुमार मिश्रा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरेमऊ, सुमन, ममता ,सुनीता ,सोनी, पल्लवी ,मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में सभाअध्यक्ष दिवाकर वर्मा प्रधानाचार्य जी ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस स्काउट गाइड प्रशिक्षण को जानकर डॉ आरवजेव मौर्य ( प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक), डॉक्टर दिनेश प्रताप सिंह जिला



कमिश्नर स्काउट, अनुपम श्रीवास्तव जिला कमिश्नर गाइड, डॉक्टर गुलाब सिंह जिला सचिव, धर्मेंद्र प्रताप सिंह जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, ज्योति सिंह जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड, और उसे गौरव सिंह जिला संगठन आयुक्त स्काउट कांति सिंह जिला संगठन आयुक्त गाइड सभी पदाधिकारियों ने प्रशंसा करते हुए प्रशिक्षकों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, नदीगांव(जालौन)

पत्रांक /निविदा/राज्यवित्त/2022–23 दिनांक 21.07.2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदया की ओर से ग्राम निधि योजना के अन्तर्गत वर्ष 2022–23 के लिये निम्नलिखित निर्माण कार्य की सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदाये पंजीकृत ठेकेदारो से दिनांक 01.08.2022 को 3.00 बजे अपरान्ह तक आंमत्रित की जाती है। जो दिनांक 01.08.2022 को ही 3.30 बजे अपरान्ह खण्ड विकास अधिकारी, नदीगांव के कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार को धरोहर धनराशि के रुप में राष्ट्रीय बचतपत्र/डाकघर पासबुक/एफ0डी0आर0 जो खण्ड विकास अधिकारी, नदीगांव(जालौन) के पद नाम बन्धक हो जमा करनी होगी। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.07.2022 .से दिनांक 01.08.2022 तक किसी भी कार्यदिवस में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, नदीगांव(जालौन) से क्रय किये जा सकते है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु0 में) | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम सलैया बुजुर्ग में कारस देव स्थान से मुक्तिधाम तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 999892.00 | 19998.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 2 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम सलैया बुजुर्ग में धोकल बाल्मीकि के मकान से छोटी माता तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 995728.00 | 19915.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 3 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम रेंढर में रामगोपाल जाटव के मकान से बब्लू पंण्डित के घर तक जल निकासी हेतु नाला निर्माण कार्य। | 995405.00 | 19908.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 4 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम गिदवासा में मैन रोड से पप्पू के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 928438.00 | 18569.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 5 | ग्राम पंजौनिया में सीढी घाट,तालाब खुदाई एंल बैंच का कार्य। | 887908.00 | 17758.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 6 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम गिदवासा में लल्लू कोरी के मकान से सुनील कुशवाहा के मकान तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 764407.00 | 15288.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 7 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम लोहई में लालता के मकान से गोपी के मकान तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 438396.00 | 8768.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 8 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम लोहई में राजू के मकान से बृजबिहारी के मकान तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 393126.00 | 7863.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 9 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम लोहई में अनिल शर्मा के मकान से सुकटे के मकान तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 435846.00 | 8717.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 10 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम अकनीवा में खिलौने प्रजापति के मकान से बाल्मीकि की पुलिया से होते हुए महान्त उपाध्याय के मकान तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 780966.00 | 15619.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 11 | प्राथमिक विद्यालय सलैया खुर्द की बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य। | 696668.00 | 13933.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 12 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम कुदारी माधौगढ में मैन रोड से महादेव तिवारी के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 752822.00 | 15056.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 13 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम लोहई में कृष्ण के मकान से रामचरन के मकान तक जलनिकासी हेतु नाला निर्माण कार्य। | 133982.00 | 2680.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 14 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम गन्थरा के मजरा रानीपुरा में रहीस के मकान से तालाब तक जलनिकासी हेतु नाला निर्माण कार्य। | 554959.00 | 11099.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 15 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम सदूपुरा में मैन रोड से प्राइमरी सकूल तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 717764.00 | 14355.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 16 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम लोहई में राजेश के मकान से रिंकू के मकान तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 484838.00 | 9697.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 17 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम लोहई में राजेश के मकान से रिंकू के मकान तक जल निकासी हेतु नाला निर्माण कार्य। | 163272.00 | 3265.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 18 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम लोहई में राजू के मकान से बृज बिहारी के मकान तक जल निकासी हेतु नाला निर्माण कार्य। | 133469.00 | 2669.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 19 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम कुठौन्दा में परशुराम के घर से विनोद कुमार के घर तक जल निकासी हेतु नाला निर्माण कार्य। | 366886.00 | 7338.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 20 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम कुदारी माधौगढ में मैन रोड से महादेव तिवारी के घर तक जल निकासी हेतु नाला निर्माण कार्य। | 263676.00 | 5274.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 21 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम गिदवासा के मजरा डांग खैराई में मैन रोड से प्रतीम गुसाई के मन्दिर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 654541.00 | 13091.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 22 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम रौरा के मजरा छोटी खोड में शिवनारायण के मकान से फूल सिंह के दरवाजे तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 763929.00 | 15279.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 23 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम सलैया खुर्द में अरूण के मकान से प्रेम सिंह के मकान तक इण्टरलॉकिंग एंव साइडवॉल निर्माण कार्य। | 467733.00 | 9355.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 24 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम लोहई में कृष्ण के मकान से रामचरन के मकान तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 395421.00 | 7908.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 25 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम सलैया खुर्द में भूरे के मकान से दातार सिंह के मकान तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 568562.00 | 11371.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 26 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम लोहई में लालता के मकान से गोपी के मकान तक जलनिकासी हेतु नाला निर्माण कार्य। | 148884.00 | 2978.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 27 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम सलैया खुर्द में अनार सिंह के मकान से मानधाता ठाकुर के मकान तक इण्टरलॉकिंग एंव साइडवॉल निर्माण कार्य। | 467733.00 | 9355.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 28 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम सलैया खुर्द में मैन रोड से लल्लू पहलवान के मकान तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 571579.00 | 11432.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 29 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम रेंढर में सुरेन्द्र रजक के दरवाजे से बाल्मीकि की पुलिया तक जलनिकासी हेतु नाला निर्माण कार्य | 999427.00 | 19989.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 30 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम लोहई में अनिल शर्मा के मकान से सुकटे के मकान तक जलनिकासी हेतु नाला निर्माण कार्य | 148314.00 | 2966.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 31 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम रेंढर में पहलवान की कोठी से सुरेन्द्र रजक की पुलिया तक जलनिकासी हेतु नाला निर्माण कार्य | 671974.00 | 13439.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 32 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम गिदवासा में भगवान सिंह के मकान से जसकरन के मकान तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 737777.00 | 14756.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 33 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम कुदारी माधौगढ में मैन रोड से प्रताप कुशवाहा के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 512620.00 | 10252.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 34 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम खकसीस में 04 यूनिट सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | 547753.00 | 10955.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 35 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम परासनी में सीढी घाट ,तालाब खुदाई एंव बैंच का कार्य। | 822377.00 | 16448.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 36 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम घिलौर में 04 यूनिट सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | 548853.00 | 10977.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 37 | विकासखण्ड नदीगांव के अन्तर्गत ग्राम संलैया खुर्द में (100 नग) स्ट्रीट लाइट की स्थापना का कार्य। | 450000.00 | 9000.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 38 | विकासखण्ड नदीगांव के अन्तर्गत ग्राम परासनी में (100 नग) स्ट्रीट लाइट की स्थापना का कार्य। | 450000.00 | 9000.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 39 | विकासखण्ड नदीगांव के अन्तर्गत ग्राम रूपपुरा में (100 नग) स्ट्रीट लाइट की स्थापना का कार्य। | 450000.00 | 9000.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 40 | विकासखण्ड नदीगांव के अन्तर्गत ग्राम घिलौर में (100 नग) स्ट्रीट लाइट की स्थापना का कार्य। | 450000.00 | 9000.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 41 | विकासखण्ड नदीगांव के अन्तर्गत ग्राम रौरा में (100 नग) स्ट्रीट लाइट की स्थापना का कार्य। | 450000.00 | 9000.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 42 | विकासखण्ड नदीगांव के अन्तर्गत ग्राम गिदवासा में (100 नग) स्ट्रीट लाइट की स्थापना का कार्य। | 450000.00 | 9000.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 43 | विकासखण्ड नदीगांव के अन्तर्गत ग्राम महेशपुरा में (100 नग) स्ट्रीट लाइट की स्थापना का कार्य। | 450000.00 | 9000.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 44 | विकासखण्ड नदीगांव के अन्तर्गत ग्राम ककरौली में (100 नग) स्ट्रीट लाइट की स्थापना का कार्य। | 450000.00 | 9000.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 45 | विकासखण्ड नदीगांव के अन्तर्गत ग्राम बसीठ में (100 नग) स्ट्रीट लाइट की स्थापना का कार्य। | 450000.00 | 9000.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 46 | विकासखण्ड नदीगांव के अन्तर्गत ग्राम राजीपुरा में (100 नग) स्ट्रीट लाइट की स्थापना का कार्य। | 450000.00 | 9000.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 47 | विकासखण्ड नदीगांव के अन्तर्गत ग्राम सिकन्दरपुर में (100 नग) स्ट्रीट लाइट की स्थापना का कार्य। | 450000.00 | 9000.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 48 | विकासखण्ड कार्यालय नदीगांव के वहुमंजिल भवन में फर्श ,रंगाई –पुताई,विद्युतीकरण एंव सिनेटरी इत्यादि कार्य। | 554535.00 | 11091.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 49 | विकासखण्ड कार्यालय नदीगांव के टाइप–3 आवास में टाइल्स ,रंगाई ,विद्युतीकरण,बाउन्ड्रीवाल उच्चीकरण एंव एन0आर0एल0एम0 कक्ष मं रंगाई –पुताई ,विद्युतीकरा तथा खण्ड विकास अधिकारी ,नदीगांव कक्ष के शोचालय में सिनेटरी कार्य। | 541845.00 | 10837.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 50 | ग्राम पंजौनिया में खेल मैदान में योगा एंव खेलकूद मैदानमें खेल उपकरण स्थापना का कार्य। | 457061.00 | 9141.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 51 | विकास खण्ड नदीगांव के ग्राम गिदवासा के मजरा डांग खैराई में रोड से हनुमान जी मन्दिर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 656309.00 | 13126.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 52 | ग्राम रौरा में मजरा बडी खोड में राजेन्द्र पाल के मकान के पास कूप मरम्मत/सफाई कार्य। | 101708.00 | 2034.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 53 | विकास खण्ड नदीगांव के ग्राम रूपपुरा में राजाराम के मकान से मूललू वकील के मकान तक जलनिकासी हेतु नाला निर्माण कार्य। | 935807.00 | 18716.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 54 | विकास खण्ड नदीगांव के ग्राम रूपपुरा में कारसदेव मन्दिर से सुदामा के दरवाजे की ओर जलनिकासी हेतु नाला निर्माण कार्य। | 807078.00 | 16142.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 55 | विकास खण्ड नदीगांव के ग्राम पंचायत घिलौर मौजा बड़ी डांग में यात्री प्रतीक्षालय(टीन शेड) निर्माण कार्य। | 312737.00 | 6255.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 56 | विकास खण्ड नदीगांव के ग्राम पंचायत गिधवासा मौजा डांग खैराई में यात्री प्रतीक्षालय(टीन शेड) निर्माण कार्य। | 312737.00 | 6255.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 57 | ग्राम सोमई में तालाब खुदाई का कार्य। | 227000.00 | 4540.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 58 | ग्राम सलैया खुर्द में तालाब खुदाई का कार्य। | 243000.00 | 4860.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 59 | ग्राम डाबर माधौगढ़ में तालाब खुदाई का कार्य। | 243000.00 | 4860.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 60 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम पंजौनिया में पंचायत भवन की बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 1525867.00 | 30517.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 61 | विकासखण्ड नदीगांव के ग्राम पंजौनिया में तालाब से बम्बा तक आर सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 1306046.00 | 26121.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 62 | ग्राम पचांयत घिलौर मोड़ बडी डॉग में मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य | 1088890.00 | 21778.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 63 | ग्राम पचांयत पजौनिया में मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य | 1088890.00 | 21778.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |
| 64 | ग्राम खक्सीस में तालाब खुदाई का कार्य। | 227000.00 | 4540.00 | 500.00+300.00 +18% GST (Rs.944.00) | 3 माह |

1 निविदा प्रपत्र खण्ड विकास अधिकारी नदीगांव/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, जिला पंचायत में पंजीकृत ठेकेदारों को ही निर्गत की जायेगी।
2 बिका हुआ टेण्डर फार्म वापस न होगा। किसी भी कार्य की मात्रा/मद बढ़ाने या घटाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
3 निविदा में दरे आइटमवार भरी जानी चाहिये। सही प्रकार से दरें न भरे जाने पर निविदा निरस्त की जा सकती है।
4 निविदादाता को निविदा के साथ 100.00 का स्टाम्प एवं 1.00 रु0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर करना होगा। इसके साथ नियमानुसार T4,T5,T6 भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5 **निविदा स्वीकार होने पर अनुबन्ध के साथ ठेकेदार को जमानत धनराशि के रुप में कुल मिलाकर 10 प्रतिशत धनराशि राष्ट्रीय बचतपत्र/डाकघर पासबुक/एफ0डी0आर0 जो खण्ड विकास अधिकारी, नदीगांव(जालौन) के नाम बन्धक हो, जमा करनी होगी। अन्य कोई जमानत धनराशि मान्य न होगी।**
6 निविदा स्वीकार किये जाने की दशा में निविदादाताओं को अनुबन्ध करते समय निविदानुसार स्टाम्प शुल्क भी देय होगा।
7 निविदा को बिना कारण निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी।
8 अनुबन्ध के बीजक में से नियमानुसार जी0एस0टी0, आयकर, रायल्टी एवं अन्य अनुमन्य कटौतिया की जायेगी।
9 एक टेण्डर फार्म केवल एक कार्य के लिये मान्य होगा।
10 किसी कार्य पर धन उपलब्ध न होने की दशा में कार्यादेश धन उपलब्ध होने के बाद ही निर्गत किया जायेगा।
11 यह कि ठेकेदार/फर्म का श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।
12 यह कि ठेकेदार/फर्म का इम्पलोयी प्रोविडेन्ट फण्ड आर्गनाइजेशन में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।
13 यह कि ठेकेदार/फर्म का इम्पलोयी स्टेट इनश्योरेंस में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।
14 यह कि ठेकेदार/फर्म का इम्पलोयी स्टेट इनश्योरेंस कारपोरेंशन में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।
15 यह कि ठेकेदार/फर्म को उपरोक्त 1 लगायत 14 अर्हता पूर्ण करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा मान्य नही होगी।
16 विस्तृत नियम एवं शर्तें की जानकारी कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

खण्ड विकास अधिकारी
नदीगांव(जालान)

अध्यक्ष, क्षेत्र पचायत
नदीगांव(जालौन)

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



## प्राइवेट फाइनेंस कंपनी ने ग्राहकों को लोन देने के नाम पर लगाया चूना, लाखों रुपए का गबन खाताधारकों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। जहां एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी ने ग्राहकों को लोन देने का प्रलोभन देकर लाखों रुपये वसूलकर रातों रात फरार हो गया। खाता धारकों को कार्यालय में ताला लटकने की सूचना पर सैकड़ो की संख्या में पहुंचकर कार्यालय पर जमकर हंगामा किया गया। वहीं



फाइनेंस कंपनी के विरोध थाना में आवेदन देने पर कार्रवाई नहीं करने की बात कहने से आक्रोशित होकर खाता धारक ने मोतिहारी –अरेराज मुख्य मार्ग पर रघुनाथपुर के पास आगजनी कर जाम कर दिया गया। सड़क जाम होने से वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। खाता धारकों के अनुसार मोतिहारी शहर के पास रघुनाथपुर में माइ स्थान मंदिर के पास कमल पिंकप प्राइवेट लिमिटेड फाइनेंस कंपनी द्वारा शाखा खोला गया था। शाखा द्वारा सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में गरीब व कमजोर लोगी को 60 हजार आसान किस्तों पर लोन देने का प्रलोभन देकर खाता खोला गया। खाता खोलने के बाद कम्पनी द्वारा खाता धारकों के खाता में 60 हजार लोन स्वकृत होने का मैसेज दिय्या गया ।मैसेज जाने के बाद सैकड़ों खाता धारक से 3500 सौ प्रति खाता धारक से राशि वसूल किया गया। खाता धारकों से राशि वसूल के बाद कम्पनी के कार्यालय में ताला लटकने के सूचना पर सैकड़ों महिला पुरुष पहुचकर हंगामा करने लगे। सड़क जाम की सूचना पर पुलिस पहुचकर लोगो को समझने में जुटी है।

## 15 अगस्त तक जिले की सभी गर्भवतियों की हो सकेगी ट्रैकिंग

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मुजफ्फरपुर। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए अब जिले की सभी गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की ऑनलाइन ट्रैकिंग होगी। इसके लिए जिले में 15 अगस्त तक सभी गर्भवतियों का मां ऐप पर रजिस्ट्रेशन कर लिया जाएगा। फिलहाल इसकी शुरुआत मड़वन ब्लॉक से की गयी है। जिसमें पांच सौ गर्भवती महिलाओं की ऑनलाइन ट्रैकिंग हो रही है। इसमें उनके प्रसव पूर्व जांच में हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर तथा अन्य स्वास्थ्य जानकारियां फीड रहेगीं। मातृ मृत्यु दर को कम करना स्वास्थ्य विभाग का एक मुख्य लक्ष्य है। इस ऐप की मदद से सभी गर्भवतियों को समयानुसार सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। इस क्रम में सभी गर्भवतियों को निरंतर चिह्नित करना व प्रसव पूर्व सभी चार जांच की सुविधा उपलब्ध कराया जाना प्रमुख है। इसमें भी ज्यादा जोखिम वाली गर्भवतियों की पहचान कर नियमित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराया जाना लक्ष्य है।

इसके अतिरिक्त बच्चे के जन्म के बाद नियमित प्रतिरक्षण के लिए ड्यूलिस्ट बनाई जानी है। ऐप के माध्यम से शिशु की जानकारी सभी अवसर पर उपलब्ध हो सकेगी ताकि शत–प्रतिशत टीकाकरण किया जा सके। इस कार्य में केयर इंडिया की पूरी टीम सहयोग करेगी।

मां ऐप में सहयोग कर रही केयर संस्था के डीटीएल सौरभ तिवारी ने कहा कि माँ ऐप शिशु और माता दोनों के स्वास्थ्य मॉनिटरिंग के लिए उपयोगी ऐप है। इससे गर्भवतियों को प्रसव पूर्व हो रही दिक्कतों का पता चल पाएगा। इससे उन गर्भवतियों का प्रबंधन अच्छे से हो पाएगा।



## विकास केसरी पूर्व विधायक प्रत्याशी 18-मधुबन विधानसभा सह जिला सचिव द प्लुरल्स पार्टी पूर्वी चंपारण ने जनसंपर्क अभियान चलाया



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मधुबन। विकास केसरी पूर्व विधायक प्रत्याशी 18–मधुबन विधानसभा सह जिला सचिव द प्लुरल्स पार्टी,पूर्वी चंपारण बिहार मधुबन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत पकड़ीदयाल प्रखंड स्थित रमजानिया हॉस्पिटल में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायत निवासी जहांगीर आलम जी,पानालाल दास जी,सोहन दास जी,राजन यादव जी,सुरेंद्र पंडित जी,बदरे आलम जी,जगदीश जी,वीर बहादुर साह जी, जामुन साह जी, राम अयोध्या गिरी जी,पवन गिरी जी, अजय गिरी जी आदि सभी समर्थको के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के दौरान विकास केशरी ने जिन जिन महानुभावों से मुलाकात हुई,उन सभी के साथ राजनीतिक चर्चाओं के दौरान कहा आप सभी साथियों से मिलकर स्वास्थ्य सहित सामाजिक–राजनीतिक विषयों पर चर्चा कर काफी अच्छा लगा। हमारे युवाओं को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की समय आ गया है। उन्होंने कहा कि आज आप सभी महानुभावों द्वारा मिले प्यार, सहयोग,सम्मान एवं शुभकामनाओं से काफी हिम्मत और ऊर्जा मुझे मिली है ।आप सब का प्यार सहयोग समर्थन यूं ही बना रहे. आप सभी महानुभावों को दिल की गहराई से बहुत बहुत शुक्रिया,आभार एवं धन्यवाद मधुबन विधानसभा की आवाज विकाश केशरी ने युवा पुरुष एवं महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आप हमारी प्लुरल्स पार्टी,की सदस्यता ग्रहण करें और गरीबों को उनकी हक दिलाने का अधिकार दिलाएं।

## जिलाधिकारी ,श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में CMR आपूर्ति एवं समितियों द्वारा अधिप्राप्ति धान/चावल मिल को आपूर्ति से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिलाधिकारी , श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में ब्डत आपूर्ति एवं समितियों द्वारा अधिप्राप्ति धानध् चावल मिल को आपूर्ति से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की गई। ऑनलाईन प्रतिवेदन के अनुसार अधिप्राप्ति धान 139791.877 एम0टी0 के विरूद्ध समितियों द्वारा कुल 131322.397 एम0टी0 मिलों को आपूर्ति किया गया है जिसके विरूद्ध मिलों द्वारा कुल 89322.088 एम0टी0 CMR राज्य खाद्य निगम को उपलब्ध कराया जा चुका है। मिल को आपूर्ति हेतु अभी भी समितियों के पास 8469.48 एम0टी0 धान शेष है। 36 लॉट सीएमआर जमा करने हेतु STR निर्गत है। जिला प्रबंध, राज्य खाद्य निगम द्वारा बताया गया कि 65 लॉट FRK CMR प्राप्त करना है। मिलवार थ्त्ज्ञ ब्डत आपूर्ति हेतु मात्रा आवंटित कर दिया गया है। समीक्षोंपरांत समितियों द्वारा मिल को धान आपूर्ति की अंतिम तिथि 25.07.2022 निर्धारित की गई। जो समितियाँ 25.07.2022 तक धान आपूर्ति में विफल होगी तो माना जायेगा कि उनके द्वारा धान का गबन किया गया है तथा उनके विरूद्ध अवशेष धान की राशि वसूली हेतु निलाम पत्र दायर कर उनके व्यक्तिगत सम्पति से सरकारी राशि की वसूली की जायेगी। साथ ही समिति में कुप्रबंधन के लिए समिति प्रबंधकारिणी को अवक्रमित कर अध्यक्ष एवं प्रबंधक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। STR निर्गत के पश्चात पॉच दिनों तक CMR उपलब्ध नही कराने वाले मिलों के विरूद्ध काली सूची में मिल को सूचीबद्ध करने की कार्रवाई की जायेगी। जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि संबंधित सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को भी धान नही ट्रांस्फर होने की स्थिति में जिम्मेवार बनाया जाय एवं उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाय। यह भी निर्देश दिया गया कि सहकारिता प्रसार पदाधिकारी समिति एवं मिलों से समन्वय स्थापित कराकर निर्धारित अवधि में धान आपूर्ति सुनिश्चित करावे। यह भी निर्देश दिया गया कि जिन समितियों के पास आपूर्ति हेतु अवशेष धान है उन्हें टास्क फोर्स के निर्णय से नोटिस निर्गत कर अवगत करावें। जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को सतत् अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, जिला सहकारिता पदाधिकारी , प्रबंधक डीएमएफसी आदि उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी,श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन भवन सभागार में सरकारी भूमि तथा न्यायालय द्वारा पारित रोक आदेश की भूमि की खेसरा विवरण उपलब्ध कराने हेतु जिला एवं अंचल स्तरीय संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चम्पारण। जिलाधिकारी , श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन भवन, सभागार में सरकारी भूमि तथा न्यायालय द्वारा पारित रोक आदेश की भूमि की खेसरा विवरण उपलब्ध कराने हेतु जिला एवं अंचल स्तरीय संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी महोदय के द्वारा अद्यतन रोक सूची में अंकित खेसरो की अद्यतन स्थिति से संबंधित निम्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई –

वैसे सभी खेसरो की अद्यतन सूची संबंधित अंचल कार्यालय भूमि सुधार उप समाहर्ता से प्राप्त करना जिनके क्रय विक्रयध निबंधन पर प्रतिबंध लगा हुआ है । जिला निबंधक कार्यालय द्वारा यदि पूर्व में रोक सूची प्रेषित की गई हो तो उसे पुनः प्रेषित करना , ताकि निबंधन कार्यालय द्वारा संधारित रोक सूची से मिलान किया जा सके । यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो संबंधित खेसरा को रोक सूची में शामिल किया जा सके। जिला भू अर्जन कार्यालय/बेतिया राज एवं अन्य कार्यालयों द्वारा रोक संबंधित अद्यतन सूची की मांग करना। धार्मिक न्यास परिषद शिया वक्फ बोर्ड/सुन्नी वक्फ बोर्ड/ गिरजाघर/चर्च आदि से संबंधित रिस्ट्रिक्शन लिस्ट के खेसरो की समीक्षा ।यदि माननीय न्यायालय द्वारा आदेश में स्टेटस क्यू यू ओ की स्थिति रखने की बात नहीं हो तो ऐसे खेसरा को डिलीट करना । यदि स्टेटस क्यू यूओ हो तो उसकी वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना। जिलाधिकारी महोदय ने सभी अंचलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सीआई के साथ बैठक कर न्यायालय वाद से संबंधित मामले का निष्पादन शीघ्र सुनिश्चित करें । उन्होंने कहा कि पंजी का संधारण अवश्य करें ।अलर्ट मोड में रहें ।भूमाफिया से सावधान रहें । निबंधन कार्यालय अपने कार्यशैली में सुधार लाएं । राजस्व की क्षति न होने दें। दाखिल खरिज, म्यूटेशन ,पब्लिक लैंड से अतिक्रमण हटाने हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों पर नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजस्व शाखा, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला विधि शाखा पदाधिकारी, सभी अवर निबंधक, भूमि उप समाहर्ता ,अंचलाधिकारी उपस्थित थें।

## जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा सोनबरसा प्रखण्ड के भुतही पंचायत में आवास एप्प प्लस से जोड़े गये ऐसे लाभुक जिनको प्रथम किस्त प्राप्त है लेकिन द्वितीय किस्त प्राप्त नही है उसकी भौतिक जाँच की गयी



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा सोनबरसा प्रखण्ड के भुतही पंचायत में आवास एप्प प्लस से जोड़े गये ऐसे लाभुक जिनको प्रथम किस्त प्राप्त है लेकिन द्वितीय किस्त प्राप्त नही है उसकी भौतिक जाँच की गयी जाँच के क्रम में पाया गया कि कुछ लाभुकों के द्वारा सामग्री क्रय की गयी है लेकिन आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ नही किया है।

वैसे लाभुकों को दो दिनों के अंदर आवास निर्माण कार्य शुरू करने को कहा गया ताकि इनको द्वितीय किस्त दिया जा सके जाँच के क्रम में वैसे लाभुक जिनको प्रथम किस्त प्राप्त हो गयी है और उनके द्वारा ना ही सामग्री खरीदा गया ना ही कार्य शुरू किया गया है।

उनको एक सप्ताह के अंदर कार्य प्रारंभ करने को कहा गया अगर एक सप्ताह के अंदर कार्य शुरू नही करते है तो उनसे रुपये वापसी की कार्रवाई शुरू की जायेगी साथ ही इसी योजना से लाभान्वित कृष्णा देवी,दुलारी देवी,जगवंश मुखिया रेखा देवी का आवास पूर्ण करने पर जिला पदाधिकारी के द्वारा उनको बधाई दी गयी साथ ही उन्होंने कहा कि घर के अंदर बने शौचालय का ही उपयोग करें। साथ ही जिला पदाधिकारी ने नल जल योजना की जाँच में अनिमियता पाये जाने पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सोनबरसा को निदेश दिया कि नलजल योजना को ठीक कराकर चालू करें। उक्त निरीक्षण में उप विकास आयुक्त विनय कुमार, ओएसडी प्रशांत कुमार,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ओमप्रकाश कुमार, एपीओ आलोक कुमार, के साथ आवास सहायक उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले भर में पंचायती राज विभाग अंतर्गत सरकारी योजनाओं के कार्य प्रगति से संबंधित जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) पूर्वी चम्पारण। जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले भर में पंचायती राज विभाग अंतर्गत सरकारी योजनाओं के कार्य प्रगति से संबंधित जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि नल जल योजना को गंभीरता से लें। छोटी–छोटी कमियों यथा बोरिंग खराब होना, विद्युत की समस्या, पाइप लिंकेज को हर हाल में दुरुस्त करते हुए नल जल योजना से सभी वार्डों को शत प्रतिशत आच्छादित करना सुनिश्चित करें। हर घर तक स्वच्छ जल मुहैया कराएं। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पंचायतों में प्रभार नहीं देने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी । ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना को , चिन्हित 51 पंचायतों में समय बद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। पंचायतों के सभी वार्डों में तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु शॉक पीट/जंक्शन चेंबर का निर्माण हेतु 3 दिनों के अंदर वर्क प्लान बनाकर 15 अगस्त 2022 तक हर हाल में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें । तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु बाल गंगा प्रोजेक्ट को अपनाएं। जिलाधिकारी महोदय ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि है अपने क्षेत्र में माननीय मुखिया एवं वार्ड पार्षद के साथ बैठक कर सरकारी योजनाओं का पर्यवेक्षण एवं क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें । चिन्हित 13 स्थलों पर प्लास्टिक वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का उद्घाटन 15 अगस्त 2022 तक कराना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि द्वितीय किस्त का शतप्रतिशत भुगतान शीघ्र सुनिश्चित की जाए । कंपटीशन पर विशेष ध्यान दें । नोटिस निर्गत करें ।अपूर्ण आवास को शीघ्र पूर्ण करें । जल जीवन हरियाली योजना समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि कुओं का जीर्णोद्धार,सोख्ता निर्माण , सामुदायिक शौचालय निर्माण, शीघ्र पूर्ण किया जाए । जल शक्ति अभियान अंतर्गत 94 चिन्हित अमृत सरोवर का कार्य पूर्ण करें । समय बद्ध तरीके से वृक्षारोपण सुनिश्चित करें । रेन वाटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज पीट का निर्माण शीघ्र सुनिश्चित करें। गार्जियंस ऑफ चंपारण पुराने वृक्ष की सुरक्षा हेतु आम लोगों में जागरूकता फैलाई जाए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, जिला पंचायती राज पदाधिकारी , निदेशक डीआरडीए, डीपीओ मनरेगा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी , प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी , पंचायत सचिव , तकनीकी सहायक , माननीय मुखिया गण आदि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ें थें।

# संक्षिप्त समाचार

## आंगनबाड़ी केंद्रों का सामाजिक अंकेक्षण संपन्न

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सारण। जिला अंतर्गत सभी आगनवाड़ी केंद्रों पर सामाजिक आकेंक्षण किया गया जिसमें जिला स्तर से जिला प्रोग्राम पदाधिकारी , पोषण अभियान के जिला समन्वयक एवं परियोजना स्तर से सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी , महिला पर्यवेक्षिका , प्रखण्ड समन्वयक, प्रखण्ड परियोजना सहायक के द्वारा इसका अनुश्रवण किया गया। सामाजिक आकेंक्षण वर्ष में दो बार किया जाता है , इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि आगनवाड़ी केंद्रों पर दी जाने वाली सेवाओं में पारदर्शिता बने तथा यह सामान्य जन की सहभागिता के लिए आयोजित की जाती है ।जिला समन्वयक सिद्धार्थ सिंह ने उक्त आश्य की जानकारी दी है।



## जिला पदाधिकारी गोपालगंज डॉ. नवल किशोर चौधरी भा0प्रा0से0 द्वारा प्रिकॉशन डोज लिया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)



गोपालगंज। कोविड–19 के प्रिकॉशन डोज हेतु चल रहे महाअभियान के दिन जिला पदाधिकारी गोपालगंज डॉ. नवल किशोर चौधरी (भा0प्रा0से0) द्वारा प्रिकॉशन डोज लिया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा जिलेवासियों से बढ़ चढ़ कर उक्त डोज लेने की बात कही गयी। उन्होंने कहा कि कोविड–19 के पूर्ण खात्मे को लेकर उक्त डोज लेने में हमे किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नही करनी चाहिए। विदित हो कि आज जिले में प्रिकॉशन डोज को लेकर महाअभियान चलाया जा रहा है।

## जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले डॉक्टरो को प्रमाण पत्र प्रदान किया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) जिलाधिकारी , श्री शीर्षत कपिल अशोक के द्वारा , कोषागार प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले डॉ सौरभ कुमार पांडे , डॉ प्रियंका गुप्ता , डॉ नितेश ध्वज , डॉ राजेश कुमार सहनी , डॉ अनूप कुमार गौतम एवं प्रोबेशन ऑफिसर आदित्य श्रीवास्तव को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर वरीय कोषागार पदाधिकारी ,पूर्वी चंपारण, मोतिहारी, श्री शैलेश कुमार उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री उद्यमी योजना तथा पीएमईजीपी के तहत ऋण स्वीकृति में बैंक रुचि लेकर करें कार्य : डीएम

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। जिलाधिकारी किशनगंज श्री श्रीकांत शास्त्री के अध्यक्षता में उद्योग विभाग के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक उनके कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला



उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने योजनाओं में लाभुको को ऋण स्वीकृति, ऋण वितरण के संबंध में जानकारी दी। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना,मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना समेत अनुसूचित जाति,जनजाति,अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु क्रियान्वित योजनाओं में उपलब्धि पर चर्चा की गई ।प्रायः बैंक के स्तर से स्वीकृति में विलम्ब की सूचना पाए जाने पर डीएम ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिया कि सभी बैंक प्रबंधकध्समन्वयक से संपर्क स्थापित कर योजनाओं की स्वीकृति में प्रगति लायेंगे। कई बैंक समन्वयक को कड़े निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में वरीय उप समाहर्त्ता, बैंकिंग ,एलडीएम, जीएम/डीआईसी,बैंक के कोऑर्डिनेटर व अन्य बैंकर्स उपस्थित रहें।

## जिला औद्योगिक नव प्रवतन योजना तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से सबंधित समीक्षा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उद्योग विभाग के उद्योग प्रबंधक एवं चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सचिव, सदस्य के साथ उद्योग से संचालित राज्य एवं केंद्रीय योजनाओं जिसमें मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, जिला औद्योगिक नव प्रवतन योजना तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से सबंधित समीक्षा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिले के उद्योगपतियो का व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निदेश महाप्रबंधक उद्योग को दिया गया, बियाडा से जमीन को लेकर समीक्षा की गयी जिससे उद्योग का विस्तार किया जा सके, बैंक की प्रक्रिया में हो रही कठिनाइयों पर चर्चा की गई एवं आवश्यक निदेश सबंन्धित पदाधिकारी को दिया गया। जल्द ही कार्यशाला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त विनय कुमार, महाप्रबंधक उद्योग, चौम्बर ऑफ कॉमर्स के सचिव विशाल कुमार, नीरज गोयनका के साथ सबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।



## जन्माष्टमी से पहले बीजेपी ने कृष्ण भक्तों को दी चोट, क्या दूधो नहाओ जैसे मुहावरों पर भी जीएसटी लगेगा?: अखिलेश

ळैज वद कंपतल च्तवकनबजरू बीते दिनों केंद्र सरकार ने डेयरी प्रोडक्टों (कंपतल च्तवकनबज) पर जीएसटी बढ़ाने का फैसला किया था. जिसके बाद सरकार के इस फैसले पर विपक्षी पार्टियों ने सवाल खड़े किए. अब एक बार फिर से समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार के फैसले पर तंज कसा है. उन्होंने दूध (डपसा), दही और छाछ पर जीएसटी लगाने के फैसले पर तंज सकते हुए एक ट्वीट किया है.।

उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, जय श्री कृष्णा! जन्माष्टमी के ठीक एक महीने पहले बीजेपी सरकार ने दूध, दही, छाछ पर जीएसटी लगाकर जो चोट कृष्ण भक्तों को दी है. उससे आहत होकर हर एक भोला कृष्ण भक्त पूछ रहा है कि क्या अब दूध का जला, छाछ को भी... दूध का दूध३ दूधो नहाओ३ दही जमना जैसे लोकोक्ति–मुहावरों पर भी जीएसटी देना पड़ेगा?।

## दुष्कर्म के आरोपी को हुई उम्र कैद की सजा

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

गुरसहायगंज कन्नौज सथाना क्षेत्र के अंतर्गत मासूम बालिका के दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई इसके अलावा 100000 का अर्थदंड भी लगाया गया है जुर्माना अदा न करने पर न्यायालय ने 1 वर्ष की अतिरिक्त सजा भोगने का फरमान भी सुनाया है बताते चलें गुरसहायगंज शहर क्षेत्र के अंतर्गत विगत 10 जून सन 2021 की शाम 9 वर्षीय बालिका को बहला–फुसलाकर खेतों में ले जाने के बाद दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले पवन चिक नामक आरोपी के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था घटना की जांच पड़ताल कर रहे उप निरीक्षक जे के सिंह ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया उक्त मामले की सुनवाई कर रही विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट गीता सिंह ने तमाम गवाहों एवं साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पवन चिक्को दोष सिद्ध होने पर उम्र कैद की सजा सुनाई है इसके साथ ही 100000 का अर्थदंड जमा करने का आदेश दिया है जुर्माना अदा न करने की सूरत में 1 वर्ष अतिरिक्त कारावास का फरमान भी सुनाया गया है।

## द्रोपति मुर्मू के राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न अजय दुबे

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता चंदन कुमार गुप्ता

भाटपार रानी देवरिया उपनगर भाटपार रानी भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में द्रोपदी मुर्मू के ऐतिहासिक जीत पर भाटपार रानी मंडल के कार्यकर्ताओं ने जिला उपाध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के अभिनंदन कार्यक्रम के जिला संयोजक अजय कुमार दुबे के नेतृत्व में भाटपार रानी उपनगर स्थित दुर्गा मंदिर से लेकर रेलवे स्टेशन तक जुलूस निकालकर जश्न मनाया। जिला उपाध्यक्ष श्री अजय कुमार दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने समाज के अंतिम व्यक्ति को देश की सबसे बड़ी कुर्सी पर बैठाने का काम किया है जो अपने आप में ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि द्रोपति मुर्मू के राष्ट्रपति बनने से आदिवासी समाज आज गौरव महसूस कर रहा



है।भाजपा को तीन बार राष्ट्रपति बनाने का मौका मिला है। जिसमें एक बार मुस्लिम, एक बार दलित एवं एक बार( वर्तमान में) आदिवासी महिला को देश की सर्वोच्च कुर्सी देने का काम की है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुशील कुमार शाही, डॉ अरविंद सहाय, उमेश प्रसाद शाही, जगरनाथ सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, संतोष शाही, सुरेश तिवारी, विशंभर पांडेय, अमित शाही, , अमरेन्द्र मौर्या, गौतम प्रसाद, संजय जायसवाल, सतीश वर्मा, सौरभ पटेल, जितेंद्र जायसवाल, विवेक मद्धेशिया, सुनील कुमार, सूर्या श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी श्री विशाख जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ समिति की बैठक संपन्न

कानपुर नगर। जिलाधिकारी श्री विशाख जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ समिति की बैठक संपन्न हुई। दिए ताकि लोगों को कैम्प आयोजन की जानकारी पहले से हो सके।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा



जिलाधिकारी ने अपर चिकित्सा अधिकारी प्रभारी वैक्सीनेशन को निर्देशित करते हुए जिस प्रकार दूसरी वैक्सीनेशन की डोज के लिए माइक्रो प्लान बनाया गया था उसी प्रकार ड्यू बूस्टर डोज के लिए वैक्सीनेशन का माइक्रो प्लान बनाते हुए सभी एमओआईसी , डीटाइप सेंटर प्रभारी से ग्राम पंचायतवार , वार्डवार माइक्रो प्लान को साझा करते हुए बूस्टर डोज हेतु कैंपों का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में बूस्टर डोज के कैंप का आयोजन किया जाएगा उसके एक दिन पहले कैम्प की सूचना क्षेत्र के लोगो को दिए जाने के निर्देश

अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बरसात के दृष्टिगत डेंगू वार्ड व वायरल फीवर वार्ड तैयार किए जाने के निर्देश दिए । जिसमें समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रहे । उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर इलाज मिले समस्त डॉक्टर पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वाहन सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ महेंद्र कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक रंजन समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा एमओआईसी उपस्थित रहे।



भगवान जगन्नाथ की पुण्य भूमि पर जन्मी, नारी–शिक्षा, शौर्य, सशक्तिकरण और जनजातीय स्वाभिमान का प्रतीक बन चुकीं श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का राष्ट्रपति भवन में पहुंचना भारत के जीवंत लोकतंत्र का अनुपम उदाहरण है। भारत का लोकतंत्र अपनी स्थापना के अमृत काल में द्रौपदी मुर्मू जैसे कर्मयोगी को राष्ट्रपति भवन में पाकर गौरवान्वित है, सुवासित है और उत्साहित भी है। देश के 15 वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर आदरणीय द्रौपदी मुर्मू जी का हृदयतल से अभिनंदन।

## मंडलायुक्तने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की स्कूल के रसोइयों का मानदेय जल्द से जल्द करायें-मण्डलायुक्त

'कायाकल्प प्रगति रिपोर्ट में तेजी लाने के निर्देश– मण्डलायुक्त'

लखनऊ 21 जुलाई 2022(सूचना विभाग), मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में मण्डलीय बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए निम्नवत बिंदुवार चर्चा की गई।



स्कूलों के कायाकल्प के अंतर्गत निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई, शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल, बालक शौचालय, यूनिट बालिका शौचालय यूनिट शौचालय में जल–नल आपूर्ति, शौचालय में टॉयलीकरण, दिव्यांग सुलभ शौचालय, हैंड वाशिंग यूनिट, कक्षा कक्ष की फर्स का टॉयलीकरण, श्यामपट्ट, रसोईघर, विद्यालय की समुचित रंगाई पुताई, विद्यालय परिसर में दिव्यांग सुलभ एवं रेलिंग कक्षा कक्ष में उपयुक्त वायरिंग एवं विद्युत उपकरण पर चर्चा करते कहां की कायाकल्प के योजना में तेजी लाये और जो भी समस्या है उसका तत्काल निस्तारण करायें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी स्कूल का निरीक्षण करते रहे और यह भी सुनिश्चित कराएं कि अध्यापक समय में स्कूल पहुंचे और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को दिया जाए, पुस्तक वितरण संबंधित टेंडर के बारे में जानकारी ली और निर्देश दिया कि जल्द से जल्द पुस्तक वितरण किया जाए, रसोइयों का मानदेय ससमय कराएं तथा शिक्षक द्वारा बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को विद्यालय यूनिफॉर्म में भेजने के लिए प्रेरित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारी ने बताया कि छात्रों को इस योजना के अंतर्गत फोर्टीफाइड राइस उपलब्ध कराया जा रहा है फोर्टीफाइड राइस एक कृत्रिम चावल है। पीएम पोषण शक्ति निर्माण से आच्छादित विद्यालय की स्थिति की जानकारी ली और साथ ही साथ कहा कि टास्क फोर्स की बैठक नियमित करें और स्कूल का निरीक्षण प्रतिदिन करते रहें। विद्यालयों की मान्यता की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि मान्यता के लिए समय सीमा के साथ–साथ जवाबदेही भी तय करें। विद्यालय में अविद्युतीकरण की स्थिति के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जिस विद्यालय में बिजली नही है तो वहाँ झटपट योजना के तहत बिजली कनेक्शन करा लें और कायाकल्प की प्रगति रिपोर्ट में तेजी लाये।

कायाकल्प योजना के तहत सभी प्राथमिकध्उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं पर जोर देते हुए कहा कि स्कूलों में फर्नीचर की व्यवस्था, प्ले ग्राउण्ड, प्राथमिकता के आधार पर कराया जाना है तथा जिस स्कूल में बाउण्ड्रीवाल, हैण्डपम्प, शौचालय, और मूलभूत सुविधाओं को लेकर समस्या है वो सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित करके यथावश्यक कार्यवाही करें।

इस अवसर पर डा0 मुकेश कुमार सिंह ए0डी0 बेसिक, श्री अरूण कुमार बेसिक शिक्षा अधिकारी मण्डल के सभी अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कोतवाली पुलिस व वन विभाग के सहयोग से बची राष्ट्रीय पक्षी मोर की जान

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। पुलिस पर अतिरिक्त कार्य का बोझ है क्यों कि,अब इटावा पुलिस का कार्य सिर्फ चोर या बदमाश पकड़ना ही नही है बल्कि इटावा पुलिस जनपद में कानून व्यवस्था बनाये रखने के साथ प्रकृति संरक्षण में भी डायल 112 के माध्यम से क्षेत्र में लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। ताजा मामला है कोतवाली क्षेत्र का जिसके अनुसार आज एक एक मादा मोर किसी तरह से बाजार में एक दुकानदार की दुकान में उड़कर आ गई थी जिसके बाद उस दुकानदार ने समझदारी का परिचय देते हुये उस राष्ट्रीय पक्षी मोर को पकड़कर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। जिसे कोतवाली पुलिस ने भी सुरक्षित तरीके से एक कमरे में प्लास्टिक की डलिया में बंद कर लिया था जिसमे उसके पर्याप्त सांस लेने की भी व्यवस्था मौजूद थी। तभी कोतवाली स्थित एलआईयू यूनिट के एक पुलिसकर्मी संतोष यादव ने पर्यावरण संरक्षण के लिये कार्यरत संस्था ओशन के महासचिव वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी को उनके हेल्पलाइन नम्बर पर मोर के कोतवाली में सुरक्षित रखे होने की सूचना दी। जिसके बाद डॉ आशीष ने स्वयं मौके पर जाकर उस मोर को देखा तो वह बिल्कुल ही स्वस्थ था बस उसके दौनो पैर पहले से ही एक नाइलोन की पतली रस्सी से बंधे हुये थे। तब प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी अतुल कांत शुक्ला से सम्पर्क किया गया जिसपर उन्होंने तत्काल कार्यवाही करते हुये विभागीय वन दरोगा सुशील कुमार को



मौके पर भेजा तब पुलिस द्वारा उचित लिखित कार्यवाही के बाद उस मादा मोर को पूरी सुरक्षा के साथ वन विभाग के कर्मचारियों को कोतवाली पर उपस्थित एसआई इमरान फरीद की उपस्थिति में सौंप दिया गया। विदित हो कि, जनपद में नगर पालिका परिषद इटावा के स्वच्छता, पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के ब्राण्ड एम्बेस्डर डॉ आशीष त्रिपाठी की संस्था द्वारा लगातार चलाये जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों का ही एक बहुत बड़ा असर हुआ है कि, लोगों ने अब वन्यजीव संरक्षण व वन्यजीवों का प्रकृति में महत्व भी समझ लिया है अब लोग सीधे डॉ आशीष को उनके हेल्पलाइन नम्बर 7017204213 पर किसी भी वन्यजीव के दिखाई देने की सूचना लगातार देते रहते है।

## भगवान जगन्नाथ की साधिका प्रथम आदिवासी महिला आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के निर्वाचन पर हार्दिक बधाई



राकेश डंग वरिष्ठ संवाददाता

कानपुर नगर। भारत के राष्ट्रपति पद पर भगवान जगन्नाथ की साधिका प्रथम आदिवासी महिला आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के निर्वाचन पर हार्दिक बधाई इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अमित मल्होत्रा जी के नेतृत्व में चावला मार्केट चौराहे मिष्ठान वितरण कर खुशी जाहिर की गई इस अवसर पर जूही मंडल महामंत्री दिव्यांशु बाजपेई जूही मंडल महामंत्री दीपू पासवान जूही मंडल मंत्री शम्मी भल्ला जी, नीतू सिंह जी राजेश वास्तव जी उपाध्यक्ष गौरव तिवारी जी, बाल गोविंद अवस्थी जी, सतीश मौर्य जी, गुंजन गुप्ता जी , किशोर ललवानी जी,मनीष गंगवानी जी, मनोज पल जी, विक्की फेरवानी जी, रोहन कपूर व अन्य सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर गरजीं आंगनबाड़ी वेलफेयर एसोसिएशन की महिलाएं

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। जहां एक ओर प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के बड़े–बड़े दावे करती है उन दावों कि आज पोल खोलती आंगनवाड़ी वेलफेयर एसोसिएशन की सैकड़ों महिलाएं नजर आई स

अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी के ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करते हुए सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका सरकार द्वारा उनके प्रति की गई वादाखिलाफी को लेकर

जमकर गरजतीं नजर आई वेलफेयर की जिलाध्यक्ष ममता मिश्रा की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकत्री सहायिकाये अपने समूह के संबंधित अधिकारियों पर आरोप–प्रत्यारोप लगाते हुए सरकार द्वारा किए गए बादों को याद दिलाते हुए मुख्यमंत्री से संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते



दिखाई दी स इस अवसर पर वेलफेयर जिला अध्यक्ष ममता मिश्रा, उपाध्यक्ष सीमा कैथवार, जलालाबाद ब्लॉक अध्यक्ष सुशीला चौहान, जलालाबाद ब्लॉक कोषाध्यक्ष नीलम तिवारी, सविता, मधुवाशा, रजनीश, अंजू तिवारी, अनीता राठौर, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद रही ।

## परीक्षा और प्रैक्टिकल के नाम पर की जा रही अवैध वसूली का विरोध करने पर छात्रों से की मारपीट छात्रों ने न्याय के लिए एसपी से लगाई गुहार

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज । शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दृष्टि से जहां प्रदेश सरकार पूरी तरह सक्रिय होकर उसमें सुधार और नकल माफियाओं द्वारा भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने को तत्पर नजर आती है वही आज भी जनपद में शिक्षा माफिया सक्रिय होकर अभिभावकों और बच्चों का शोषण करने से बाज नहीं आते हैं ऐसा ही प्रकरण जनपद कन्नौज के ब्लॉक उमर्दा स्थिति ग्राम सेम पुर में एक महाविद्यालय द्वारा परीक्षा में नकल और प्रैक्टिकल के नाम पर छात्रों से धन उगाही का सामने आया जिसमें धन ना देने पर छात्रों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर मारपीट करते हुए भविष्य खराब करने की बात कही गई।



सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ नकल विहीन परीक्षाएं करवाने के लिए दृढ़ संकल्पित नजर आते हैं वही आज भी शिक्षा माफिया सक्रिय होकर भ्रष्टाचार करने से नहीं चूकते हैं ऐसा ही वाकया जनपद कन्नौज के ब्लॉक उमर्दा ग्राम सेम पुर में आर आर महाविद्यालय का सामने आया है जहां पर प्रैक्टिकल और परीक्षा में सुविधा शुल्क के नाम पर छात्रों से मांगी गई रकम न देने पर प्रबंधक आशीष यादव, विपिन यादव द्वारा छात्र अभिजीत प्रताप, अभिषेक राजपूत, अमित कुमार, आशीष यादव, आदित्य प्रताप, आदि के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट की गई और परीक्षा परिणाम को लेकर बच्चों के भविष्य खराब करने की बात कही गई अपने भविष्य को अंधकार मय होते देख छात्रों ने नवांगतुक पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह से न्याय की गुहार लगाते हुए कालेज प्रबंध समिति पर कठोर कार्रवाई करते हुए अपने भविष्य को शिक्षा माफियाओं द्वारा खराब ना करने की बात कही गई ।

# संक्षिप्त समाचार

## निर्माण श्रमिकों के बनेंगे गोल्डन कार्ड चलेगा अभियान

कानपुर देहात 21 जुलाई 2022 । उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद में दिनांक 25.07.2022 से दिनांक 14.08.2022 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें जनपद में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवारों का गोल्डन कार्ड बनाये जाने की कार्यवाही की जाएगी। गोल्डन कार्ड बनाये जाने के लिए श्रमिकों को सी0एस0सी0 एवं राशन वितरण से सम्बन्धित कोटेदारों, आरोग्य मित्र आदि के माध्यम से गोल्डन कार्ड बनाये जाएगें।

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में सभी निर्माण श्रमिकों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त अवधि में अपने निकटस्थ सी0एस0सी0 सेण्टर से सम्पर्क करते हुए अपने गोल्डन कार्ड बनवाकर जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार लाने की दिशा में सरकार के प्रयासों का लाभ उठायें। इसके साथ ही समस्त जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध समाजिक कार्यकर्ताओं एवं श्रम प्रतिनिधियों से अपील की जाती है कि वह उपरोक्त अभियान में अधिक से अधिक प्रचार कर श्रमिकों को लाभान्वित कराने में अपना योगदान दें। यह जानकारी अवधेश कुमार वर्मा, सहायक श्रमायुक्त कानपुर देहात ने दी है।

## दिव्यांगजनों के विशिष्ट दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यू0डी0आई0डी0 कार्ड) हेतु विकास खण्डों में कैम्प का 23 जुलाई से होगा आयोजन

कानपुर देहात 21 जुलाई 2022

जिलाधिकारी नेहा जैन के निर्देशों के अनुपालन में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी गिरिजा शंकर सरोज ने बताया कि दिव्यांगजनां के विशिष्ट दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यू0डी0आई0डी0 कार्ड) निर्गत किये जाने एवं दिव्यांगजन सशक्तीरकण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगज पेंशन योजना, कृत्रिम अंगध्सहायक उपकरण योजना, दुकान निर्माणध्संचालन योजना एवं दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना से दिव्यांगजनों को लाभान्वित किये जाने हेतु जनपद के समस्त विकास खण्डों में तिथिवार प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक शिविरों का आयोजन किया गया है। विकास खण्ड वार आयोजित शिविरों का विवरण निम्नवत् है– जो इस प्रकार है विकास खण्ड परिसर रसूलाबाद में 23 जून को, विकास खण्ड परिसर झींझक 26 जुलाई, विकास खण्ड परिसर राजपुर 27 जुलाई, विकास खण्ड परिसर सन्दलपुर 28 जुलाई, विकास खण्ड परिसर डेरापुर 29 जुलाई, विकास खण्ड परिसर अमरौधा 30 जुलाई, विकास खण्ड परिसर मलासा 2 अगस्त, विकास खण्ड परिसर सरवनखेड़ा 4 अगस्त, 5 अगस्त को विकास खण्ड परिसर मैथा में कैम्प लगाया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद के दिव्यांगजनों से अनुरोध है कि उक्त आयोजित शिविरों में पहुँचकर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में आने वाले दिव्यांगजन अपना विशिष्ट दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यू0डी0आई0डी0 कार्ड), आय प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता व फोटोग्राफ साथ लेकर आयेंगे।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रसूलाबाद, कानपुर देहात में रोजगार मेला / अप्रेन्टिशिप मेला का सफल आयोजन

कानपुर देहात दिनांक 21 जुलाई 2022

जिला रोजगार सहायता अधिकारी अंजलि शर्मा ने अवगत कराया है कि आज शासन के निर्देशों के क्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रसूलाबाद, कानपुर देहात में रोजगार मेला / अप्रेन्टिशिप मेला का सफल आयोजन किया गया।

उक्त मेले में हाईस्कूल/इण्टर/आई०टी०आई०/ग्रेजुएट उत्तीर्ण 49 प्रशिक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें जनपद एवं जनपद से बाहर के कुल 06 प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाईयों द्वारा 31 प्रशिक्षार्थियों का चयन रोजगार हेतु किया गया।

उपरोक्त कार्यक्रम में नोडल प्रधानाचार्य, आई0टी0आई0, जिला समन्वयक, कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन अधिकारी, औद्योगिक इकाईयों/अधिष्ठानों के प्रतिनिधि एवं आई०टी०आई० रसूलाबाद के समस्त कर्मचारीगण भी उपस्थित रहें।

## आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाये जाने का सुअवसर'

लखनऊ 21 जुलाई 2022(सूचना विभाग), उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत एवं पात्र निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को बीमारी की स्थिति में रू0 5,00,000.00 (रू0पांच लाख) तक निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं ष्मुख्य मंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाये जाने हेतु 25 जुलाई 2022 से 14 अगस्त 2022 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गोल्डन कार्ड बनाये जाने हेतु बोर्ड द्वारा जनपदों को लक्ष्य आवंटित किया गया है जिसके अनुसार लखनऊ मण्डल के जनपद लखनऊ में 133833, सीतापुर में 88918, हरदोई में 59710, रायबरेली में 92758, लखीमपुर खीरी में 153688 एवं उन्नाव में 30132 पात्र पंजीकृत निर्माण श्रमिकों का गोल्डन कार्ड बनाया जाना निर्धारित किया गया है।

- उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिक अपने श्रमिक पंजीयन
- कार्ड, आधार कार्ड एवं राशन कार्ड सहित किसी भी नजदीकी जन सुविधा केन्द्र, आरोग्य मित्र एवं राशन
- वितरण से सम्बन्धित कोटेदार से सम्पर्क कर अपना गोल्डन कार्ड शीघ्र बनवायें तथा चिकित्सा उपचार के
- लिए किसी भी सूचीबद्ध अस्पताल में प्रतिवर्ष 05 लाख रूपये तक की मुफ्त चिकित्सा का लाभ उठायें।



आज लखनऊ स्थित आवास पर प्रख्यात फिल्म अभिनेता श्री संजय दत्त जी से शिष्टाचार भेंट हुई

## दामाद के घर आई महिला की अज्ञात कीट के दंश से मौत हो गई

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगोह निवासी खुशनूदा जिसकी उम्र 62 वर्ष कई दिन से जलालाबाद के मोहल्ला बाबू पुरा में अपने दामाद आबिद के घर पर आई हुई थी। बुधवार देर शाम महिला मकान के आला में तेल की शीशी को उठाने लगी तो उसी समय उसके हाथ पर किसी अज्ञात जहरीले कीट ने काट लिया। महिला के हाथ पर काटने के पांच निशान पाए गए। महिला की हालत गंभीर होने पर स्वजन थाना भवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए। जहां पर चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत पर स्वाजनो में कोहराम मचा है।



## डीएम-एसएसपी ने कांवड़ मार्ग का किया पैदल भ्रमण कांवड़ मार्ग पर तैनात कर्मियों की डयूटी चेक कर दिए निर्देश

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। कांवड़ मार्ग पर डीएम– एसएसपी ने पैदल मार्च कर मौजूद रहे।भृमण के दौरान दोनोँ आला अधिकारियों ने कांवड़ पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उसके



व्यवस्थाओं को परखा। इस दौरान अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गुरुवार की देर शाम डीएम जसजीत कौर व एसएसपी अभिषेक ने कोतवाली में पहुँचे ततपश्चात कांवड़ मार्ग काइ पैदल भृमण किया।स दौरान एडीएम संतोष कुमार, एएसपी ओपी सिंह व एसडीएम शिवप्रकाश यादव भी बाद डीएम एसएसपी नगरपालिका बाजार, पब्लिक इंटर कॉलेज में लगे कांवड़ शिविर की व्यवस्था को परखा। इस दौरान मुख्य कांवड़ मार्ग पर तैनात कर्मियों की उपस्थिति की जानकारी हासिल की गई। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कपरवान मय पुलिस व पीएसी जवानों के साथ मौजूद रहे।

## भाजपा महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मारिया नें मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर बांटी मिठाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। भाजपा महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मारिया ने राष्ट्रपति पद पर विजय प्राप्त कर राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू को राष्ट्रपति बनने पर महिला जगत का सम्मान बताते हुए कहा कि एनडीए और विशेषतौर पर भारतीय जनता पार्टी और पीएम मोदी के शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने ऐसे समाज से महिला को गौरवान्वित किया जब सशक्त नारी, सशक्त समाज व सशक्त भारत बनने की दिशा और दशा तय कर रहा हैं।
हम फिर से राष्ट्रपति बनने पर द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री को बधाई देते हैं इस शुभ अवसर पर हमने देश के भविष्य को मिठाई खिलाकर उनसे अपने देश के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के लिए दुआएं कराई। मारिया फरहत ने कहा कि आज केन्द्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार जिस प्रकार से देश को पूरी दुनिया में अलग पहचान बनाकर देश के लोगों को गौरविन्त कर रहे हैं वह सराहनीय होने के साथ ही देश की प्रतिष्ठा भी बढ़ा रहा हैं। उन्होने कहा कि देश के पीएम नरेन्द्र मोदी व भाजपा ने आदिवासी समाज से आने वाली द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद के लिए चुना वह महिलाओं का



सम्मान बढ़ाने से कम नहीं हैं। भाजपा की पहली जीत हो चुकी हैं और दूसरी जीत उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में होना बाकी हैं।
इस मौके पर हसनत फातमा, कैफया, ताबिया, मशीयत फातिमा, असालत अली खान, आतिफ खान, अलादीन खान, मुस्तफा खान, अब्दुल्ला आदि बच्चों ने द्रौपदी मुरमू को राष्ट्रपति बनने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## पुरानी पंजाब नेशनल बैंक के सामने बने पुराने जर्जर गेट का आज ध्वस्तीकरण

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर के जर्जर गेटों से खतरे में हैं अयोध्या टाइम्स समाचार का संज्ञान लेते हुए पालिका चेयरमैन फात्मा जबीं ने गुरूवार को वार्ड 37 के मौहल्ला घेर उसमान खां स्थित पुरानी पंजाब नेशनल बैंक के सामने बने पुराने जर्जर गेट का आज ध्वस्तीकरण करा दिया। जिससे मौहल्ले वासियों में हर्ष हैं।
बताते चले कि पिछले दिनों विधान केसरी समाचार पत्र ने रामपुर के नवाबी दौर में बने पुराने जर्जर गेटों से ईटे गिरने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसपर पालिका चेयरमैन फात्मा जबीं ने शहर के सभी पुराने जर्जर गेटों के लिए एक कमेटी गठित कर दी थी। वार्ड 37 के मौहल्ला घेर उसमान खां स्थित पुरानी पंजाब नेशनल बैंक के सामने बने जर्जर गेट की ईटे लगातार गिर रहीं थी जिससे एक व्यक्ति भी बाल–बाल बचा था। पालिका चेयरमैन ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए गेट का निरीक्षण कराया और आज उसका ध्वस्तीकरण करा दिया। जिससे वार्ड सभासद सहित मौहल्लेवासियों ने पालिका चेयरमैन का आभार व्यक्त किया हैं। पालिका चेयरमैन फात्मा जबीं ने बताया कि



उक्त गेट काफी जीर्ण शीर्ण हालत में पाया गया इसलिए उसको तत्काल ध्वस्त करा दिया गया हैं इसके अलावा शहर के अन्य पुराने जर्जर गेटों की जांच कराई जा रहीं हैं जो गेट मरम्मत के लायक हैं उनकी मरम्मत कराई जायेगी इसके अलावा जो गेट बहुत खराब हालत में हैं उन्हे ध्वस्त करा दिया जायेगा।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत घर घर जाकर दी जानकारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स सवाददाता सलाऊदीन सिददीकी । नगीना. संचारी रोग नियंत्रण अभियान जोकि 1 जुलाई से 30 जुलाई तक चलेगा।इस अभियान के तहत वार्ड नम्बर 22 मुहल्ला पंजाबियान अकाबरान में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत प्रत्येक घर जा जाकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयों आशाओं ने वार्ड में घर घर जाकर महिलाओं बच्चों को संचारी रोगों की जानकारी दी और उससे बचने के लिये की जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया।आंगनबाड़ी कार्यकत्री हूरें तबस्सुम, आशा संगीता, एनजीओ सोनी ने संयुक्त रूप से वार्ड में वार्डवासियों को बताया कि बुखार होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाये।सर,हाथ,पाव,पेट पर ठंडे पानी की पट्टी रखें।बुखार के समय पानी व अन्य तरल पदार्थों जैसे नारियल पानी शिकंजी ताजे फल रस आदि का प्रयोग करें।हल्के सूती वस्त्र पहने।कमरे को ठंडा रखें।बिना चिकित्सक की सलाह के अनआवश्यक दवाओं का सेवन ना करें।अन्य



सावधानियां बताते हुए उन्होंने कहा कि दरवाजे खिड़कियों पर जाली लगवाये।नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करें।मच्छर रोधी उपाय अपनाये।अनुपयोगी वस्तु में पानी जमा ना होने दे। पानी की टंकी पूरी तरह ढक कर रखें।पूरी बांह वाली कमीज,व पेंट पहने।घर के आसपास पानी जमा न होने दें।कूलर गमले आदि साप्ताहिक खाली करके सुखाये।खड्डों में पानी जमा ना करें उसमें मिट्टी भर दे।मच्छरों से बचने के लिये नालियों में जलभराव न होने दे।जानवर के बाडे घर से दूर रखें।जंगली झाड़ियों को नियमित साफ करें।खाने से पहले साबुन से हाथ धोये। खुले में शौच ना करें।नियमित शौचालय का प्रयोग करें।बच्चों का विशेष ध्यान रखें।वार्ड 22 के सभासद डॉ मुअज्जम हुसैन रियाजी ने नगर पालिका परिषद की ओर से वार्ड में बीमारियों व मच्छरों से निजात के लिये कीटनाशक का छिड़काव कराया।इस मौके पर सभासद ने कहा कि जरा सी सावधानी बरत करें हम निरोगी जीवन जी सकते है।

## अंडर 19 मेरठ जोन की ट्रायल प्रकिर्या टूर्नामेंट में शामली के 4 खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन करने पर कानपुर फाइनल ट्रायल के लिये हुआ चयन

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।
उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर 19 मेरठ जोन की ट्रायल प्रकिर्या टूर्नामेंट में शामली के 4 खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन करने पर कानपुर फाइनल ट्रायल के लिये चयन हुआ है। जनपद के खिलाड़ियों के लिये किसे बडे सपने से कम नही है हमेशा जनपद के खिलाडी मौका ना मिल पाने की वजह से यही दब कर रह जाते थे जब से ये सौगात उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने जनपद को दी है निचित ही जनपद के खिलाडी अपने प्रतिभा का लोहा मनवा रहे है जैसे ही ये खबर शामली में क्रिकेट प्रमियों में पता चली तो खुशी की लहर दौड़ गए विनय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया इस बार उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देशन पर जनपद की टीम को अलग किया गया था



जिससे शामली के खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा दिखाने का मौका मिला इस बार शामली को सहारनपुर जोन से संबंध होने के कारण टीम को अलग कर ये सौगात दी गई थी जिससे जनपद के खिलाड़ियों को इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में शामली का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला उसके बाद जनपद के 5 खिलाड़ियों का चयन मेरठ जोन के लिये हुआ था अब मेरठ से 4 खिलाड़ियों का चयन कानपुर मे फाइनल ट्रायल के लिये हुआ है जिसमे अनिवेश चौधरी , धर्मवीर त्यागी, बिलाल खान तरुण का चयन कानपुर के लिए हुआ खुशी के इस अवसर पर सभी क्रिकेट कोच और चयनित खिलाड़ियों के माता पिता ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाये और जनपद के गणमान्य लोगो ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की शामली क्रिकेट अकादमी के सभी कोचों ने कहा कि अब तक शामली के खिलाड़ियों का शोषण हो रहा था उन्हें अपने प्रतिभा दिखाने का मौका ही नही मिलता था जिस तरह से अब मौका मिला है ये उसी का परिणाम है ।
आज जनपद के 4 खिलाड़ी चयनित हुए है इससे जनपद के सभी खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है इससे निचित तोर पर आने वाले टाइम में और भी खिलाड़ी को एक नई ऊर्जा मिलेंगे खुशी के इस मौके पर विनय कुमार नागेन्द्र खेवाल पंकज चौधरी संदीप कुमार रॉकी देशवाल दीपक चौधरी सादिक सनी सिंह सनी धीमान फरमान खान जावेद खान आदि सदस्य मौजूद रहे।

## महर्षि दयानंद कालेज आफ एजकेशन बड़ूली में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर किया गया सम्मानित

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।
इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के चेयरमैन मतलूब अहमद ने कहा कि हमारा उद्देश्य कॉलेज का व्यवसायिकरण करना नहीं है बल्कि समाज की सेवा करना है। जिससे भावी पीढ़ी उच्च शिक्षित होने के साथ–साथ संस्कारवान, चरित्रवान हो। यह तभी संभव है जब हम निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि कॉलेज में प्रवेश लेने वाले ऐसे बच्चे जो फीस देने में असमर्थ होंगे वह व्यक्तिगत रूप से उनसे मिले तो उनकी फीस का इंतजाम भी व्यक्तिगत रूप से किया जाएगा। जिससे उस छात्र के सहपाठी को यह पता न चले की अमुक छात्र फीस देने में असमर्थ है। वह छात्र अपने अंदर हीन भावना महसूस न करें।
चौधरी रविंदर कुमार एडवोकेट ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है




जो व्यक्ति को ज्ञानवान पुरुष बना देती है। एक जमाना था जब लोग निरक्षर रहकर भी अपना जीवन आराम से व्यतीत कर लेते थे। लेकिन वर्तमान दौर में उच्च से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी हमने यह ललक होनी चाहिए कि मुझे और अधिक उच्च शिक्षित बनना है। उन्होंने कहा कि अगर यहां का बच्चा उच्च शिक्षा लेकर ऊंचा मुकाम हासिल करता है जिससे समाज में उसका नाम तो होगा ही, साथ ही उसको उच्च शिक्षा दिलाने वाली संस्था का नाम भी गौरवान्वित होगा। प्रधानाचार्य डॉ योगेंद्र कुमार ने कहा कि कॉलेज में वर्तमान में बीए, बीकॉम, बीएससी एवं बी.एड. की कक्षाएं संचालित है। हमारा प्रयास है कि संस्था में बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा मिले।प्रबंधक सारिक मलिक एडवोकेट एवं व्यवस्थापक नरेश चौधरी व एचओडी वासिल मलिक एडवोकेट ने कहा कि हम संस्था को एक मॉडल के रूप में विकसित करना चाहते हैं जिससे यह समाज में एक प्रेरणा के सूत्र के रूम में स्थापित हो।कार्यक्रम में इंटर परीक्षा पास करने वाले नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को अथितिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में मुख्य रूप से तनु यादव,सायमा मलिक, काजल,अफसा खान कश्यप,अलीशा,इसरा, मीनाक्षी,रिया यादव,मिसबा,काजल,संजना, खुशी, मुस्कान शर्मा,आरजू परमार,शिवानी, प्रियांशी, जूही, शाइस्ता, मनीषा, चांदनी, शिखा, स्वाति, ऋतु, आयशा, वंशिका, कोमल व तबस्सुम आदि छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से व्यवस्थापक नरेश चौधरी, हाजी एहसान, इंतखाब प्रधान, शिव कुमार प्रधान, एहतेशाम प्रधान, सलीम प्रधान, नौशाद, डॉक्टर जयपाल, अमित कुमार, मुकर्रम प्रधान वासिल मलिक, दिलशाद मलिक, शमीम अहमद, अभिषेक, दुर्गेश त्यागी, कादिर एडवोकेट, मोनिका त्यागी, मेघा, फराह, शिवा कपिला आदि उपस्थित रहे।

## कावड़ियो को किसी प्रकार की परेशानी ना हो- थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी । नगीना कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने रामलीला ग्राउंड में पहुंच कर वहां का निरीक्षण किया तथा उन्होंने कावड़ियों से उनका हाल पूछा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने संबंधित चौकी व हल्का प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटने वाले शिवभक्तों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसका विशेष ध्यान रखा



जाये।
थाना प्रभारी ने कहा कि कांवड़ियों की सुविधा के लिए पुलिसकर्मी पूरी तरह से तैयार रहें। उन्होंने यातायात सुचारू रूप से चालू रखने के लिए जगह जगह पुलिसकर्मी तैनात किए जिससे कोई जाम की स्थिति ना बन सके। बुधवार की देर शाम थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने इसके साथ–साथ थाना क्षेत्र की सीमाओं का भी निरीक्षण करते हुए अपने अधिनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ताकि कॉवर यात्रा द्वारा गंगाजल लाने वाले शिवभक्त कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा ना हो तथा उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए। इस बात की विभिन्न हिंदू संगठनों व अन्य संगठनों तथा नगीना शहर में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा की सराहना की जा रही है। इस मौके पर उनके साथ सब–इंस्पेक्टर कुलदीप राणा तथा अनेक पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## जिला बिजनौर के मंडावली थाना क्षेत्र के मोटा महादेव चौकी पहुचे एडीजी बरेली जोन राजकुमार

दैनिक अयोध्या टाइम्स नसीम उस्मानी। जिला बिजनौर के मंडावली थाना क्षेत्र के मोटा महादेव चौकी पहुंच कर एडीजी बरेली जोन राजकुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने कावड यात्रा की सुरक्षा को लेकर व्यवस्था की समीक्षा कर कावड़ियों के हालचाल जाने और वहां पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग को कड़े आदेश दिए और कावड़ियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और वहां पर स्वास्थ्य विभाग और समाज सेवाओं की ओर से लगे कैंपों का निरीक्षण किया





इसके दौरान मोटा महादेव मंदिर पर कावरियो और ग्राम प्रधानों के साथ की गोष्टी एडीजी बरेली जोन राजकुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने थाना मंडावली पहुंचकर पैदल मार्च किया और सीसीटीवी से पुलिस की पैनी नजर कावड़ यात्रा को लेकर है और आपको बता दे की कावड़ यात्रा को लेकर बिजनौर पुलिस अलर्ट दिखाई दे रही है। मोटा महादेव मंदिर पर कावड और ग्राम प्रधानों के साथ की गोष्टी और कांवड़ियों से उनके स्वास्थ्य की ली जानकारी और मोटा महादेव से पहुंचे।

## शराब पीने के बाद की थी युवक की हत्या, तीन गिरफ्तार

सहारनपुर। देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ी के युवक की हत्या का पुलिस ने राजफाश कर दिया है। तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने खेतों में बैठकर पहले शराब पी और उसके बाद उनका आपस में झगड़ा हो गया।
जिसके बाद युवक को बुरी तरह से पीटा गया। युवक का 10 दिन तक अस्पताल में उपचार हुआ और उसके बाद उसने दम तोड़ दिया। इस मामले में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। देहात कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि सरकड़ी निवासी विकास पुत्र पप्पू अपने कई दोस्तों के साथ 10 जुलाई को खेतों में गया था। यहां पर उसने दोस्तों के साथ बैठकर शराब पी। जिसके बाद सभी में झगड़ा हो गया। विकास ने अस्पताल में भर्ती के समय परिजनों को बताया था कि उसे रवि कुमार पुत्र हरिदास निवासी सरकड़ी, लविश पुत्र रमेश निवासी मनोहरपुर, विशाल पुत्र ओमप्रकाश निवासी नंगला बबैल थाना बेहट और दो अन्य अज्ञात युवकों ने उसे बुरी तरह से पीटा था।
जिसके बाद विकास के पिता पप्पू ने तीनों को नामजद करते हुए और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बुधवार को पुलिस ने तीनों नामजद युवकों को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों ने अपना जुर्म भी स्वीकार कर लिया है। आरोप है कि विकास ने शराब के नशे में उन्हें गालियां देनी शुरू कर दी थी। इसका उन्होंने विरोध किया तो उसने मारना शुरू कर दिया। आरोपितों का यह भी कहना है कि उन्हें यह नहीं पता था कि उसकी मौत हो जाएगी। फिलहाल पुलिस ने तीनों को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

## कई लोग चेयरमैन पद के लिए कतार में, अभी से तैयारी शुरू

नूरपुर। जैसे – जैसे नगर निकाय का चुनाव नजदीक आता जा रहा है वैसे – वैसे चेयरमैन पद के उम्मीदवारों की संख्या नगर में बढ़ती जा रही है पिछले लगभग 25 सालों से नूरपुर चेयरमैन पद पर हाजी इरशाद अली अंसारी वे उनकी पत्नी का कब्जा है इस बार नूरपुर चेयरमैन पद के लिए अनेक भावी उम्मीदवारों ने चेयरमैन हाजी इरशाद अली अंसारी के खिलाफ सोशल मीडिया पर मोर्चा खोल रखा है , यहां चेयरमैन पद के उम्मीदवारों की बात करें तो दर्जनभर से भी ज्यादा उम्मीदवार चुनाव लड़ने का दावा पेश कर रहे हैं इन दावेदारों में कुछ तो ऐसे हैं जिन्हें नगर मोहल्ला तो क्या पडोसी भी नहीं जानते लेकिन जो दमदार दावेदार भावी चेयरमैन पद के प्रत्याशी के रूप में आने वाले हैं उनमें जो लोगों की हर वक्त मदद करते आ रहे हैं डॉक्टर एहतेशाम अंसारी ,वे हर किसी के दुख सुख में साथ रहने वाले काजी इदरीस अहमद ,वे भाजपा से वरिष्ठ पत्रकार सभासद संजीव जोशी,और पिछली बार की तुलना में इस बार मजबूत दिखाई दे रहे हैं अकरम जमीन चेयरमैन पद के उम्मीदवार हैं, भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ० नफीस गुलरेज अंसारी, वे आरएलडी नेता एडवोकेट अजयवीर चौधरी प्रमुख नाम हैं , इनके अलावा दर्जनभर से



भी ज्यादा ऐसे नाम हैं जिन्होंने सोशल मीडिया पर चेयरमैन का चुनाव लड़ने का दावा तो कर रखा है लेकिन उनके दावे में दमखम नजर नहीं आ रहा है आगे देखना होगा कि चुनाव के समय चुनाव मैदान में कौन टिकता है और कौन घुटने टेकता है।

# संक्षिप्त समाचार

## 18 लाख की शराब के साथ कैराना के दो युवक औरैया में गिरफ्तार

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। हरियाणा–यूपी सीमा पर स्थित यमुना ब्रिज पुलिस चौकी से निकले 18 लाख की शराब से भरे कन्टेनर को दो युवकों सहित औरैया में एसटीएफ ने पकड़ लिया है हरियाणा से यूपी में शराब तस्करी का मामला कोई नया नहीं है। सीमा पर यूपी पुलिस की चौकी होने के बाद भी धड़ल्ले से शराब की गाड़ियां निकल जाती हैं। पिछले दिनों पंजाब प्रांत से चंडीगढ़ होते हुए हरियाणा–यूपी सीमा पर यमुना ब्रिज पुलिस चौकपोस्ट से शराब से भरा कन्टेनर आसानी से गुजर गया ,जिसमें 18 लाख की अवैध शराब भरी हुई थी और पुलिस को कानों कान उसकी भनक तक नहीँ लगी या फिर यूं कहें कि सेटिंग के चलते शराब की गाड़ी को आसानी से पार करा लिया गया।कैराना होते हुए लखनऊ के लिए निकले इस कन्टेनर का चालक आदिल पुत्र मुंशी निवासी गांव अलीपुर व क्लीनर तसव्वर पुत्र शराफत निवासी गाँव मंडावर थे। राष्ट्रीय राजमार्ग 19 इटावा कानपुर हाइवे औरैया सीमा पर स्थित इंडियन ऑयल चौकी पर चेकिंग के दौरान एसटीएफ द्वारा पकड़े गए।पूछताछ में दोनों युवकों ने बताया कि चंडीगढ़ से कैराना होते हुए कन्टेनर लखनऊ तक ले जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। कन्टेनर में शराब भरी है इसकी जानकारी नहीँ थी। इस बारे में पकड़े गए दोनों युवकों के परिजनों से बात की गई तो उनका कहना था कि शराब तस्करी से कोई वास्ता मतलब नहीं है। अलबत्ता गाड़ी की ड्राइविंग का कार्य करते हैं। शराब तस्कर ने उन्हें धोखे में रखकर लखनऊ तक कन्टेनर ले जाने के लिए बुक करके भेजा था। एसटीएफ द्वारा 18 लाख की शराब से भरा कन्टेनर पकड़े जाने के बाद स्थानीय यमुना ब्रिज पुलिस चौकपोस्ट पर सवाल उठना लाजिमी है। इसी महत्वपूर्ण चेकपोस्ट से होकर पहले भी शराब से भरे वाहन आसानी से गुजरते रहे हैं।

### वादिल का भाई करनाल से करता था ट्रांसपोर्ट संचालन

18 लाख की शराब से भरे कन्टेनर के चालक का बड़ा भाई भूरा हरियाणा के जिला करनाल में एक ट्रांसपोर्ट का संचालन करता था।पिछले दिनों उसकी बीमारी के चलते मौत हो गई थी। कहीं एसटीएफ द्वारा औरैया में पकड़े गए शराब के जखीरे के तार करनाल से तो नहीँ जुड़े हुए हैं? कहीं ट्रांसपोर्ट की आड़ में शराब तस्करी तो नहीँ की जा रही थी?

## ईओ डा. इंदु शेखर मिश्र ने सभासद व कर अधीक्षक के बीच समझौता कराकर दोनो के बीच सुलह समझौता कराकर मामला निपटा दिया



दैनिक अयोध्या टाइम्स। रामपुर। ईओ डा. इंदु शेखर मिश्र ने सभासद व कर अधीक्षक के बीच समझौता कराकर दोनो के बीच सुलह समझौता कराकर मामला निपटा दिया।
बताते चले कि 15 जुलाई को कर अधीक्षक मयूरी शर्मा व सभासद दिनेश कुमार उर्फ दिन्ने भाई के बीच कुछ वाद विवादहो गया था जिसको लेकर कर अधीक्षक ने पूरे मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज करा दी थी। 18 जुलाई को ईओ डा. इंदु शेखर मिश्र ने सभासद व कर अधीक्षक के बीच समझौता करा दिया। जिसपर दोनो पक्ष राजी हो गये। सभासद दिनेश कुमार ने बताया कि समझौते बाद कर अधीक्षक ने कोतवाली में दी गई तहरीर को वापस ले लिया हैं।

## कावड़ियों की रथनुमा कांवर आकर्षण का केंद्र बनी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो बिजनौर अफजलगढ़। श्रावण मास की शिवरात्रि का समय नजदीक आ रहा है वैसे ही शिवभक्तों की टोलियो की संख्या बढ़ती जा रही है भूतपुरी जसपुर मार्ग से होते हुए कावड़िये अपने गंतव्यों की ओर जयकारे लगाते जा रहे है बहेड़ी,बरेली, सितारगंज, खटीमा तथा रुद्रपुर आदि जगह से आये शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर वापिस लौट रहे है भूतपुरी जसपुर मार्ग भोले के जयकारों से गुंजायमान हो रहा है। शिवभक्तो के कदम बिना रुके बढ़ते जा रहे हैं। तहसील बहेड़ी के गाँव गोटिया बिजोरिया के



शिवभक्तों ने बताया कि उनके जत्थे में 35 शिवभक्त है जिसमे कुछ भक्त छोटी कांवर व कुछ भक्तो ने विशाल कांवर में जल भरकर हरिद्वार से लाये है ओर मितापुर गोटिया गाँव के शिवमंदिर पर जल चढ़ाएंगे। कावड़ियों की रथनुमा कांवर आकर्षण का केंद्र बनी रही। वही कोतवाल मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में कावड़ियों की सुरक्षा के लिए भूतपुरी तिराहे पर पुलिस टीम ने जगह जगह बेरिकेटिंग लगाकर हाइवे को वन वे किया है सड़क की एक साइड कावड़ियों के लिए खोली गई है और भारी वाहनों की आवाजाही सड़क की दूसरी साइड से की जा रही है कोतवाल मनोज कुमार सिंह व सीओ शुभ सूचित लगातार कावड़ियों की सुरक्षा हेतु भ्रमण कर रहे है कोतवाल मनोज कुमार का कहना है कि कावड़ियों की सुरक्षा के हाइवे को वन शिवरात्रि तक वन वे किया है रामगंगा पुल व भूतपुरी तिराहे ,सुआवाला में जगह जगह पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया।

## कांवड़ यात्रा को लेकर सीओ शुभ सुचित व कोतवाल मनोज कुमार सिंह गंभीर

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो बिजनौर अफजलगढ़। कांवड़ यात्रा को लेकर सीओ शुभ सुचित व कोतवाल मनोज कुमार सिंह गंभीर नजर आ रही है। वही भूतपुरी तिराहे पर पुलिस ने पैदल फ्लैग मार्च के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सहयोग का आह्वान किया। गुरूवार को सांय सीओ शुभ सुचित व कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने भूतपुरी तिराहे पर पैदल फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को पुलिस की मौजूदगी का अहसास कराते हुए उन्हें पूर्ण सुरक्षा का भी अहसास कराया। इस दौरान वाहन चौकिंग अभियान चलाकर यातायात के



नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। अभियान की सूचना पर वाहन चालको में हड़कंप मच गया। एसपी दिनेश कुमार सिंह के आदेश पर कांवड़ यात्रा को लेकर भूतपुरी तिराहे पर संघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने अभियान के दौरान वाहनों को चेक कर यातायात के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। सीओ शुभ सुचित ने बताया कि भूतपुरी तिराहे पर पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया है और कांवड़ यात्रा को लेकर भूतपुरी तिराहे पर वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया गया है और सभी से यातायात व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया है। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। इस अवसर पर कोतवाल मनोज कुमार सिंह,एसएसआई दिनेश कुमार शर्मा,एसआई सुनील कुमार,एसआई विनीत कुमार कांस्टेबल विजय तोमर तथा कांस्टेबल शैलेंद्रकान्त आदि उपस्थित रहे।

## बजरंग दल के कार्यकर्ता पर हमले के आरोपी 10 हजार के इनामी सहित तीन गिरफ्तार, हमले में प्रयुक्तचाकू भी हुआ बरामद

सहारनपुर । बजरंग दल के कार्यकर्ता प्रशांत सैनी पर गत दिवस चाकू से हुए हमले के एक 10 हजारी इनामी अलीशान सहित 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।थाना देहात कोतवाली प्रभारी द्वारा तत्काल अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर लोगो द्वारा जमकर सराहना की जा रही है। आपको बता दें कि गत दिवस ग्राम दतौली रांघड निवासी एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता प्रशांत सैनी पर कुछ गुंडातत्वो द्वारा चाकू मार कर जख्मी कर डाला था,जिसकी रिपोर्ट प्रशांत के परिजनों द्वारा थाना देहात कोतवाली में दर्ज करवा दी गई थी,जैसे ही यह मामला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक नगर के संज्ञान में आया तो उन्होंने थाना देहात कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल को हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी के आदेश दे डालें,थाना देहात कोतवाली प्रभारी ने भी उक्त मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए 3 को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था और आज तीन अलग–अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए इसी मामले में एक–10,000 इनामी आलीशान उर्फ शान पुत्र फुरकान निवासी इस्लामनगर रूबीना मस्जिद के पास–थाना कुतुबशेर सहित तस्लीम पुत्र सलीम निवासी रहमानी चौक हबीबगढ एवम फहीम पुत्र मसरूर निवासी 62 फुटा रोड को घटना में प्रयुक्त चाकू सहित तीन अलग अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए गिरफ्तार कर लिया।तीनो का चालान कर जेल भेज दिया गया है।



## द्रौपदी मुर्मू के विजयी होने पर भाजपा और उसके गठबंधन दलों में जबरदस्त खुशी और हर्षोल्लास

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता बलरामपुर! राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के विजयी होने पर भाजपा और उसके गठबंधन दलों में जबरदस्त खुशी और हर्षोल्लास का माहौल है। मिष्ठान वितरित कर अपने संबोधन में कहा कि सुश्री द्रौपदी मुर्मू की जीत राष्ट्र और उसकी जनता के लिए एक सकारात्मक संदेश है।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष परमजीत सिंह गांधी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता तिवारी सिंह,



इस सिलसिले में आज भाजपा कार्यालय पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और एक दूसरे को मिठाई खिलाई। इस मौके पर सदर विधायक पलटू राम ने बनवासी छात्रावास के बच्चों को महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा,वरुण सिंह मोनू राजेश सिंह पिंकू डीपी सिंह बैस,जिला मंत्री सुनीता मिश्रा, अवधेश तिवारी तरुण,संदीप उपाध्याय,शैलेंद्र सिंह,महेश शुक्ला,अमन बंसलराघवेंद्र सिंह और राधेश्याम आदि के साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बाबा झंडे शाह के गिगर व चादर जुलूस में शामिल अकीदतमंद

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर)

फैजाने औलिया ए कराम कमेटी उतरौला के सदर फरीदुद्दीन कुरैशी एवं मकसूद आलम कुरेशी के जेरे कयादत में उतरौला के मोहल्ला रफी नगर स्थित हजरत बाबा झंडे शाह का तीन दिवसीय सालाना उर्स का आगाज सोमवार को कुरान खानी से हुआ। भारी संख्या में अकीदतमंदों ने कुरान खानी व फातिहां में शिरकत किया। दूसरे दिन मंगलवार को कमेटी अध्यक्ष फरीदुद्दीन कुरैशी के आवास से गागर व चादर का जुलूस निकाला गया। गागर व चादर का जुलूस मोहल्ला रफी नगर से निकलकर उतरौला कस्बा के मुख्य मार्ग से होता हुआ जामा मस्जिद, हटन रोड, चांद मस्जिद से आगे बढ़ता हुआ छिपिया नूरी चौराहा पहुंचा। वहां से होता हुआ जुलूस अस्पताल रोड से सीधा बाबा झंडे शाह की मजार पर पहुंचा। फैजाने औलिया ए कराम कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा मजार शरीफ का गुश्ल किया गया। गुश्ल के बाद मजार पर चादर पोशी का सिलसिला शुरू हुआ। भारी संख्या में अकीदतमंदों द्वारा चादर पोशी की गई। चादर पोशी के बाद दुरूद ओ फातिहां पढ़ी गई। मौजूद सभी अकीदतमंदों एवं जायरीनो में शीरनी तक्सीम किया गया। तीसरे दिन जुमेरात की रात को मजार शरीफ पर तकरीरी प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। तकरीर में



मुफ्ती मसीहुद्दीन, कारी सलाहुद्दीन, मौलाना अदहम, मौलाना रेहान कादरी, मौलाना अख्तर रजा खान, मौलाना रियाजुल हक बलरामपुरी खिताब फरमाएंगे। साथ ही नातिया शायर रहीम रजा के अलावा दिगर शौहरा अपना नातिया कलाम पेश करेंगे।

तीन दिवसीय सालाना उर्फ में कमेटी सदस्य हाजी निजाम कुरेशी, महफूज गनी, हैदर कुरेशी, तौफीक कुरेशी, मोअज्जम कुरेशी, कमालुद्दीन, हसीब कुरेशी, कलीमुद्दीन, फज्जू कुरैशी, अनवारुद्दीन, जलालुद्दीन, सलाहुद्दीन, वसीम, सलमान कुरेशी, असलम, याकूब कुरैशी, सुहेल, शोयब, महफूज आलम का सराहनीय योगदान रहा।

## सन्ध्या अंजुमने वफाए अब्बास के बैनर तले एक पच्चीस साला भव्य महफिल जश्ने ईद ए गदीर का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला(बलरमपुर)

उतरौला के ग्राम रेहरा माफी के ईमामबारगाह स्व० इब्ने हसन में बीते मंगलवार देर सन्ध्या अंजुमने वफाए अब्बास के बैनर तले एक पच्चीस साला भव्य महफिल जश्ने ईद ए गदीर का आयोजन किया गया ।

महफिल की अध्यक्षता मौलाना सिब्ते हैदर साहब ने की और महफिल को मौलाना ताहिर अब्बास साहब ने संबोधित किया जब स्थानीय और बाहरी शोहरा हजरात ने अपने कलाम पेश किये ।



महफिल का संचालन शरफ उतरौलवी और अजम गोंडवी ने किया जबकि महफिल में मुख्यातिथि के रूप में साजिदा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर अहसान खान और एम जे एक्टिविटी के चेयरमैन समीर रिजवी इमामिया ट्रस्ट के अध्यक्ष ऐमन रिजवी, डॉ०अताउल्लाह खान और डॉ० यासिर खान शामिल हुए।

महफिल को संबोधित करते हुए मौलाना ताहिर अब्बास साहब ने बताया हजरत मोहम्मद साहब ने 18 जिलहिज को अपने आखरी हज से वापसी के दौरान गदीरे खुम नामक स्थान पर सवा लाख हाजियों के बीच में हजरत अली को अपना उत्तराधिकारी बनाया

1997 से होती आ रही इस महफिल में मौलाना जायर अब्बास आसिफ कस्टुवी,इरफान हैदर,अम्मार हल्लौरी,वाकिफ कास्टुवी,कासिम गोंडवी,अबरार बलरामपुरी,हैदर गोंडवी,मीसम उतरौलवी,रुशेद आजमी,जावेद हैदर ने अपना तरही कलाम पेश किया।

इस अवसर पर हाजी अली जाफर,नजमुल हसन प्रधान,हुसैन जाफर,तौसीफ हसन,अब्बास जाफर,मोजिज अब्बास,अजमल रिजवी,मुहम्मद आलिम,कैसर अब्बास,वली मुज्तबा,जौन जाफरी,अशफाक हुसैन,अली शहंशाह,नदीम हैदर,यासूब अब्बास शामिल रहे ।

अंत में अंजुमन के एक महत्पूर्ण सदस्य शुजा उतरौलवी बाहर से आए हुए मेहमानों को उपहार भैंट कर उनका स्वागत अभिनंदन किया।

## चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज पर बहता हुआ दिख बाघ

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बहराइच/कर्तनिया घाट

कतरनिया घाट वन्यजीव प्रभाग के कतर्निया घाट रेंज अंतर्गत चौधरी चरण सिंह गिरिजा बैराज के गेट नंबर 7 के सामने से बहते हुए बाघ ग्रामीणों का कहना है कि बाघ काफी देर दे नदी के बहाव में बहता रहा और गेट से टकरा कर गेट खुले होने के कारण चौधरी चरण सिंह गिरिजा बैराज के डाउन में बहता चल गया, बहता हुआ बाघ को देख कर वन



को देख कर हड़कंप मच गया घटना गुरुवार सुबह 10 बजे की है बैराज स्टाफ ने वन विभाग को सूचना दिए दो घंटे बाद पहुची वन विभाग की टीम तब तक बाघ आठ नंबर गेट से बहता हुआ 24 नंबर गेट पर पहुच विभाग के अधिकारी व कर्मचारियो के होश उड़ गए।

मौके पर डिप्टी रेंजर रामकुमार, वन दरोगा मयंक पाण्डे,वन दरोगा अनिल,योगेश सिंह,कौशल,जमुना पहुचे।

## गांव में पंपिंग सेट के सहारे जल निकास की समस्या दूर करने में जुटे ग्रामीण

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती ( दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत फत्तेहपुर बनगई के मजरा बनगई गांव में सावन माह के पहले सप्ताह में हुई बारिश ने जहां एक तरफ लोगों के घरों के सामने जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है तो वही गांव में किए गए विकास कार्यों की पोल खुलती नजर आ रही है। जल भराव की समस्या झेल रहे ग्रामीण बाल कृष्ण वर्मा का कहना है कि वर्षों पूर्व गांव में आरसीसी रोड बनने ने जलभराव से मुक्ति मिली थी। वहीं थोड़े ही दिन बीत जाने के बाद गांव के पश्चिम मदरसे के पास जलभराव की गम्भीर समस्या उत्पन्न हुई। जिसमें गिरकर कई लोग घायल हुए तो वही चंद्र भूषण शर्मा का पैर भी टूट गया था। ग्रामीणों ने कई बार उच्चाधिकारियों से शिकायत की धरना प्रदर्शन किया परन्तु लम्बे अंतराल के बाद जलभराव की समस्या से निजाद मिली थी। नाली निर्माण न होने से गांव में बार बार जलनिकास की समस्या लोगों के सामने मुसीबत बनकर खड़ी थी। इसी बीच सावन महीने के प्रथम सप्ताह में हुई बारिश ने गांव में कई स्थानों पर जलभराव की समस्या बढ़ा दी। अब जल भराव की समस्या से निजाद पाने के लिए मोहल्ले वासी चंदा एकत्रित करके पम्पिंग सेट का सहारा लेकर पानी को गांव से बाहर निकालने में लगे हुए है। जगदीश वर्मा ने बताया कि गांव के छोटे–छोटे नौनिहाल बच्चे विद्यालयों को जाते समय गंदे पानी में गिरकर उनके यूनिफॉर्म व पाठ्य पुस्तकें भीग कर मैली हो जाती है। गांव के बरसाती लाल, राम बरन, राधेश्याम, राम धन, राम नारायण, अवधेश कुमार ने जिला प्रशासन से जल निकास की समस्या दूर कराए जाने की मांग की।



## भारतीय जनता पार्टी श्रावस्ती इकाई की जिला स्तरीय बैठक हुई सम्पन्न

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) श्रावस्ती जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी जिला स्तरीय बैठक में मुख्यातिथि के रूप में जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, विधायक श्रावस्ती प्रतिनिधि अवधेश पाण्डेय तथा भाजपा समर्थित वार्ड संख्या 8 के प्रत्याशी अवधेश वर्मा उपस्थित रहे।

गुरुवार। भारतीय जनता पार्टी श्रावस्ती इकाई द्वारा भाजपा जिला कार्यालय भिनगा में जिला बैठक का आयोजन किया गया। जिला बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम ने कहाकि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता पूरे वर्ष विभिन्न अभियानों, कार्यक्रमों के माध्यम से सदैव जनता के बीच रहता है। जब दूसरे दल चुनाव के समय घर से निकलते हैं वहीं भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता कोरोना जैसी महामारी में भी अपनी जान की परवाह ना करते हुए जरूरतमंदों को भोजन, दवाएं और राशन का वितरण कर रहा था। इस समय से आजादी का अमृत महोत्सव चल रहा है और यह 15 अगस्त तक चलेगा जिसे शीर्ष नेतृत्व द्वारा बताए गए अनुसार हम सभी कार्यकर्ताओं को पूरी भव्यता व उत्साह से मनाना है। जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहाकि पार्टी केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार अपने अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यो के माध्यम से जन जन के हृदय में स्थान बना रही है उसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी का संगठन भी जनता के साथ निरंतर संपर्क एवं संवाद के माध्यम से जुड़ी हुयी है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता जनता के सुख दुख में सदैव शामिल रहा है यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी की लोकप्रियता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री



महंत योगी आदित्यनाथ की स्वीकार्यता और बढ़ी है। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारणी बैठक में पारित राजनेतिक प्रस्ताव, आर्थिक एवं गरीब कल्याण तथा तेलंगाना पर प्रेस वक्तव्य को पूर्व संजय कैराती पटेल, जिला महामंत्री दिवाकर शुक्ला तथा जिला मंत्री अनिल मिश्रा ने पढ़ा और उपस्थित कार्यकर्ताओ ने दोनों हाथ उठाकर ध्वनि मत से प्रस्ताव को अपना समर्थन दिया। इस दौरान वार्ड नं 8 के नामांकन कर्ता रणबीर सिंह, बलविंदर सिंह, वीरेंद्र शर्मा तथा सुभाष पाण्डेय ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री पुरुषोत्तम कौशल ने किया। बैठक में जिला महामंत्री प्रेम सिंह नायक, जिला उपाध्यक्ष पूजा पाण्डेय, दिनेश सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुभाष सत्या, प्रकाश चंद, जिला मंत्री प्रहलाद शुक्ला, अरुण पाण्डेय, दिनेश आर्या, जिला मीडिया प्रभारी संजू तिवारी, विनोद साहू, अनिल निषाद, विन्नु तिवारी, अटल बिहारी मिश्रा, गीता गुप्ता, सरिता सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रावस्ती में रेल कनेक्टिविटी का सपना जल्द होगा साकार, बिछेगी रेल लाइन

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती, हसमत हुसैन खान (दैनिक अयोध्या टाइम्स)

श्रावस्ती समेत पांच जिलों को जोड़ने वाली नई रेलवे लाइन का नक्शा तैयार हो गया है। दो जिलों में अधिग्रहीत जमीन का मसौदा जिला प्रशासन को सौंप दिया गया है। दो जिलों के बीच छह रेलवे स्टेशन व पांच हाल्ट स्थापना के लिए भी जगह चिंहित कर ली गई है। सोशल इंपेक्ट असेसमेंट यानि सामाजिक प्रभाव आकलन का काम भी लगभग शुरू हो चुका है।

केंद्रीय कैबिनेट ने अक्टूबर 2018 में प्रदेश के अति पिछड़े जिले श्रावस्ती के तीर्थाटन व पर्यटन की संभावनाओं के विकास को देखते हुए नई रेल लाइन बिछाने की मंजूरी दी थी। तत्कालीन रेलमंत्री पीयूष गोयल ने दो मार्च 2019 को खलीलाबाद– बहराइच वाया श्रावस्ती नई रेलवे लाइन का शिलान्यास किया था। केंद्र सरकार ने वर्तमान बजट में निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। पिछले बजट में भी 20 करोड़ रुपये बहराइच– श्रावस्ती रेल लाइन के लिए मिले थे।

गोरखपुर–बहराइच रेलमार्ग से संत कबीरनगर, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर होते हुए श्रावस्ती व बहराइच सहित पांच जिलों को जोड़ने वाले गोरखपुर– बहराइच रेलमार्ग का नक्शा भी तैयार हो गया है। बहराइच व श्रावस्ती के बीच कुल छोटे–बड़े छह रेलवे स्टेशन व पांच हाल्ट बनाने के मसौदे को भी अंतिम रूप दे दिया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के इस कदम से न केवल निर्धारित समय में श्रावस्ती में रेल कनेक्टिविटी का सपना साकार होगा, बल्कि बहराइच व श्रावस्ती के बीच रेल आवागमन का भी रास्ता साफ होगा। जिससे इन दोनों जिलों में पर्यटन व तीर्थाटन के साथ ही साथ रोजगार सृजन के अवसर भी बनेंगे।

### बहराइच व श्रावस्ती में बनने वाले स्टेशन

बहराइच। पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से जमीन अधिग्रहण के साथ ही आम आदमी की सहूलियतों को देखते हुए बहराइच व श्रावस्ती में 11 नए छोटे–बड़े रेलवे स्टेशन स्थापित करने का फैसला लिया गया है। जिसमें बहराइच, आजादपुर, धुसवा, बरदेहरा, हरिहरपुर, भिनगा, विशुनापुर, रामनगर, लक्ष्मनपुर, इकौना व श्रावस्ती में नए स्टेशन



प्रस्तावित किए गए हैं।

बहराइच– खलीलाबाद, श्रावस्ती समेत पांच जिलों में रेल कनेक्टिविटी का कार्य चल रहा है। लक्ष्य के आधार पर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो रही है। दो जिलों के बीच छह स्टेशन प्रस्तावित हैं। यह जानकारी पंकज कुमार सिंह, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे ने दी।

## दो शातिर ठग चढ़े पुलिस के हत्थे

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। पीड़िता हसीना बानो पुत्री स्व0 हसन अल निवासी कटरा चन्दना थाना कोतवाली नगर ने थाना कोतवाली नगर पर सूचना दिया कि वह भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम सट्टी बाजार में रूपये निकालने गई थी जहां से उनका एटीएम कार्ड अज्ञात ने धोखे से बदल लिया और उसके खाते से अलग–अलग एटीएम के माध्यम से 01 लाख 78 हजार रूपये निकाल लिये। उक्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मुकदमा दर्ज किया गया। घटना का सफल अनावरण करने व अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु स्वाट–सर्विलांस टीम व



कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास किया जा रहा था। और इसी क्रम में अभियुक्तगण 1. विजय कुमार सरोज पुत्र जगदम्बा प्रसाद निवासी कमालपुर थाना जामो जनपद अमेठी, 2. सोहनलाल उर्फ सोनू निषाद पुत्र स्व0 पांचू राम निवासी वंछरामपुर कोतवाली बीकापुर जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से विभिन्न बैंको के 118 एटीएम कार्ड, 6000/– रुपये नकद, एक पल्सर मोटरसाइकिल, एक चौन पीली धातु बरामद किया गया। पुलिस ने बताया की पूछताछ से प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण के पास लगभग सभी बैंको के डेबिट/एटीएम कार्ड प्राप्त हुए है। इनके द्वारा एटीएम मशीनों के पास रेकी की जाती थी और भोले–भाले लोगों से जिनको रूपये निकालने के सम्बन्ध में कम जानकारी होती थी,उन को निशाना बनाया जाता था। अभियुक्तगण द्वारा एटीएम से रूपये निकालने वालों में बुजुर्ग एवं एटीएम मशीनों के सम्बन्ध में कम जानकार लोगों की मदद करने के बहाने उनके पिन नम्बर को जान लेते थे और फ्राड कर उसी बैंक के एटीएम से बदल देते थे।इस तरह मिले एटीएम कार्ड और पिन नम्बर से कुछ दूर जाकर दूसरे एटीएम मशीन से उसके खाते से रूपये निकाल लेते थे।अभियुक्तगण द्वारा इस तरह की घटनाएं जनपद अयोध्या, सुलतानपुर, अमेठी, रायबरेली, बाराबंकी, गोण्डा, बहराइच आदि जनपदों में की गई है, जिनके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है। फिलहाल आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## मसौली में फिर चला बाबा का बुल्डोजर

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। मसौली नोटिस के बाद भी हाईवे के किनारे से अतिक्रमण न हटाने वाले प्रतिष्ठानों पर गुरुवार को मसौली चौराहे पर नेशनल हाईवे अथारिटी ऑफ इंडिया की जेसीबी चली और हाईवे को अतिक्रमण मुक्त किया गया बताते चले प्रदेश सरकार के निर्देश पर राष्ट्रीय एव राजमार्गो को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है बीते दिनो



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया था कि अवैध बस स्टैंड, पार्किंग बनाने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। वही हाईवे पर अवैध रूप से खड़े होने वाले ट्रकों के खिलाफ भी अभियान चलाया जाए और हाईवे किनारे की जमीन पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई करते हुए उसकी रिपोर्ट जल्द से जल्द उन्हें भेज दी जाए। इसके मद्देनजर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने 10 जून को मसौली चौराहे पर विशेष अभियान चला कर फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराया था इस दौरान नेशनल हाईवे अथारिटी ऑफ इंडिया की परिधि में आने वाले कई लोगों को नोटिस देकर स्वयं हटाने के लिए निर्देशित किया गया था परन्तु अतिक्रमण न हटाये जाने पर हाईवे के अभियंता प्रमोद कुमार यादव की अगुवाई में कई दुकानों पर जेसीबी चलवाकर अतिक्रमण मुक्त किया। वही हाईवे से सटाकर फल सब्जी लगाने वाले फुटकर विक्रेताओं को भी हटाया गया इस दौरान नेशनल अथॉरिटी आफ इंडिया के अधिकारी, कर्मचारी सहित स्थानीय पुलिस मौजूद रही।

## कोराव के छापर हरदौन पाल बस्ती में गृह स्वामी की हत्या, हत्यारों ने चाकू से गोद गोद कर की हत्या,घर का सामान भी उठा ले गए हत्यारे

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी
दैनिक अयोध्या टाइम्स

कोराव।प्रयागराज। कोरांव थाना इलाके के ग्राम छापर पाल बस्ती में एक गृह स्वामी भागीरथी पाल पुत्र फाल्गु पाल 65 वर्ष की निजी स्वार्थ के लूट पाट के चककर मे चाकुओं से गोद गोद कर हत्या कर दी गई।

बता दें कि मृतक भागीरथी पाल उर्फ मुखिया घर में अकेले बीती रात शो रहे थे। सुबह हत्या कांड की जानकारी लोगों को हुई तब पुलिस को सूचना मिली। घर के अंदर सामान वगैरह बिखरे हुए थे। आशंका है कि चोरों ने उक्त घटना को अंजाम दिया है। मृतक की पत्नी नहीं है। दो बहुएं हैं दो बेटे। दोनो बेटे और एक बहु बाहर काम करते हैं। एक बहु फूल कली पाल घर से १०० मीटर की दूरी पर अपने घर में थी। उसे भी सुबह जानकारी हुई।

चर्चा है इसके पूर्व भी दो तीन बार उक्त घटना को अंजाम देने की कोशिश हो चुकी है। घटना स्थल पर भारी संख्या में लोगों का जमावड़ा लगा रहा।लाश को पोस्ट मार्टम में भेजने के सीओ इंस्पेक्टर कोराव क्षेत्रीय ग्राम प्रधान गण काफी प्रयास किए किंतु मृतक के रिश्तेदार पुलिस सीओ मेजा अमिता सिंह,इंस्पेक्टर धीरेन्द्र सिंह और महिला पुरुष पुलिस बल से जबर जस्ती लाश छुड़ाने लगे। बवाल देख महिला सीओ ने ढेर सारी फोर्स बुला ली और एसएसपी को भी अवगत कराई साथ ही पुलिस ने व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर वीडीओ बनाकर कारवाई की तैयारी की तब जाकर लोग लाश ले जाने देने के लिए राजी हुए।

एसएसपी ने मौके वारदात पहुंच कर एसपी जमुनापार से खुलासा करने के लिए पुलिस अफसरों की टीम लगा दी है। घटनास्थल पर ग्रामीण आक्रोसित दिख रहे थे।

मौके पर अखिल भारतीय प्रधान संगठन के मंडल प्रयागराज मंत्री शहजादे ग्राम प्रधान और पत्रकार,लाल जी पाल निराला,रोहित पाल प्रधान राजेश तिवारी प्रधान पैंतीहा सद्दाम ,धर्मराज यादव,आदि कई आम जन मृतक के रिश्तेदार मौजूद रहे।

मौके पर एसडीएम कोरांव योगेंद सिंह एसपी जमूनापार सौरभ दीक्षित आदि मौजूद रहे बड़े अथक प्रयास के बावजूद लाश पोमां में गई। हत्या का मुकद्दमा मृतक के पोते द्वारा आशीष पाल ने अज्ञात में दर्ज कराया गया है। मौके पर कुत्ता खोजी फ्रिंगर एस्पर्ट की टीम ने भी जांच की। मृतक के शरीर पर कई जगह धार दार चाकू आदि से घोपने के निशन थे। मृतक के दो बेटे हैं जो गैर प्रांत हैं। एक बहु फूलकली पाल अपने मकान में सौ मीटर की दूरी पर घर में अपने बच्चों के साथ सो रही थी। सुबह जानकारी होने पर पुलिस और मीडिया जनों को सूचना ग्राम प्रधान ने दी।

एसएसपी ने एक बहु और पोते आसीस पाल से घटना से सबंधित कुछ हत्या के करण की संभावित जानकारियां ली और अगल बगल कुत्ते भेज कर तहकीकात कराई।



और मृतक के परिजनों को जो दोनो बेटे बाहर हैं उनसे वार्ता कर घटना का खुलासा किए जाने का आश्वाशन दिया।

चर्चा है की धन लूटने के चक्कर में उक्त घटना घटी।

# संक्षिप्त समाचार

### नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर आयोजित

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के 62 वी वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल,भिनगा के कमांडेंट रविंद्र कुमार राजेश्वरी के नेतृत्व में बाह्य सीमा चौकी क्षेत्र रानियापुर के प्राथमिक विद्यालय रानियापुर,मोतीपुर कला में ग्रामीणों के लिए निशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया स उक्त शिविर में डॉ अजीत कुमार उप कमांडेंट (चिकित्सा) द्वारा सीमावर्ती गांव रानियापुर, बंगोई, बन मसहा, एवम ठाठू पुरवा के कुल 105 ग्रामीणों को चिकित्सा परामर्श देते हुए निशुल्क दवाएं देकर लाभान्वित किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों व ग्रामीणों को हर घर मे झंडा अमृत महोत्सव अभियान ,स्वच्छता के बारे मे जानकारी दी गई। इस अवसर पर निरीक्षक( सामान्य ) चंद्र सेन, सहायक उपनिरीक्षक डी. रतंशी, सहायक उपनिरीक्षक (फार्मासिस्ट) जावेद अहमद, मुख्य आरक्षी राकेश यादव, आरक्षी नरसिंग, हरेंद्र कुमार,आरक्षी अतुल कुमार सहित विद्यालय के बच्चे और गांव की महिलाएं तथा पुरुष मौजूद रहे।



### बाबागंज मार्ग का होगा चौड़ीकरण,तैयारियां जोरों पर

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के तहसील क्षेत्र जमुनहा के अंतर्गत जमुनहा तहसील मुख्यालय के पास मल्हीपुर वैरियर चौराहे से होकर अनेकों भारी वाहन व हल्के मोटरयान बाबागंज होते हुए नानपारा व रुपईडीहा से नेपाल राष्ट्र को जाते हैं। उसी सड़क का टू लेन होना बेहद जरूरी है जिसके लिए पीडब्लूडी विभाग के जूनियर इंजीनियर विनोद प्रसाद व मेट शिव शंकर दयाल पाठक तथा विभाग के अन्य कर्मचारियों ने सड़क पर भारी वाहनों की गणना करके रिपोर्ट बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। गणना के अनुसार ज्ञात हुआ कि इस सड़क से होकर अधिकांश भारी वाहनों का आवागमन होता रहता है। जिस रोड का चौड़ीकरण होना अतिआवश्यक है। जिसके लिए 3 दिवस से लगातार लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी व कर्मचारी वाहनों की गणना में निरंतर प्रयास रत हैं। इस संबंध में जूनियर इंजीनियर विनोद प्रसाद से जानकारी लेने पर बताया गया कि भारी वाहनों की गणना की जा रही है तत्पश्चात जिले के उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट प्रेसित की जाएगी जिससे जल्द ही मार्ग का चौड़ीकरण कराकर आवागमन में हो रही कठिनाइयों से निजात दिलाई जाएगी।



### नेपाल राष्ट्र से अवैध भैसा/पडवा का मांस लाकर बेचना व पवित्र माह में शौहार्द बिगाडने वाले 02 अभियुक्तगिरफ्तार

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, थाना मल्हीपुर मय हमराह टीम मुखबिर की खास सूचना अभियुक्तगण मो0 लुकमान खान पुत्र कमाल मोहम्मद निवासी बनगई , जिबराइल पुत्र मरदान निवासी अकार पो0 कानीबोझी द्वार नेपाल राष्ट्र से अवैध भैसाध्पडवा का मांस लाकर भारत में बेचते है जिस कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त है व पवित्र माह में शौहार्द बिगड़ सकता है इस सूचना पर अभियुक्तगण उपरोक्त को ग्राम गजोबरी से गिरफ्तार कर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना मल्हीपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 316/2022 धारा 418,505(1सी) भा द वि में अभियोग पंजीकृत किया गया। इस दौरान गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, उ0नि0 वीपेन्द्र यादव, आ0 रोहित वर्मा,शोभित वर्मा, प्रवीण कुमार मौजूद रहे।



### जैविक खेती को बढ़ावा दें किसान

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) कौशल विकास एवं उदमिता मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत संचालित जन शिक्षण संस्थान श्रावस्ती में 15 जुलाई 2022 से 31 जुलाई 2022 तक जनपद के विभिन्न अंचलों में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम से भिन्न–भिन्न विषयों पर कार्यक्रम द्वारा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज धूम बोझी दुर्गा पुरवा में वर्मा कंपोस्ट उत्पादन तकनीकी जानकारी देते हुए संस्थान के सहायक कार्यक्रम अधिकारी लल्लू सिंह ने वर्मा कंपोस्ट उत्पादन उपयोग एवं इसकी महानता पर विस्तृत जानकारी देते हुए जल संचयन के विभिन्न विधियों की जानकारी दी। मौके पर ब्लाक टीवी चौंपियन साबिर हुसैन ने ग्रामीणों को टीवी के उपचार ध्बचाव के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान,क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं तमाम ग्रामीण किसान उपस्थित रहे।



### पुलिस ने कब्र से निकलवाई लड़की की लाश, हत्या या खुदकुशी पर सस्पेंस

नन्द कुमार गुप्ता। संदीप कुमार श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के थाना क्षेत्र सिरसिया के अंतर्गत ग्राम सभा सन्तलिया के मजरा बड़का धर्मनतापुर में संजय कुमार पुत्र स्वामी दयाल ने तहरीर दिया था की गावँ में एक लड़की ने आत्महत्या कर ली थी जिसको परिजनों द्वारा घर मे ही दफना दिया गया है। जिसके बाद पुलिस ने जिलाधिकारी से शव खोदवाये जाने की अनुमति प्राप्त करने के बाद उपजिलाधिकारी आशुतोष कुमार के नेतृत्व में शव को कब्र से निकलवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस द्वारा मृतक लड़की के भाई रमेश पुत्र उदय बहादुर के ऊपर मुकदमा संख्या 205/2022 धारा 306,201 अभियोग पंजीकृत किया गया है। दरअसल मामला लगभग 15 दिन पूर्व बताया जा रहा है,पुलिस जब मौके पर तफ्तीश करने गई तो वहां पता चला कि परिवार वाले रात को चोरी चुपके लड़की की लाश को कब्र में दफना दिए है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने घर जाकर उसके भाई रमेश से पूछताछ की।,घटना के बारे में पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मालूम चल पाएगा कि हत्या है या आत्महत्या। इस मौके पर उपजिलाधिकारी आशुतोष, थाना सिरसिया प्रभारी पंकज कुमार, उपनिरीक्षक पृथू यादव व आरक्षी नीलेश यादव, फॉरेंसिक टीम सहित भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लगी रही।



### 102 ग्राम अवैध मारफीन व एक मोटर साइकिल सहित चार अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स। बाराबंकी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत 20 जुलाई को थाना असन्द्रा पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1. अफसार पुत्र असगर अली 2. खुबेब पुत्र मो0 नसीम निवासीगण मोहल्ला हसनपुर वार्ड कस्बा व थाना सुबेहा 3. मो. रुकसार पुत्र मो. ताहिर निवासी मोहल्ला हवेली वार्ड कस्बा व थाना सुबेहा 4. रामधीरज शुक्ला पुत्र स्व. रामउजागर निवासी पूरे ऊंचे मजरे टाण्डा थाना असन्द्रा को मवईया टाण्डा मोड़ से गिरफ्तार किया गया। तलाशी में अभियुक्तगण के पास से कुल 102 ग्राम अवैध मारफीन व एक अदद मोटर साइकिल यूपी 41 बी 6709 बरामद कर थाना असन्द्रा पर एनडीपीएस एक्ट मुकदमा पंजीकृत किया गया ।

## अलाउद्दीन खां की पुण्यतिथि मनाई गयी

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता
देवरिया,भटनी । विकास खण्ड क्षेत्र के दरबारे मौला अली भटनी शरीफ में दलित, गरीब शोषितो की आवाज उठाने वाले स्व अलाउद्दीन खां की 14 वी पुण्यतिथि धुमधाम से मनायी गयी । इस अवसर पर कुरान खानी व मिलाद किया गया। किसान नेता बरषी पर मुसलाधार बारिश से खुशी जाहिर करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्व अलाउद्दीन खां गरीबों मजदूरों की आवाज थे।वह कभी हार नहीं मानी।दबे कुचलो के लिए वह हमेशा संघर्ष करते रहे। राजनीति में उनके न रहने से एक बहुत कमी महसूस हो रही है। उधर मुलायम चौराहा बलुआ अफगान में सत्य नारायण शर्मा के आवास पर अलाउद्दीन खां की पुण्यतिथि मनाई गई। सबसे पहले उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




इस दौरान अवसर पर अफरोज अलाउद्दीन, श्याम मनोहर गुप्ता, विरेन्द्र चौरसिया,दुधनाथ एडवोकेट, रामप्रकाश चौरसिया, हाफिज अब्दुल कादिर,नसीम अहमद , रामनाथ प्रसाद, अरबाज खान, डॉक्टर सत्य नारायण शर्मा, सचिन चौरसिया,नुर आलम खान,सोनू मदेशिया, प्रदीप चौरसिया,क्रषणचंद शर्मा,मंटू चौरसिया, आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रतिदिन स्कूल आने वाले बच्चों को स्टेशनरी दिया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता
देवरिया,भटनी। प्रा. वि बेलवा बाबू, मे श्शारदा योजना के तहत प्रतिदिन स्कूल आने वाले बच्चों को स्टेशनरी वितरित किया गया, इस अवसर उ.प्र.प्रा. शि.संघ भटनी के अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ल ने कहा कि इस स्टेशनरी से बच्चों के नियमित स्कूल आने व पठन पाठन मे मदद मिलेगी,स्टेशनरी पाकर बच्चे प्रफुल्लित थे।इस अवसर पर प्रा.वि बेलवा बाबू के प्रधानाध्यापक अवधेश रावत,स.अ राजीव निखर, रुस्तम भारती,अनिता गौतम,सुनिता, मंशा यादव आदि उपस्थित रहे।




## सीडीओ ने की सोशल आडिट कार्यक्रम की समीक्षा

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया
'देवरिया ' मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोशल आडिट कार्यक्रम/बा0सा0आ0रो 0प्रो०यो0 की समीक्षा गूगल मीट के माध्यम से की गई। इस दौरान वर्ष 2019–20 व 2021–22 में किये गये सोशल आडिट के दौरान पाये गये प्रकरणों की समीक्षा विकास खण्डवार किया गया।
समीक्षा के दौरान वर्ष 2019–20 में प्राप्त कुल प्रकरणो की संख्या 2554, वित्तीय अनियमितताधवित्तीय विचलन की धनराशि 32.43 लाख, वसूल की गयी धनराशि 5.28 लाख, निस्तारित प्रकरणों की संख्या 248 एवं अवशेष प्रकरणों की संख्या 2306 तथा वर्ष 2021–22 में प्राप्त कुल प्रकरणो की संख्या 2994, वित्तीय अनियमितताधवित्तीय विचलन की धनराशि 13.17 लाख, वसूल की गयी धनराशि रिक्त, निस्तारित प्रकरणों की संख्या 36 एवं अवशेष प्रकरणों की संख्या 2958 पाया गया। वित्तीय वर्ष 2019–2020 व 2021–2022 के वित्तीय प्रकरणों की समीक्षा में पाया गया की वित्तीय वर्ष 2021–2022 में 13.43 लाख के वसूली के सापेक्ष 0.56 लाख की वसूली करायी गयी है। इस सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी बैतालपुर द्वारा बताया गया की मु0 20301.00 की वसूली करा ली गयी है परन्तु अपलोड नहीं कराया जा सका है। खण्ड विकास अधिकारी देवरिया सदर, गौरीबाजार व तरकुलवा द्वारा अभी तक कोई वसूली नही की गयी है। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) विकास खण्ड देवरिया सदर, गौरीबाजार व तरकुलवा को वसूली न कराये जाने के सम्बंध में चेतावनी पत्र निर्गत किया गया तथा खण्ड विकास अधिकारी देवरिया सदर, गौरीबाजार व तरकुलवा को निर्देशित किया गया की वित्तीय प्रकरणों की धनराशि की शतप्रतिशत वसूली कराकर सम्बंधित हेड में जमा कराना सुनिश्चित करें।

## सड़को के निर्माण कार्य अपूर्ण पाए जाने पर सहायक/अवर अभियन्ता के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करने का दिया निर्देश

- सीडीओ ने की विकास कार्यक्रमों की समीक्षा

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया
देवरिया मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार द्वारा विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इस दौरान पाया गया कि 20 नई सड़को के सापेक्ष 9 तथा 8 चौड़ीकरण/ सुदृढीकरण के सापेक्ष 2 सड़को का निर्माण पूर्ण कराया गया है। पूर्ण सड़को की सूची प्राप्त कर खण्ड विकास अधिकारी व ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अवर अभियन्ता की टीम बनाकर जांच कराया गया है, जिसमें 3 सड़को का निर्माण अपूर्ण पाया गया तथा 2 सड़को की गुणवत्ता सामान्य पाई गई।
विकास खण्ड पथरदेवा में कोटवा मिश्र से हरी महुअवां प्रा०वि० होते हुए सुन्दरपुर के खलवां टोला मार्ग के नव निर्माण के कार्य में केवल जी–2 का कार्य पूर्ण पाया गया जी–3 एवं लेपन का कार्य नहीं कराया गया है। मझौली चुनकी सोहगरा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य में गांव के बीच में लगभग 200 मीटर विवाद के कारण नहीं हुआ है। शेष कार्य लगभग 8.30 किमी0 मौके पर पूर्ण पाया गया। राजस्व ग्राम सहजौर के मजरे उत्तर टोला सम्पर्क मार्ग ( 1.40 किमी0) का निर्माण कार्य व चुनकी– भाटपार रानी मार्ग से दोगारी राजमल सम्पर्क मार्ग ( 3. 00 किमी0) का निर्माण कार्य , साहोपार बैदौली एवं महदेवा टोला के बीच छोटी कड़ी (2.1 किमी0) का निर्माण कार्य में गुणवत्ता सामान्य पाई गई है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, लो०नि०वि० निर्माण खण्डध् प्रान्तीय खण्ड को सम्बन्धित सहायक ध् अवर अभियन्ता के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए तीन दिवस के अन्दर अवगत कराने के निर्देश दिये गये है अन्यथा अधिशासी अभियन्ता के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।

## राष्ट्रीय लोक दल पार्टी नें चलाया सदस्यता अभियान

दैनिक अयोध्या टाइम्स
बाराबंकी। तहसील राम सनेही घाट क्षेत्र अंतर्गत अहमदपुर चौराहा पर राष्ट्रीय लोक दल पार्टी से फैजाबाद प्रभारी राम सिंह पटेल व रमेश चंद्र चतुर्वेदी जिला बाराबंकी के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया जिनमें नए सदस्य बनाए जाने पर फूल मालाएं पहनाकर नए सदस्यो का सम्मान किया गया और जिले में मजबूत पार्टी तैयार करने की बात कही जिसमें हनुमान शरण राम बक्स प्रेम नाथ अवस्थी, महादेव रावत, रामकुमार एवं किसानों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया व सदस्यता ग्रहण की राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के आदेशानुसार अभियान चलाया गया इस मौके पर दर्जनों पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे ।



## सीडीओ ने की जल जीवन मिशन के योजनाओं की समीक्षा, धीमी प्रगति होने के कारण दो फर्मो को नोटिस जारी करने का दिया निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया
'देवरिया ' मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के योजनाओं की वर्चुअल माध्यम से समीक्षा की गयी, जिसमें अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मे० एल०सी० इन्फ्रा प्रा0लि0 216 नग परियोजनाओं का कार्य प्रारम्भ करा दिया है, जिसमें शिरोपरि जलाशय 74 नग का कार्य प्रगति पर है, 517 कि०मी० पाइप लाइन ग्राम पंचायतों में डाल दी गयी है व FHTC 10315 नग कनेक्शन कर दिये गये हैं एवं 12 डी०पी०आर० में संशोधन किया जाना था जो अभी तक लम्बित है एवं मे० गायत्री प्रोजेक्ट लि० द्वारा 144 नग परियोजना का कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें शिरोपरि जलाशय 16 नग का कार्य प्रगति पर है, 247 कि०मी० पाइप लाइन ग्राम पंचायतों में डाल दी गयी है व FHTC 4756 नग कनेक्शन कर दिये गये है व प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल कुमार यादव द्वारा 17 डी0पी0आर0 में संशोधनक करके अभी तक प्रस्तुत नहीं किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दोनो फर्मों के धीमी प्रगति होने के कारण कड़े निर्देश दिये गये कि वे अपने प्रगति को 10 दिवस के अन्दर बढ़ाये। जनपद देवरिया में कार्यरत 7 आई.एस.ए. (इम्प्लीमेन्ट सपोर्ट एजेन्सी) जिसमें कुमुद फाउण्डेशन आंवटित ग्राम पंचायतों की संख्या 114 है जबकि 80 ग्रामों में व मानव उत्थान के आवंटित ग्राम पंचायतों की संख्या 117 है जो कि 130 ग्रामों में खाते खुलवाये गये है जो कम ग्राम वासियों से केपेक्स एकाउण्ट कम होने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे बढ़ाने निर्देश दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा धीमी प्रगति होने के कारण दोनो फर्मों को अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) द्वारा नोटिस देने का निर्देश दिए गए।

## आधार नंबर एकत्रीकरण के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 अगस्त से चलेगा विशेष अभियान

- पूर्णतया स्वैच्छिक होगा आधार नंबर देना
- 7 अगस्त और 21 अगस्त को समस्त मतदेय स्थलों पर आयोजित होगा विशेष कैम्प




दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया
'देवरिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुँवर पंकज ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं से ऐच्छिक रूप से आधार नंबर का एकत्रीकरण किये जाने की कार्ययोजना बनायी गई है। आयोग से प्राप्त दिशानिर्देशों के क्रम में जनपद के प्रत्येक मतदेय स्थलों पर दिनांक 7 अगस्त एवं 21 अगस्त को मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नंबर उपलब्ध कराने के लिए जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा।
निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में शामिल सभी मतदाताओं से आधार नंबर एकत्र किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए अभियान 1 अगस्त से प्रारंभ होगा, जिसमें बीएलओ घर–घर भ्रमण करके मतदाताओं का आधार नंबर एकत्र करने के साथ ही आवेदन पत्र फॉर्म 6–बी भी जमा करेंगे। साथ ही मतदाताओं को अपना आधार नंबर उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित भी करेंगे। उन्होंने कहा कि उक्त के अतिरिक्त यदि विशेष कैंप के दिन कोई मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में शामिल, विलोपित अथवा संशोधित कराना चाहता है अथवा नयाध्संशोधित मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करना चाहता है तो उसे आयोग द्वारा नवीनतम फॉर्म 6, 7 व 8 उपलब्ध कराया जाएगा। संबंधित फार्म को भरने में उनकी सहायता भी की जाएगी।
उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आधार नंबर एकत्रीकरण पूर्णतया स्वैच्छिक है और इस आधार पर किसी का नाम मतदाता सूची से हटाया नहीं जाएगा। आधार नंबर की गोपनीयता बनाए रखी जाएगी और उसे किसी भी परिस्थिति में सार्वजनिक नहीं किया जाएगा।
उन्होंने मतदाताओं से निर्वाचन आयोग द्वारा प्रस्तावित अभियान के तहत अपना आधार नंबर देने का अनुरोध किया।

### वित्तीय वर्ष 2022-23 में चार तहसीलों में अभी तक एक भी पट्टा आवंटन न होने पर सीआरओ से स्पष्टीकरण तलब

## जवाबदेही के साथ कार्य करें राजस्व अधिकारी: डीएम

- कार्य में लापरवाही बरतने पर तहसीलदार रुद्रपुर को प्रतिकूल प्रविष्टि
- डीएम ने की राजस्व विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया
'देवरिया, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने देर सायं राजस्व विभाग के माह जून की मासिक प्रगति की गहन समीक्षा की। कार्य में लापरवाही मिलने पर डीएम ने तहसीलदार रुद्रपुर अभयराज को विशेष मध्यावधि प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2022–23 में चार तहसीलों में जून माह तक एक भी पट्टे का आवंटन न होने पर मुख्य राजस्व अधिकारी से गहरी नाराजगी व्यक्त की और स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने समस्त राजस्व अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप लोकहित में जवाबदेही के साथ काम करने का निर्देश दिया।
जिलाधिकारी ने राजस्व वादों के बड़ी संख्या में लंबित रहने पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आमजन राहत की आस में राजस्व कोर्ट में अर्जी देता है। उसे समय से न्याय उपलब्ध कराना चाहिए। समीक्षा में जून माह तक जनपद स्तरीय राजस्व न्यायालयों में कुल 3563 वाद लंबित मिले, जिसमें से 911 वाद 5 वर्ष से अधिक पुराने हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी रेवेन्यू कोर्ट से कोई केस किसी अन्य कोर्ट में ट्रांसफर हो तो उसकी पत्रावली पर अगली सुनवाई की तिथि अवश्य लिखी जाए जिससे न्यायालयों के आदेश की निरंतरता बनी रहे। डीएम ने तहसीलदार भाटपाररानी चंद्रशेखर वर्मा द्वारा बताए गए निस्तारित वादों की संख्या एवं पोर्टल पर अंकित वादों की संख्या में अंतर मिलने पर उन्हें स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया।
वित्तीय वर्ष 2022–23 में अभी तक रुद्रपुर, बरहज, सलेमपुर और भाटपाररानी में कृषि भूमि, आवास, मत्स्य पालन, कुम्हारी कला एवं वृक्षारोपण हेतु एक भी पट्टे का आवंटन न होने पर डीएम ने मुख्य राजस्व अधिकारी अमृत लाल बिंद से स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने कहा कि तीन माह बीत जाने के बाद भी पट्टों का आवंटन न होना कार्य में लापरवाही को स्पष्ट कर रहा है।
राजस्व वसूली में गत वर्ष की तुलना में आई गिरावट पर उन्होंने समस्त एसडीएम को वसूली प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया। जून 2021 की तुलना में जून 2022 में 20 प्रतिशत कम राजस्व की वसूली दर्ज की गई है। तहसीलदार रुद्रपुर द्वारा राजस्व वसूली में बरती गई लापरवाही के क्रम में जिलाधिकारी उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने प्रत्येक तहसील के 10 बड़े बकायेदारों को चिन्हित कर राजस्व वसूली करने का निर्देश दिया।मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत कुल 710 आवेदन स्वीकृत किए गए, जिसमें से 577 का भुगतान किया गया, 133 आवेदन लंबित है। जिलाधिकारी ने लंबित आवेदनों के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया।
बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) कुँवर पंकज, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नागेंद्र कुमार सिंह, सीआरओ अमृत लाल बिंद, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सलेमपुर गुँजन द्विवेदी, एसडीएम बरहज गजेंद्र सिंह, एसडीएम सदर सौरभ सिंह, एसडीएम रुद्रपुर संजीव उपाध्याय, एसडीएम भाटपाररानी अरुण कुमार, एसडीएम (न्यायिक) ध्रुव कुमार शुक्ला, एसडीएम (न्यायिक) मंजूर अहमद अंसारी सहित विभिन्न राजस्व अधिकारी मौजूद थे।



## त्योहारों को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

अमेठी/अमेठी , कोतवाली परिसर में आज मोहर्रम त्यौहार के मद्देनजर क्षेत्र में शान्तिपूर्ण व्यवस्था बनाये रखने के लिए ताजियादारों की बैठक बुलाई गई ।
बैठक की अध्यक्षता कर रही एस० डी एम मुसा० खाना साविता यादव की अध्यक्षता में थाना परिसर में जगदीशपुर क्षेत्र के ताजियादारों की बैठक हुई। जिसमें ताजिया दफन करने के स्थलों व अन्य कार्यक्रमों का जायजा लेते हुए बैठक के दौरान संज्ञान में लेते हुए उपस्थित ताजिया दारो को अवगत कराया। और कहा कि जुलूस के कार्यक्रमों को शान्ति पूर्ण ढंग से आयोजित करने की चेतावनी दी। सीओ अर्पित कपूर ने कहाँ की कोई भी शासन के ओदेशों का उलंघन करते पाया गया तो दण्डानात्मक कार्यवाही की जायेगी। अपने बक्तयो में कोतवाल अरूण कुमार द्विवेदी ने चेतावनी दी कि भाई चारे का पर्व जिसको हिन्दू मुस्लिम दोनो मनाते है।सावधानी पूर्वक सभी मिलकर मनाये। शासन प्रशासन के आदेशों को संज्ञान में रखते हुए बताई गई गाईड लाईन्स व मानक को ध्यान में रखते हुए त्यौहार मनाये।आदेशों का उलंघन होने पर गलती क्षम्य नही की जायेगी। थानाध्यक्ष द्वारा जोर दिया गया जिससे आपसी सौहार्द और भाईचारा को कहीं ठेस न पहुँचे। इसके लिए सभी ताजियादारों को विशेष हिदायत दी गई। इस मौके पर क्षेत्र के सभी ताजियादार उक्त मौके पर मौजूद रहे।





## डा.सतेन्द्र कुमार वर्मा ने मां सेवा संकल्प संस्थान के जरिए बुजुर्गो की सेवा का लिया प्रण

दैनिक अयोध्या टाइम्स
लखनऊ। बुजुर्गों की सेवा के लिऐ डॉ. सतेंद्र वर्मा ने किया प्रण, मां सेवा संकल्प संस्थान के माध्यम से करेंगे बुजुर्गों की सेवा स उल्लेखनीय हो की समाजसेवा के क्षेत्र में विख्यात डॉ. सतेंद्र कुमार वर्मा ने मां सेवा संकल्प संस्थान के जरिए बुजुर्गो की सेवा का करने का प्रण लिया है। इस संस्थान के द्वारा समाज में उपेक्षा का शिकार हुए बुजुर्गों की देखभाल,खानपान, वस्त्र आदि समस्त प्रकार की सुविधाएं उनके घर पर ही उपलब्ध कराई जाएगी। संस्थान के सदस्य बुजुर्गों के घर घर जाकर हरसंभव उनकी सेवा करने का प्रयास करेंगे। बातचीत के दौरान डॉ. सतेंद्र कुमार वर्मा ने बताया की समाज सेवा में उन्हे काफी समय से रुचि है। और वह जरूरतमंदों की हमेशा से ही मदद करते आएं हैं।मां सेवा संस्थान के विषय में पूछने पर उन्होंने बताया की समाज में अक्सर देखने को मिलता है की जवान बेटे बहू ने अपने बुर्जुग मां पिता को घर से निकाल दिया।वह बुढ़ापे में दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर होते हैं,अक्सर बुर्जुग स्टेशन, बस स्टैंड आदी स्थानों पर भिक्षा मांगते नजर आते हैं जबकि उनके घर में बेटा बहु,नाती पोते सहित सम्पूर्ण परिवार में हर प्रकार की सुविधाएं होती हैं किंतु अपने बूढ़े मां बाप को वह घर से बोझ समझकर निकाल देते हैं जिससे वह दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर होते हैं।यह सब देख देख कर मेरा हृदय करुणा से भर जाता था और तब मैंने इस विषय पर काफी गहराई से विचार किया और समाज में आगे भविष्य में इस प्रकार के मामले सामने न आएं इसके लिए हमने मां सेवा संस्थान के नाम से एक संस्था के जरिए एक छोटी सी पहल शुरू की। डॉ. सतेंद्र कुमार वर्मा ने के द्वारा संस्थान के माध्यम से बुजुर्गों की समस्त प्रकार की सेवाओं का निशुल्क पहुंचाने की अपने उपर जिम्मेदारी ली गई। और समाज में अपने ही बच्चों के लिए बोझ बने बुजुर्गो के लिए उनके ही घर पर खानपान, वस्त्र आदि व्यवस्थाये करने का फैसला किया गया है। डॉ. सतेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा की बड़ी ही बिडंबना की बात है की समाज में कुछ ऐसे लोग हैं जिन्हें मां बाप बोझ लगते हैं वह यह भूल जाते हैं की वह भी कभी बूढ़े होंगे और जो वह अपने मां बाप के साथ कर रहे हैं यही उनके साथ उनके बच्चे करेंगे। जिस मां ने अपने बच्चे को नौ माह कोख में रखा और आधी उम्र तक उसकी सेवा की पालपोस कर कमाने लायक बनाया और न जानें कितनी मुसीबते झेली, बाप ने पता नहीं किस प्रकार से पैसे कमाए और पढ़ाया लिखाया, वही बच्चे आज आपने मां बाप को बोझ समझकर उपेक्षित नजरो से देखते हैं। मेरा प्रयास है ऐसे समाज में उपेक्षित मां बाप की सेवा जरूर करेंगे। इस सम्बंध कोई भी डॉ. सतेन्द्र कुमार वर्मा के मोबाइल नम्बर 91 94552 52139 पर सम्पर्क कर सकते हैं। उनकी टीम में समाजसेवी सुधा मिश्रा,रूबी देवी, मुकेश श्रीवास्तव, दिलीप कुमार, निर्मल कुमार, चरण सिंह आदी लोग शामिल हैं।



# संक्षिप्त समाचार

## आकाशीय बिजली गिरने से प्रौढ़ की हुई मौत

अयोध्या टाईम्स ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अमेठी/गौरीगंज
मवेशी चराने गए प्रौढ़ की आकाशीय बिजली गिरने की वजह से मौत हो गई। सूचना पाते ही प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय के नेतृत्व में राजस्व टीम का दल पीड़ित के परिजनों के घर पर जाकर मिला, और उन्हें ढांढस बंधाया। तथा प्रशासन की ओर से हर सम्भव मदद दिलाए जाने का आश्वासन दिया। विदित हो कि कोतवाली गौरीगंज के पूरे फाजिल वासी बब्बन पुत्र बाबू खान उम्र 40 वर्ष बुधवार को जानवर चराने ले गए थे, अचानक हुई शाम को बारिश होने लगी, इस बीच आकाशीय बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आ गया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी राकेश कुमार व तहसीलदार दिग्विजय सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार के नेतृत्व में दल मौकास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनो को ढांढस बधाया तथा हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। हृदय विदारक घटित घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पांच लडकी और एक लड़का है। पुलिस ने शव का पंचनामा पोस्टमार्टम को भेज दिया।




## इच्छुक पूर्व सैनिक के आश्रित व दिवंगत निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु 10 अगस्त तक जमा करें आवेदन

रिपोर्ट अमेठी से एस० बी० यादव अमेठी। 21 जुलाई 2022, जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी ले0 कर्नल राजेश कुमार ने बताया कि जनपद के पूर्व सैनिक आश्रितोंधदिवंगत सैनिकों की पत्नियों एवं उनके आश्रितोंध्शहीद वीर नारियों एवं उनके आश्रितों को इन्फॉरमेशन टेक्नालॉजी प्रशिक्षण, एस0एस0बी0 कोचिंग, कम्प्यूटर फैशन डिजाइनिंग कोर्स तथा कम्प्यूटर टैली प्रशिक्षण निदेशालय सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास उ0प्र0 लखनऊ द्वारा निःशुल्क कराया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी के इच्छुक पूर्व सैनिक आश्रितधदिवंगत सैनिकों की पत्नियॉ एवं उनके आश्रितध्शहीद वीर नारियों एवं उनके आश्रित 10 अगस्त 2022 तक अपना प्रार्थना पत्र जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय गौरीगंज जनपद अमेठी में जमा कर सकते है।

## पुलिस परिवर्तन दल जनपद अमेठी ने भारी मात्रा में पकड़ी विद्युत चोरी

जगदीशपुर/अमेठी, औद्यौगिक क्षेत्र के अन्त्रगत पुलिस परिवर्तन दल जनपद अमेठी मै अवर अभियंता श्री राम रत्न प्रजापति हेड कांस्टेबल राज कुमार यादव ,श्री महेंद्र कुमार यादव ,उपखंड अधिकारी औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर व श्री अंजनी नंन्दन शरण ऐ ई मीटर ओधोगिक क्षेत्र जगदीशपुर मय खण्डिय टीम उपखंड जगदीशपुर जनपद अमेठी के द्वारा सुंयुक्त विधुत चोरी रोक थाम चेकिंग अभियान के दौरान विधुत चोरी पकड़ी गई । संयुक्त टीम ने संयुक्त विद्युत चोरी रोकथाम चेकिंग के दौरान निम्नलिखित चोरी पकड़ी गई।छापे के दौरान पकड़े गये अभियुक्तो में मो० अनीश पुत्र स्व० मो० यूसूफ निवासी स्थल एस०के० आईस प्लान्ट बी० 53 उतेलवा इंडसद्रीयल एरिया उतेलवा थाना कमरौली जगदीशपुर अमेठी,एल एम वी 06, 68 कि ० वाट परिसर पर स्थापितमुख्य विद्युत मीटर तथा पोल मीटर के अंन्दर आतिरिक्त शंट डिवाईस लगाकर विद्युत चोरी, व कौशर खान पुत्र अनवर खान निवासी संजीवनी आईस प्लान्ट , प्लाट नं0 9 ए उतेलवा इन्ड़स्ट्रियल
एरिया जगदीशपुर थाना कमरौली अमेठी,एल० एम वी 2, 9० के० वी० ए० विद्युत चोरी पकड़ी गई। बताया कि विद्युत चोरी काफी दिनों से की जा रही थी।

## बिजली चोरों के खिलाफ विद्युत विभाग ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी
अछनेरा–क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली चोरी पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए विद्युत विभाग टीम ने अब अपनी कमर कस ली है विद्युत विभाग अब दिन रात एक करते हुए ताबड़ तोड़ छापेमारी करते हुए बिजली चोरों पर कड़ी कार्यवाही कर रहा है साथ ही बिजली चोरी के मुकदमे दर्ज करा रहा है इसी क्रम में उपखंड के अंतर्गत उपखंड अधिकारी अछनेरा के निर्देशन में विद्युत उपकेंद्र अछनेरा में रात से लेकर सुबह तक बिजली चोरी रोको अभियान चलाया गया इस अभियान के तहत 32 लोग बिजली चोरी करते हुए पाए गए अछनेरा के गांव कचौरा में विद्युत उपकेंद्र पर सात लोग कटिया डालकर के विद्युत चोरी करते हुए पाए गए गांव साधन में नो लोग बिजली चोरी करते हुए पाए गए उपखंड के अंतर्गत चलाए गए विद्युत चोरी रोको अभियान के तहत कुल 48 व्यक्ति डायरेक्ट कटिया डालकर विद्युत चोरी कर रहे थे कुछ लोग मीटर बाईपास कर चोरी कर रहे थे सभी के खिलाफ एंटी थेफ्ट थाना कमला नगर में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।
इस दौरान–उपखण्ड अधिकारी रनवीर सिंह,अवर अभियंता विक्रम सिंह,गणेश बाबू,अजय सिसोदिया,और अन्य बिजली विभाग की टीम मौजूद रही।

## द्रोपती मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर आदिवासी समुदाय के लोगों में खुशी की लहर

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी
अछनेरा–राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए द्वारा समर्थित प्रत्याशी द्रोपदी मुर्मू जी के विजयी होने देश के इतिहास में पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति होने का गौरव प्राप्त किया इस मौके पर किरावली में गुरुवार को भाजपा नेताओं ने आदिवासी समाज के मोहल्ले मे जाकर बधाई दीं एवं मिष्ठान वितरण किया।
और आदिवासी समाज को सम्बोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष पवन इंदौलिया ने कहा कि ये देश के लिए गौरवशाली बात है कि आदिवासी महिला को देश का प्रथम नागरिक बनने का मौका मिला है। आदिवासी समाज के सुशील कुमार पूर्व एडिशनल कमिश्नर जीएसटी ,अशोक कुमार,गंगाराम,रोहित भोटिया,सुरेश चंद,मंगल,कन्हैया , सागर भोटिया,हरिशंकर, आशू, प्रेम सिंह, सुनील भोटिया,प्रहलाद कुमार ने आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाने पर भाजपा नेतृत्व का शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर हरिपाल सिंह इंदौलिया, कृष्ण मोहन राजपूत, दीवान सिंह आदि भाजपाई मौजूद रहे।



## व्यापार मंडल कंछल गुट ने केंद्रीय वित्तमंत्री को भेजा गया सात सूत्रीय ज्ञापन

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। गुरुवार को व्यापार मंडल (कंछल गुट) के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के दिशा निर्देशन पर जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल के नेतृत्व में जिले के व्यापारियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमन को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमे केंद्र सरकार से अभी हाल में ही आवश्यक वस्तुओं आटा, मैदा, बेसन, दूध, दही, पेपर, पेंसिल, एलीडी लाइट सहित अन्य वस्तुओं में की गई जीएसटी वृद्धि को वापस लिए जाने की मांग की गई।



ज्ञापन में कहा गया कि ऐसा पहली बार हुआ है कि खाने पीने की चीजों में जीएसटी वृद्धि की गई है। इससे जहां आम लोगों को मंहगाई की मार झेलनी पड़ेगी वहीं छोटे व गरीब तबके के व्यापारियों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ेगी। उनका व्यापार चौपट हो जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से व्यापार मंडल ने मांग किया कि व्यापारियों व आम लोगों का ख्याल रखते हुए इस जीएसटी वृद्धि को तुरंत वापस लिया जाए। जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने कहा कि उपरोक्त सभी मांगों को अगर जल्द पूरा किया जाए अन्यथा व्यापार मंडल सम्पूर्ण प्रदेश के गांव–गांव, बाजार–बाजार में इस कानून के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगा। उन्होंने भारत सरकार पर भरोसा जताते हुए कहा कि आशा एवं विश्वास है कि प्रधानमंत्री व वित्तमंत्री सभी मांगों को जल्द ही मानते हुए व्यापारियों के हित में निर्णय अवश्य करेंगें।

इस अवसर पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नारायण गुप्त, उपाध्यक्ष रवि अवस्थी, जिला महामंत्री रिजवान डियर, रामबाबू गुप्ता, खागा व्यापार मंडल अध्यक्ष अमिताभ शुक्ल, महामंत्री अनिल साहू, संरक्षक कमलेश बाजपेई, युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुपम शुक्ल, मंत्री अनुराग शुक्ल, शहर अध्यक्ष प्रमोद गुप्त, महामंत्री दीपक साहू, संगठन मंत्री मिंटू सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## भाकियू की बैठक में बिजली, पानी की छाई रही समस्या, विद्युत व्यवस्था ठीक न हुई तो होगा आंदोलन

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर समस्या के लिए संघर्ष करते रहें, संघर्ष से ही निदान होगा। यह बात गूरूवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने उपस्थित किसानों एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही।



नहर कालोनी के निरीक्षण भवन में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक बैठक अपरान्ह बारह बजे जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम की अध्यक्षता में शुरू हुई। बैठक में बड़ी संख्या में किसानों के साथ–साथ पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने उपस्थिति दर्ज कराई। किसानों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष बिजली एवं पानी की समस्या से अवगत कराया। सभी की समस्या सुनने के बाद श्री चौहान ने कहा कि संगठन समय–समय पर किसानों के हक की आवाज उठाता है। इसलिए संघर्ष का रास्ता अपनाएं तभी निदान संभव होगा। उन्होने कहा कि जिले में बिजली की अघोषित कटौती जमकर की जा रही है यदि विभाग नहीं चेता और विद्युत व्यवस्था पटरी पर न आई तो संगठन आंदोलन के लिए विवश हो जाएगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। उन्होने नहरों में पूरी क्षमता के साथ पानी छोड़े जाने की बात कही। जिससे किसान अपनी फसलों को तैयार कर सके। इस मौके पर राजेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह, सुरेंद्र सिंह, दीपक गुप्ता, महेंद्र सिंह भदौरिया, पुत्तन दुबे, नागेंद्र सिंह यादव, सोनी सिंह, उमेश सिंह, अंगद सिंह, ऊषा सिंह, रवी मौर्या, भुग्गन, अजय प्रजापति, लवकुश सिंह, छोअेलाल सोनकर, हिमांशु सिंह भी मौजूद रहे।

## हिंदी में शत-प्रतिशत अंक लाने वाली ज्योति को मिली साइकिल

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर । बिलंदा गांव स्थित ओपी यादव इंटर कालेज में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी के हाथों उपहार पाकर छात्र–छात्राओं के चेहरे खिल उठे। हिंदी विषय में शत–प्रतिशत अंक लाने वाली ज्योति को उपहार स्वरूप साइकिल भेंट की गई। जिससे उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय की स्वाती मौर्या, ज्योति देवी, नेहा देवी, पूनम देवी, रोशनलाल, लक्ष्मी, अनूप, अमित, शशी, किरन ने टाप–10 में जगह बनाई। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में विज्ञान वर्ग में अंजली देवी प्रथम रहीं। वहीं कला वर्ग में राधा देवी प्रथम व निराशा देवी द्वितीय स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी ने छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत कर



हौसला अफजाई की। विद्यालय प्रधानाचार्य अवधेश प्रताप सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। बच्चों को निरंतर प्रयास करने की सीख दी। सदर विधायक ने हाईस्कूल परीक्षा में छात्रा ज्योति देवी पुत्री जितेंद्र सिंह ने हिंदी विषय में शत–प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर साइकिल प्रदान की। विद्यालय के मेधावी सभी छात्रों का मुंह मीठा कराकर एवं माला पहनाकर मां हंसवाहिनी का प्रतीक चिन्ह एवं दीवार घड़ी प्रदान कर सम्मानित किया।

## पयर्टन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह 23 जुलाई को जनपद भ्रमण पर

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 21 जुलाई, पयर्टन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह दि. 23 जुलाई को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं। पयर्टन मंत्री प्रातः 09 बजे वी.एस. गेस्ट हाउस, पावर हाउस रोड पर पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित स्वागत कायर्क्रम में सम्मलित होंगे, प्रातः 10 बजे से शिविर कायार्लय, निकट रेलवे क्रांसिग करहल रोड में विगत माह हुयी जन–सुनवाई में दिये गये निदेर्शों की अनुपालन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करने के पश्चात जन समस्याएं सुनेंगे, अपरान्ह 01.30 बजे कृष्णा मैरिज होम स्टेशन रोड पर कैमिस्ट वैलफेयर एसोशिएसन के तत्वाधान में आयोजित वार्षिक बैठक व सम्मान समारोह में सम्मलित होंगे। अपरान्ह 02.15 बजे तापड़िया कोल्ड, अवध नगर में बीनू बंसल के आवास पर जायेंगे, अपरान्ह 03 बजे श्रीजी वाटिका मैरिज होम पुरानी कोतवाली के सामने नटराज होटल



संस्कृति एवं पयर्टन मंत्री

वाली गली में नागरिकों एवं व्यापारियों द्वारा आयोजित अभिनन्दन, पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मिलित होंगे, अपरान्ह 04 बजे राम जानकी मंदिर चौथियाना में पूजा–अचार्ना करेंगे एवं स्थानीय लोगों से भेंट करने के उपरांत 04.30 बजे सिरसागंज के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में श्रम विभाग की योजनाओ एवं उपकर की समीक्षा बैठक सम्पन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में श्रम विभाग की योजनाओ एवं उपकर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई ।

जिलाधिकारी ने कन्या विवाह सहायता योजनांतर्गत श्रमिक श्रीमती चन्दा पत्नी श्री प्यारे लाल ग्राम–ब्राह्मण तारा ब्लाक बहुवा को रु0 55 हजार, श्री पीर गुलाम पुत्र श्री लालमिया ग्राम पनकटा ब्लॉक बहुवा दो पुत्रियों के विवाह रु0 01 लाख, 10 हजार, श्रीमती देवी पत्नी श्री सूरज सिंह ग्राम चकदोस मोहकमवार ब्लाक हथगाम को रु0 55 हजार । श्रीमती रीतू देवी पत्नी स्व0 मनोज कुमार ग्राम मोधनपुर ब्लाक तेलियानी को निर्माण कामगार मर्त्यु दिव्यांगता एवं अक्षमता पेंशन योजना एवं अंत्योष्टि सहायता योजना में रु0 02 लाख 25 हजार एवं श्रीमती नीलम देवी पत्नी श्री पप्पू कुमार ग्राम रजीपुर ब्लाक हथगाम को मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के तहत रु0 48274 के स्वीकृत प्रमाण पत्र वितरित किया ।



उन्होंने निर्माण कामगार कन्या विवाह योजना, सन्त रविदास शिक्षा सहायता योजना, मेधावी छात्र पुरस्कार योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका योजना, निर्माण कामगार मृत्यु दिव्यांगता एवं अक्षमता पेंशन योजना एवं अंत्योष्टि सहायता योजना आदि योजनाओ की बिंदुवार समीक्षा की ।

उन्होंने सहायक श्रमायुक्त को निर्देश दिए कि योजनाओ का सत्यापन सचिवों से इसी माह–जुलाई में ही सत्यापन कराकर सूची उपलब्ध कराए और छूटे हुए ईंट भट्ठे, कार्यदायी संस्थाओं में कार्यरत कामगारों को सूची में सम्मिलित किया जाए और विभागोंध्कार्यदायी संस्थाओं को मेरी तरफ से पत्र प्रेषित किया जाए । तथा योजनाओ से संबंधित होर्डिंग बनवाकर कलेक्ट्रेट, तहसील, ब्लॉक, अस्पताल और स्कूलों में पम्पलेट के माध्यम से योजनाओ का प्रचार प्रसार किया जाए ताकि समाज के अंतिम पायदान के व्यक्तियों को योजनाओ की जानकारी हो सके और लाभ उठा सके । उन्होंने वर्ष 2022–23 में उक्त योजनाओ में आवेदन के सापेक्ष कार्यवाही करने के निर्देश दिए ।

सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि–

निर्माण कामगार कन्या विवाह योजना 2021–22 में 2820 आवेदन पत्रो के सापेक्ष 1249 लाभार्थियों को रु0 73250000 भुगतान किया गया।

सन्त रविदास शिक्षा सहायता योजना के तहत वर्ष 2021–22 में 8838 आवेदन पत्रों के सापेक्ष 4828 लाभार्थियों को रु0 12474250 भुगतान किया गया ।

मेधावी छात्र पुरस्कार योजना के तहत वर्ष 2021–22 में 1346 आवेदन पत्रो के सापेक्ष 1118 लाभार्थियों को रु0 3099400 भुगतान किया गया ।

मातृत्व शिशु एवं बालिका योजना के तहत वर्ष 2021–22 में 9526 आवेदन पत्रों के सापेक्ष 6853 लाभार्थियों को रु0 66873547 भुगतान किया गया ।

निर्माण कामगार मृत्यु दिव्यांगता एवं अक्षमता पेंशन योजना एवं अंत्योष्टि सहायता योजना वर्ष 2021–22 में प्राप्त आवेदन 1268 के सापेक्ष 815 लाभार्थियों को रु0 139230000 भुगतान किया गया ।

श्रमिको के कल्याणार्थ अनेक योजनाएं विभाग में संचालित है जिसका पंजीयन कराकर ज्यादा से ज्यादा लाभ ले । श्रमिक अपना आधार कार्ड व बैंक पास बुक की छायाप्रति के साथ लेकर जन सुविधा केन्द्र में जाकर ऑनलाइन कराये और निर्माण श्रमिक के रूप में गत 12 महीने में 90 दिनों तक का कार्य करने का स्वघोषणा सहित रु0 20 पंजीकरण शुल्क, रु0 20 एक वर्ष का अंशदान जमा करें ।

इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त श्री सुमित कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री एमपी चौबे, अधिशाषी अभियंता जल निगम, ईओ नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायत सहित श्रमिक उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों पर मना राष्ट्रीय कृमि मुक्तिदिवस

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर, । जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने कृमि मुक्ति की दवा खाकर अभियान का शुभारंभ किया। यह दवा 1 वर्ष से 19 वर्ष उम्र तक के सभी लोगों को खानी है। सीएमओ सुनील भारती ने बताया कि जिले में 12 लाख 27 हजार 100 बच्चों और किशोरों को कृमि मुक्ति की दवा यानी पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू हुआ है। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों और पंजीकृत स्कूलों, ईंट भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिकों और घुमन्तू लोगों को दवा खिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि किसी कारण आज जो बच्चे दवा नहीं खा पाए हैं उनको मॉपअप राउंड में खिलाई जाएगी। जनपद में मॉपअप राउंड 25 जुलाई से 27 जुलाई तक चलेगा। शिक्षक, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को यह दवा अपने सामने ही खिलाने के निर्देश हैं।



नोडल अधिकारी डॉ यूपी सिंह ने बताया कि कुछ खाकर ही यह दवा खानी है। तीन वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा पीसकर पिलानी है जबकि 3 वर्ष से ऊपर के बच्चों को यह दवा चबाकर खानी है। उन्होंने बताया कि पेट से कीड़े निकलने की दवा एल्बेन्डाजॉल बहुत ही स्वादिष्ट बनाने की कोशिश की जाती है। इससे बच्चे आसानी से खा लेते हैं। पहले यह दवा वनीला और मैंगो फ्लेवर में उपलब्ध थी जबकि इस बार यह स्ट्राबेरी फ्लेवर में मिल रही है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुमित्रा देवी ने बताया कि हम लोगों को दवा खिलाने के लिए प्रशिक्षित किया गया था। हम सब कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए दवा खिला रहे हैं। जो लोग दवा नहीं खा सके हैं, उनको मॉपअप राउंड में दवा खिलाने का प्रयास करेंगे। लाभार्थी पवन पटेल ने बताया कि मेरे बच्चे को आज उसके स्कूल में कृमि मुक्ति की दवा खिलाई गई है। दवा सेवन के दौरान और उसके बाद भी कोई दिक्कत नहीं हुई है।

क्यों खाएं दवा

फतेहपुर। डीसीपीएम धीरेंद्र वर्मा ने बताया कि बच्चे अक्सर कुछ भी उठाकर मुंह में डाल लेते हैं या फिर नंगे पांव ही संक्रमित स्थानों पर चले जाते हैं। इससे उनके पेट में कीड़े विकसित हो जाते हैं। इसलिए एल्बेन्डाजॉल खाने से यह कीड़े पेट से बाहर हो जाते हैं। अगर यह कीड़े पेट में मौजूद हैं तो बच्चे के आहार का पूरा पोषण कृमि हजम कर जाते हैं। इससे बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होने लगता है। बच्चा धीरे–धीरे खून की कमी (एनीमिया) समेत अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। कृमि से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए यह दवा एक बेहतर उपाय है। जिन बच्चों के पेट में पहले से कृमि होते हैं उन्हें कई बार कुछ हल्के प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं।

जैसे हल्का चक्कर, थोड़ी घबराहट, सिर दर्द, दस्त, पेट में दर्द, कमजोरी, मितली, उल्टी या भूख लगना। इससे घबराना नहीं है। दो से चार घंटे में स्वतः ही समाप्त हो जाती है। आवश्यकता पड़ने पर आशा या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मदद से चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि कृमि मुक्ति दवा बच्चे को कुपोषण, खून की कमी समेत कई प्रकार की दिक्कतों से बचाती है।

## जी.एस.टी. में पंजीकरण नहीं कराया है तत्काल जी.एस.टी. में पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें, पंजीकरण नहीं तो भुगतान नहीं :मुख्य विकास अधिकारी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 21 जुलाई, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार में जनपद के आहरण–वितरण अधिकारियों के साथ जी.एस.टी., टी.डी.एस. कटौती के संबंध में आयोजित बैठक में ऐसे अधिकारियों, जिन्होंने अभी तक जी.एस.टी. में पंजीकरण नहीं कराया है, को सचेत करते हुए कहा कि तत्काल जी.एस.टी. में पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें, जब तक पंजीकरण न हो जाए, तब तक किसी भी दशा में किसी भी फर्म को भुगतान न किया जाए, पंजीकरण के उपरांत फर्म को भुगतान करते समय प्रत्येक दशा में नियमानुसार टी.डी.एस. की कटौती की जाए और कटौती के उपरांत ऑनलाइन चालान जनरेट कर धनराशि को जमा कराया जाए, जी.एस. टी. आर–7 प्रत्येक दशा में जमा कराया जाए।



बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जानकारी करने पर पाया कि अभी जनपद की 549 ग्राम पंचायतों में से 461 ग्राम पंचायतों द्वारा ही जी.एस.टी. में पंजीकरण कराया गया है, जबकि विकास खंड बेवर, मैनपुरी, कुरावली का भी पंजीकरण नहीं हुआ है जिस पर उन्होंने संबंधित खंड विकास अधिकारियों, जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि तत्काल शेष ग्राम पंचायतों, विकास खंडों का जी.एस.टी. में पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें, जब तक पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण हो, तब तक किसी भी ठेकेदार, क्रय की गई सामग्री का भुगतान न किया जाए। उन्होंने कहा कि जी.एस.टी. एक्ट के अधिनियम–51 के अंतगर्त किसी भी फर्म, संस्था को क्रय सामान का भुगतान करने पर टी. डी.एस. की कटौती अनिवार्य रूप से की जानी है, टी.डी.एस. की कटौती नियमानुसार न करने पर संबंधित आहरण–वितरण अधिकारी की जिम्मेदारी तय होगी और उस पर अधिकतम रू.10 हजार तक का जुमार्ना लगाए जाने का प्राविधान है साथ ही टी. डी.एस. की कटौती की धनराशि भी उसके वेतन से जमा करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी आहरण–वितरण अधिकारी बिना जी. एस.टी. में पंजीकरण कराए टी.डी.एस. की कटौती नहीं करेगा, जी.एस.टी. में पंजीकरण के उपरांत ही टी.डी.एस. की कटौती नियमानुसार की जा सकेगी और कटौती के उपरांत 10 दिन में जी. एस.टी.आर.–7 जमा करना होगा।

उपायुक्त राज्य कर उत्तम कुमार तिवारी ने जी.एस.टी. के अंतगर्त टी.डी.एस. (पंजीयन) लेने, किए गए भुगतान पर टी.डी.एस. कटौती एवं तत्पश्चात जी. एस.टी.आर.–7 दाखिल करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए समस्त आहरण–वितरण अधिकारियों विशेषतौर पर नगर निकाय, जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत के अधिकारियों से कहा कि अभी तक जिनके द्वारा टी.डी.एस. में अपना पंजीयन नहीं कराया है, वह तत्काल विभागीय बेवसाइट http://gst.gov.in पर पंजीकरण हेतु संबंधित अधिकारी का पैन नंबर, आधार, मोबाइल नंबर, ई–मेल आईडी तथा विभाग के पैन नंबर की आवश्यकता होगी।

उपायुक्त राज्य कर ने बताया कि किसी भी फर्म को पूरे वित्तीय वर्ष में ढाई लाख रु. की नेट वैल्यू पर 01 प्रतिशत जी.एस. टी. एवं 01 प्रतिशत सी.जी.एस.टी. की कटौती अनिवार्य रूप से कर टी.डी.एस. कटौती के बाद ऑनलाइन चालान जनरेट करना होगा और कटौती के 10 दिन के अंदर उसका विवरण भी ऑनलाइन दशर्ना होगा। उन्होंने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी ने टी.डी.एस. की कटौती नियमानुसार न किए जाने पर बैठक में असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया है कि सभी विभागों का प्राथमिकता पर जी.एस.टी. में पंजीकरण कराया जाए, जी.एस.टी. एक्ट 2017 में टी.डी.एस. कटौती का प्राविधान धारा–51 के अंतगर्त किया गया है, जो केंद्रीय अधिसूचना से प्रभावी है, जीएसटी अधिनियम की धारा–24 (टप) के अंतगर्त टी.डी.एस. कटौती के जिस उत्तरदायी संस्था, व्यक्ति के लिए पंजीकरण किया गया है साथ ही जिस माह में कटौती की गई है उसके अगले महीने की 10 तारीख तक की गई टी. डी.एस. कटौती का विवरण जी.एस.टी. आर.–7 पोटर्ल पर ऑनलाइन दाखिल किया जाना अनिवार्य होगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, अपर आयुक्त राज्य कर वी.के. राय, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, संयुक्त आयुक्त कार्यपालक हीरालाल, संयुक्त आयुक्त वि.अनु.शा. श्याम प्रसाद, वरिष्ठ कोषाधिकारी श्यामलाल जायसवाल, सहायक आयुक्त राज्य कर ओम प्रकाश, अरविन्द कुमार, राज्य कर अधिकारी सुनील कुमार, भंवर सिंह, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. के.के. सिंह सहित समस्त आहरण–वितरण अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय नगला धरम का किया औचक निरीक्षण विद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर किया असंतोष व्यक्त,प्रधानाध्यापक को दिए निर्देश

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 21 जुलाई, जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय नगला धरम के औचक निरीक्षण के दौरान विद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर असंतोष व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार को आदेशित करते हुए कहा कि ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित कर ऑपरेशन कायाकल्प के अंतगर्त विद्यालयों का सुदृढीकरण कराएं, परिसर में मिट्टी का भराव कराया जाए ताकि जल–भराव की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने विद्यालय परिसर में बने शौचालय में व्याप्त गंदगी पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल मरम्मत कराकर सफाई कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होने निरीक्षण के दौरान पाया कि विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक जुलाई 2007 से विद्यालय में कार्यर्त हैं, प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय में शैक्षिक स्तर सुधार हेतु कोई कार्य नहीं किया गया है और



नाहीं विद्यालय रख–रखाव हेतु कोई प्रभावी पहल की गयी है, बच्चों के पंजीकरण, पंजीकृत बच्चों के प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है, विद्यालय में जो 09 बच्चे उपस्थित थे, उनमे से एक भी बच्चा ड्रेस पहने हुए नहीं था, जिससे प्रतीत होता है कि प्रधानाध्यापक द्वारा अपने पदीय दायित्वों के निवर्हन में लापरवाही बरती जा रही है। श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान जानकारी करने पर पाया कि विद्यालय में पंजीकृत 19 छात्रों को शिक्षा प्रदान करने के लिए 02 शिक्षक, 02 शिक्षामित्र तैनात हैं, जिसमें से मौके पर प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार, सुशीला देवी उपस्थित पायी गईं, रश्मि गुप्ता को आकस्मिक अवकाश पर तथा विधा निधि को चिकित्सा अवकाश पर बताया गया, विद्यालय में पंजीकृत 19 छात्रों के सापेक्ष मात्र 09 छात्र उपस्थित पाये गये, कक्षा–01 में 04, कक्षा–02 में 02, कक्षा 03 में 05, कक्षा 04 में 05 तथा कक्षा 05 में 03 छात्र पंजीकृत है, आज मध्यान्ह भोजन में छात्रों को दाल–रोटी खिलायी गई, निरीक्षण के दौरान रसोईया गिरजा देवी विद्यालय में उपस्थित नहीं पायी गई, निरीक्षण के दौरान गांव के संत शरण ने बताया कि विद्यालय में शैक्षिक वातावरण न होने, शिक्षकों द्वारा बच्चों को ढंग से न पढ़ाये जाने के कारण उन्हें अपने बच्चे को रू. 500 प्रतिमाह व्यय कर प्राइवेट विद्यालय में पढ़वाना पड़ रहा है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित उप जिलाधिकारी करहल, खंड विकास अधिकारी करहल को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान जहां भी परिषदीय विद्यालय मिलें, उसका निरीक्षण अवश्य करें और निरीक्षण नोट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सुधार हो, पंजीकृत सभी बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आयें, इसके लिए सभी अधिकारी सम्मलित रूप से प्रयास करें।

# संक्षिप्त समाचार

### आमजन को जल की बबार्दी रोकने के लिए जागरूक किया जाए, लगातार भू-गर्भ जल दोहन के कारण भूग गर्भ जल का स्तर निरंतर घट रहा है जिसके कारण कई क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की समस्या हुई उत्पन्नःजिलाधिकारी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ। मैनपुरी 21 जुलाई,जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने 16 जुलाई से 22 जुलाई के मध्य आयोजित होने वाले भू–जल सप्ताह के दौरान अब तक आयोजित गतिविधियों, कायर्वाहियों की समीक्षा के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय



निरीक्षक, खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के प्रत्येक माध्यमिक, पूव माध्यमिक, इंटर कॉलेज, महाविद्यालयों में छात्र–छात्राओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार कायर्क्रम आयोजित कराए जाएं, विशेषकर अति दोहित बरनाहल क्षेत्र में जल संरक्षण, जल संचयन के लिए प्रभावी कायर्वाही की जाए, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी क्रिटिकल ब्लॉक बरनाहल में वनीकरण का कार्य कराकर वहां वन क्षेत्र विकसित करें, प्रत्येक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के साथ सोखपिट बनवाए जाएं ताकि गिरते भू–गभर्जलस्तर को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि स्कूलों में छात्र–छात्राओं के मध्य जल संचयन–जल बचाओ पर आधारित निबंध, पोस्टर, वाद–विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाए, स्कूली छात्र–छात्राओं के माध्यम से आमजन को जल की बबार्दी रोकने के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि लगातार भू–गभर्जल दोहन के कारण भूगभर्जल का स्तर निरंतर घट रहा है जिसके कारण कई क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है यदि यही हाल रहा तो भविष्य में ज्यादातर लोगों के सामने पीने के पानी का संकट होगा।

श्री सिंह ने कहा कि भू–गभर्जल के उपयोग में लगातार वृद्धि एवं गिरते भू जल स्तर तथा उस पर आसन्न संकट को दृष्टिगत रखते हुये जन सामान्य में जल संरक्षण, जल प्रबन्धन कम से कम जल की बबार्दी, अत्याधिक जल दोहन के प्रति जागरूक किया जाये, जन सामान्य विशेषतौर पर कृषकों के मध्य खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में संरक्षित करने का संदेश पहुंचाया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.पी.पी. सिंह, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी एस.एन. मौर्य, परियोजना निदेशक डीआरडीए के.के. सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक अभियंता लघु सिंचाई आदि उपस्थित रहे।

### 27 जुलाई को जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ। मैनपुरी 21 जुलाई, अग्रणी जिला प्रबन्धक अनिल प्रकाश तिवारी ने बताया कि जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक दि. 27 जुलाई को अपरान्ह 04 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित होगी। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों से बैठक में समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

### नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले दो जालसाजों को किया पुलिस ने गिरफ्तार, एयरपोर्ट पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर कई युवाओं को बनया ठगी का शिकार

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ। मैनपुरी में पुलिस ने नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने एयरपोर्ट पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर कई युवाओं को ठगी का शिकार बनाया है। एसपी ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। आपराधिक इतिहास में कई अन्य घटनाएं भी



शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों को बृहस्पतिवार को न्यायालय में पेश किया गया। एसपी कमलेश दीक्षित ने बताया कि सदर कोतवाली में बालाजी पुरम निवासी हर्ष आर्य से एयरपोर्ट पर नौकरी लगवाने के नाम पर 1.62 लाख रुपये की ठगी की गई थी। इसके अलावा कुश गुप्ता व कई अन्य लोगों के साथ नौकरी के नाम पर ठगी की शिकायतें मिली थीं। एसपी ने इंस्पेक्टर कोतवालीध्साइबर सेल प्रभारी विक्रम सिंह को खुलासे और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी को निर्देशित किया था। बृहस्पतिवार को इंस्पेक्टर ने एक सूचना पर देवी रोड बाईपास से ठगी करने वाले दो जालसाज आयुष कुमार और रमेश कुमार निवासी गांव छाछा थाना भोगांव को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि आरोपी नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं को निशाना बनाते थे। उन्हें नौकरी दिलाने का लालच देकर रुपये ठगते थे, फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भी उपलब्ध कराते थे। आरोपियों के कब्जा से ठगी के 34 हजार रुपये भी बरामद हुए।इंस्पेक्टर कोतवाली विक्रम सिंह ने बताया कि पकड़े गए जालसाज आयुष ने बताया कि वह अपने साथी शुभम भारती निवासी दीवानी रोड, आशीष निवासी हंस नगर के साथ मिलकर एयरपोर्ट के ग्राउंड स्टाफ में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करते थे।

ठगी का कुछ रुपये आयुष ने अपने पिता रमेश के खाता में भी डलवाया था। शुभम द्वारा विजय राठौर नाम का अधिकारी बनकर कई लोगों का फर्जी साक्षात्कार भी लिया गया है।

### जिलाधिकारी ने विकास खंड करहल के नगला धरम में निमार्णाधीन गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया

- निमार्णाधीन इमारत में लगने वाले मसले व ईट को लेकर ठेकेदार की लगी फटकार
- ठेकेदार की तुरंत एक नम्बर की ईंट लगाने के दिये निर्देश


मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ ।मैनपुरी 21 जुलाई, 2022– जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने विकास खंड करहल की ग्राम पंचायत इज्जतपुर खजुरिया के नगला धरम में रू. 01 करोड़, 20 लाख की लागत से 400 पशु क्षमता की निमार्णाधीन गौशाला का स्थलीय निरीक्षण करते हुए मौके पर उपस्थित कायर्दायी संस्था के सहायक अभियंता को हिदायत देते हुए कहा कि निमार्ण कार्य मे मानकों की अनदेखी की गई है, प्लास्टर से लेकर बीम की गुणवत्ता बेहद खराब है, प्रयोग की जा रही ईटें भी दोयम दर्जे की है, जहां–जहां निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पाई गई हैं, उसे 01 सप्ताह में ठीक कराया जाए, दोयम दर्जे की ईटें हटवाकर अब्बल दर्जे की ईंटों का प्रयोग किया जाएं यदि कार्य की गुणवत्ता न सुधरी तो कायर्दायी संस्था के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही होगी। उन्होंने ठेकेदार को नसीहत देते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, संरक्षित पशु हेतु हरा चारा खाने के लिए बनाई जा रही नांदो की ऊंचाई को बढ़ाया जाए। जानकारी करने पर पाया कि 01 हेक्टेयर क्षेत्रफल में निमार्णाधीन वृहद गौ–संरक्षण केंद्र में 100–100 पशु क्षमता के 04 शैड, एक भूसा घर, ऑफिस, पशुओं को पानी की उपलब्धता हेतु ट्यूबवेल का कार्य कराया जा रहा है, गौशाला मे बाउंड्रीवॉल हेतु बजट का प्राविधान नहीं है, इस पर उन्होंने कायर्दायी संस्था के सहायक अभियंता के साथ–साथ ग्राम प्रधान को आदेशित करते हुए कहा कि आपस में समन्वय स्थापित कर गौशाला की बाउंड्रीवॉल का कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने उप जिलाधिकारी करहल को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला के समीप स्थित पशुचर की 02 एकड़ भूमि की तत्काल पैमाइश कराकर जहां–जहां अनाधिकृत कब्जे हैं, उन्हें हटवाया जाए और वहां पर गौशाला में संरक्षित पशुओं के लिए हरे चारे की बुवाई कराई जाए, खंड विकास अधिकारी तत्काल गौशाला तक जाने वाले मार्ग को ठीक कराने की व्यवस्था करें।



# सुराज्य हिन्दू राष्ट्र हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हम इसे लेकर रहेंगे

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा ।स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मै इसे लेकर रहूँगाष का उद्घोष देने वाले हिंदकेसरी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जयंती 23 जुलाई को है। अंग्रेजों की सत्ता होते हुए भी भारत भूमि के उद्धार के लिए दिन–रात चिंता करने वाले और अपने तन, मन, धन एवं प्राण राष्ट्रहित में अर्पण करनेवाले कुछ नररत्नों में उनका नाम सदैव आदर से लिया जाता रहेगा। तत्त्वचिंतक, गणितज्ञ, धर्मप्रवर्तक, विधितज्ञ आदि विविध कारणों से उनका नाम संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध है । स्वतंत्रता पूर्व काल में लोकमान्य जी के निश्चयी तथा जाज्वल्य नेतृत्व गुणों से ओतप्रोत उनकी पत्रकारिता वैचारिक




आंदोलन के लिए कारणीभूत हुई । स्वतंत्रता के पश्चात् इस देश की दुरावस्था रोकने हेतु आज एक और ऐसे ही वैचारिक आंदोलन की आवश्यकता है । आज यदि वे जीवित होते तो आज की अवस्था देखकर निश्चित ही वे अपना नया उद्घोष ष्सुराज्य (हिन्दू राष्ट्र) हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हम इसे लेकर रहेंगे!ष यह देते ।

इस लेख के माध्यम से हम उनके विशेष गुणों के बारे में जानने का प्रयास करते हैं।

1879 में एल.एल.बी.की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद समाज को जागृत करना, नए युग के प्रकाश किरणों से जनता का जीवन तेजोमय करना और समाजमन में नयी आकांक्षाएं निर्माण कर उन्हें कार्यान्वित करना जिससे एक स्वाभिमानी तथा बलशाली समाज बने, इसी उद्देश्य से विचार मंथन कर उन्होंने मराठी भाषा में 'केसरी' एवं अंग्रेजी भाषा में 'मराठा' यह दो समाचार पत्रिका निकालने का निर्णय लिया ।

पत्रकारिता के गुणधर्म – केसरी का स्वरूप कैसे होगा, यह स्पष्ट करते हुए उन्होंने लिखा था दृ ''केसरी निर्भयता एवं निःपक्षतासे सर्व प्रश्नों की चर्चा करेगा । ब्रिटिश शासन की चापलूसी (खुशामद) करने की जो बढती प्रवृत्ति आज दिखाई देती है, वह राष्ट्रहित में नहीं हैं । 'केसरी' के लेख केसरी (सिंह) इस नाम को सार्थक करने वाले होंगे ।

निर्भीक पत्रकारिता के उपहार स्वरुप मिली यातनाएं – कोल्हापुर संस्थान के राज प्रबंधक बर्वे के माध्यम से ब्रिटिश शासन छत्रपति शाहू महाराज से छल कर रहा है । यह जानकारी उन्हें मिलते ही केसरी में आरोप करने वाला लेख प्रसिद्ध हुआ कि श्री. बर्वे कोल्हापुर के महाराज के विरुद्ध षडयंत्र रच रहे हैं । बर्वे ने उस लेख के विरोध में केसरी पर अभियोग चलाया । उसमें तिलक एवं आगरकर जी को चार मास का कारावास हुआ । इस प्रथम कारावास से उन्हें राजकीय कार्य की आवश्यकता तीव्रता से लगने लगी । कारावास से मुक्त होते हुए, उन्होंने एक अलग ही निर्णय लिया और अपना राजनैतिक कार्य क्षेत्र निश्चित्त किया । 'केसरी' एवं 'मराठा' इन वृत्तपत्रों के संपादक के नाते कार्यारंभ किया ।

तिलक जी की पत्रकारिता का आधार – ईश्वर निष्ठा – जिस समय ज्यूरी ने उन्हें 'दोषी' ठहराया, उस समय न्यायाधीश दावर ने उनको पूछा, 'आपको कुछ कहना है ?' तब वे खडे होकर बोले दृ ''ज्यूरीने यदि मुझे दोषी माना है, तो कोई बात नहींय परंतु मैं अपराधी नहीं हूं । इस नश्वर संसार का नियंत्रण करनेवाले न्यायालय से वरिष्ठ भी एक शक्ति है । कदाचित यही ईश्वरकी इच्छा होगी कि, मुझे दंड मिले और मेरे दंड भुगतने से ही मेरे अंगीकृत कार्य को गति मिले ।''

धर्मनिष्ठ तिलक रू स्वामी विवेकानंद जी के संबंध में 8 जुलाई 1902 के 'केसरी' के मृत्युलेख में उन्होंने कहा था, ''हमारे पास यदि कुछ महत्त्वपूर्ण धरोहर है, तो वह है, हमारा धर्म ! हमारा वैभव, हमारी स्वतंत्रता, सर्व नष्ट हो चुका हैय परंतु हमारा धर्म आज भी हमारे पास शेष है और वह भी ऐसा–वैसा नहीं, इन कथित सुधारित राष्ट्रों की कसौटी में आज भी स्पष्ट रूप से खरा–खरा उतरता है। उन्होंने अपनी पैतृक संपत्ति में से कुछ अंश देकर अपने कुलदेवता 'लक्ष्मी– केशव' मंदिर के जीर्णोद्धार में सहायता की थी और अंत में अपने मृत्यु पत्र द्वारा कोंकण की पैतृक संपत्ति अपने कुलदेवता के श्री चरणों में अर्पण की ।

ऐसे महान धर्मनिष्ठ व्यक्तित्व को बारम्बार नमन तथा उनकी जयंती पर हम उनसे प्रेरणा लेकर धर्म मार्ग पर चलते हुए हिन्दुराष्ट्र स्थापना के कार्य में आगे बढ़ते रहे ऐसी ईश्वर से प्रार्थना है ।(श्री सुरेश मुंजाल, हिन्दू जनजागृति समिति)

## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी को बिना वजह ईडी दफ्तर में बुलाकर परेशान करना यह बीजेपी सरकार की नाकामियों की पहचान है:चौधरी भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट मथुरा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा । भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी को बिना वजह ईडी दफ्तर में बुलाकर परेशान करना और बार–बार झूठे केस लगा कर विपक्ष की आवाज को दबाने का कार्य कर रही केंद्र की मोदी सरकार अपनी हठधर्मिता और बदले की भावना से विपक्ष को दबा रही है, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी के समर्थन में बेतहाशा खाद्य पदार्थों पर महंगाई अब तो हद कर दी दूध और दही तक पर टैक्स लगा दिया गया क्या जनता इन्हें चुनकर दोबारा भेजेगी, देश में समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा सरकार ओछी हरकतों पर उतारू है आज अग्निपथ योजना का युवा विरोध कर रहे हैं लेकिन केंद्र में बैठी भारतीय जनता पार्टी की यह गूंगी बहरी सरकार ना किसानों की सुनती है ना युवाओं की सुनती है



जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा तथा जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी , आज प्रातः दिल्ली में 24 अकबर रोड कांग्रेस कार्यालय पर पहुंचे, भारत वर्ष से आए हुए सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ शांति पूर्ण समर्थन करते हुए पाटी कार्यालय पर अपनी पार्टी अध्यक्षा के समर्थन करने पहुंचे तो मोदी सरकार के इशारे पर दिल्ली पुलिस ने कागज के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को साथ अभद्रता की तथा धक्का–मुक्की करते हुए कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की जब कार्यकर्ताओं का उत्साह कम नहीं हुआ तो सभी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया गिरफ्तार करने के बाद मंदिर मार्ग थाने पर बंदी कक्ष में रखा गया मथुरा जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब केंद्र की मोदी सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी क्योंकि इन्होंने मौन साध रखा है आंखें बंद कर ली हैं रोजगार विहीन समाज खड़ा हो रहा है, युवाओं को रोजगार नहीं है किसानों को पानी नहीं है खाद बीज नहीं है मध्यम वर्ग के लिए महंगाई की मार पड़ रही है, ना बेरोजगारों की सुनती है न पब्लिक की सुनती है एकदम गूंगे और बहरे होकर अपने स्वार्थ में अंधे और देश के केवल दो ही व्यापारियों के आगे बढ़ाने का काम कर रही है हम मांग करते हैं केंद्र सरकार जानबूझकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय महासचिव तथा अन्य नेताओं को जानबूझकर ईडी के द्वारा सीबीआई के द्वारा तथा झूठे मुकदमे लगा कर परेशान करने की कोशिश कर रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस का कार्यकर्ता इस भाजपा के दबाव में नहीं आएगा अब भाजपा को कांग्रेस पार्टी सड़कों पर जवाब देगी भाजपा अपनी ओछी हरकतों से बाज आए अन्यथाअन्यथा पूरे देश में कांग्रेसी आंदोलन करेगी जिला अध्यक्ष भगवान शिव वर्मा के साथ अश्विनी शर्मा एडवोकेट शाहरुख खान एडवोकेट प्रतीक वर्मा रामदेव सोलंकी नितेंद्र सोलंकी सोबरन सिंह प्रमोद कुमार शर्मा राजन सिंह धर्मवीर सिंह सतवीर सिंह राजू अब्बासी विनोद आर्य आरती सिंह हरिओम सिंह रुपेश चौधरी एडवोकेट सहित 50 कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी दी।

# जल भराव के लेकर नगर आयुक्तसख्त जल भराव की शिकायत प्राप्त होने के 30 मिनट के अन्दर स्थल पर पहुचे पम्प सैट

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

- संचारी अभियान की रोकथाम हेतु नगर आयुक्त ने की समीक्षा
- कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी कड़ी कार्यवाही
- सभी प्राथमिकधनिजी स्कूल के आस–पास सफाई कराने के लिये दिये निर्देश



मथुरा। नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी द्वारा उ0प्र0 जल निगम मथुरा एवं नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अभियंताओं के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में नगर आयुक्त महोदय द्वारा मुख्य बिन्दु जल भराव एवं संचारी रोग के सम्बन्ध में सभी विभागों को दिशा–निर्देश प्रदान किये गये।

नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी द्वारा नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के जलकल विभाग के समस्त अभियंता को निर्देशित किया गया कि नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत किसी भी दशा में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न होने पाये। यदि कन्ही भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है तो सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुये कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। नगर आयुक्त महोदय द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत जंहा भी जल भराव होने की आशंका है अथवा वर्षा के दौरान जहां जल भराव की समस्या उत्पन्न होती है। उन स्थलों से पानी की निकासी हेतु अतिरिक्त पम्प सैट तैयार रखे जाये। वर्षा के दौरान जल भराव स्थल साथ ही अन्य किसी स्थल पर जल भराव की शिकायत प्राप्त होने पर 30 मिनट के अन्दर पानी की निकासी हेतु पम्प सैट लगा दिया जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

इसी प्रकार उ0प्र0 जल निगम मथुरा के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि उ0प्र0 जल निगम मथुरा द्वारा किसी भी परिस्थिति से निपटने हेतु पम्प सैट तैयार रखे जाये। जल निकासी में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

इसके अतिरिक्त निर्देशित किया गया कि अण्डरपास के नीचे वर्षा के दौरान पानी की निकासी हेतु 8–8 घण्टे की शिफ्ट वाईज कर्मचारी की डयूटी लगायी जाये, जिससे वर्षा के दौरान समय से पम्प सुचारू किया जा सके।

इसके उपरान्त स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुये नगर आयुक्त महोदय द्वारा स्वास्थ्य विभाग के नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सभी सफाई निरीक्षकों को आदेशित किया गया कि नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नालियों की सफाई लगातार करायी जाये एवं नालियों पर एन्टीलार्वा का छिडकाव कराया जाये, साथ ही डलाव घरो से कूडा उठाने के उपरान्त अनिवार्य रूप से चूना का छिडकाव कराया जाये।

सभी सफाई निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि वह अपने वार्डों में आने वाले समस्त प्राथमिक विद्यालयों के अन्दर एवं आस–पास विशेष सफाई करायें। इसी प्रकार प्राईवेट स्कूल के आस–पास भी सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि स्कूल के पास किसी भी दशा में गन्दगी, जल भराव आदि एकत्रित न हो। यदि ऐसा प्रकरण संज्ञान में आता है तो सम्बन्धित सफाई निरीक्षक के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। समीक्षा बैठक में, अपर नगर आयुकत, समस्त सहायक नगर आयुक्त, लेखाधिकारी, महाप्रबंधक जल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिविल, परियोजना प्रबंधक उ0प्र0 जल निगम मथुरा, सहायक अभियंता प्रकाश, सहायक अभिंयता जल, समस्त सफाई निरीक्षक आदि अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# द्रौपदी मुर्मू ने रचा इतिहास, भारत की पहली आदिवासी राष्ट्रपति बनीं, मिले 64 फीसदी वोट

नई दिल्ली। एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति चुनाव अपने नाम कर लिया है। इसके साथ ही द्रौपदी मुर्मू भारत की 15वीं राष्ट्रपति बनेंगी। द्रौपदी मुर्मू ने विपक्ष के साक्षा उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को बड़े अंतर से हराया है। द्रौपदी मुर्मू ने भारत की पहली आदिवासी राष्ट्रपति निर्वाचित होकर इतिहास रच दिया। वह भारत की दूसरी महिला राष्ट्रपति होंगी। द्रौपदी मुर्मू को करीब 64 फीसदी वोट हासिल हुआ है। राज्यसभा के महासचिव और राष्ट्रपति चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर पीसी मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव परिणाम की घोषणा के साथ संपन्न हुआ। चुनाव में 4754 मत पड़े, जिसमें से 4701 वैध और 53 अमान्य घोषित हुए। कोटा (राष्ट्रपति चुने जाने वाले उम्मीदवार के लिए) 5,28,491 था। द्रौपदी मुर्मू ने 2824 प्रथम वरीयता वोट हासिल किए जिनकी वैल्यू 6,76,803 है। कुल 53 अवैध वोट थे। उन्होंने कहा कि गणना पूरी करने के बाद कोटा निकाला गया जिसमें द्रौपदी मुर्मू को उस कोटे से अधिक वोट मिले। इसके आधार पर मैंने निर्वाचन अधिकारी होने के नाते यह घोषणा की है।



सूत्रों ने कहा कि विपक्षी दलों के 17 सांसदों ने उनके समर्थन में 'क्रॉस वोटिंग' की है। आंध्र प्रदेश के सभी विधायकों ने मुर्मू के पक्ष में मतदान किया, जबकि अरुणाचल प्रदेश में उन्हें चार को छोड़कर सभी विधायकों के मत मिले। मुर्मू के राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर देश के अनेक हिस्सों में जश्न का माहौल है।

खासकर के आदिवासी क्षेत्रों में उनकी जीत की खुशी जबरदस्त तरीके से मनाई जा रही है। भाजपा की ओर से भी इसे भुनाने की कोशिश की जा रही है। वर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश के बड़े नेता और मुख्यमंत्री ने भी इस जीत के लिए द्रौपदी मुर्मू को बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने पर मुर्मू को बधाई दी और कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में पूर्वी भारत के सुदूर हिस्से से ताल्लुक रखने वाली एक आदिवासी समुदाय में जन्मी नेता को राष्ट्रपति निर्वाचित कर भारत ने इतिहास रच दिया है। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति चुनाव में मुर्मू की "प्रभावशाली" जीत पर उन्हें बधाई दी और कहा कि उनकी विजय भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का संकेत है।

वहीं, राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने बृहस्पतिवार को अपनी हार स्वीकार करते हुए मुर्मू को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हर भारतीय उम्मीद करता है कि 15वें राष्ट्रपति के रूप में वह बिना किसी डर या पक्षपात के ''संविधान के संरक्षक'' के रूप में कार्य करेंगी। मतगणना शुरू होने के तुरंत बाद और उनकी जीत तय होने के बाद उनके पैतृक शहर रायरंगपुर में ''ओडिशा की बेटी'' को बधाई देने के लिए जश्न शुरू हुआ और लोक कलाकारों और आदिवासी नर्तकों ने सड़कों पर नृत्य किया। मुर्मू की आदिवासी पृष्ठभूमि ने न केवल उन्हें शीर्ष पद पर पहुंचाने में मदद की, बल्कि उन्हें मैदान में उतारकर भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव के अलावा गुजरात, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों में एसटी समुदाय के महत्वपूर्ण वोटों पर भी नजर गड़ाए हुए है। उनकी जीत निश्चित लग रही थी और बीजू जनता दल (बीजद), शिवसेना, झारखंड मुक्ति मोर्चा, वाईएसआर कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी (बसपा), तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) जैसे विपक्षी दलों के समर्थन से उनका पक्ष मजबूत हुआ था। ओडिशा में अपने पैर जमाने का प्रयास कर रही भाजपा का ध्यान आदिवासी बहूल मयूरभंज पर हमेशा से रहा है।

# आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं मुक्त विश्वविद्यालय के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर पूरे प्रदेश में चलाएंगे आपदा के प्रति जागरूकता का अभियान

'लखनऊ 21 जुलाई 2022 (सूचना विभाग)' उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने बृहस्पतिवार को पिकअप भवन, गोमती नगर, लखनऊ में प्रभावी आपदा प्रबंधन हेतु विभिन्न विषयों पर परस्पर सहमति पत्र पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में ले० ज० रविंद्र प्रताप शाही, एवीएसएम, उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ व प्रोफेसर सीमा सिंह, कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।



इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल रविंद्र प्रताप शाही, एवीएसएम, उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि एमओयू का मुख्य उद्देश्य माननीय प्रधानमंत्री के 10 सूत्री एजेंडे के अनुसार कुशल एवं प्रभावी आपदा प्रबंधन हेतु संयुक्त रूप से विश्वविद्यालयों का एक नेटवर्क विकसित किया जाना है तथा माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुसार प्रदेश में आपदाओं शून्य जनहानि के लक्ष्य के अनुरूप संयुक्त रूप से कार्य किए जाने हैं। जिससे आपदा हानियों को न्यूनतम किया जा सके व आपदाओं के प्रति जागरूकता में वृद्धि की जा सके।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि एमओयू हो जाने से विश्वविद्यालय में आपदा प्रबंधन पर प्रथम चरण में जागरूकता एवं प्रमाण पत्र कार्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे। जिसमें करिकुलम बनाने में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ से तकनीकी सहयोग प्राप्त किया जाएगा तथा इससे पठन–पाठन में प्राधिकरण का सतत सहयोग रहेगा। विश्वविद्यालय में इस कार्यक्रम के प्रारंभ होने से प्राधिकरण के प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की संख्या उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में बढ़ेगी।

प्रोफेसर सिंह ने कहा कि दोनों संस्थाओं के आपसी समन्वय से आपदा प्रबंधन जैसे ज्वलंत समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। इससे प्रदेश की जनता को सार्थक परिणाम प्राप्त होंगे।

इस अवसर पर ब्रिगेडियर प्रमोद कुमार सिंह वरिष्ठ सलाहकार, उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रवीन किशोर, प्रोफेसर पी पी दुबे, कुलसचिव, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय तथा प्रोफेसर ओम जी गुप्ता, वरिष्ठ सलाहकार, आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ, सीका, आदि उपस्थित रहे।

# मथुरा जिले में सरकारी राशन चावल और गेहूं का व्यापार खुलेआम कर रहे हैं राशन माफिया व व्यापारी किसी भी अधिकारी का खौफ नहीं

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

- ऐसा कोई अधिकारी नहीं होगा जो इस खेल में सम्मिलित ना हो अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है मथुरा में धड़ल्ले से सरकारी राशन चावल व गेहूँ का काम

मथुरा । पचावर महावन ।बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से मिलने वाले राशन के चावल की जिला मथुरा के ग्राम पचावर तहसील महावन मे राशन के मिलने वाले चावल को एकत्र कर दिल्ली हरियाणा पंजाब जैसे अन्य राज्यों में ट्रक ट्रेलर व बड़ी लोडिंग गाड़ियो की मदद से बाहर भेजा जा रहा है ग्राम पचावर के रहने वाले भुवनेश ने एक ऐसा जाल बिछाया है जिसमें की बाइक वह टीवीएस कंपनी की विक्की पर अपने आसपास के लड़कों को यह पैसे देकर जिले में अलग–अलग जगह भेजा करता है वह चावल खरीदता है और सरकारी गोदाम से भी यह मशीनों की सिलाई सरकारी पैकिंग के चावल को भी अपने गोदाम पर इकट्ठा करता है और अपने यहां गोदाम पर ही लड़कों द्वारा उस सरकारी पैकिंग वाले चावल को प्राइवेट कट्टो में भरा जाता है और सरकारी मोहर लगे हुए कट्टो को खाली होने पर गोदाम से बाहर कर देता है व ग्राम पचावर में भुवनेश द्वारा बनाया गये गोदाम में एकत्र कर के रखा जाता है और रात्रि के समय मे खाली ट्रक को गांव से कुछ दूरी पर खड़ा कर गोदाम से छोटी लोडिंग गाड़ियों में ले जाकर बड़े ट्रक में लोड किया जाता है वह इस राशन के चावल को दिल्ली हरियाणा जैसे राज्यों में ज्यादा रुपए लेकर बेच दिया जाता है जिसके कारण यह जो राशन का चावल जिन्हें मिलना चाहिए उन्हें नहीं मिल पाता यह अब से नहीं काफी बरसों से चल रहा है यदि कोई व्यक्ति इनके खिलाफ प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना देता है तो यह राशन माफिया उन व्यक्तियों को डराते धमकाते हैं वह धमकी भी देते है सूत्रों से पता चला है कि कुछ विभाग के अधिकारी भी इनके साथ मिले हुए हैं क्योंकि इस राशन माफिया के ट्रक को विभाग के कुछ अधिकारियों ने पहले रोका भी है कार्यवाही भी की है और कुछ ले देकर के छोड़ भी दिया है यही नहीं जिले में अन्य जगहों पर भी चावल की कालाबाजारी का कार्य जोरों से चल रहा है आखिर कब तक जिले के उच्च अधिकारी इन्हें नजर अंदाज करते रहेंगे जो राशन गरीबों को मिलना चाहिए उस राशन को यह लोग किसी भी प्रकार से कुछ ज्यादा पैसे देकर खरीद लेते हैं और उससे भी ज्यादा पैसे लेकर अन्य राज्यों में बेच देते हैं आखिर कब तक चलता रहेगा यह सब क्या योगी बाबा का बुलडोजर इन राशन माफियाओ पर नहीं चलेगा।



# संक्षिप्त समाचार

## पुत्री की बरामदगी के लिये दर दर भटक रही मां

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी।

- मैनपुरी में नाबालिग पुत्री की बरामदगी के लिए दर–दर भटक रही पीड़ित मां
- कलेक्ट्रेट पहुंच जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को भेजा शिकायती पत्र

पूरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भरतवाल से जुड़ा है। वर्तमान निवासी किरण देवी पत्नी संजय सिंह समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिला उपाध्यक्ष हैं। पीड़ित किरण देवी समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं परिजनों के साथ आज कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। जिलाधिकारी को महामहिम राज्यपाल को नामित मांगपत्र जिलाधिकारी को सौंपते बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री साधना उर्फ बिट्टी मोहल्ला भरतवाल स्थित प्राइवेट विद्यालय में सफाई आदि का कार्य करती थी। पीड़ित पक्ष का आरोप है की विद्यालय के अध्यापक अंकित राठौर पुत्र खेमचंद राठौर एवं अजय चौहान के द्वारा साजिशन नाबालिग पुत्री को विद्यालय बुलाकर अगवा कर लिया गया है। बीते 22 जनवरी से पीड़िता की पुत्री गायब बनी हुई है और पुलिस ने मामले में केवल प्रथम सूचना रिपोर्ट ही दर्ज की है। छह माह का समय बीत गया है, ना ही आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्यवाही की है ना ही पीड़िता कि नाबालिग पुत्री की बरामदगी के पुलिस प्रयास कर रही है। पीड़िता ने मामले की शिकायत महामहिम राज्यपाल से करते हुए मामले में कार्यवाही कराने की गुहार लगाई है।



## टैक्टर पलटने से दो युवकों की दबकर मौत

एटा क्षेत्र में हुआ हादसा । दोनो म्रतकों के घर में मचा कोहराम ।

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। बिछवां ,थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवक पडोसी गाँव के अपने एक मित्र के साथ अपने टैक्टर से अपनी बहिन के यहां एटा जनपद के एक गाँव जा रहा था तभी टैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गढ़ढे में पलट गया जिसमें दबकर दोनों की मौत हो गयी ।सुवह जव ग्रामींणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी और शव निकालकर पोस्टमार्टम ग्रह भिजवाये । घटना की सूचना मिलते ही घरों में कोहराम मच गया ।



बताते चलें कि थाना क्षेत्र के गाँव साठिया निवासी धर्मेन्द्र यादव पुत्र महताब सिंह वीते वुधवार की शाम छह बजे के लगभग पडोसी गाँव नगला कुआ निवासी मित्र सौरभ पुत्र रमेश चंन्द्र उर्फ गुड्डू कश्यप के साथ अपने पावरटेक टैक्टर से अपनी बहिन एटा जनपद के थाना सकीट के गाँव पूठ गया था । रात में किसी समय सकीट थाना क्षेत्र के गाँव खरगपुर के समीप टैक्टर अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गया जिसमें पानी भरा हुआ था । टैक्टर में दबकर दोनों की मौत हो गयी ।



सुवह ग्रामींणों ने जव देखा तो थाना पुलिस को सूचना दी ।सूचना मिलते ही सकीट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बाहर निकलवाया और शवों को लिखा पढ़ी कर पोस्टमार्टम ग्रह एटा भिजवाया । काफी देर तक शवों की पहचान नहीं हो सकी । पहचान होंने पर घरवालों को सूचना दी गयी । सूचना मिलते ही घरों में कोहराम मच गया और परिवारीजन घटनास्थल के लिए रवाना हो गये । धर्मेन्द्र उम्र लगभग 38 बर्ष व सौरभ उम्र लगभग 20 बर्ष दोनों अबिवाहित थे । समाचार लिखे जानें तक शव गाँव नहीं पहुंचे थे ।

## कौशल किशोर पाडेय को नियुक्तकिया गया राष्ट्रीय हिंदू महासभा का युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी

राष्ट्रीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विवेक शर्मा जी के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष श्री मनोज शर्मा जी द्वारा कौशल किशोर पांडेय जी को संगठन के प्रति लगन और उनके कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए उन्हें प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा नियुक्त किया गया। कौशल किशोर पांडे लगातार संगठन के प्रति अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन कर रहे हैं जिसका पुरस्कार देते हुए संगठन द्वारा ने प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है ।जिस पर संगठन के पदाधिकारियों ने हर्ष प्रकट करते हुए श्री कौशल किशोर पांडेय को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर कौशल किशोर पांडेय ने सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा उन्हें जो दायित्व दिया गया है उसको वह पूरी ईमानदारी और लगन के साथ निर्वहन करेंगे। वह निरंतर संगठन को आगे ले जाने का कार्य करेंगे और हिंदू भाई बहनों की समस्याओं का वह प्रत्येक संभव तरीके से समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हिंदू युवा साथियों को वहां नेतृत्व के साथ लाकर संगठन को पूरे प्रदेश में मजबूती से खड़ा करना भरपूर योगदान देंगे।



## हड्डी रोगी न हों निराश, आएं जिला अस्पताल: डॉ. सोहन शर्मा करेंगे इलाज

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता दिगन्त श्रीवास्तव

- कूल्हा , घुटना प्रत्यारोपण एवं रीढ़ की हड्डी का कुशलतापूर्वक उपचार
- 10 महीने में हड्डी के 350 से अधिक कर चुके हैं आपरेशन

संतकबीरनगर । जिले के हड्डी रोगियों को निराश होने की कोई आवश्यकता नहीं है । इन रोगियों को इधर – उधर भटकने की भी जरुरत नहीं है । हड्डी से संबंधित हर प्रकार के रोग का उपचार जिला अस्पताल में उपलब्ध है । कूल्हे का प्रत्यारोपण , घुटने का प्रत्यारोपण , रीढ़ की हड्डी के दर्द समेत किसी भी प्रकार के हड्डी रोग का आपरेशन डॉ. सोहन स्वरुप शर्मा द्वारा आसानी से किया जाता है । दस माह के अल्पकाल में 350 से अधिक आपरेशन सफलतापूर्वक किया जा चुका है । जिला अस्पताल में हड्डियों की जटिल सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है । हड्डी चाहे खण्ड खण्ड में विभक्त हो । डॉ सोहन स्वरुप शर्मा उसका आसानी से उपचार करते हैं । हड्डी से संबंधित किसी रोगी को वह जिला अस्पताल से रेफर नहीं करते । उन्होंने अस्पताल की आपातकालीन सेवा में निर्देश दिया है कि कोई भी हड्डी का मरीज आए तो उसे रेफर न करके उन्हें सूचित किया जाए । जिला अस्पताल के आपरेशन थियेटर में डॉ सोहन ने जटिल से जटिल आपरेशन किया है । उन्होंने अभी तक 78 मेजर आपरेशन के साथ ही 300 से अधिक हड्डी के छोटे आपरेशन किया है । ओपीडी में आने वाले हर रोगी देखते हैं । जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. ओपी चतुर्वेदी भी डॉ सोहन की तारीफ करते हैं । उनका कहना है कि जिला अस्पताल को डॉ. सोहन के रुप में बहुत ही योग्य और परिश्रमी आर्थो सर्जन मिला है । तस्वीर जहां के पैर की हड्डी बुरी तरह से टूट गई थी । अनेक चिकित्सकों ने उन्हें गोरखपुर अथवा लखनऊ जाने की सलाह दिया था । क्योंकि इन चिकित्सकों ने पैर काटने तक की आशंका व्यक्त किया था । डाक्टर सोहन के सफल उपचार से काफी राहत महसूस कर रहीं हैं । डाक्टर सोहन से उपचार कराने वाले रोगी कहते हैं कि यह पूरी निष्ठा एवं समर्पण से अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं । जिले के हैसर बाजार निवासी राजकुमार का कूल्हा दुर्घटना में टूट गया था । वह हिमांचल प्रदेश में काम करता था । वहां के उपचार से उसकी हालत बिगड़ गई थी और चारपाई पकड़ लिया था । डॉ सोहन ने कूल्हे का प्रत्यारोपण किया जो सफल रहा । वर्तमान समय में राजकुमार हैंसर बाजार में एक मेडिकल स्टोर की दुकान पर काम कर रहा है ।



## अग्निपथ व एमएसपी को लेकर भाकियू 31 करेगी चक्का जाम



दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत जिला अध्यक्ष सूर्यनाथ वर्मा की अध्यक्षता में गांधी पार्क में संपन्न हुई, पंचायत में संगठन मजबूती पर विस्तृत चर्चा के साथ सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया और संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर अग्नीपथ व एमएसपी पर गारंटी कानून बनाने हेतु आगामी 31 जुलाई को चक्का जाम करने का निर्णय लिया गया। 25 सूत्रीय समस्याओं का ज्ञापन नायब तहसीलदार अयोध्या सौंपा गया।

पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा एडवोकेट ने कहा कि संगठन को मजबूत करने हेतु सारे पदाधिकारी कम से कम 25 साधारण सदस्य बनाकर स्वयं सक्रिय एवं आजीवन सदस्य बने बिना सक्रिय सदस्य कोई पदाधिकारी नहीं रह सकता है यह नियम ग्राम कमेटी से लेकर राष्ट्र कमेटी तक लागू रहेगा। तथा किसानों की आवश्यक एवं जायज समस्याओं को लेकर शासन प्रशासन को आंदोलन के माध्यम से जवाब दिया जाएगा घनश्याम वर्मा ने कहा कि कम वर्षा के कारण खेती करने में काफी दिक्कत हो रही है वही नलकूप विभाग द्वारा राजकीय नलकूप को बंद करने की घोषणा किसान विरोधी है। जिला प्रशासन को 25 सूत्रीय किसान समस्याओं का ज्ञापन नायब तहसीलदार अयोध्या को सौंप कर विद्युत आपूर्ति प्रतिदिन 20 घंटा करने, राजकीय नलकूप को चालू करवाने, संपूर्ण गन्ना मूल्य का भुगतान ब्याज सहित करने, छुट्टा जानवरों को गौशाला में जमा करके कृषि को बचाने और गौशालाओं का उच्चीकरण करने महादी मांगों का ज्ञापन दिया गया। पंचायत को जिला अध्यक्ष सूर्यनाथ वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राम गनेश मौर्य ,शंकर पाल पांडे, युवा मोर्चा अध्यक्ष भागीरथी वर्मा, देवी प्रसाद वर्मा ,मुनीराम यादव ,रंजीत कोरी, जगन्नाथ पटेल, राजेश मिश्रा ,संतोष वर्मा, राम प्रतापगुप्ता, दशरथ सिंह सभी प्रसाद वर्मा बुधराम मोरिया, सिद्धू भारती, वेद प्रकाश पांडे, राम जगत यादव ,राम अवध किसान, प्रेम शंकर वर्मा, इंद्रजीत वर्मा, देवीदीन, रामबचन ,रामू चंद्र विश्वकर्मा ,राजकुमार यादव, देवी प्रसाद, राजदेव यादव, जितेंद्र प्रसाद, दिनेश कुमार यादव ,राधा देवी, लालती देवी, उर्मिला निषाद, शांति देवी, जगदीश यादव ,मोहम्मद अली आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## दबंग डेयरी मालिक भैंस व्यापारी की लाखों की रकम हड़पने की फिराक में ,पुलिस को तहरीर



अयोध्या टाइम्स संवाददाता बरेली। मॉडल टाउन निवासी दबंग डेयरी मालिक पीर बहोड़ा निवासी भैंस कारोबारी की उधारी की लाखों की रकम हड़पने की फिराक में है वायदे के मुताबिक रकम देने से मुकरने पर भैंस कारोबारी ने घर जाकर तगादा किया तो वह गाली गलौज करता हुआ हमलावर हो गया शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी कारोबारी ने पुलिस को तहरीर देकर रकम वापसी और कार्यवाही की मांग की है!

इज्जत नगर थाने के पीरबहोड़ा निवासी अकरम पुत्र भूरा भैंस की खरीद फरोख्त का काम करते हैं अकरम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने विगत वर्ष मॉडल टाउन निवासी अक्षय पुत्र अशोक डेरी वाले को 8 भैंस 5 लाख 56 हजार में बिक्री की थी जिसमें क्रेता ने मौके पर 100000 दे दिए थे चार लाख 56 हजार रुपए का शेष भुगतान दो महा बाद करने के लिए वायदा किया था लेकिन भैंस कारोबारी ने क्रेता से 2 माह की जगह 3 माह बाद भुगतान का तगादा किया तो वह टालमटोल करने लगा उसकी हीला हवाली देखकर भैंस कारोबारी को गड़बड़ी की आशंका हुई तो उसने ताबड़तोड़ तगादा शुरू कर दिए विगत सप्ताह वह क्रेता के घर पर भी जा धमका और बाकी रकम का तगादा किया जिस पर दबंग डेरी मालिक बौखला गया और गाली गलौज करता हुआ हमलावर हो गया पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे डाली डरा सहमा भैंस कारोबारी घर वापस लौट आया और अपनी रकम की वापसी का दुखड़ा लेकर पुलिस के पास पहुंच गया पुलिस से रकम वापसी और दबंग डेयरी मालिक पर कार्यवाही की मांग की है!

## महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाए जाने को लेकर एमएलसी को सौंपा ज्ञापन


अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर। अखिल भारतीय् क्षत्रिय महासभा फरीदपुर इकाई द्वारा क्षत्रिय् शिरोमणि राष्ट्र गौरव महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित



कराने हेतु स्थान चयनित् कर भूमि प्रदान कराने हेतु कुर्ब महाराज सिंह सदस्य विधान परिषद ब् उपजिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय को सौपा ज्ञापन इससे पूर्व में भी क्षत्रिय महासभा प्रतिमा को लेकर तहसील ब पालिका प्रशासन से मांग कर चुकी है लेकिन। ज्ञापन देने वालों में उदयवीर सिंह (पूर्व आमीन) विधान सभा अध्यक्ष् ठा. योगेन्द्र सिंह सिसौदिया ,जिला उपाध्यक्ष रंजीत सिंह चौहान (मोनू) ,जिला मंत्री ठा. दिनेश सिंह, विधान सभा उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह चौहान (पिंटू),तहसील अध्यक्ष ठा, ओमेन्द्र सिंह चौहान तहसील उपाध्यक्ष बंटू ठाकुर, विधानसभा अध्यक्ष युवा अचल प्रताप सिंह , विधानसभा उपाध्यक्ष अमित सिंह चौहान ,ब्लॉक अध्यक्ष भुता अजय सिंह (फौजी), ब्लॉक अध्यक्ष फरीदपुर ठा. दिलीप सिंह (सभासद), ब्लॉक उपाध्यक्ष फरीदपुर विजय प्रकाश सिंह , ठा.पवन सिंह चौहान, ठा. संजीव सिंह ,ठा. सुशील सिंह , ठा. अजीत सिंह, ठा. सुमित सिंह चौहान, ठा.कार्तिकेय प्रताप सिंह,ठा. देवेंद्र सिंह भदौरिया, (अध्यापक),ठा. पुष्कर सिंह चौहान (अध्यापक),अमित सिंह (प्रधान रिछा) ठा.एकान्श् सिंह (ऐडबोकेट),ब् अन्य सहयोगी गण मौजूद रहे।

## द्रोपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर। राष्ट्रपति चुनाव में भारी जीत के बाद देश की 15 में महामहिम बनी मुर्मू की खुशी भाजपाइयों के चेहरे पर साफ दिखाई दे रही थी उन्होंने नगर की बाल्मीकि बस्ती में पहुंचकर खुशी का इजहार किया और लोगों को मिठाई बाटी! ज्ञात हो निवर्तमान राष्ट्रपति राम नाथ कोविद का कार्यकाल पूरा हो चुका था नवीन राष्ट्रपति चुनाव का शंखनाद हो गया था जिसके तहत दो प्रत्याशी मैदान में उतारे गए थे आज चुनावी मतगणना होने के बाद भारत की 15वीं महामहिम राष्ट्रपति महोदय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने विरोधी को पछाड़कर राष्ट्रपति का ताज पहना जिसकी खुशी में नगर फरीदपुर के भाजपाइयों ने मोहल्ला परा बाल्मीकि बस्ती में जाकर कार्यक्रम के तहत खुशी का इजहार करते हुए मिठाई बाटी कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष पूनम गुप्ता ने की और पालिका अध्यक्ष पति ब्रह्मा शंकर गुप्ता ने आदिवासी



महिला के राष्ट्रपति बनने पर विस्तार से चर्चा की! इस दौरान नगर अध्यक्ष अतीश अग्रवाल विजय शंकर के अलावा तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन सनी बाल्मीकि ने किया!

## राम मंदिर के लिए ट्रस्ट तैयार करवा रहा रामायण से जुड़ी मूर्तियां



दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर से करीब 5 किमी दूर रामसेवकपुरम में रामायण के दृश्यों से जुड़ी मूर्तियां बनाई जा रही हैं। ये मूर्तियां राम मंदिर के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट तैयार करवा रहा है। इन्हें मूर्तिकार नारायण मंडल व उनके पुत्र रंजीत मंडल बना रहे हैं। मूर्तिकार नारायण मंडल बताते हैं की "विहिप के नेताओं ने 9 साल पहले मुझसे कहा था कि राम मंदिर परिसर के लिए भगवान राम के जीवन से जुड़े दृश्यों की मूर्तियां चाहते हैं। इसके बाद रिसर्च करने के लिए मैं और मेरा बेटा रंजीत रामचरितमानस, रामायण और तस्वीरों वाली धार्मिक किताबों का अध्ययन किया।" मूर्तियों में जीवंतता लाने के लिए नारायण मंडल ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु में भगवान राम से जुड़े हुए धार्मिक स्थलों की यात्रा की। इन स्थलों पर काफी वक्त गुजारा। फिर वापस अयोध्या आकर मूर्तियां बनाना शुरू किया। नारायण मंडल बताते हैं कि मूर्तियों के माध्यम से रामायण का कोई एक दृश्य बनाया जाता है। ऐसे में इन्हें बनाने में वक्त लगता है। अब तक करीब 60 मूर्तियां बन चुकी हैं। अभी और मूर्तियों को बनाया जाएगा। इनका साइज 4 से 5 फीट के बीच है। मूर्तियों में बंगाल के पहनावे की झलक दिखेगी, जबकि फेस कटिंग उत्तर भारत के लोगों जैसी होगी। नारायण बताते हैं कि इससे देशभर से आए लोग मूर्तियों के साथ जुड़ाव महसूस करेंगे। काम पूरा होने में थोड़ा वक्त और लग सकता है। अयोध्या में विहिप के प्रवक्ता शरद शर्मा ने कहा कि राम के जन्म से लेकर लंका विजय और फिर अयोध्या वापसी तक के स्वरूपों को मूर्तियों के माध्यम से उकेरा जा रहा है। करीब 120 मूतियां बनाई जाएंगी। इन्हें एक तरह से प्रदर्शनी की तरह रखा जाएगा। गौरतलब हो कि असम से रहने वाले रंजीत ने फाइन आर्ट्स में एमए किया है। 1997 में रंजीत की मुलाकात विहिप के तत्कालीन अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल से असम में हुई थी। रंजीत बताते हैं कि सिलचर में उन्होंने व्यास जी की मूर्ति बनाई थी। इसे देखकर सिंघल काफी प्रभावित हुए। इसके बाद रंजीत को दिल्ली बुलाया। 1998 में रंजीत दिल्ली आए। यहां सिंघल ने उन्हें अयोध्या में रामकथा कुंज के लिए मूर्तियां बनाने की बात कही। रंजीत के मुताबिक, विहिप से जुड़ने के बाद उसके कई मंदिरों और कार्यालयों के लिए मूर्ति बनाई। दिल्ली में आरके पुरम में विहिप कार्यालय में लगी हनुमानजी की मूर्ति भी उन्होंने ही बनाई है।

## परियोजना अधिकारी यामिनी रंजन ने डूडा से संचालित होने वाली योजनाओं के बारे में दी जानकारी



दैनिक अयोध्या टाइम्स सुधीर बंसल अयोध्या। डूडा से संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी को लेकर लाभार्थियों में खासा नाराजगी देखने को मिली जिन लोगों ने पहले से रजिस्ट्रेशन करा रखा था उनको पात्रता नहीं दी गई और जिन्होंने बाद में कराया उनको पात्रता देखकर उनका पहला भुगतान खाते में कर दिया गया जिसको लेकर लोगों में नाराजगी दिखी लोगों का कहना है कि डूडा के कर्मचारी पैसा लेकर काम करते हैं जो नहीं देता उसकी फाइल को लटका कर रखते हैं 2 साल से आवास योजना के लिए हम लोग दौड़ रहे हैं लेकिन हम लोगों का अभी तक कोई भी काम नहीं हुआ डूडा के कर्मचारियों पर सीधा आरोप लगाते हुए लोगों ने कहा कि योजना के नाम पर धन उगाही का काम कर्मचारी कर रहे हैं।जब इस मामले को लेकर मीडिया ने परियोजना अधिकारी यामिनी रंजन से बात की तो उन्होंने बताया कि अगर कर्मचारी इस तरह की कोई हरकत कर रहे हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और जो पात्र हैं उनकी जांच करा कर उनको आवास योजना के तहत भुगतान किया जाएगा वही प्रधानमंत्री द्वारा जो भी योजनाएं निकाली गई योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि ठेला खोपचा और छोटी दुकानों के लिए सरकार ने डिजिटल तौर पर योजना चला रखी जिसमें 10 हजार के लोन के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है जिसको बैंक के द्वारा किया जाएगा और बैंक में ही उसकी किस्त जमा होगी इस योजना में 20हजार से लेकर 50 हजार तक की लोन की सुविधा है इसी तरह से बताया कि डूडा में 2लाख की लोन की भी सुविधा है जिसमें छूट दी जाती है वही परियोजना अधिकारी यामिनी रंजन ने जनता से अपील किया कि जो भी योजनाएं डूडा द्वारा दी जा रही है वह पूरी तरह से निशुल्क है इसलिए अगर कोई किसी प्रकार की डिमांड करता है तो वह सीधे परियोजना अधिकारी से संपर्क करें उनके समस्या का समाधान जल्द कर दिया जाएगा। और कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन बहुत सारे अभी भी आ रहे हैं और उनको हम लोग जमा कर रहे हैं और जिनके आवेदन जमा है अगर वह पात्र हैं तो उनको इस योजना का लाभ जरूर मिलेगा जनता से किया अपील डूडा की सारी योजनाएं हैं निशुल्क।

## बार अध्यक्ष एवं सचिव के साथ वकीलों का थाने में जमावड़ा अधिवक्ता के हमलावरों पर पुलिस कार्रवाई न होने से नाखुश है वकील

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर। भुता क्षेत्र के गांव रसूलपुर वाहनपुर निवासी अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार मौर्य ने कोटेदार द्वारा घटतौली की शिकायत की थी जिस पर बौखलाए कोटेदार ने अधिवक्ता के साथ रास्ते में रोककर साथियों के साथ गाली गलौज व मारपीट की थी। जिसकी शिकायत अधिवक्ता ने लिखित रूप से थाना भुता पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर की थी। जिससे रंजिश मानते हुए कोटेदार ने 20 जुलाई को सुबह 10रू00 बजे गांव से तहसील जाते समय साठा वाली पुलिया पर अपने चार साथियों के साथ कार से आकर घेर लिया और उनके साथ मारपीट की और उनका मोबाइल तोड़ दिया जेब में रखे 10000 भी छीन कर फरार हो गए थे।अधिवक्ता के साथ दबंगों द्वारा की गई मारपीट बा जान से मारने की धमकी देने की सूचना पर सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव मिश्रा सचिव संजीव सिंह नीटू के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का काफिला पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिला और घटना के बाबत प्रार्थना पत्र दिया था क्षेत्राधिकारी ने कोतवाली प्रभारी को घटना के बाबत जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। मगर थाना पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न करने पर अधिवक्ता आक्रोशित हो गए और सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव मिश्रा सचिव संजीव सिंह नीटू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण थाना कोतवाली पहुंचे और कोतवाली प्रभारी से कार्रवाई को लेकर मिले मगर कोतवाली प्रभारी अधिवक्ताओं को आश्वासन देकर चले गए जिसे लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त



हो गया सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ता के हमलावरो के खिलाफ पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो सिविल बार एसोसिएशन के बैनर तले सभी अधिवक्ता गण आंदोलन करने पर उतारू होंगे जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी! इस दौरान देवेश पांडे, प्रवीण सिंह भदोरिया ,अजीत सिंह मनोज कुमार मनोज यादव ,संजीव सिंह ,अनीश उद्दीन ,राकेश राठौर ,धर्मेंद्र मौर्य, मनोज कुमार सागर, रोहित पांडे तमाम अध्यक्षता मौजूद रहे।

## ऑगनवाड़ी कार्यकत्रियों का कृषि विज्ञान केन्द्र पर दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन कार्यरत कृषि विज्ञान केंद्र मसौधा अयोध्या के गृहविज्ञान अनुभाग द्वारा 25 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए पोषण वाटिका आधारित पोषण थाली के माध्यम से खाद्य सुरक्षा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के अधीक्षक डॉ अंशुमान गुप्ता के द्वारा कार्यकत्रियों को सर्टिफिकेट वितरण द्वारा किया गया। डॉक्टर गुप्ता ने अच्छा पोषण स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी बताया। स्वास्थ्य के साथ–साथ स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान देने का ऐलान किया। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी चंद्रेश जी ने कार्यकत्रियों को स्वस्थ सतरंगी थाली के बारे में बताया जिससे संतुलित आहार में सभी पोषक तत्वों का समावेश कर अपने शरीर व परिवार को स्वस्थ रख सके। आहार में विविधता व विभिन्नता जरूरी है जिससे खाने को ग्रहण करने में विशेष रुचि उत्पन्न हो जाती है। प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री पी के सिंह द्वारा किया गया जिन्होंने कार्यकत्रियों को अपने–अपने ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता को खुद की सब्जियों को उगाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। जिनके पास जगह ना हो उनको भी अपने ग्रामीण संसाधनों जैसे बेकार पड़ी पुरानी नाद, बाल्टी, टिन आदि में मिट्टी और खाद मिलाकर कद्दू वर्गीय सब्जियों को लगा देने से परिवार के उपभोग के लिए पर्याप्त सब्जियां मिल सकती है। कुपोषण के संकेतों स्टंटिंग यानी आयु अनुरूप कम ऊंचाई व वेस्टिंग ऊंचाई अनुरूप कम वजन पर भी चर्चा किया। जिसका एकमात्र समाधान अपनी थाली में सब्जियों की मात्रा को बढ़ाना, जिसके लिए पोषण वाटिका को स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से प्रत्येक ब्लॉक में प्रशिक्षण करने का निर्णय लिया। केंद्र के अध्यक्ष डॉक्टर एस के यादव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवं कृषि विज्ञान केंद्र की रूपरेखा का वर्णन करते हुए संतुलित आहार में फल एवं सब्जियों की उपयोगिता बताते हुए वाटिका को स्थापित करना आवश्यक है जिसके लिए बहनों को कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से तकनीकी सहायता हमेशा से मिलती रहेगी। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ देश दीपक सिंह ने पोषक तत्वों के बारे में विस्तृत वर्णन करते हुए प्रत्येक परिवार को गुणवत्ता युक्त सब्जियों के उत्पादन के लिए देसी गाय रखने की सलाह दी जिससे रसायन मुक्त सब्जियों का उत्पादन कर अपनी पोषण स्तर को अच्छा बनाया जा सके। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ अर्चना सिंह इस कार्यक्रम का सृजन व संचालन किया गया इसमें उन्होंने मानव पोषण में एवं सब्जियों की महत्ता को बताते हुए भारतीय भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अनुसार प्रति व्यक्ति को प्रतिदिन 120 ग्राम फल एवं तीन सौ ग्राम सब्जी का सेवन करना चाहिए। तीन सौ ग्राम सब्जियों की मात्रा में 125 ग्राम पत्ते वाली सब्जी से पूरी की जानी चाहिए जबकि फलों एवं सब्जियों की उपलब्धता क्रमशः 80 एवं 120 ग्राम है।

ग्रामीण अंचलों में इधर उधर बेकार खाली पड़ी जमीन का प्रयोग पोषण वाटिका स्थापित करके किया जा सकता है उस भूमि का उपयोग करके अपनी रसोई के कचरे से खाद बनाकर जैविक रूप से तैयार सब्जियों का सेवन कर हम अपने तथा परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे सकते हैं जिससे वे स्वस्थ, निरोग व श्रम करके सामूहिक कार्य करने व आपसी सद्भाव की भावना प्रेरित करके आनंद उठाया जा सकता है। कुपोषण की समस्या का समाधान भी हो सकता है। तकनीकी सत्र में डॉक्टर सिंह द्वारा पोषण वाटिका के विभिन्न आयामों जैसे भूमि का चयन, दिशा, जल निकास, कंपोस्ट पिट, सुरक्षा बाढ़, सिंचाई व्यवस्था व पोषण वाटिका के रेखांकन पर विस्तृत चर्चा किया।

सहजन के प्रत्येक भाग के महत्व को समझाते हुए उसकी पत्तियों के सेवन करने पर विशेष बल देते हुए आग्रह किया कि एनीमिया, कैल्शियम, आयरन आदि पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोग से बिना पैसे से बचा जा सकता है। कुपोषण से सुपोषण की श्रेणी में इसके सेवन से बहुत जल्दी आया जा सकता है। केंद्र के नवागंतुक विषय वस्तु विशेषज्ञ उद्यान डॉक्टर पी के मिश्रा ने फलों एवं सब्जियों की खेती पर चर्चा किया। बरसात के समय में मचान पर कद्दू वर्गीय सब्जियों की सलाह दी। फलों के पौधों को कैसे छोटा रखा जाए उसकी भी गुर बताएं। कार्यकत्रियों को भी अपने – अपने शंकाओं का समाधान मिला वह भविष्य में केंद्र पर ही उत्पादित सब्जियों की नर्सरी मिलने का वचन दिया। इस प्रशिक्षण में मसौधा ब्लॉक की 25 आंगनबाड़ियों ने भाग लिया जिसमें संध्या श्रीवास्तव, शन्नो देवी, श्रीमती देवी देवी ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया व कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर राम गोपाल ने किया। सफल बनाने में राज नारायण व अवधेश शुक्ला का विशेष योगदान था।

## आजादी के 75 वें वर्ष में भाजपा ने किया जनजातीय समुदाय को सम्मान

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो ची दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा)। देश के 15 में राष्ट्रपति के रूप में द्रोपदी मुर्मू को निर्वाचित होने पर संगठन जिला बाढ़ भाजपा के सदस्यों ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशियों का इजहार किया!

बाढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ सियाराम सिंह एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश सिंह ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भाजपा ने ही जनजातीय समुदाय के महिला को सम्मान दिया है।

कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुए नेता द्वय ने कहा कि अब तक कॉन्ग्रेस अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के लोगों को ठगने का ही काम कियास देश के इतिहास में पहली दफा जनजातीय समुदाय की महिला को सम्मान मिलास इसके लिए संगठन जिला बाढ़ भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया गया एवं धन्यवाद दिया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## फरीदपुर थाने में शराबी सिपाही का हंगामा, वीडियो वायरल

अयोध्या टाइम्स संवाददाता फरीदपुर। थाने में दिनदहाड़े वर्दी का रोग दिखाता शराब के नशे में धुत सिपाही का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल लोगों ने आला अधिकारियों को किया ट्वीट कार्यवाही की मांग! फरीदपुर थाने में वर्दी को शर्मसार करने वाला सिपाही का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिसका नाम जगदीश बताया जा रहा है गुरुवार को थाने में फरियादियों का ताता लगा हुआ था इसी दौरान थाने में ही तैनात सिपाही जगदीश वर्दी पहन कर थाने गेट से लेकर बाहर तक शराब के नशे में धुत होकर हंगामा करता दिखाई दिया तो मौजूद लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया के अलावा जिले के आला अधिकारियों व मुख्यमंत्री को ट्विटर पर ट्वीट कर दिया जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है लोगों ने बताया शराबी सिपाही पूर्व में फतेहगंज पूर्वी थाने में तैनात था जिसका रवैया वहां पर भी यही था लोगों की शिकायत पर शराबी सिपाही को फरीदपुर थाने भेजा गया है लेकिन उसका उत्पात यहां पर भी कम नहीं हुआ नगर वासियों ने शराबी सिपाही को आए दिन थाने गेट पर हंगामा करते देखा है जिसकी सच्चाई गुरुवार को सोशल मीडिया पर उजागर हो गई! बता दें इससे पूर्व में भी क्षेत्राधिकारी कार्यालय में तैनात एवं थाने में तैनात दो सिपाहियों में शराब के नशे में धुत थाने परिसर में ही जमकर मारपीट हुई थी एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेकर दोनों सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया था तब तक शराबी सिपाही का हंगामा करता वीडियो सोशल मीडिया पर तैरने लगा जिस पर भी कार्यवाही की तलवार लटकी हुई है वही कोतवाल राजेश कुमार का कहना है कि मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दे दी गई है!

## महिला से छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार

पवन कुमार रूदौली,अयोध्या। पटरंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोपेपुर गांव में बीते 25/26 मई को घर का दरवाजा खोल एक महिला के साथ उक्त गांव निवासी दबंग मनबढ़ मो0 कैफ पुत्र मो0 फहीम, मो0 फुरकान पुत्र मो0 इरफान मो0 अरमान पुत्र जुरार एवम दो अज्ञात लोगों द्वारा छेड़छाड़ करने की कोशिश की जब महिला के पति ने विरोध किया तो विपक्षीगण द्वारा अभद्र भाषा मे गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दे फर हो गए। जब पीड़ित पक्ष द्वारा पटरंगा थाना में शिकायत की गई परन्तु कोई कार्यवाही नहीं कि गई और न ही विपक्षियो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। तथा विपक्ष के एक दो लोग को थाने पर ला सुलह करने का दबाव बनाया गया और 151/107/116 में चालान कर छोड़ दिया गया पीड़ित का न तो कोई बयान लिया और न ही एफआईआर दर्ज की गई। 30 मई की आधी रात विपक्ष के दो लोगों द्वारा पुनः वही हरकत किया।पीड़ित द्वारा पटरंगा थाने से विपक्षी के विरुद्ध कोई कार्यवाही न होने पर रजिस्टर डाक द्वारा एसएसपी अयोध्या को प्रार्थना पत्र भेज न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित ने जब देखा कि कोई कार्यवाही नहीं हो रही है तो कोर्ट का सहारा ले विपक्षियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की मांग की जिसपर कोर्ट द्वारा मामले को सज्ञान में ले तीन लोगों के विरुद्ध नामजद एवम दो अज्ञात के विरुद्ध धारा 147 / 323 / 504 / 506 / 452 / 354 क एवम 354 ख के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## प्रकृति संरक्षण ही शिव पूजा है स्वामी पूर्णानंद पुरी

सिकंदराराऊ। धर्म संघ पीठ परिषद आदित्य वाहिनी एवं वेदिक ज्योतिष संस्थान अलीगढ़ के तत्वावधान में पवित्र श्रावण मास में मानव जाति के कल्याण एवं देश की खुशहाली, उन्नति, समृद्धि एवं अखंडता की भावना से ओतप्रोत होकर महानिर्वाणी अखाड़ा हरिद्वार के महामंडलेश्वर परम पूज्य स्वामी जी श्री पूर्णानंद पुरी जी महाराज के पावन सानिध्य में वृंदावन से पधारे आचार्य शिव कुमार शास्त्री, आचार्य गौरव शर्मा शास्त्री, आचार्य अनिल तिवारी स्वामी जी ने महाकाल महामृत्युंजय आशुतोष महादेव के सहस्त्र नामों एवं रुद्राष्टक अध्याय के वैदिक नमक चमक स्त्रोत्रम मंत्रों पर देवों के देव महादेव की विशेष पूजा अर्चना मंगलाचरण कर कई तीर्थों के जल से जलाअभिषेक दूध दही घी शहद पंचामृत गुलाब जल इत्र फलों के जूस एवं कई तरह की सुगंधित भस्मा के जल से रुद्राभिषेक किया गया। परम पूज्य पूर्णानंद पुरी जी महाराज ने कहा



प्रकृति का संरक्षण ही सच्ची शिव आराधना हमको मिलकर प्रकृति का दोहन रोकना होगा। आज अवैध खनन के नाम पर गंगा का दोहन पर्वतों का दोहन पेड़ों का दोहन देखते देखते इस दो हमसे वायुमंडल प्रभावित हुआ जो विश्व के लिए बहुत ही कष्टदायक है। जिसमें मुख्य यजमान विजयगढ़ से पधारे वैद्यराज आयुर्वेद दबा निर्यातक नीरज गोयल अलीगढ़ के सनातन धर्म संघ के जिला संयोजक जितेंद्र गोविल, पूर्व सभासद चेतन शर्मा , अरुण दीक्षित एडवोकेट, आकाश दीक्षित ,मयंक उपाध्याय, संदीप शर्मा, दीपांशु पंडित आदि आत्म प्रेमियों ने देवों का देव महादेव सदाशिव आशुतोष महाकाल महामृत्युंजय का विशेष विशेष आव्हान किया एवं अपने क्षेत्र अपने प्रदेश अपने देश को हर आपदा विषम परिस्थितियों आतंकी हमला कट्टरपंथी चरमपंथियों से हर प्रमाण जीवन की रक्षा करने की कामना प्रार्थना की गई। इस अवसर पर आशीष गोयल ,दुर्वेश पचौरी, मीनू अग्रवाल , श्वेता गोयल, प्रगति गोयल आदि गणमान्य प्रबुद्ध जन जनकल्याण के लिए आयोजित रूद्र महा अभिषेक में विशेष रूप से उपस्थित थे।

## तमंचा और कारतूस समेत गिरफ्तार कर एक अभियुक्तको पुलिस ने भेजा जेल

सिकंदराराऊ। कोतवाली पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार करके जेल भेजा है तथा उसके कब्जे से 1 अवैध तमंचा व 1 कारतूस 315 बोर बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार बैद्य के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा सूचना पर 1 अभियुक्त आकाश यादव पुत्र जयवीर सिंह निवासी फरीदाबाद थाना सिकन्दराराऊ जनपद हाथरस को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण



सफलता प्राप्त की हैं। जिसके कब्जे से 1 अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राराऊ पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह , उप निरीक्षक भवानी शंकर शर्मा एवं पुलिसकर्मी मनीष राणा , राजेन्द्र कुमार शामिल थे।

## आटा,चावल,पनीर,दूध जैसी अति आवश्यक वस्तुओं से जीएसटी वापस ले केंद्र सरकार संजीव महाजन

सिकंदराराऊ। केंद्र सरकार ने आटा, चावल, पनीर , दूध जैसी अति आवश्यक वस्तुओं पर पांच प्रतिशत जी एस टी, लगाकर अपना जनविरोधी चेहरा दिखा दिया है। इससे आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सरकार को इस फैसले को तुरंत वापिस लेना चाहिए। उक्त बातें अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव महाजन ने प्रेस को जारी बयान में कहीं। महाजन ने कहा कि देश पहले से ही कोरोना के कारण वैश्विक मंहगाई से जूझ रहा है। फिर भी केंद्र सरकार द्वारा हर रोज किसी ना किसी चीज पर दाम बढ़ा दिये जाते हैं।



अभी हाल ही में आटा , चावल , दूध , दही, पनीर जैसी अति आवश्यक वस्तुओं पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाकर आग में घी डालने का कार्य किया है जो किसी कीमत पर भी स्वीकार्य नहीं है। केंद्र सरकार को इस जनविरोधी फैसले को तुरंत वापिस लेना चाहिए। कभी कभी ऐसा लगता है जैसे सरकार व्यापारियों की दुश्मन बन बैठी है। जो वर्ग अपना अमूल्य वोट देकर भाजपा की सरकार बनवाता है। वही वर्ग सरकार के निशाने पर है। अभी तीन दिन पहले सरकार ने साहूकारी लाइसेंस खत्म करने का आदेश जारी किया है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि सरकार को होश में फैसले लेने चाहिए वरना जो व्यापारी सरकार बनवा सकता है वो सरकार हटा भी सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ससुरालियो से परेशान युवती पिता संग थाने पहुची

पिनाहट। थाना बासोनी के गांव उमरैठा निवासी एक युवती ससुरालियो पर गाली गलौज व मारपीट का आरोप लगाते हुऐ थाने पहुची जहां पिता ने आरोपित के खिलाफ लिखित तहरीर दी। सुरेश चंद्र निवासी मीठ पुरा फतेहाबाद ने थाना बासोनी मे लिखित शिकायत की।कि उमरैठा निवासी सुखबीर के अपनी पुत्री ज्ञानवती की शादी तीन साल पूर्व की थी।किन्तु विवाह के कूछ दिन बाद ही ससुरालीजन पति सुखबीर,ससुर गंगासिह,सास मुन्नी देवी ननद जयमाला आये दिन गाली गलौज व मारपीट करते है।कई बार गांव के संभ्रांत लोगो द्वारा पंचायत करा ली। किन्तु ससुरालीजन अपनी हरकतो से बाज नही आ रहै है।पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मामले की जांच शिरु कर दी।

### पिनाहट घाट पर 3 मीटर और बढा चंबल का जलस्तर, स्थिति सामान्य प्रशासन सतर्क

- कोटा बैराज से 1 लाख 22 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। कस्बा पिनाहट क्षेत्र से सटी चंबल नदी का जलस्तर बारिश के कारण लगातार बढ़ रहा है। फिलहाल जलस्तर बढ़ने से स्थिति सामान्य है। चंबल के जल स्तर को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। जानकारी के अनुसार राजस्थान और मध्य प्रदेश में हुई बारिश के चलते चंबल नदी का जलस्तर अब धीरे–धीरे बढ़ने लगा है। जिसके चलते हैं उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश राज्य के चंबल नदी किनारे बसे गांव के लोगों में हड़बड़ी मच गई है। वही कोटा बैराज से 1 लाख 22 हजार क्यूसेक पानी छोडा गया है। क्षेत्रीय प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी चंबल के जल स्तर पर सतर्कता के साथ पूरी निगाहें बनाए हुए हैं। गुरुवार को पिनाहट घाट पर चंबल नदी का जलस्तर 115 मीटर से 118 मीटर तक 3 मीटर बढ़ गया है। नदी के जल



स्तर की और बढ़ने की संभावना जताई गई है। क्योंकि चंबल नदी में मध्य प्रदेश की पार्वती नदी का भी पानी भारी मात्रा में पहुंचता है। जिसके चलते और इजाफा जलस्तर में हो सकता है। प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट पर है। पिछले वर्ष चंबल नदी में भारी बाढ़ का खतरा आया था। जिसके चलते बाह तहसील क्षेत्र के कई गांव पानी से घिर गए थे। लोगों को गांव से बाहर ले जाने के लिए प्रशासन द्वारा मोटर बोट चलाई गई थी। साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था के साथ खाने पीने की व्यवस्था भी की गई थी। बाढ़ के कारण किसानों की फसलों का भारी नुकसान हुआ था। पिछले वर्ष की बाढ़ को देखते हुए प्रशासन चंबल के पानी पर अपनी निगाह बनाए हुए है। वही उपजिलाधिकारी बाह रतन सिंह ने बताया कोटा बैराज से 1 लाख 22 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने की सूचना मिली है तलहटी इलाको मे अलर्ट जारी कर दिया गया है।

## आगरा में दीवानी कोर्ट से गैंगस्टर को छुड़ाकर ले जाने वाले दो इनामी बदमाश पुलिस ने पकड़े



- जेल से ही ऐसे रची गई थी साजिश. जेल से मैसेंजर कॉल करता था विनय श्रोतिया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। में 13 जुलाई को पेशी के दौरान दीवानी परिसर से शातिर अभियुक्त विनय श्रोत्रिय को छुड़ाकर ले जानी वाली घटना में शामिल दो अभियुक्तों को पुलिस ने मुठभेड़ में अरेस्ट किया है. एसओजी, सीआईडब्ल्यू टीम, सर्विलांस व थाना पुलिस टीम के संयुक्त आपरेशन द्वारा घटना में शामिल 25कृ25 हजार के दो इनामी बदमाशों को पुलिस ने दो तमंचा मय 4 जिंदा व दो खोखा कारतूस के साथ अरेस्ट किया है. पुलिस ने इनकी मोटरसाइकिल भी बरामद की है. बता दें कि आगरा में 13 जुलाई को दीवानी कोर्ट में पेशी के दौरान ड्यूटीरत मुख्य आरक्षी अनुज प्रताप सिंह को घायल कर गैंगस्टर विनय श्रोत्रिया अपने दो तीन साथियों की मदद से फरार हो गया था. कोर्ट से गैंगस्टर के फरार होने से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान उठे थे. इस संबंध में थाना न्यू आगरा में मुकदमा पंजीकृत किया गया। बुधवार रात को एसओजी, सीआईडब्ल्यू व थाना पुलिस खंदारी में गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि घटना में शामिल 25कृ25 हजार के दो इनामी बदमाश राहुल कश्यम व पिन्टा उर्फ शिवराम गांव लालगढ़ी में छुपे हुए हैं और मुख्य रास्ते से न जाकर लालगढ़ी से खासपुरा की तरफ जाने वाले रोड से कमला नगर होकर फिरोजाबाद जाने की फिराक में हैं. इस पर पुलिस टीमें बताए गए स्थान पर छुप गईं. कुछ समय बाद लालगढ़ी से बाइक आती दिखी. बाइक पास आने पर पुलिस टीम बाहर निकल आई और रोकने का प्रयास किया पुलिस को देख बाइक सवार सकपका गए और स्पीड बढ़ाकर भागने लगे. भागते समय उन्होंने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर किए. जवाब में पुलिस ने भी फायर किया और चारों ओर से घेरकर दोनों अभियुक्तों को अरेस्ट कर लिया।

पकड़े गए बदमाशों के नाम : राहुल कश्यप पुत्र किशोरीलाल निवासी इंद्रपुरी जलेसर रोड फिरोजाबाद, पिन्टा उर्फ शिवराम यादव मिन्टा यादव पुत्र राजकुमार निवासी दौलतपुर थाना नारखी फिरोजाबाद।

इस तरह भगा ले गए थे शातिर विनय को पुलिस पूछताछ में राहुल कश्यप ने बताया कि वह पूर्व में भी जेल गया था जहां उसकी मुलाकात विनय श्रोत्रिया से हुई थी. मैं जमानत पर बाहर आ गया. उसने बताया कि वह, पिन्टा, सोनू कुशवाह व छोटे उर्फ रिषभ के साथकृसाथ विनय से भी मिलने उसकी कई तारीख से दीवानी आता था व जेल में भी मैं विनय श्रोतिया से मिलाई करने जाता था, जहां हम दोनों ने भागने की योजना बनाई. उसने बताया कि हर मिलाई पर विनय श्रोत्रिया मुझे दो से तीन हजार रुपये खर्चे के लिए देता था तथा वह जेल से मैसेंजर कॉल व पीएनटी काल करके मुझे अपनी तारीख पर आने के लिए कहता था. हम पैसों के लालच में उससे तारीख पर मिलने आते थे।

ढाई लाख रुपये का दिया था लालच : राहुल कश्यप ने बताया कि पिछली तारीख पर भी उसने हमें जेल से भगा कर ले चलने के लिए कहा था लेकिन हमने मना कर दिया था. इस पर विनय ने हमको ढाई लाख रुपये देने के लिए कहा था, जिससे हम लालच में आ गए. 13 जुलाई को जब वह पेशी पर आया तो हम, पिन्टा, सोनू व छोटे दीवानी के गेट नंबर एक पर हवालात के पास मौजूद थे. जैसे ही विनय श्रोत्रिया को पेश करने के लिए पुलिसवाला लेकर चला तो विनय श्रोतिया ने सोनू के कान में कहा कि बाइक को गेट नंबर चार पर ले आओ. इस पर पिन्टा बाइक को गेट नंबर चार पर ले आया. विनय श्रोतिया पुलिस वाले को गच्चा देकर बाइक पर आकर बैठ गया तथा मैं उसके पीछे बैठ गया. हम सबसे पहले भदावर हाउस से एसआरके मॉल् वाले रास्ते से सिकंदरा से राया फाटक हाते हुए बम्बे के सहारे लिंक रोड होते हुए गुड्डू पहलवान के घर मथुरा पहुंचे. जहां पर उसके पिता ने कहा कि गुड्डू पहलवान फरारी काट रहा है तो हम तीनों वहां से निकलकर गुड्डू के दोस्त हरिदास के यहां पहुंचे. यहां से विनय ने हरिदास के फोन से किसी को फोन भी किया. हरिदास ने कहा कि उसकी गुड्डू पहलवान से खटपट हो गई है तो हम लोग वहां से निकल गए. उसके बाद आगे चलरक एक गांव में पहुंचे, जिसे सिर्फ विनय श्रोतिया जानता था. हम रात को वहां पर रुके. जिसके यहां रुके विनय उसको चौधरीकृचौधरी कहकर बुला रहा था और अपना नाम राजेश यादव बताया था. सुबह यहां से हम सासनी के पास एक गांव में गए जहां से एक किलोमीटर दूर भोलेबाबा का कार्यक्रम हो रहा था. यहां से विनय श्रोतिया हम दोनों को बैठाकर अकेले कहीं गया और दो तमंचे 315 बोर के व 6 अवैध कारतूस 315 बोर लेकर आया और हम दोनों को दे दिए थे जो कि हमसे बरामद हुए हैं. उसमे बाद हम मथुरा में गोवर्धनजी मार्ग पर रात्रि विश्राम किया और फिर अगले दिनसुबह खंदौली होते हुए बरहन तथा वहां से शिकोहाबाद पहुंचे जहां पिन्टा के भाई के साले के पास हम दोनों को छोड़ा तथा इसके बाद विनय कहीं चला गया और दो घंटे बाद नहा धोकर व कपड़े बदलकर आया था. इसके बाद हम तीनों बाइक से ही फरिहा होते हुए अवागढ़ पहुंचे जहां चौराहे से 100 मीटर पहले पेट्रोल पंप के बगल में गली पर उतार दिया. यहां विनय श्रोतिया ने उसे 18 हजार रुपये दिए तथा बाकी रुपये बाद में देने के लिए बोला और विनय श्रोतिया को छोड़कर हम दोनों लोग फिरोजाबाद की तरफ आ गए. यहां हम जगह बदल बदल कर रते थे. राहुल ने बताया कि विनय श्रोतिया द्वारा दिए गए रुपयों में से कुछ रुपये खर्च हो गए तथा कुछ मैंने अपनी मां को दे दिए जिससे मेरी मां मेरी पैरवली कर रही थी व मेरी भावी व मेरा भाई सिन्कू उर्फ पुष्पेंद्र व मेरे भाई सिन्कू के साले का दामाद दयाकिशोर व मेरे मामा का लड़का पूरनसिंह व अशोक, रवि यादव द्वारा हमारे लिए खाने पीने की व्यवस्था की जाती थी. विनय श्रोतिया को भी उपरोक्त् व्यक्तियों द्वारा खाने पीने की सामग्री रुपये की व्यवस्था की गई थी. मेरी मां मीरा मेरी पैरवी करती है तथा वह लगातार मेरे संपर्क में रही तथा मुझे रास्ता बताती रही कि अब क्या करना है. पूरन सिंह मेरे मामा का लड़का हमारे लिए खाना पहुंचाता था, जहां भी हम रुके हाते थे. इस दौरान हम मामा अशोक के घर भी रुके थेथे।

## पुलिस ने स्कूल में छात्र छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध को लेकर किया जागरूक



संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। कस्बा पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल परिसर में पुलिस ने महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध को लेकर छात्र छात्राओं सहित अध्यापकों को जागरूक कर जानकारी दी गई। आपको बता दें पुलिस के उच्चाधिकारियों के आदेश पर थाना प्रभारी पिनाहट कुलदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में बीट प्रभारी महिला कांस्टेबल सुमन यादव ने गुरुवार को कस्बा पिनाहट के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल परिसर में महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध को लेकर स्कूली छात्र छात्राओं के साथ अध्यापकों को जानकारी देकर जागरूक किया। जिसमें महिला पुलिस कर्मी द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध की रोकथाम के लिए बताया कि किस तरीके से आपको बचाव करना है। किसी भी परिस्थिति में घबराने की जरूरत नहीं है।

पुलिस सहायता नंबरों 1090, 1098, 1070, पुलिस कंट्रोल रूम 112 पर घटना की जानकारी दे सकते हैं। पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाएगी।किसी भी प्रकार की कोई भी फर्जी फोन कॉल आए तो उसे रिसीव नहीं करना है। अगर आप सायबर अपराध की चपेट में आ रहे हैं। साइबर अपराध हेल्प लाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं। अपराध से संबंधित मामले को लेकर तत्काल पुलिस को संपर्क करें।

## श्रीमद् भागवत भगवान की है आरती पापियों को पाप से है तारती

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। बीएस फार्म हाउस सेमरी का ताल देवरी रोड आगरा पर चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर व्यास पीठ पर विराजमान पूज्य भागवत किंकर परम श्रद्धेय पंडित श्री सौनेन्द्र कृष्ण शास्त्री ष्वत्सल जी महाराजष श्री धाम वृंदावन द्वारा प्रहलाद चरित्र भरत जी की कथा का साक्षात आकृति वर्णन कर श्रद्धेय शास्त्री जी ने समझाया यदि मनुष्य को जीवन मिला है तो काम क्रोध लोभ मोह अहंकार यह नरक के रास्ते हैं सत्य का रास्ता सिमरन और सत्संग प्रभु की प्राप्ति सत्संग से ही होती है

खचाखच भरे कथा पंडाल श्रद्धालुओं द्वारा बांके बिहारी की जय जयकार



अलौकिक दृश्य राधा रानी की जय जय कार के बीच भक्त मंत्रमुग्ध होकर झूमते नाचते प्रभु की महिमा महिमा निराली देखो रे भाई मुख्य रूप से पवन चाहर पुष्पेंद्र शास्त्री मनीष विश्वजीत शर्मा प्रशांत तिवारी समस्त भक्त गण मौजूद रहे। श्रीमद् भागवत कथा कल 22 जुलाई 22 श्री राम जन्म कृष्ण जन्म जन्मोत्सव की धूम रहेगी शाम 5:00 बजे मुख्य रूप से।

## अनुभवी योगाचार्य द्वारा नि:शुल्क योग कार्यशाला आयोजित : महापौर



दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। स्वास्थ्य एवं योग के प्रति शहरवासियों को जागरूक करने के लिए महापौर नवीन जैन ने आगरा महानगर के विभिन्न स्थानों एवं सार्वजनिक पार्कों पर अनुभवी योगाचार्य द्वारा निरूशुल्क योग कार्यशाला आयोजित कराने की घोषणा की थी और शहरवासियों से शिविर लगाने के लिए आवेदन करने की अपील की थी। महापौर नवीन जैन की यह मुहिम धीरे–धीरे रंग ला रही है। ट्रांस यमुना क्षेत्र और अशोक नगर में नगर निगम द्वारा निःशुल्क योग शिविर की शुरुआत हो गयी है, जहां प्रातः योगाचार्य द्वारा योग अभ्यास कराया जा रहा है। वहीं लोग भी शिविर में बढ़चढ़कर भाग ले रहे हैं। यमुनापार क्षेत्र के पार्षद प्रकाश केसवानी ने बताया कि पहले ही दिन से योग शिविर के प्रति क्षेत्रीय लोगों में अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। कोरोना काल के बाद से अब सभी स्वास्थ्य के प्रति सचेत हो गए हैं। यही कारण है कि योग शिविर में बच्चों से लेकर महिलाओं और बूढ़े तक भाग ले रहे हैं। वहीं पार्षद राजेश प्रजापति ने बताया कि शहरवासियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए महापौर नवीन जैन की ये नेक पहल की है। उनके क्षेत्र अशोक नगर में योग शिविर की शुरुआत हो गयी है। लोग योग का लाभ ले रहे हैं। महापौर नवीन जैन ने बताया कि जिस तरह से धीरे–धीरे आवेदन आ रहे हैं, नगर निगम उन्हीं क्षेत्रों में योग शिविर लगवा रहा है। अगले कुछ दिनों में लगभग और आधा दर्जन स्थानों पर योग शिविर की शुरुआत हो जाएगी। महापौर ने लोगों से अपील की है अभी भी आवेदन की प्रक्रिया जारी है। यदि कोई अपने यहां सार्वजनिक स्थान अथवा पार्क में योग शिविर लगवाना चाहता है तो वह क्षेत्रीय पार्षद से जल्द से जल्द संपर्क कर आवेदन कर सकता है।

## टीबी रोगियों के परिजनों को दें टीपीटी : सीएमओ

- राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पब्लिक क्षेत्र चिकित्सकों की आयोजित हुई सीएमई,टीबी रोगियों को उपचार देने के साथ–साथ समय से परिवार के सदस्यों को टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी देने को लेकर हुई चर्चा

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत होटल भावना क्लार्क इन में पब्लिक क्षेत्र के चिकित्सकों की सीएमई आयोजित हुई। इसमें टीबी रोगियों के नोटिफिकेशन करने के बाद उनका उपचार करने और साथ में रोगी के परिवार के सदस्यों को क्षय रोग से बचाने के लिए टीबी प्रिवेंटिव थेरपी (टीपीटी) देने को लेकर चर्चा हुई। इसमें पब्लिक क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने सभी चिकित्सकों को संबोधित करते हुए बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए विभाग की ओर से विभिन्न पहलुओं पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में टीबी रोगी के संपर्क में आने वाले परिवार के लोगों को भी टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) दी जा रही है। सीएमओ ने बताया कि टीबी (ट्यूबरक्लोसिस) रोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस जीवाणु से होता है। इसके दो प्रकार हैं। पहला, पल्मोनरी टीबी, दूसरा एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी। पल्मोनरी टीबी में फेफड़े संक्रमित होते हैं। इसकी फैलने की आशंका रहती है। एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी में फेफड़ों के बजाय शरीर के अन्य अंगों पर असर होता है। यह नहीं फैलती है। पल्मोनरी टीबी रोगियों के संपर्क में आए लोगों को टीपीटी दी जा रही है। इसके तहत क्षय रोगी के परिवार के लोगों को छह महीने तक क्षय रोग की प्रतिरोधी दवाएं मौजूद परिवार के सदस्यों के आयु के हिसाब से दी जाएं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शहरी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. पीके शर्मा, शहरी स्वास्थ्य समन्वयक आकाश गौतम, जिला पीपीएम समन्वयक कमल सिंह, अरविंद कुमार यादव, शशीकांत पोरवाल, पंकज सिंह उपस्थित रहे।



## हर किसी के लिए अलग है हेल्दी डाइट की परिभाषा

- स्पाइसी शुगर संस्था द्वारा महिलाओं के लिए आयोजित की गई फिटनेस व हेल्थ पर वर्कशॉप

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। फिटनेस एक्सपर्ट गुंजन तनेजा ने बताए मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के टिप्स, सभी के लिए हेल्दी डाइट की परिभाषा एक नहीं हो सकती। जो डाइट गर्भवती महिला के लिए सही है वह सामान्य महिला के लिए नहीं। जो खान–पान एक खिलाड़ी के लिए जरूरी है वह सामान्य के लिए नहीं। हेल्दी डाइट की परिभाषा आजकल शुगरफ्री, ब्राउन ब्रेड या फिर प्रिजरवेटिव फ्री खाना हो गया है। यह जानकारी स्पाइसी शुगर संस्था द्वारा हेल्थ एंड फिटनेस पर आयोजित वर्कशॉप में फिटनेस एक्सपर्ट गुंजन तनेजा ने दी। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अध्यक्ष पूनम सचदेवा में सभी सदस्याओं का स्वागत किया। गुंजन तनेजा



फिटनेस टिप्स देते हुए कहा कि हर व्यक्ति की अपनी अलग मेटाबॉलिज्म होती है, जिसके हिसाब से उसकी डाइट निश्चित होती है। हर व्यक्ति की लाइफ स्टाइल अलग होती है, इसलिए डाइट भी अलग होनी चाहिए।

जीवन से बहानों को निकाल दीजिए तभी सफलता मिलेगी। समय पर सोना, सुबह उठना, पानी पीना, मेडीटेशन, परिवार के साथ समय बिताना जैसी छोटी–छोटी चीजें हमारे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ पर बहुत सकारात्मक प्रभाव लती हैं। इन्हें जीनव में शामिल करिए। उन्होंने शारीरिक व्यायाम के साथ मानसिक व्यायाम को भी जरूरी बताया। गंजन तनेजा का स्वागत स्टॅार ऑफ मंथ बनी रीता जग्गी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. रंजना बंसल, चंदनी ग्रोवर, पावनी सचदेवा, अलका बंसल, हरिमा हेमदेव, पुष्पा पोपटानी, रुचि अग्रवाल, निधि वाधवा, अंजली, प्रीति गुप्ता, रानी रल्लन, राजश्री मिश्रा, सुप्रिया, श्वेता साहनी आदि उपस्तित थीं।

## गौवंशो के लिए गौशाला में भूसा दान किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी

अछनेरा। उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौवंशो की रक्षा करने के लिए जगह जगह पर गौशाला बनाने के निर्देश जारी किए हैं



साथ ही गौशालाओं में गौवंशों के लिए खाने की व्यवस्था भी की जा रही है जिससे कि कोई भी आवारा गौवंश सड़कों पर नजर नहीं आये इसी क्रम में आज अछनेरा ब्लॉक परिवार द्वारा निर्धारित करीब चालीस कुन्तल भूसा अछनेरा के गांव मांगरोल गुजर गौशाला को दान किया गया है। इस दौरान–सुरेंद्र सिंह, रामवीर चाहर, शकील कुरैशी, महाराज सिंह,और अन्य लोग मौजूद रहे।

## देश की 15 वी राष्ट्रपति बनी द्रोपदी मुर्मु भारतीय जनता पार्टी

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। महानगर के निर्देश पर भाजपा के प्रत्येक वार्ड में विजय दिवस मनाया गया इसी क्रम में वार्ड संख्या 12 में मिस्ठान वितरण किया गया ।आगरा



महानगर के महामंत्री हेमंत भोजवानी ने एन डी ए की उम्मीदवार आदिवासी महिला के राष्ट्रपति बनने पर हर्ष व्यक्त करते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया ।मिस्ठान वितरण करने वालो में हेमंत भोजवानी,लक्ष्मण त्यागी,अनिता खारे पार्षद,आदेश त्यागी,गुलशन दयाल,बंटी कुशवाह ,दयाराम प्रजापति पूनम मनवानी, आदि मौजूद रहे ।

## स्ट्रेस फ्री रहना है तो रक्तदान अवश्य करें

- नेवीगेटर मेरीटाइम अकादमी में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन, विद्यार्थियों व स्टॉफ ने 52 यूनिट रक्तदान किया

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। यदि आप स्ट्रेस फ्री और अपने दिल को स्वस्थ रखना चाहते है तो रक्तदान अवश्य करें।

भारत में मात्र चार प्रतिशत ब्लड डोनर के भरोसे ही मरीजों को आवश्यक रक्त की भरपाई हो रही है। रक्तदान करने वालों का प्रतिशत बढ़ाने की आवश्यकता है। रक्तदान के लिए जागरूकता भरे कुछ ऐसे ही संदेशों के साथ नेवीगेटर मेरीटाइम अकादमी पथौली में आगरा सिटी ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों व स्टॉफ के लोगों ने 52 यूनिट



रक्तदान किया। अकादमी के प्रिंसीपल कैप्टन विवेक चरनदास गुप्ता ने बताया कि युवा पीढ़ी को सामाजिक सरोकार से जोड़ना और जरूरतमंद मरीजों की मदद के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। डॉ. रिचा कुमार ने बताया कि 96 प्रतिशत जनता सिर्फ 4 प्रतिशत ब्लड डोनर के भरोसे जी रही है। जागरूकता कैम्प आयोजित कर रक्तदान के प्रति लोगों को प्रेरित करना है। 18 से 65 वर्ष तक के लोग तीन माह बाद रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से इस अवसर पर मुख्य रूप से अकादमी के ट्रस्टी विक्रांत चाहर, कैप्टन वीके सिंह, डॉ. वीके शर्मा, सचिन सिंह, एसपी सिंह, बृजेश उपाध्याय, डॉ. एससी गुप्ता, भूपेन्द्र सविता, प्रीति यादव, सोनल कुलश्रेष्ठ, राधिका शर्मा, धर्मेन्द्र भारद्वाज, शरद गुप्ता, सुरेश रावत, सुहानी मिस्रा आदि उपस्थित थे।

## दबंगो ने खेत की मेड समेत नहर की पटरी काटी

- विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी

पिनाहट। दबंगो द्वारा खेत की जुताई के दौरान जबरन पडोसी की मेड व नहर की पटरी जोतने का विरोध करने पर दबंगो द्वारा जान से मारने की धमकी दी।जिसकी शिकायत पीडित द्वारा पुलिस से की गयी। कस्बा पिनाहट निवासी रामभरोसी ने थाना पिनाहट मे लिखित शिकायत की कि जगदीश व सत्यनारायण निवासीगण भोनिक पुरा थाना बसई अरेला खेत पडोसी है इन दोनो ने बुधवार को ट्रेक्टर द्वारा अपने खेतो की जुताई करवायी दौरान मेरे खेत की मेड को तोड दिया व नहर की पटरी को भी तोड दिया।जिसका विरोध करने पर दोनो लोग जान से मारने की धमकी देने लगे।जिससे मे अपनी जान बचाकर आया हू ।वही पुलिस मामले को जांच कर रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत-दो गम्भीर रूप से घायल



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी

अछनेरा। फतेहपुर सीकरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे फाटक संख्या 40 पर गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से बाइक सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से घायलों को अस्पताल भेज दिया है रेलवे पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

आपको बता दें कि गुरुवार प्रात 11:00 बजे फतेहपुर सीकरी के वाटर वर्क्स निवासी महेंद्र सिंह अपने परिवार के साथ बाइक से अपने गांव राजस्थान की साइड जा रहा था तभी फाटक संख्या 40 पर रेलवे लाइन पार करते समय तेज रफ्तार ट्रेन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया वहीं हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई जब कि 2 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं इस दर्दनाक हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों का हुजूम जमा हो गया स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची रेलवे सुरक्षा बल एवम फतेहपुर सीकरी पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा भेज दिया है वहीं मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है । रेलवे पुलिस ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर ट्रेन आ रही थी फाटक बंद था जल्दबाजी में बाइक सवार बन्द फाटक को पार कर रहे थे तभी ट्रैक पर ट्रेन आ गई और बाइक सवार तीनों को अपनी चपेट में ले लिया बाइक सवार महिला की तो मौके पर ही मौत हो गई मृतक महिला का नाम बतसिया है और दोनों घायलों के नाम महेंद्र सिंह और जीतू हैं घायलों को अस्पताल भेज दिया गया है।

## सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर सी एम ओ का ओचक निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता –ईशू चेनानी अछनेरा। बुधवार देर रात सरकारी आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की बस्तुस्थिति जानने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के औचक निरीक्षण पर निकले सीएमओ डॉ अरुण श्रीवास्तव और जिला कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप भारद्वाज ने पहले बिचपुरी फिर रात्रि 10:30 पर अछनेरा अस्पताल का निरीक्षण किया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ कपिल फार्मासिस्ट दीपक गौतम ,स्टाफ नर्स नीना उपाध्याय और सफाई कर्मचारी मौके पर मिले।

दीवारों पर पान और गुटखे की पीक देख कर सीएमओ डॉ ए.के. श्रीवास्तव का पारा चढ़ गया और सफाई कर्मचारी रामू को इन्हें साफ करने और बरसात के दिनों में अस्पताल में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी ।

अछनेरा स्वास्थ्य केंद्र पर दो प्रसूता जिनका सीजर ऑपरेशन हुआ था और 4 सामान्य प्रसूता भर्ती थी । उनके परिजनों से हाल जाना और उसके बाद किरावली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जो केवल नाम के लिए कागजो में फर्स्ट रेफरल यूनिट है का निरीक्षण करने रात 11:30 पर पहुंचे जहां प्रसूति सेवा के लिए स्टाफ नर्स हेमलता और सफाईकर्मी मौजूद मिला । लेकिन इमरजेंसी सेवा के लिए कोई डॉक्टर, फार्मासिस्ट और बार्ड बॉय हाजिर नही था।

जिस पर सीएमओ ने बताया कि तीनो का एक दिन का वेतन काटा जाएग और डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही सीएमओ ने किरावली पर मौजूद स्टाफ नर्स से प्रसूताओं की गिनती पूछी तो स्टाफ नर्स ने कुल संख्या चार बताई जिसमें दो प्रसव दिन में और दो रात्रि को किये गए। बहां मौजूद बिद्यापुर निबासी तीमारदार मीना देवी से प्रसूता को खाने और



चाय पानी मिलने की बात पूछी तो जवाब में मीना देवी ने कहा हां मिल रहा है तथा किसी द्वारा पैसे तो मांगे गए पूछा गया तो मीना देवी ने कहा कि किसी ने पैसे नही मांगे और सन्तुष्ट होने पर फतेहपुर– सीकरी सीएचसी निरीक्षण को रवाना हो गए। उधर सीएचसी अधीक्षक डॉ राजकमल ने बताया कि अभी इमरजेंसी सेवा के लिए रोस्टर नही बना है। इसीलिए रात्रिकालीन इमरजेंसी सेवाएं बंद हैं और केवल प्रसव हेतु इमरजेंसी सेवाएं चल रहीं हैं। अभी स्वास्थ्य केंद्र पर केवल एक डॉक्टर और एक वार्ड बॉय तथा दो फार्मासिस्ट की ड्यूटी है ।

# लाखों की लागत से बना नाला मिनटों में हुआ ढेर

• एक बरसात भी नहीं झेल पाया ग्राम पंचायत से बना नाला

दैनिक अयोध्या टाइम्स शिवपुर, बहराइच। शिवपुर ब्लाक परिसर में नहर किनारे ग्राम पंचायत लौकिहा द्वारा बनवाया गया नाला सीजन की पहली बरसात में ही धारासाही हो गया है बता दें कि ब्लाक परिसर में नहर के किनारे बरसात के पानी को निकलने के ग्राम पंचायत लौकिहा द्वारा लगभग8लाख की लागत से बना नाला एक ही बरसात में गिर गया हैजिससे लगता है कि काम गुणवत्तापूर्ण नहीं कराया गया है लोगों ने बताया कि बिना नीव खोदे ही जमीन बराबर कर रोडा बिछा कर उस पर दीवार उठा कर पैसा हडप लिया गया है।इस तरह से कराया गया कार्य विकास कार्यों की पोल खोल रहा है।



सोचने का विषय यह है कि जिस मुख्यालय पर हुये कार्य में इस तरह की भ्रष्टाचारी होने के बावजूद जेई ने किस तरह पास कर दिया जिससे लगता है कि कहीं न कहीं इस तरह की भ्रष्टाचारी अधिकारियों की सरपरस्ती मे हो रही है इस बारे में जब खन्ड विकास अधिकारी शिवपुर सेफोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि जाच करवाई गई है रिपोर्ट आ जाने के बाद उचित कार्यवाही की जायेगी।

# पोषाहार वितरण में हो रही धांधली,उच्चाधिकारियों से हुई शिकायत

दैनिक अयोध्या टाइम्स हलधरमऊ गोंडा। स्थानीय विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी, मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 माह से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चों को पोषाहार, कुपोषित बच्चों की देखभाल, गर्भवती महिलाओं के लिए पोषाहार, किशोरियों एवं धात्री महिलाओं के लिए भी शासन द्वारा पोषाहार का वितरण प्रत्येक माह किया जाना है।

जिसके लिए बाल विकास पुष्टाहार विभाग के द्वारा प्रत्येक केंद्रों पर पर लाखों रुपयों का पुष्टाहार (खाद्य सामग्री) उपलब्ध करायी जाती है। वहीं सरकार ने कार्यकत्रियों के खिलाफ शिकायतों को ध्यान में रखकर इनके साथ स्वयं सहायता समूह को भी शामिल किया गया है।लेकिन उसके बाद भी सरकार की मंशा के अनुरूप पुष्टाहार लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसी क्रम में परियोजना क्षेत्र हलधरमऊ के ग्राम पंचायत बरावालिया कुर्मी में महिलाओं ने छह माह से पोषाहार व अन्य पोषक सामग्री ना मिलने और जिम्मेदार लोगों द्वारा पोषण सामग्री को ग्राम के लाभार्थियों को नियमानुसार वितरण ना करके आपस में बंदरबाँट कर लिये जाने के संबंध मे कई बार अधिकारियों से शिकायत होने के बावजूद अभी तक कोई कार्यवाही ना होने से विवश होकर गांव के महिलाओं,बच्चों, लाभार्थियों ने उच्चाधिकारियों से संपूर्ण प्रकरण की जांच कर उचित कार्यवाही करने और पोषाहार सहित अन्य पोषक सामग्री दिलाने की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकरण बाल विकास एवं पुष्टाहार परियोजना कार्यालय हलधरमऊ क्षेत्र से जुड़ा है, जिसके अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र पर 6 माह से 3 साल, 3 साल से 6 साल तक बच्चे और गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं और कुपोषित बच्चों के लिए सरकार द्वारा चना दाल, दूध, देसी घी, चावल, गेहूं व रिफाइंड तेल आदि दिया जाता है। लेकिन सरकार की इस अति महत्वाकांक्षी योजना पर सीडीपीओ, सुपरवाइजर,लिपिक व जिम्मेदार लोग मिलकर पानी फेर रहे हैं। इसी परियोजना क्षेत्र के ग्राम बरवालिया कुर्मी आंगनबाड़ी केंद्र के अन्तर्गत ग्राम के महिलाओं,बच्चों ने बताया कि उनके गांव में करीब छः माह से पोषाहार व अन्य वस्तुओं का वितरण नहीं किया गया है और लगातार पोषाहार आगनवाड़ी कार्यकत्री के द्वारा उठान करके जिम्मेदार लोगों की मिलीभगत से कागजों में वितरण दिखाकर बंदरबांट करते हुए गबन किया जा रहा है। वहीं बिना वितरण किये विभागीय अधिकारियों और ग्राम पंचायत के जिम्मेदार लोगों की सांठगांठ से फर्जी तरीके से उठान भी कर लिया जाता है, जो सरासर गलत है।

गाँव की कई महिलाओं ने बताया कि उन्हें बीते छः माह से पोषाहार व अन्य वस्तुओं का वितरण नहीं किया गया है। इसकी शिकायत अधिकारियों से कई बार करने के बाद भी अभी तक पोषाहार,चावल, गेहूं व रिफाइंड तेल, दाल, दूध, देसी घी आदि का वितरण नहीं किया गया है। जिससे विवश होकर गांव की महिलाओ,बच्चों, लाभार्थियों ने उच्चाधिकारियों से संपूर्ण प्रकरण की जांच कर उचित कार्यवाही करने और पोषाहार सहित अन्य पोषक सामग्री दिलाने की गुहार लगाई है।

# क्षेत्र के कचनापुर से लखनऊ के लिए चलेगी रोडवेज बस

• क्षेत्रवासियों को मिल सकेगी काफी राहत

दैनिक अयोध्या टाइम्स कर्नलगंज गोंडा। स्थानीय क्षेत्र के कचनापुर से लखनऊ के लिए रोडवेज बस चलने की जानकारी हुई है।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गोण्डा के द्वारा 19 जुलाई को जारी पत्र के मुताबिक अब कचनापुर से लखनऊ के लिए रोडवेज बस सेवा की शुरुआत होगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गोण्डा द्वारा जारी निर्देश में गोण्डा–आर्यनगर– कैसरबाग के स्थान पर गोण्डा – कचनापुर – कैसरबाग गोण्डा मार्ग को फीड करने का आदेश दिया गया है। बताते चलें कि इस सेवा की शुरुआत से क्षेत्रवासियों को काफी राहत मिल सकेगी।

# काले मेघों के बरसने से मुरझाए हुए किसानों के चेहरे खिल उठे

• किसानों ने धान रोपने की तैयारी जोर–शोर से शुरू कर दी

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। भारत देश कृषि प्रधान देश है देश की 70 परसेंट आबादी कृषि पर आधारित है । जहां पर रवी और खरीफ की फसल मुख्यतया उपजाई जाती है । रवी की फसल के लिए कम पानी की आवश्यकता पड़ती है जबकि खरीफ फसल में धान की फसल के लिए ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है । इसलिए किसान वर्ग धान की फसल के लिए काफी दिनों से विभिन्न तरीकों से पानी बरसाने के लिए अनेक टोटकों का सहारा लेना शुरु कर दिया था जिससे सूखा ना पड़े और ज्यादा से ज्यादा वारिश हो । तो भगवान ने किसानो की बाते सुनी और कल से ही वारिश करना शुरु कर दिया जिससे सभी किसान और मजदूर वर्ग के चेहरे खुशी से खिल उठे और जो चिलचिलाती धूप से मौसम का मिजाज गर्म हो गया था वह अब वारिश हो जाने से मौसम सुकून देने वाला और हरा भरा हो गया । वारिश ना होने से आदमी और पशु पक्षी सभी काफी हद तक परेशान हो गए थे चारों ओर केवल एक ही आवाज गूंज रही थी इस गर्मी से भगवान कब निजात दिलाएगा।

किसान अब खुशी मन से अपने अपने खेतों में धान की रोपाई कर रहा है । अब बहराइच जिले मे मानसून पूरी तरीके से



सक्रिय हो गया है जिससे रह रहकर अब जिले में हर जगह पर अच्छी खासी वारिश हो रही है । मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जो लगाया था वह सही साबित हो रहा है क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ से अब उत्तर प्रदेश में मानसून भरे बादल सक्रिय हो गए हैं जो रुक रुक कर अच्छी बरसात कर रहे हैं। दिन भर बादलों की आवाजाही से वातावरण काफी हद तक सही हो गया है तथा वारिश से चारों ओर खेतों में पानी ही पानी नजर आ रहा है।

# तालाब की भूमि से दबंगों का नहीं हटा अवैध कब्जा,मार्ग पर भारी जलभराव

• गांव के ही लोगों ने पटाई करके कर रखा है अवैध अतिक्रमण, ग्रामीणों की जल निकासी बाधित

दैनिक अयोध्या टाइम्स कर्नलगंज गोंडा। एक तरफ जहाँ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने तालाब सहित अन्य खाते की सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने का फरमान जारी कर रखा है तो वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदार स्थानीय अधिकारियों/कर्मचारियों की जानबूझकर उदासीनता के कारण तहसील कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम सोनवार परगना पहाड़ापुर स्थित जलमग्न तालाब की भूमि को अवैध तरीके से पाटकर लोग कब्जा करके पक्का निर्माण कर लिये हैं,जिससे ग्रामीणों की जल निकासी बाधित होने के साथ ही गांव के मार्ग पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। यहां के निवासी एवं ग्राम पंचायत सदस्य मेवाराम शुक्ल सहित काफी संख्या में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से आला अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है कि उनके गाँव में स्थित तालाब की भूमि गाटा संख्या 477, 478 पर कुछ दबंग किस्म के लोगों द्वारा पटाई करके अवैध कब्जा व निर्माण किया जा चुका है, उपरोक्त प्रश्नगत अवैध कब्जे के चलते ग्रामीणों की जल निकासी बाधित होने के साथ ही गांव के मार्ग पर भारी जलभराव होने की समस्या बरकरार होने के संबंध में अनेकों बार उपजिलाधिकारी, जिलाधिकारी व अन्य आला अधिकारियों को एवं संपूर्ण समाधान दिवस, जनसुनवाई पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देते हुये समस्या से अवगत कराया जा चुका है। लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। जिससे ग्रामीणों ने विवश होकर पुनः जिलाधिकारी सहित उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर तालाब से अवैध कब्जा हटवाने व कब्जेदार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जल निकासी कराने की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला तहसील कर्नलगंज क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सोनवार, परगना पहाड़ापुर से जुड़ा है, ग्रामीणों ने अधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उनके गांव में गाटा संख्या 377 व 378 जो कि तालाब के खाते की भूमि है। उक्त तालाब में गांव के तमाम लोगों का पानी बरसात में व घर का पानी का निकासी होता था। परंतु अनेकों दबंग लोगों द्वारा तालाब को पाटकर पक्का मकान बना लिया गया है व अवैध कब्जा कर लिया गया है और कुछ भूमि को पाट भी लिया गया है। जिससे गाँव घर का पानी रास्ते में अक्सर भरा रहता है व ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने तालाब को खाली कराने हेतु कई बार प्रार्थना पत्र दिया है और उक्त संबंध में कई बार स्थानीय अधिकारियों से लेकर उच्चाधिकारियों से शिकायत की है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं अधिकारियों के आदेश के बावजूद तालाब से अवैध कब्जा नहीं हटवाया गया है। मामले में तहसीलदार महोदय के न्यायालय पर बेदखली के आदेश हेतु वाद पत्रावली काफी दिनों से लंबित है जिसमें उपजिलाधिकारी द्वारा लंबी तारीख ना लगाकर प्रकरण का शीघ्र निस्तारण करने को भी कहा जा चुका है। इसके बावजूद जिम्मेदार राजस्व अधिकारियों, कर्मचरियों द्वारा जानबूझ कर मामले का निस्तारण ना करके तालाब की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने में हीला हवाली की जा रही है। जबकि



बरसात का महीना आ चुका है जिससे गाँव के रास्ते पर काफी जलभराव की स्थिति हो गई है जिससे जलनिकासी की व्यवस्था हेतु तालाब की भूमि से अवैध कब्जा शीघ्र खाली कराया जाना जनहित में नितांत आवश्यक है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से तालाब से अवैध कब्जा शीघ्र हटवाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी कर्नलगंज हीरालाल से दूरभाष के माध्यम से जानकारी करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नही उठा।

# कर्नलगंज सीएचसी में भारी अव्यवस्था हावी,जिम्मेदार बेलगाम

• गुरुवार की सुबह दस बजे मीडिया कर्मियों के मौका–मुआयना में अधीक्षक के कमरे का दरवाजा मिला बंद,कई चिकित्सक की खाली दिखी कुर्सी, इंतजार करते दिखे मरीज

• सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गरीब मरीजों का बुरा हाल,भारी अव्यवस्था हावी। शासन के सभी आदेश–निर्देश हवा हवाई

• सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक ओपीडी संचालन व चिकित्सकों के कार्य का निर्धारित है समय

दैनिक अयोध्या टाइम्स कर्नलगंज गोंडा। प्रायः अपने नित नये कारनामों को लेकर चर्चा में रहने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज में अक्सर जिम्मेदारों के कमरो के बंद दरवाजे और खाली पड़ी चिकित्सकों की कुर्सी जहां मरीजों का दर्द बढ़ाने का काम कर रही है, वहीं जिम्मेदार चिकित्सकों के समय से अपने कक्ष में मौजूद ना रहने और आवास पर मरीजों को फीस लेकर देखे जाने से बेलगाम व्यवस्था के चलते अस्पताल में इंतजार कर रहे मरीजों व उनके तीमारदारों का दुखड़ा भी कोई सुनने वाले भी अक्सर नहीं दिखाई पड़ते हैं। जिससे सीएचसी कर्नलगंज सहित अन्य कई स्वास्थ्य केंद्रों पर गरीब मरीजों को चिकित्सीय सेवा देने का दावा एक छलावा साबित हो रहा है। यहाँ मरीजों को ठीक से न तो इलाज मिल पा रहा है और ना ही जिम्मेदारों द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया जा रहा है। यहाँ अक्सर डॉक्टर व चिकित्साधिकारी नदारद रहते हैं और वार्ड ब्वॉय, फार्मासिस्ट द्वारा नाड़ी देखकर मर्ज का पता लगाया जाता है। गुरुवार को पत्रकारों की टीम द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखी गई तो बड़े पैमाने पर लापरवाहियां खुलकर सामने आ गईं जो पत्रकारों के कैमरे में कैद हो गई।यही नहीं सीएचसी कर्नलगंज में गुरुवार को सुबह दस बजे तक अधीक्षक के कमरे का दरवाजा बंद मिला और मरीज इंतजार करते देखे गए। यहां सीएचसी पर डॉक्टरों की अनुपस्थिति में संविदा चिकित्सकों को ड्यूटी पर लगाकर काम चलाया जाता है।वहीं अधीक्षक सहित कई चिकित्सक समय से अपने कक्ष में मौजूद ना रहकर अपने सरकारी आवास में मरीजों को फीस लेकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मालूम हो कि सीएचसी कर्नलगंज पर गुरुवार को सुबह दस बजे तक काफी संख्या में मरीज रजिस्ट्रेशन करा चुके थे,लेकिन ड्यूटी पर कुछ चिकित्सकों को छोड़कर अन्य जिम्मेदार चिकित्सक अपने कक्ष में मौजूद नहीं मिले और उनकी कुर्सी खाली मिली। वहीं कुछ चिकित्सक मरीजों को देखने की औपचारिकता निभाते हुए लाल–पीली दवाएं लिखने में व्यस्त देखे गए। यही नहीं सीएचसी में महिला चिकित्सक की भी गैर मौजूदगी दिखी जिससे अनेकों महिला मरीज मजबूर होकर पुरुष चिकित्सकों के कक्ष में और बाहर इलाज कराने हेतु अपनी बारी आने का इंतजार करती दिखाई पड़ी। यही नहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज में मनमानी और निरंकुश कार्य प्रणाली का आलम यह दिखा कि गुरुवार को चिकित्सा अधीक्षक सुबह दस बजे तक अपने कक्ष में मौजूद नहीं मिले और उनके कक्ष का दरवाजा बंद मिला। जिससे अस्पताल में मौजूद मरीज बेसब्री से उनकी राह ताकते दिखाई दिये। बताते चलें कि जिले के आला अधिकारियों का अपने अधीनस्थ स्वास्थ्य कर्मियों पर कोई नियंत्रण ना होने से सीएचसी अधीक्षक डाक्टर सुरेश चंद्र सहित कई डॉक्टर प्रायः सीएचसी में समय से मौजूद ना रहकर गायब रहते हैं और अपने आवास पर फीस लेकर मरीजों का इलाज कर शोषण कर रहे हैं जिससे निरू शुल्क इलाज की सरकारी सुविधाओं से वंचित होकर इलाज के लिए मरीज इधर–उधर भटकते रहते हैं। गुरुवार को सुबह दस बजे कर्नलगंज सीएचसी पर पहुंची पत्रकारों की टीम के समक्ष मरीजों और उनके तीमारदारों का दर्द उभरकर सामने आ गया। अस्पताल में मरीजों का चिकित्सीय परीक्षण



कराने आए तीमारदारों का जमघट लगा रहा और काफी संख्या में बैठे मरीज डॉक्टर का इंतजार करते दिखाई पड़े। मरीजों से जानकारी करने पर पता चला कि डॉक्टर अभी आये नहीं हैं और हम लोग उनके आने का इंतजार कर रहे हैं। यहां डॉक्टरों की लेट–लतीफी और निरंकुश कार्यप्रणाली मरीजों पर भारी पड़ती नजर आयी। केंद्र के अधीक्षक का कमरा बंद मिला वहीं अस्पताल में ही स्थित कई चिकित्सकों के कमरे में पड़ी कुर्सी खाली दिखाई पड़ी। सूत्रों के मुताबिक यहां तैनात अधीक्षक सहित कई सर्जन अस्पताल से गायब रहकर अपने आवास पर या किसी निजी चिकित्सालय में भारी भरकम फीस लेकर मरीजों का इलाज करके अपनी जेबें भरते देखे जा सकते हैं। वहीं पूरे अस्पताल में अव्यवस्था का बोलबाला है। डॉक्टर की प्रतीक्षा में मरीज इधर–उधर भटकते नजर आते हैं। इस संबंध में सीएमओ से बात करने हेतु उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नही हो सका।

# गाजीपुर समेत पूरे पूर्वांचल को तत्काल सूखाग्रस्त घोषित करे सरकार : ओमप्रकाश सिंह

गाजीपुर। पूर्व मंत्री एवं जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह ने गाजीपुर समेत पूर्वांचल के जिलों को सूखाग्रस्त घोषित करने की सरकार से मांग की है। उन्होंने कहाकि सरकार तत्काल पूर्वांचल को सूखाग्रस्त घोषित करते हुए पीड़ित किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराए। जमानिया से बारा हरकरनपुर व जमानियां से देवैथा तथा जमानियां से ढढ़नी ताड़ीघाट तक बारिश न होने और सूखी नहरों के चलते किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे है। सावन में खेतों में पड़ी दरार किसानों के लिए बड़ी आपदा है। बर्बाद हो रहे किसानों को राहत दिलाने से लिए सरकार पूर्वांचल के जिलो को सूखा ग्रस्त तत्काल घोषित करें। साथ ही मुआवजा भी किसानों को प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि लो वोल्टेज के चलते नहरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे सिंचाई की बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने सिस्टम इंप्रूव करते हुए लो वोल्टेज की समस्या समाप्त करने और निर्बाध आपूर्ति की मांगी की, जिससे किसानों के सामने खड़ी सिंचाई की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली किसान विरोधी नजर आ रही है। बारिश न होने के चलते खेती चौपट हो रही है। सरकारी उदासीनता के चलते नहरे भी बेपानी है, जिससे किसानों के सामने सिंचाई एक बडी समस्या बनी हुई है। सरकार सत्ता में रहने और राजनैतिक लाभ को लेकर जितनी परेशान और चिंतित रहती है, किसानो– आम लोगों के लिए उतनी ही बेपरवाह नजर आ रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए किसानों से किए हुए वादे पर पूरी तरह से फेल बताया और गाजीपुर समेत पूर्वांचल को सूखा ग्रस्त घोषित करने की मांग दोहराइ।



## संक्षिप्त समाचार

### कृमि मुक्तिअभियान का हुआ शुभारम्भ, छात्रों को खिलाई जा रही एलबेंडाजोल की गोली

गाजीपुर। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 1 साल से 19 साल के युवाओं को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए पूरे प्रदेश में कृमि मुक्ति अभियान बुधवार से शुरू किया गया। जिस के क्रम में गाजीपुर के बंधवा स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल पर छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत किया। इस दौरान उन्होंने छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली क्यों खिलाई गई है इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया। डॉ उमेश कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के आंगनबाड़ी केंद्र जनपद में चलने वाले प्राथमिक विद्यालयों के स्कूल के साथ ही माध्यमिक शिक्षा परिषद के स्कूलों के छात्र–छात्राओं और स्कूल जाने वाली और स्कूल ना जाने वाली किशोरियों को जिनकी उम्र 19 साल हो चुकी है उन्हें गोली खिलाई जाएगी। इसके अलावा ईट भट्टों पर कार्य करने वाले श्रमिक एवं घुमंतू लाभार्थियों को आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम बुधवार से पूरे जनपद में चलाया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिक छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल 400 मिलीग्राम की पूरी गोली खिलाई जानी है। इस गोली को चबाकर या चुरा बनाकर खाया जा सकता है। इसके अलावा जो बच्चे इस गोली को खाने से वंचित रह जाएंगे उन बच्चों को मापअप दिवस 25 से 27 जुलाई



के मध्य स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा खिलाए जाने की व्यवस्था की जाएगी।

डीसीपीएम अनिल वर्मा ने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों के स्वास्थ्य पर कई प्रकार के हानिकारक प्रभाव होते हैं। इससे बच्चा कुपोषण, खून की कमी, भूख न लगना, बेचौनी, पेट में सूजन और उल्टी दस्त से परेशान रहता है। ऐसे में अभियान के माध्यम से जिले में कृमि संक्रमण से बचाव के लिए कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजोल की टेबलेट्स स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से निशुल्क दी जाएगी। अभियान के तहत डोर टू डोर के माध्यम से भी इसे लोगों तक पहुंचाया जाएगा। स्कूल के डायरेक्टर मोहित श्रीवास्तव ने बताया कि आज कुल 35 छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर कृमि मुक्ति अभियान का शुरुआत किया गया है वही उनके विद्यालय में करीब 1000 छात्र–छात्राएं हैं और उनकी पूरी कोशिश होगी कि सभी छात्र छात्राओं को या गोली खिलाया जाए। इस कार्यक्रम में डॉक्टर के के सिंह, डॉ मनोज सिंह, डॉ सुजीत कुमार मिश्रा, डीपीएम प्रभुनाथ, एहतेशाम खान, स्कूल के प्रिंसिपल राजेश कुकरान, अर्बन कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार के साथ ही स्कूल के टीचर और छात्र–छात्राएं शामिल रहे।

# राजनीतिक चाल में फस कर रह गए बाढ़ पीड़ित

• पिछले कई सालों से झेल रहे बाढ़ का खतरनाक मंजर

• विधायक प्रतिनिधि बलहा ग्रामीणों से जो वादा किया वह याद कीजिए

दैनिक अयोध्या टाइम्स मिहीपुरवा बहराइच। ग्राम सभा चहलवा और ग्राम सभा जंगल गुलरिहा में भीषण बाढ़ के आसार घाघरा नदी का कटान जोरों पर है नदी का पानी ग्रामीण क्षेत्रों में आ पहुंचा है लोगों में अफरा–तफरी मच गई है पिछली बार की भांति इस बार बाढ़ के बढ़ते आसार नजर आ रहे हैं। रोड पर पानी चलने लगा है जिससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की धड़कनें बढ़ गई हैं फिर से ग्रामीणों को भूखमरी का शिकार होना पड़ेगा और अपनी खेती से हाथ धोना पड़ेगा ना जाने कितने घर टूटेंगे ना जाने कितने घर के पशु उनसे बिछड़ेंगे।

पिछले कई सालों से लगातार बाढ़ आ रही है परंतु शासन प्रशासन द्वारा इस संबंध में कड़े कदम नहीं उठाए गए विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने ग्रामीणों से वादा किया था कि चुनाव जीतने के बाद सबसे





पहला काम होगा तो बंधा निर्माण का होगा लेकिन बांध निर्माण नहीं कराया गया जिसका परिणाम आगामी चुनाव में स्पष्ट देखने को मिल सकता है क्योंकि 2024 का चुनाव पास है और जनता को अभी तक अंधेरे में ही बलहा विधानसभा के जिम्मेदार प्रतिनिधि द्वारा रखा गया है।सिर्फ खाद्यान्न बांट देने से बाढ़ की समस्या हल नहीं होती है पिछले कई सालों से यह समस्या बनी है जिसे जिम्मेदार भली–भांति जानते हैं लेकिन राहत के नाम पर लाखों बटोरने के लिए इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे सैकड़ों घर व कई जाने जाने की कगार पर है क्योंकि पिछली बार पीड़ितों ने अपने बच्चों को खोया था परिवार के लोग बिलक बिलक कर रोए थे पर जिम्मेदारों की आंखों पर काली पट्टी बंधी हुई है और कानों में सत्ता की झूठी लगी हुई है तभी इन पीड़ितों की आवाज उन्हें नहीं सुनाई देती ना ही दिखाई देती है।

# तीन नफर अभियुक्तगिरफ्तार





दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच केशव कुमार चौधरी के द्वारा अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम के सम्बन्ध मे चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महोदय कैसरगंज के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक श्री ददन सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण गण 1. मिथुन सिंह पुत्र बच्चन सिंह उर्फ राजेन्द्र सिंह निवासी गुथिया थाना कैसरगंज जनपद बहराइच 2.. अम्बर पुत्र कन्धईलाल 3.रमेश पुत्र कन्धाईलाल निवासीगण लोनियनपुरवा दा0 मझारा तौकली थाना कैसरगंज जनपद बहराइच को शान्ति व्यवस्था भंग किये जाने पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अन्तर्गत धारा 151/107/116 सीआरपीसी मे चालान कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

———————————————————

# योगी सरकार के मंसूबों को तार-तार कर रहे जिम्मेदार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बलहा बहराइच। जिम्मेदारों को आंख खोलकर देखना चाहिए क्षेत्र की समस्याएं क्योंकि थाना सुजौली मुख्य मार्ग, बरखड़िया मुख्य मार्ग बात करें तो कहीं पर भी दुरुस्त रोड़ नहीं हैं जो रोडे बनवाई गई थी या गड्ढा मुक्त कराई गई थी वह एक दो साल के अंदर ही पूर्ण रूप से गड्ढा युक्त हो गई और जलभराव की समस्या उन पर लगातार बनी हुई है ग्रामीण काफी परेशान है लेकिन जिम्मेदार अपनी गाड़ी में बैठ कर आते हैं और गाड़ी में बैठ कर चले जाते हैं वोटिंग के समय ही वोट मांगने आते हैं और जब उनका मुद्दा उनका काम सीधा हो जाता है तो दोबारा जनता की तरफ पलट कर नहीं देखते जनता गुहार लगाती रहती है लेकिन जिम्मेदार उन्हें बेवकूफ बनाते रहते हैं जबकि जनता सब समझती है। कहीं ना कहीं इन खराब रोडो का जिम्मेदार जनप्रतिनिधि है क्योंकि यह सारे काम कहीं ना कहीं जनप्रतिनिधि के अगवाई के बिना नहीं हो सकते जनप्रतिनिधि को जनता की समस्याओं को तत्कालीन रूप से हल करना चाहिए तभी राष्ट्रहित हो सकता है नहीं तो स्वयं के स्वार्थ के लिए जब एक जनप्रतिनिधि काम करता है तो कहीं ना कहीं अंत में उसका भी हाल उन लोगों की तरह होता है जो आज जनता के बीच मुंह उठाकर चल नहीं पाते और जनता के बीच में जाने से 100 बार सोचते हैं एक बार सत्ता में आने के बाद दोबारा सत्ता की ओर जाना तो दूर जनता भटकने नहीं देती है। क्षेत्र का दौरा करने पर जनप्रतिनिधि बड़े बड़े लंबे लंबे भाषण देते हैं यह वादे वह वादे करते हैं लेकिन जब वक्त आता है करने का तो वह सिर्फ अपनी सोचते है। कहीं ना कहीं कहावत सत्य सिद्ध हो जाती है कि अपना काम बनता भाड़ में जाए जनता।



# दबंग व्यक्ति की पिटाई से श्रमिक के कान का फटा पर्दा, दी तहरीर

दैनिक अयोध्या टाइम्स कर्नलगंज गोंडा। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बुढ़वलिया महीपतगंज निवासी फुरकान ने कोतवाली में तहरीर दिया है। जिसमे कहा गया है कि वह अत्यंत गरीब व मजदूरी पेशा व्यक्ति है। वह जरवल रोड निवासी मोहम्मद शफीक के ट्रेक्टर आदि पर बतौर श्रमिक कार्य करता है। बुधवार को मोहम्मद सफीक ट्रेक्टर व धान कुटाई मशीन लेकर पचमरी होते हुये मद्देपुरवा गांव में धान की कुटाई करने जा रहे थे। वह उनके साथ ट्रेक्टर पर बैठा था।

ग्राम पचमरी निवासी एक व्यक्ति रास्ते में पाइप बिछाकर अपने खेत में पानी लगा रहा था। मोहम्मद सफीक के कहने पर उसने पंम्पिंग सेट को धीमा किया। उसी बीच वह ट्रेक्टर व धान कुटाई मशीन लेकर पाइप को पार कर गए। इतने में खेत की सिंचाई कर रहा व्यक्ति मां बहिन की भद्दी–भद्दी गाली व जान से मार देने की धमकी देते हुये उसे फंटी से मारने लगा। फंटी कनपटी पर लगने से वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया और उसके कान का पर्दा भी फट गया है। यही नहीं उसके शरीर मे भी चोटें आई हैं। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नही है, लेकिन यदि कान का पर्दा फटा है तो मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही की जायेगी।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत दूसरा घायल

गाजीपुर। कासिमाबाद थाना क्षेत्र के सुरवत गांव में बृहस्पतिवार की दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से मृत्युंजय पांडे उम्र 23 की मौत हो गई। वह अपने साथी गोलू पांडे के साथ गांव से दक्षिण तरफ नहर के पास धान का खेत देखने गए थे। उसी समय गरज व चमक के साथ बारिश शुरू हो गई और दोनों लोगों के ऊपर अकाशीय बिजली गिर गई। मौके पर ही दोनों मूर्छित हो गए। घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण तथा परिजन दोनों लोगों को मऊ निजी अस्पताल ले गए । जहां पर डॉक्टरों ने मृत्युंजय पांडे को मृत घोषित कर दिया वही गोलू पांडे का इलाज चल रहा है। जो खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं

मृत्युंजय पांडे चितबड़ागांव के रहने वाले थे। जो सुरवत में अपने फूफा रविंद्र पांडे के रहकर देवली डिग्री कॉलेज से बी एड कर रहे थे। वह काफी होनहार बताए जा रहे थे। उनकी मौत की सूचना मिलते ही परिजनों तथा क्षेत्र में मातम पसर गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ 82 की कार्रवाई

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। निबोहरा थाना क्षेत्र के ग्राम पछाय निवासी एक दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 82 की कार्रवाई कर नोटिस चस्पा किए हैं। एसओ निबोहरा मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि रमेश तोमर पुत्र नाहर सिंह निवासी पछाय के खिलाफ थाना निबोहरा में दुष्कर्म था एससी एसटी एक्ट का मामला दर्ज है। यह आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा है। पुलिस के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहा है यदि इसके बारे में किसी को कोई सूचना प्राप्त होती है। तो मोबाइल नंबर 94 5440 2754 थानाध्यक्ष निबोहरा 9454 40 1234 सीओ फतेहाबाद को सूचित करने की अपील की है

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के निर्देशन में' अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी सीतापुर श्री प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम आरक्षी शौकत खां व शिवम गुप्ता द्वारा आरोपी लवकेश निषाद पुत्र चुनवाद निषाद निवासी लुसरिया थाना नयागांव जनपद सतना मध्य प्रदेश को 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में आरोपी के विरूद्ध कोतवाली कर्वी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोप पंजीकृत किए गए।

### पुलिस कप्तान ने यूपी-112 के कर्मचारियों को दिये निर्देश

गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे ने यूपी–112 के कर्मचारियों के साथ गोष्ठी कर उन्हें आवश्यक निर्देश दिया। गोष्ठी में उन्होंने कहा कि पीआरवी वाहन किसी दशा में इवेंट पर पहुंचने के दौरान गलत उपस्थिति नहीं करेगी और रिस्पॉन्स टाईम कम से कम समय में होना चाहिये। रात्रि में हमेशा पीआरवी वाहन फ्लैश लाइट जलाते रहें, तथा इवेंट पर जाते समय और पेट्रोलिंग के दौरान हूटर का प्रयोग करें।



। उन्होंने निर्देशित किया कि पीआरवी को रात्रि के समय ऐसे स्थान पर खड़ी करें कि पीआरवी की दृश्यता जनमानस में बनी रहे। वहीं पीआरवी में ड्यूटी के दौरान स्टाफ सतर्क अवस्था में रहेंगे। जनपद में संचालित पीआरवी लगातार भ्रमणशील रहेंगे ताकि जनपद में अपराधों पर रोक लगे।

## यातायात प्रभारी ने की स्कूली वाहनों की चेकिंग

- वाहन चालकों को दी यातायात नियमों की जानकारी

चित्रकूट ब्यूरो : एसपी अतुल शर्मा के निर्देश पर यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने गुरुवार को स्कूलों में जाकर वाहनों की चेकिंग की। उन्होंने चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस देखे और नियमों का पालन करने की हिदायत दी। बाद में उन्होंने बेड़ी पुलिया में टीम के साथ वाहनों की चेकिंग की और नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों का चालान किया।

यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने अपनी टीम के साथ बांदा रोड स्थित सीपी सिंह विद्यालय एवं सेंट थॉमस स्कूल बेड़ीपुलिया में स्कूली वाहनों की फिटनेस, बीमा प्रदूषण एवं वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान जिन वाहनों में सुरक्षा जालियां नहीं लगी थीं, उनमें लगवाने के लिए भी निर्देशित किया गया। वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स चेक किया। फायर




सिलेंडर की वैधता को देखते हुए उनको चलाकर देखा गया। यातायात प्रभारी ने वाहनचालकों को यातायात नियमों के संबंध में जानकारी दी। बताया कि बच्चों को लाने एवं ले जाने तथा उतारते–चढ़ाते, रोड क्रॉस करवाते समय सड़क के किनारे खड़ी करें एवं निर्धारित सीट अनुसार बच्चों को बैठाएं। सतर्कतापूर्वक ध्यान देने एवं धीमी गति से वाहन चलाने के लिए भी निर्देशित किया। वाहन चालकों को सलाह दी कि वे समय–समय पर आंखों का चेकअप कराएं। इसके पश्चात यातायात प्रभारी ने वाहनों की चेकिंग की। बिना हेलमेटध्सीट बेल्ट, ओवरलोड सवारी, प्रेशर हॉर्न ओवर स्पीड, हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट की चेकिंग की गई। ई–रिक्शा चालकों को निर्देश दिए कि ओवरलोड सवारी न बैठाएं। वाहन चेकिंग के दौरान नो एंट्री का उल्लंघन करने पर एक ट्रक व बस स्टैंड कर्वी में अवैध पार्किंग में खड़ी चार टेंपो 04 सीज की गईं।

## बारिश के चलते सड़कों ने लिया विशाल गड्ढों का रूप

- आवागमन करने में हो रही दिक्कतें

पहाड़ी, चित्रकूट। दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने प्रदेश सरकार द्वारा गड्ढा मुक्त सड़क का आदेश आया था। लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा जिस तरह से गड्ढा मुक्त किया था। जिसकी पोल खोलते नजर आई मूसलाधार बारिश। सडक पर इस कदर बडे–बडे गड्ढे हो गये है। मुख्यालय से बिसंडा रोड की तरफ जाने वाली रोड पर जगह जगह इतने बड़े गड्ढे हो गए हैं की उन्हें तालाब कहा जा सकता है। सदर विधायक अनिल प्रधान ने इस रोड को बनाने के लिए अपने पत्र मे लिखा कि लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खाण्ड चित्रकूट में बांदा–विसण्डा–ओरन– नाँदी मार्ग का चौडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य होना था, लेकिन विभाग ने मानक व गुणवत्तापूर्ण काम नही किया है जिसके कारण रोड जल्द खराब हो गई। जिसकी जानकारी जिलाधिकारी को दी गई है। सड़क के गड्ढों में बारिश का पानी भरने से हादसों की आशंका लगातार बढ़ रही है। इन गड्ढो को लोक निर्माण विभाग द्वारा भी नही बनाया जा रहा है। इस रास्ते दर्जनों गांव को जोड़ने का काम करती है इस रोड से देवल, चौरा अगरहुडा, पिलखिनी, ओरा, दरसेडा, ममसी, गडौली, नहरा, भानपुर, कहेटा, सकरौली, साईपुर सहित अन्य गांवों को भी ये रोड जोडती है। इस रोड की हालत इतनी खराब है। कि जब भी बरसात होती है। तो इस रोड की हालत इसी प्रकार हो जाती है। निकलना मुश्किल हो जाती है। इस रोड मे छोटी गाडी निकलने मे



काफी दिक्कत होती है। सवारियों से भरी गाड़ी निकालने वाले ड्राइवर का पसीना निकल जाता है। लेकिन अभी तक लोक निर्माण विभाग द्वारा अभी तक इस रोड तरफ ध्यान केंद्रित नही हो रहा है। उधर दो दिनों से हो रही बारिश से विसण्डा रोड निवासी कृष्ण कुमार मिश्र, सुनील पटेल, पप्पू कुशवाहा, मनोज मिश्रा, जयप्रताप कुशवाहा सहित दर्जनों दुकानदारों के दुकानों मे बारिश का पानी घुस गया। जिससे काफी नुकसान हुआ। नाली की सफाई नही होने से पानी भर गया।

## अच्छे उत्पादन के लिए किसानों को अरहर का बीज का वितरण किया गया

- तीन गावों में किसानों को दिया गया बीज

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद, औरैया। गुरुवार को चंद्र शेखर आजाद कृषि एवम प्रोधोगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन कृषि विज्ञान केंद्र, ग्वारी, औरैया द्वारा समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत अरहर की आई पी ए 203 प्रजाति का प्रदर्शन अछल्दा विकास खंड के गाँव घांघरपुर, मानिकपुर, पूरनपुर के 25 किसानों के 25 एकड़ प्रक्षेत्र पर कराया जिसमे आज बीज का वितरण किया गया। प्रदर्शन कार्यक्रम में केंद्र के अध्यक्ष एवम वरिष्ठ वैज्ञानिक डा अनंत कुमार, प्रदर्शन प्रभारी और पशुपालन वैज्ञानिक बृज विकास सिंह, उपस्थित रहे डॉक्टर अनंत कुमार ने किसानों को अरहर की प्राकृतिक विधि से वैज्ञानिक खेती एवम अरहर की उपयोगिता के साथ कीट और



रोग प्रबंधन तथा बृज विकास सिंह ने जैविक खाद एवम उर्वरकों का प्रयोग विषय पर विस्तार से चर्चा की।

साथ ही चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवम प्रोद्धोगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति महोदय डॉ डी आर सिंह एवम निदेशक प्रसार डॉ ए के सिंह की अपेक्षा अनुरूप केंद्र द्वारा आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु किसानों से अपील की। कार्यक्रम में घांगर पर ग्राम के दिनेश, संजय उपाध्याय, राकेश, राजेंद्र के साथ साथ 42 किसान और महिला किसान उपस्थित रहे।

## प्राथमिकता से होगा जनसमस्याओं का निराकरण

- मऊ एसडीएम ने चौपाल में सुनी समस्याएं



मऊ, चित्रकूट। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत लोधौरा बरेठी में उपजिलाधिकारी नवदीप शुक्ला ने जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी और समाधान के लिए आश्वस्त किया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी से लोगों ने सड़क, बिजली, पानी आदि की समस्याएं बताई।

चौपाल में एसडीएम ने गांव वालों से कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और किसी प्रकार की परेशानी आने पर उनसे बताएं। एसडीएम ने गांव वालों को कई सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। गांव वालों द्वारा बताई गई नाली और खड़ंजे आदि दिक्कतें और विवाद मौके पर ही हल करा दिए गए। एसडीएम ने गांव वालों को आश्वासन दिया कि झगड़ों संबंधी थाने की समस्याओं का भी निदान कराया जाएगा। इस मौके पर रामनगर सीएससी अधीक्षक, रामनगर व रैपुरा थाना प्रभारी व भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम सिंह पटेल भी मौजूद रहे।

## अएडियो पंचायत और सफाई कर्मियों पर लगा छेड़खानी का आरोप

गाजीपुर। बिरनो विकासखंड के हरिहरपुर गांव की रहने वाली एक महिला ने एडीओ पंचायत अवनींद्र कुमार व दो सफाई कर्मियों पर ब्लाक परिसर के एक कमरे में उसके साथ छेड़खानी करने और अश्लीलता का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक गाजीपुर रोहन पी बोत्रे को डाक के माध्यम से शिकायती पत्र भेजकर एडीओ पंचायत व दो सफाई कर्मियों के खिलाफ तहरीर दी है।महिला का आरोप है कि बिरनो थाने में एडीओ पंचायत और छेड़खानी करने वाले दो सफाईकर्मी के खिलाफ शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई। आरोप लगाया है कि बिरनो पुलिस आरोपियों को बचाने में जुटी हुई है। इस बाबत सीओ कासिमाबाद बलिराम ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। पीड़िता ने एडीओ पंचायत अवनेन्द्र कुमार व सफाई कर्मी राजन यादव व एक अज्ञात के खिलाफ पुलिस कप्तान को दिए पत्र मेंआरोप लगाया है कि कि मेरी शादी 2015 में मरदह थाना क्षेत्र के हरिहरपुर निवासी शुभम पांडेय के साथ हुई थी। मेरी एक 6 वर्ष की पुत्री अर्पणा पांडेय है।जब मैं परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराने के लिए सहायक विकास अधिकारी अवनींद्र कुमार के कार्यालय में पहुचीं तो एडीओ पंचायत बिरनो अवनींद्र कुमार के इशारे पर सफाई कर्मी राजन यादव वह एक अज्ञात व्यक्ति ने मुझे एकांत कमरे में बुलाकर मेरे साथ छेड़खानी किये साथ ही साथ मुझे अपमानित भी किये । किसी तरीके से मैं जान बचाकर बाहर आ गई डर के मारे मौके पर इन सभी को कुछ नहीं बोल सकी ।उसी दिन रात एडीओ पंचायत अवनींद्र कुमार के मोबाइल से मेरे मोबाइल पर फोन आया उन्होंने कहा कि मेरे साथ गाजीपुर चलो मुझे संतुष्ट करोगी तभी तुम्हारे बच्ची का नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज होगा। जब तक हम संतुष्ट नहीं होंगे तब तक तुम्हारी बच्ची का नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज नही होगा।पीड़िता ने सारी बात साक्ष्य के रूप में अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया है।

बीडीओ बिरनो त्रिवेणी राम ने इस बाबत कहा कि मामला परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करने का है ,महिला के साथ हुई छेड़खानी की जानकारी मुझे नही है।बिरनो थानाध्यक्ष सन्तोष कुमार ने बताया कि महिला सोमवार को छेड़खानी की तहरीर लेकर थाने आयी थी,मामले की जांच की जा रही है।जांच में मामला सही पाए जाने पर आरोपितों पर मुकदमा पंजीकृत कर कारवाही की जाएगी।

## मकान में चोरों ने घुसकर की चोरी

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

- कमरे में रखे बैग से नकदी तथा एक जोड़ी पायल चुराई
- घर मे माँ और बेटी अकेली थी दो दिन पहले पति काम करने बाहर चला गया
- सूचना पर पहुंची पुलिस को रोड़ के नीचे एक बाइक भी मिली

फफूंद (औरैया)। बुधवार की बीती रात फफूंद अछल्दा मार्ग पर एक गाँव के सामने रोड़ पर बने मकान में चोरों ने धावा बोल दिया,घर मे माँ बेटी अकेली थी। घटना स्थल पर रोड़ के नीचे पुलिस को एक बाइक भी पड़ी मिली जिसको पुलिस थाने ले गई। थाना क्षेत्र के गाँव हसनपुर निवासी सुरेन्द्र ने पिछले महीने फफूंद अछल्दा रोड़ पर गाँव सहदुल्लापुर के सामने नया मकान बनवाया है,पत्नी सुहागवती व बेटी रचना साथ नए मकान में रहती है। सुहागवती ने जानकारी देते हुए बताया कि पति दो दिन पहले काम करने के लिए दिल्ली चले गए। बुधवार की बीती रात किसी ने दो बार घर का मैन दरवाजा खटखटाया हम माँ बेटी जाग गए लेकिन दरवाजे पर नही गए,आँगन का दरवाजा भी डर के कारण बन्द कर दिया और चुपचाप लेटे रहे। रात लगभग एक बजे आँगन का दरवाजा खोलकर अंदर देखा तो कमरे का दरवाजा खुला था शंका होने पर अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखा बैग खुला था कुछ कपड़े फैले पड़े थे,बैग के अंदर रखे हैण्डपर्स में रखे 6 हजार रुपये तथा बटुआ में रखी एक जोड़ी पायल चोरो ने चोरी कर लिए।गृहस्वामिनी के अनुसार चोर दीवार से होकर घर की छत पर चढ़े और जीने के रास्ते घर मे उतर आए। अकेली होने के कारण माँ और बेटी बुरी तरह से भयभीत हो गई थी घर के अंदर से महिला ने चुपचाप अपने



ससुर,जेठ को फोन किया जानकारी होने पर रात में ही गाँव हसनपुर सहदुल्लापुर के ग्रामीण इकठ्ठे हो गए। पुलिस को सूचना दी गई। घर के सामने रोड़ के किनारे से एक बाइक रोड़ के नीचे गिर पड़ी थी। बाइक किसकी थी यह किसी को पता नही था घटना स्थल पर पुलिस के आनेपर ग्रामीणों ने बाइक भी पुलिस को दिखाई ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने गढ्ढे में पड़ी बाइक निकलवाई और रात को ही थाने ले गई। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि चोरी की घटना सन्दिग्ध लग रही है। अभी तहरीर नही मिली है।

## एक सप्ताह के अंदर ठीक कर ले गौशालाओं की व्यवस्था



- डीएम ने दिए अधिकारियों को निर्देश

चित्रकूट ब्यूरो। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित बेसहारा गोवंशों के संरक्षण एवं भरण–पोषण के संबंध में सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिन गौशालाओं में छाया, पानी, शेड, भूसा आदि व्यवस्थाओं की कमी है, वहां एक सप्ताह में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करा दी जाएं। उन्होंने समस्त पशु चिकित्साधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी गौशालाओं में गोवंशों के लिए जो भूसा की व्यवस्था है, उसका सत्यापन करके रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराएं। कहा कि प्रत्येक गौशालाओं पर चारागाह एवं बंजर भूमि पर चारा उगाने के लिए गौशालाओं से संबद्ध किया जाए। इस संबंध में उप जिलाधिकारियों को भी पत्र लिखा जाए ताकि चारागाह एवं बंजर भूमि उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि गौशालाओं में गोवंशों के भरण–पोषण की जो पत्रावलियां भुगतान के लिए लंबित है, उनको तैयार कराकर समय से भुगतान भी कराएं। जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि सभी ग्राम प्रधानों को निर्देश जारी करें कि सभी गोवंशों को गौशालाओं पर संरक्षित कराएं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बाइक से टकराकर ऑटो पलटा,तीन घायल

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

फफूंद(औरैया)। फफूंद दिबियापुर रोड पर अनियंत्रित ऑटो ने सड़क किनारे खड़े युवक के टक्कर मार दी।टक्कर के बाद ऑटो सड़क पर ही पलट गया।जिससे ऑटो सवार एक महिला और उसकी बेटी व सड़क किनारे खड़ा युवक घायल हो गया ।राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस घायलों को अस्पताल ले गयी। गुरुवार अपरान्ह एक ऑटो फफूंद से सवारी लेकर दिबियापुर जा रहा था।भाग्यनगर गांव के आगे पहुंचते ही ऑटो अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खड़े युवक के टक्कर मारते हुए पलट गया और उसमे बैठी सवारी दब कर घायल हो गईं ऑटो चालक मौके पर ऑटो को छोड़कर भाग निकला।राहगीरों ने ऑटो में दबी सवारियों को बाहर निकाला जिसमे ऑटो सवार नीतू पत्नी मुनीश कुमार निवासी थाना बेला और उसकी दो वर्षीय बेटी आशिकी को गम्भीर घायल देख राहगीरों ने एम्बुलेंस से उन्हें अस्पताल भेजा।ऑटो की टक्कर से सड़क किनारे खड़ा युवक वीरू निवासी विकास कुंज भी घायल हो गया।घायल मां बेटी को दिबियापुर सीएचसी से सैंफई रिफर कर दिया गया।राहगीरों ने बताया कि ऑटो को एक नाबालिग किशोर चला रहा था जिससे यह हादसा हुआ।मौके पर पहुंची पुलिस ऑटो को थाने ले गयी।



## ईश्वर की प्राप्ति करके ही आवागमन मिटता है

मानिकपुर, चित्रकूट। बांदा से चलकर आए संत आदरणीय डॉ दर्शन सिंह ने फरमाया कि हम चाहे तो इस मानव जन्म में स्वयं को मुक्त कर सकते हैं। मुक्ति आजादी को कहते हैं। जब हमारी आत्मा इस विशाल परमात्मा को पाकर इस से जुड़ जाती है। तो फिर नाशवान संसार के बंधन में नहीं फंसती। कहा कि जो व्यक्ति सतगुरु की शरण में आ जाता है, और ईश्वर की प्राप्ति कर लेता है उसका आवागमन मिट जाता है। उसकी आत्मा की हालत उस बूंद की–सी है, जो सागर में मिलकर अपने आप को खो देती है। ठीक इसी प्रकार जब सद्गुरु की कृपा से आत्मा ईश्वर में लीन हो जाती है तो उसे कोई भी ईश्वर से अलग नहीं कर सकता और तब उसका बार–बार जन्म लेने और मरने का चक्कर समाप्त हो जाता है सत्संग का संचालन नीरज श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान आनंद राज श्रीवास्तव (मुखी), शिव भवन (संयोजक), दिलीप सिंह, देवानंद, लोटन प्रसाद, संदीप अनेकों सेवादल के भाई–बहन उपस्थित रहे। यह जानकारी मानिकपुर के मीडिया प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव ने दी है।

## पर्यटन विकास की सम्भावनाओं को लेकर वन विभाग की मुखिया ने किया मंथन

चित्रकूट ब्यूरो। जनपद में पर्यटन विकास की सम्भावनाओं को तलाशने के लिए गुरुवार को उत्तर प्रदेश शासन की प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष ममता संजीव दुबे की अगुवाई में विभाग के पांच वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने जिले का दौरा किया। इस दौरान रानीपुर टाइगर रिजर्व को लेकर भी कार्ययोजना पर विचार–विमर्श किया गया।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जिले में रानीपुर टाइगर रिजर्व की घोषणा के बाद से वन विभाग की गतिविधियां तेज हो गई है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष ममता संजीव दुबे ने जिले में ईको–टूरिज्म विकास की संभावनाएं



तलाशी। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ रानीपुर टाइगर रिजर्व समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। उनके साथ अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, ईवा शर्मा, अवनी कुमार और ज्ञानेंद्र कटियार भी टीम में जिले के दौरे पर आएं है। टीम ने प्रभागीय वनाधिकारी आर के दीक्षित के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा आगामी 23 जुलाई को बड़ी विभागीय बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मिर्जापुर, झांसी और चित्रकूट के प्रभागीय वनाधिकारियों समेत वन विभाग के सभी प्रमुख अधिकारी हिस्सा लेंगे।

## डेढ़ किलों गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

मानिकपुर, चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर गिरेंन्द्र सिंह तथा उनकी टीम आरक्षी राजीव कुमार व पंकज परिहार द्वारा आरोपी श्यामबाबू पुत्र स्वर्गीय रामाश्रय अहिरवार निवासी पनगना थाना नरैनी जिला बांदा हालमुकाम पता इंदिरा नगर थाना मानिकपुर को एक किलो 500 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में आरोपी के विरुद्ध थाना मानिकपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया गया।

## केक काटकर बुजुर्गो के साथ मनाया बैंक ऑफ बडौदा का 115वां स्थापना दिवस



- बुजुर्गों की दी महत्वपूर्ण जानकारी

चित्रकूट ब्यूरो। बैंक ऑफ बड़ौदा के 115वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को बैंक के सभी कर्मचारियों ने वृद्ध आश्रम विनायकपुर में वृद्धजनों को चादर व मिष्ठान वितरित कर वृद्धजनों के बीच केक काटकर स्थापना दिवस मनाया।

इस दौरान शाखा प्रबंधक सौरभ मिश्र ने बैंक ऑफ बड़ौदा की योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया और जनता को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया।

उप शाखा प्रबंधक आर्य अनुपम ने कहा कि बड़ौदा के महाराजा श्रीमंत सयाजीराव गायकवाड़ ने 20 जुलाई 1908 को गुजरात के बड़ौदा रियासत में बैंक ऑफ बड़ौदा की स्थापना की थी। बैंक ऑफ बड़ौदा का 115वां स्थापना दिवस बैंक की गौरवशाली यात्रा का एक स्वर्णिम मील स्तंभ है। कहा कि भारत के सबसे बड़े बैंकों में से एक होने के नाते हमारा निरंतर प्रयास रहता है कि हम सदैव ग्राहकों को अत्याधुनिक बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर उनके जीवन को समृद्ध बनाएं। उन्होंने बताया कि अभिनव डिजिटल उत्पादों, भविष्य की तकनीकों, अनुकूलित समाधानों से लेकर बॉब वर्ल्ड जैसे सुपर ऐप्स तक, बैंक आपकी उंगलियों पर विश्व स्तरीय बैंकिंग अनुभव लेकर आया है। इस मौके पर वृद्धा आश्रम की संचालिका श्यामलता पांडेय, सचिन दत्त, राकेश कुमार, अर्पित वर्मा, आकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य केन्द्रों पर मनाया गया खुशहाल परिवार दिवस

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

- परिवार नियोजन साधनों को अपनाने के लिए दंपति आये आगे

औरैया। परिवार नियोजित करने के बारे में जागरूकता लाने के हरसम्भव प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अर्चना श्रीवास्तव ने कहा कि गुरुवार को खुशहाल परिवार दिवस पर स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन की सभी सेवाएँ निरूशुल्क उपलब्ध करायी गयीं। इसमें दंपत्ति की भागीदारी बढ़ाने के लिए विभाग की ओर से प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए तीन समूहों को प्रोत्साहित किया जाता है। पहले समूह में हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एचआरपी) वाली महिलाएं, दूसरे में नव–विवाहित दंपति और तीसरे में योग्य दंपति को शामिल किया जाता है।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शिशिर पुरी ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु–दर में कमी लाने में परिवार नियोजन सेवाओं की अहम भूमिका है। इस उद्देश को सफल बनाने के लिए जिले में हर माह की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस मनाया जाता है, जिससे स्वस्थ और खुशहाल परिवार के लिए लोगों को परिवार नियोजन साधन के महत्व की जानकारी हो सके और साधन को अपनाने के लिए आगे आ सकें। इसके तहत जिले में गुरुवार को महिलाओं के लिए गर्भ निरोधक इंजेक्शन अंतरा 61, छाया 149 ,माला 253 के साथ कंडोम 1985 वितरण किया गया। स्वस्थ परिवार के लिए पहले बच्चे के बाद दूसरे बच्चे के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर होना चाहिए, दो बच्चों के बाद महिला या पुरुष को नसबंदी जैसे साधनों का प्रयोग कर खुशहाल परिवार बनाना चाहिए।गर्भावस्था, प्रसव का समय व



प्रसव के पश्चात का समय स्वास्थ्य के मद्देनजर अधिक महत्त्वपूर्ण समय होता है। इस दौरान प्रसूता की देखभाल के साथ ही पौष्टिक आहार पर भी ध्यान देने के लिए भी जागरूक किया जाता है। यूपीटीएसयू के परिवार नियोजन विशेषज्ञ ने कहा कि परिवार नियोजन सम्बन्धी जागरूकता लाने और आयोजन में दम्पति की भागीदारी बढ़ाने के लिए विभाग द्वारा जिले के सभी इकाइयों पर प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा सभी सुविधायें उपलब्ध करायी गयीं। जिला चिकित्सालय पहुंची अनीता देवी (32) ने कहा कि घर के नजदीक केंद्र पर ही सभी सुविधा मिल जाती हैंद्य कम बच्चे होने के फायदे बताए गये। कहा कि हमारे तीन बच्चे हैं और बच्चे नहीं चाहने के लिए उन्होने नसबंदी करवा ली है। इसके कोई दिक्कत नहीं हुई।

# सीएमओ ने छाताओं को एल्बेंडाजोल गोली खिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

अमेठी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत जनपद में विभिन्न स्कूलों में बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजोल खिलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी विमलेंदु शेखर ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज में छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर की। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उपस्थित छात्राओं को कृमि से होने वाली विभिन्न बीमारियों के बचाव एवं लक्षण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक एल्बेंडाजॉल खिलाने से पहले खांसी, बुखार, सांस फूलना आदि लक्षणों की जांच कर लें और लाभार्थियों के कांटेक्ट हिस्ट्री के बारे में जान ले। जो बच्चे बीमार है या कोई दवाई ले रहे हैं उन्हें एल्बेंडाजॉल दवाई नहीं खिलाई जाएगी। जब बीमार बच्चे ठीक हो जाएगें तब उन्हें एल्बेंडाजॉल दवाई खिलाई जाएगी। दवा खिलाने से पहले अपने हाथ साबुन और पानी से नियमित तौर पर अच्छी तरह धोएं। एल्बेंडाजॉल की खुली हुई दवाई को न छुएं और बच्चों को स्वयं खिलाएं, शिक्षक दवाई अच्छी तरह चबाकर खाने का निर्देश दें। साफ पीने का पानी साथ रखें। बिना चूरा किए या बिना चबा कर खायी गयी एल्बेडाजॉल दवाई का प्रभाव कम हो सकता है। शिक्षक बच्चों के माता–पिता को डीवार्मिंग के मामूली दुष्प्रभावों के बारे में भी बताएं।

इस मौके एसीएमओ और एनडीडी के नोडल अधिकारी डा संजय कुमार ने बताया कि 1–2 साल के बच्चों को आधी दवाई खिलाएं। दवाई को दो चम्मच के बीच रखकर पूरी तरह चूरा करे और पीने के पानी में मिलाकर ही खिलाएं। 2–3 साल के बच्चों को एक पूरी दवाई खिलाएं। दवाई को दो चम्मच के बीच रखकर पूरी तरह चूरा करें और पीने के पानी में मिलाकर ही खिलाएं। कार्यक्रम में डा पीके उपाध्याय, डीसीपीएम अशोक यादव मौजूद रहे।

प्रतिकूल घटना (दुष्प्रभाव) का प्रबंधन : कुछ बच्चों के शरीर में कृमि के कारण मामली दुष्प्रभाव जैसे जी



मिचलाना, उल्टी, दस्त, पेट में हल्का दर्द और थकान अनुभव होने की संभावना हो सकती है। यह दुष्प्रभाव अस्थायी होते हैं और आम तौर पर आसानी से सभाले जा सकते हैं। अगर बच्चे को मामूली दुष्प्रभाव हो तो उसे खुली व छायादार जगह में लिटाकर आराम कराएं। उसे पीने का साफ पानी दें और निगरानी रखें। गले में दवाई का अटक जाना दवाई का दुष्प्रभाव नहीं होता है, अगर गोली का टुकड़ा गले में अटक जाए तो बच्चे को छाती के बल अपनी गोद में लिटाए और उसकी पीठ को हलके से थपथपाये,जिससे कि गोली बाहर निकल जाए। सभी चिकित्सीय सहायता के लिए 104 टोल फ्री नंबर पर फोन करें। किसी भी प्रतिकूल घटना में एम्बुलेंस की सहायता हेतु 100 नंबर पर फोन करे।

# किसानों के चेहरे पर खिल-खिला उठा मुस्कान

बूढनपुर तहसील संवाददाता अमित यादव एडवोकेट

अतरौलिया। खबर है अतरौलिया क्षेत्र के तेजापुर (भीखमपुर) से जहां सावन के पावन महीने में बीती शाम से लेकर पूरे दिन बारिश लगातार जारी रहा जिससे किसानों के चेहरे पर खुशी का माहौल बना हुआ है! वही पूरे क्षेत्र में कहीं तेज तो कहीं कम मात्रा में बारिश जारी रहा वही किसानों के खेतो में भारी मात्रा में पानी लगा है तो वहीं सड़कों पर भी पानी लगा हुआ है! जिससे राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तो वही किसानों के चेहरे पर खुशी देखने को मिल रही है बारिश ना होने की वजह से किसान काफी चिंतित थे तो वही बारिश हो जाने से किसान फावड़ा लेकर अपने अपने खेतों में पानी रोकने के लिए मेड बंदी करने में लगे हैं।



# समूह अग्रिम प्रदर्शन का आयोजन में बाटे बीच

औरैया। चंद्र शेखर आजाद कृषि एवम प्रोधोगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन कृषि विज्ञान केंद्र, ग्वारी, औरैया द्वारा समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत अरहर की आई पी ए 203 प्रजाति का प्रदर्शन अछल्दा विकास खंड के घांघर पुर, मानिकपुर, पूरनपुर ग्राम के 25 किसानों के 25 एकड़ प्रक्षेत्र पर कराया जिसमे आज बीज का वितरण किया गया प्रदर्शन कार्यक्रम में केंद्र के अध्यक्ष एवम वरिष्ठ वैज्ञानिक डा अनंत कुमार, प्रदर्शन प्रभारी और पशुपालन वैज्ञानिक बृज विकास सिंह, उपस्थित रहे। क्त अनंत कुमार जी ने किसानों को अरहर की प्राकृतिक विधि से वैज्ञानिक खेती एवम अरहर की ,उपयोगिता के साथ कीट और रोग प्रबंधन तथा बृज विकास सिंह ने जैविक खाद एवम उर्वरकों का प्रयोग विषय पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवम प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति महोदय क्त क.ट.`पदही एवम निदेशक प्रसार क्त ।झ्ै पदही की अपेक्षा अनुरूप केंद्र द्वारा आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु किसानों से अपील की। कार्यक्रम में घांगर पर ग्राम के दिनेश, संजय उपाध्याय, राकेश, राजेंद्र के साथ साथ 42 किसान और महिला किसान उपस्थित रहे।



# कम्पोजिट स्कूल मुसाफिरखाना में हुई चोरी की वारदात

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

अमेठी। मुसाफिरखाना बीती रात कस्बे के गांधी पार्क स्थित मुसाफिरखाना द्वितीय कम्पोजिट स्कूल में चोरी की वारदात हुई। घटना की सूचना पर सुबह पहुची पुलिस ने मौके की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही। घटना कोतवाली से बमुश्किल सौ मीटर की दूरी पर स्थित सरकारी स्कूल की है कम्पोजिट विद्यालय मुसाफिरखाना द्वितीय के प्रधानाध्यापक अखिलेश सिंह गुरुवार की सुबह जब स्कूल खोलने



पहुचे तो उन्हें खिड़की की सरिया कटी हुई मिली तथा सामान बिखरा हुआ था। गैस चूल्हा, राशन,बच्चों के एमडीएम की थालिया गिलास व अन्य बर्तन गायब थे। अखिलेश सिंह ने चोरी की घटना की सूचना लिखित रूप से कोतवाली पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने जाच पड़ताल करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही।

# विशेष बच्चों के आधार कार्ड का कार्य हुआ पूरा,टीम की मेहनत को बीईओ ने सराहा

रायबरेली। शहरी क्षेत्र के स्कूलों में पढ़ने वाले विशेष बच्चों के आधार कार्ड बनने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और उन्हें सरकार की तरफ से जो भी सुविधाएं मिलनी चाहिए वह आधार कार्ड को बैंक के खाते से जोड़कर दिया जा रहा है।यह बात खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र प्रियंका सिंह ने पुलिस लाइन में बीआरसी कार्यालय में एक मीटिंग के दौरान कही।प्रियंका सिंह ने कहा कि हमारे यहां शहरी क्षेत्र में 134 विशेष बच्चे नामांकित हैं। जिनमें से 128 बच्चों के आधार कार्ड बन चुके हैं ।जिसके लिए हमारे शहरी क्षेत्रों में तीनों स्पेशल टीचर सुमन देवी, जया शुक्ला व आशा का बहुत ही सराहनीय योगदान रहा है। तीनों टीचरों ने कड़ी मेहनत से सभी के



नामांकन करवाने व आधार कार्ड बनवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।जिन स्पेशल बच्चों के आधार कार्ड बनने बड़े मुश्किल थे। उनके आधार कार्ड को भी इन टीचरों ने मिलकर बनवा दिए। जोकि सराहनीय है। सिविल लाइन पर आधार जन सेवा केंद्र पर इन टीचरों द्वारा ले जाकर बच्चों आधार कार्ड बनवाया गया। क्योंकि डीपीटी के तहत जो भी बच्चों के पैसा ट्रांसफर होता है उसके लिए आधार कार्ड अनिवार्य रहता है ।आधार कार्ड ना होने की वजह से उन्हें सरकारी लाभ नहीं मिल पाता ।मेरी टीम इसी तरह से काम करेगी तो समेकित शिक्षा को हम अच्छे तरीके से शहरी क्षेत्र में लागू कर पाएंगे। इस दौरान उन्हें शहरी क्षेत्र की तीनों स्पेशल टीचरों से बच्चों की स्थिति के बारे में भी विस्तृत जानकारी भी ली।

# कटेनर में लदी 270 पेटी शराब पुलिस ने की बरामद दो अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। एसटीएफ टीम उ0प्र0 लखनऊ व थाना कोतवाली औरैया पुलिस व आबकारी विभाग टीम द्वारा संयुक्तरुप से बड़ी कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में शराब की तस्करी करने वाले 02 शराब माफियाओं को गिरफ्तार कर कब्जे से डिस्काउन्ट प्रीमियम विहस्की 750 मि0ली0 ( कुल 99 पेटी), किड्स गोल्ड स्पेशल विहस्की 375 एमएल (कुल 64 पेटी), किड्स गोल्ड स्पेशल विहस्की 180 एमएल (कुल 109 पेटी) कुल 272 पेटी शराब , एक अदद टाटा कन्टेनर ट्रक को बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। मामले का खुलासा सीओ सिटी सुरेंद्र नाथ यादव ने किया है। पुलिस अधीक्षक औरैया चारू निगम व अपर पुलिस अधीक्षक शिष्यपाल द्वारा जनपद में शराब एवं शराब माफियाओं के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम व निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर सुरेन्द्रनाथ के निकट पर्यवेक्षण में एसटीएफ टीम उ0प्र0 लखनऊ , आबकारी पुलिस औरैया व थाना कोतवाली औरैया पुलिस द्वारा सयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुये मुखविर की सूचना पर शराब की तस्करी करने वाले चण्डीगण से एक कन्टेनर नं0 यूपी 21बीएन 8796 में दवाइयों व अन्य सामानो के बीच अवैध शराब तस्करी कर लायी जा रही है जो औरैया होते हुए गुजरेगी। इस सूचना पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुये एसटीएफ टीम प्रभारी घनश्याम यादव मय टीम उ0प्र0 लखनऊ व थाना कोतवाली औरैया पुलिस व आबकारी विभाग टीम द्वारा चेकिंग के दौरान इण्डियन आयल तिराहे पर मुखबिर द्वारा इटावा की तरफ से आ रहे कंटेनर नं0 यूपी21बीएन 8796 इशारे से बताते हुये चला गया। पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये गाडी रोककर आवश्यक बल प्रयोग कर समय करीब 04.50 बजे अभियुक्त वादिल हसन पुत्र मुंशी उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी अलीपुर थाना कैराना जनपद शामली के कब्जे से एक अदद सैमसंग कम्पनी की पैड मोबाइल फोन ,एक अदद आधार कार्ड, एक अदद पैन कार्ड व 1200 रुपये नगद बरामद हुआ, दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम सरवर अली पुत्र शराफत अली उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी भण्डावर थाना कैराना जनपद शामली कब्जे से बरामद एक अदद आईटेल कम्पनी का कीपैड मोवाइल फोन व रुपये 500 नगद बरामद हुआ तथा कंटेनर के अन्दर दवाइयों व अन्य सामानों के बीच में डिस्काउंट व किंग्स गोल्ड की तस्करी के शराब के गत्ते भरे पाये गए जिसमें डिस्काउन्ट प्रीमियम विहस्की 750 मि0ली0 (कुल 99 पेटी) किड्स गोल्ड स्पेशल विहस्की 375 एमएल (कुल 64 पेटी), 180 एमएल (कुल 109 पेटी) तथा एक अदद टाटा कन्टेनर ट्रक 2



अदद मोवाइल फोन नगद धनराशि 1700 रुपये बरामद कर दो नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना कोतवाली औरैया में आबकारी अधिनियम धोखाधड़ी के अलावा अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टींम में एसटीएफ टीम प्रभारी घनश्याम यादव मय टीम उ0प्र0 लखनऊ, आबकारी विभाग औरैया, प्रभारी निरीक्षक रवि श्रीवास्तव मय टीम थाना कोतवाली औरैया शामिल रहे।

# भारतीय जनता पार्टी की मीडिया, लीगल एवं सोशल मीडिया विभाग की कार्यशाला का हुआ आयोजन

लालगंज,रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा चुनाव संचालन समिति के द्वारा मीडिया, लीगल एवं सोशल मीडिया विभाग की कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र तिवारी एवं लोकसभा संयोजक आरबी सिंह ने कार्यकर्ताओं को उक्त विषयों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं को प्रचारित प्रसारित करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है ।मीडिया के द्वारा ही जनता को जानकारी होती है कि जिन महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिल रहा है वे मोदी व योगी सरकार के द्वारा संचालित हैं। लोकसभा प्रभारी दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बीरेंद्र तिवारी ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार राष्ट्रीयता और राष्ट्रवाद की भावना के साथ गरीब पिछड़े लोगों के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 2019 में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में 16 लोकसभा सीटें हार गई थी। उनमें से आजमगढ़ और रामपुर को भाजपा ने उपचुनाव में जीत हासिल कर लिया है ।14 लोकसभा सीटों पर पार्टी ने अभी से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का कार्य शुरू कर दिया है ।2024 के लक्ष्य को सत प्रतिशत प्राप्त करने के लिए मीडिया विभाग को हर मोर्चे पर अग्रणी भूमिका निभानी होगी। जिला अध्यक्ष रामदेव पाल ने सभी का स्वागत करते हुए पार्टी की कार्य योजना पर प्रकाश



डाला। इसके अलावा पूर्व जिला अध्यक्ष अजय त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार जताया ।इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव व वरिष्ठ भाजपा नेता अनुभव कक्कड़, जिला महामंत्री शरद सिंह, जिला उपाध्यक्ष जय तालरेजा ,संयोजक ओंकार यादव, जेपी सिंह ,अंकिल दीक्षित प्रवीण त्रिवेदी ,यशपाल सिंह, अभय प्रताप सिंह ,देवेंद्र अवस्थी, राधेश्याम पाल, चंद्रशेखर लोधी आदि भाजपाई मौजूद रहे।

# जिला जज ने सेशन हाउस में किया वृक्षारोपण

• विकास एवं प्रकृति के संतुलन के लिए अधिक से अधिक किया जाए वृक्षारोपण : अब्दुल शाहिद

रायबरेली। माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणःजनपद न्यायाधीश, रायबरेली अब्दुल शाहिद के दिशा–निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा सेशन हाउस रायबरेली में वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद व शाहीन शाहिद द्वारा वृक्षारोपण किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा इस अवसर पर बताया गया कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है। विकास एवं प्रकृति के संतुलन के लिए आवश्यक है कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए। प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह यथासम्भव अधिक से अधिक वृक्षों को लगाए। इस कार्यक्रम में उपस्थित अपर जनपद न्यायाधीशगण सतीश कुमार त्रिपाठी, त्रिपुरारी मिश्रा, प्रभात कुमार यादव, आलोक कुमार सिंह, राकेश कुमार तिवारी, अमित कुमार यादव, सुश्री कीर्तिमाला सिंह, उमाशंकर कहार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विमल त्रिपाठी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिनव जैन, अविनाश चन्द्र पाण्डेय उ0प्रभा0 वन अधिकारी व अन्य अधिकारियों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर यूनूस खान डिप्टी रेन्जर, जगदंबा पाण्डेय बीट प्रभारी शहरी व अन्य वन अधिकारी एंव पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# चित्राहाट के झगडे में दो गिरफ्तार

जैतपुर। ब्रहस्पतिवार को चित्राहाट के पई गांव में आशीष कुमार के घर के बाहर गांव के ही राजीव कुमार, आनंद कुमार गाली गलौज कर रहे थे। पुलिस से शिकायत करते हुए आशीष कुमार ने आरोप लगाया कि गाली गलौज का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसओ चित्राहाट महेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि दोनों का शांतिभंग में चालान कर दिया है। इधर बाह पुलिस ने पारिवारिक विवाद में मंगदपुर के सौरभ का शांतिभंग में चालान किया है।



## संक्षिप्त समाचार

### विकासखंड बेहटा सीतापुर की ग्राम पंचायत चदेशवा के ग्राम विकास अधिकारी अपने ठाठ

दैनिक अयोध्या टाइम्स क्राइम ब्यूरो शिव गोविन्द शुक्ला जनपद सीतापुर । बाट के लिए विख्यात हो रहे हैं मुख्य विकास अधिकारी को या तो सरकार गाड़ी डीजल आवा सा क्या सारी सुविधाएं देती है वही मुख्य विकास अधिकारी के मुंह पर कालिख पोतने वाले यह ग्राम विकास अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी से कम अपने ठाठ बाट से नहीं चलना पसंद करता है जबकि ब्लॉक मुख्यालय से इसका घर लभ।सम 70 किलोमीटर पड़ता होगा 87 किलोमीटर आना जाना कुल मिलाकर के सौ सौ 100 किलोमीटर सवाल 100 किलोमीटर आना जाना होता है जबकि इसका वेतन कितना होगा यह सब आला अधिकारियों को पता है जब यह से 70000 डीजल में जलाते हैं महीने में तो यह शेष पैसा इनके पास कहां से आता है कौन सा फंडा है इससे साफ जाहिर होता है कि ग्राम पंचायत स्तरों पर जो इनके पास सात–आठ ग्राम पंचायतें हैं पैसा आता है वह सब बंदरबांट करके डीजल में जलाया जाता है इसलिए इस ग्राम विकास अधिकारी पद निशा पक्ष जांच कराते हुए और ग्राम पंचायतों के हित को देखते हुए कड़ी कार्रवाई की जाए।

### पिनाहट में हैंडपंप व स्ट्रीट लाइट खराब होने के संबंध में ईओ से मिले समाजसेवी प्रशांत तिवारी

पिनाहट। कस्बा पिनाहट में लगी स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है। जिससे कस्बे में आए दिन चोरी की घटना को उस चोर आसानी से अंजाम दे देते। चोर अंधेरे का फायदा उठाकर आए दिन चोरी की



घटना को अंजाम देते रहते हैं। जिससे व्यापारियों में भय व्याप्त है समाजसेवी प्रशांत तिवारी ने ईओ पिनाहट से मिलकर कस्बे में करीब दो–तीन साल से खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट व हेडपंप सही कराने के संबंध में आग्रह किया। वही ईओ पिनाहट ने कहा बहुत जल्द ही कस्बे की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। कस्बे की स्ट्रीट लाइटों को जल्द ही सुचारु रुप से चालू करा दी जाएंगी। जिन जिन वार्डों में हेडपंप खराब पड़े हैं उन हेडपंपों को बहुत जल्दी सही करा कर कस्बे की जनता को पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

# दूसरे दिन प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने काला फीता बांध कर विरोध प्रदर्शन

राजेश कुमार सिंह अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा रायबरेली ने बताया स्वास्थ्य विभाग में नीत विरुद्ध हुए स्थानांतरण के विरोध में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के आह्वाहन पर आंदोलन के द्वितीय चरण के दूसरे दिन प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने काला फीता बांध कर विरोध प्रदर्शन किया तथा माननीय मुख्य मंत्री जी से अपील किया कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किये गए नीत विरुध्द को निरस्त करने का निर्देश देनेका कष्ट करें जिससे विभाग की छवि धूमिल होने से बचा जा सके मंत्री राजकुमार ने बताया कि अगर नीत विरुद्ध हुए स्थानांतरण निरस्त नही हुए तो परिषद के आह्वाहन पर 30 जुलाई के बाद कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल भी कर सकते है।

आंदोलनात्मक कार्यक्रम : 20 जुलाई से 24 जुलाई तक काला फीता बांध कर विरोध पर्दशन करेंगे 25 जुलाई को मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया जाएगा तथा दिनाँक 26 जुलाई 22 से 30 जुलाई 22 तक 2 घंटे का कार्य वहिष्कार करते हुए जिलाअधिकारी के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन प्रेषित करेंगे 30 जुलाई तक स्वस्थ विभाग के उच्च अधिकारियों के द्वारा नीत विरुद्ध किये गये स्थानांतरण निरस्त नही किये जाते है तो ऐसी परिस्थिति में प्रांतीय पदाधिकारियो द्वारा हड़ताल का निर्णय लिया जा सकता है जिसमे जनपद के समस्त कर्मचारी पूर्णरूपेण भागीदारी करेंगे स्तानन्तरण नीत 15 जून 22 को शासन द्वारा जारी की गई जिसमें स्पस्ट है कि 2 वर्ष सेवानृवित, गम्भीर विमारी से ग्रसित, विकलांग कर्मचारी अथवा पति ,पत्नी दोनी सेवा में हो या मानता प्राप्त संगठनों। के



पदाधिकारियो (अध्यक्ष, मंत्री) का स्तानन्तरण न किये जाय परन्तु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शासनादेशों का उलंघन करते हुए नीत के विरुद्ध स्थानांतरण कर दिए है इसी प्रकार बेलाभेला में कार्यरत चीफ फार्मासिस्ट आर एन प्रभाकर का स्थानान्तरण अन्य जनपद कर दिया गया है जब की श्री प्रभाकर अगस्त22 में सेवानृवित हो जाएंगे लैब टेक्नीशन संघ के जिला मंत्री राजकुमार का भी स्थानांतरण कर दिया गया है जो उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा जारी स्तानन्तरण नीत वर्ष 2022–23 का उलंघन है संघ माननीय मुख्यमंत्री जी स्वास्थ्य मंत्री जी से अनुरोध है कि नीत विरुद्ध हुए स्थानांतरण को तत्काल निरस्त करने हुए महानिदेश को निर्देश जारी किए जाय अन्यथा की स्थित में पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएँगे जिसकी समस्त जिमेदारी स्वास्थ्यविभाग की होगी।

# कांवरियों का जत्था जलाभिषेक करने बैद्यनाथ धाम रवाना



अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

• चेयरमैन बृजेश गुप्त ने सभासद श्री राम कौशल के नेतृत्व में दर्जनों कांवरियों को फूल मालाओं से स्वागत कर बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना किया। अमेठी मुसाफिरखाना स्थानीय नगर पंचायत के नामित सभासद श्री राम कौशल के नेतृत्व में क्षेत्र के दर्जनों कांवरियों का एक जत्था कस्बे से जलाभिषेक करने के लिए बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुआ गुरुवार को सावन माह में हर वर्ष की भांति नगर पंचायत के नामित सभासद व भाजपा जिला संयोजक श्री राम कौशल की अगुवाई में क्षेत्र के दर्जनों कांवरियों का जत्था जलाभिषेक करने के लिए बम भोले के जयकारों के साथ बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुआ इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश गुप्त ने अपने समर्थकों के साथ कांवरियों को जलपान करा कर बैंड बाजे एवं फूल मालाओं से स्वागत कर उनकी यात्रा मंगलमय होने की कामना करते हुए बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना किया इस दौरान शिवजी अग्रहरि अनिल गुप्त सतीश कसौधन सुशील टंडन सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गंगादूतो ने पेंटिंग के माध्यम भूजल स्तर सुधारने का दिया संदेश : शिवम यादव जिला परियोजना अधिकारी

प्रतापगढ़। नेहरू युवा केंद्र प्रतापगढ़ के तत्वाधान में नमामि गंगे परियोजना के अंर्तगत गंगा घाट के किनारे शिवबली स्मारक इंटरमीडिएट कॉलेज बानेमऊ बेंती कुंडा प्रतापगढ़ में 21.07.2022 को कैच द रैन प्रोग्राम के अंतर्गत जिला युवा अधिकारी राम गोपाल चौहान के दिशा निर्देश में पानी बचाओ अभियान की शुरुआत हुई । जिसमे पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जल संरक्षण अभियान में नमामि गंगे के दूत व स्पेयर हेड के सदस्यो के द्वारा पेंटिंग कॉम्पिटिशन में प्रतिभाग किया जिसमे प्रथम स्थान साक्षी यादव दूसरा स्थान नेहा पटेल, तीसरा स्थान कुलदीप ने प्राप्त किया सभी को प्रधानाध्यापक और डीपीओ ने मेडल देकर सम्मानित किया जिला परियोजना अधिकारी शिवम यादव ने कहा कि हम सभी लोगों को एक बूंद पानी की कीमत समझनी होगी। तभी हम जल को बचा सकते हैं जिसमें युवाओं ने जल के महत्व और गिरते भूजल स्तर और आने वाली पीढ़ियों के सामने जल की विकट समस्या की संभावना के बारे में जागरूक किया।नमामि गंगे स्पीयर हेड लीडर अजय कुमार मौर्य ने कार्यक्रम का आयोजन किया और भूजल सप्ताह हेतु सबको जागरूक करते हुए पानी का संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया गंगादूत को जल शपथ दिलाई । जिसमें अब हमने यह ठाना है, पानी को बचाना है जैसे नारे लगाए गए । कार्यक्रम के लिए प्रेरित करने के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री सरवन कुमार मौर्य



ने गंगा दूतों को पानी के महत्व के बारे चर्चा की किस तरीके से हम लोग पानी का दोहन कर रहे हैं और जिसका परिणाम बहुत ही खतरनाक होगा कार्यक्रम में श्रीमती बीनू, राकेश बहादुर सिंह, श्री मती सरोजनी ,रोहित यादव मांशी, प्रिया, नेहा,सायना,नाजिया बानो, मंजीता कुलदीप,अनुज अन्य गंगा ग्राम के गंगा दूत और युवा मंगल और युवा मंडल के लोग उपस्थित रहे।

# कोरिहरा गांव में विवाहित महिला की संदिग्ध मौत

लालगंज रायबरेली। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के कोरिहरा गांव की विवाहित महिला रीता ( 36)पत्नी मनोज कुमार की संदिग्ध मौत हुई है।पति मनोज के बाहर होने के चलते मृतका के देवर सोनू ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि उसकी भाभी ने फांसी लगाकर जान दे दी है ।मौके पर पहुंचे अपराध निरीक्षक पंकज त्यागी ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद बताया कि घर वालों के द्वारा महिला रीता के फांसी लगाने की बात कही जा रही है। लेकिन मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा। मृतका महिला के शव को पीएम के लिए भेजा जा रहा है ।वही मृतक महिला के ससुर ने बताया कि बुधवार की शाम बहू ने खाना बनाया और सब को खिलाया था। उसके बाद अपने बच्चों के साथ पूजा वाले कमरे में सोने चली गई थी। सुबह जब पड़ोस का एक बच्चा स्कूल जाने के लिए बच्चों को बुलाने आया तो दरवाजा खटखटाया गया तो देखा गया कि रीता साड़ी के सहारे फांसीं पर लटकी हुई है ।आनन फानन साड़ी काटकर उसे नीचे उतारा गया और पुलिस को सूचना दी गई ।मृतक महिला का पति मनोज कुमार सविता गुजरात में नौकरी करता है ।महिला अपने सास ससुर , देवर व बच्चों अंशिका और आदित्य के साथ कोरिहरा ससुराल में रहती थी। उसकी मौत से बच्चे अनाथ हो गए हैं।

# तालाब के पानी में ऑक्सीजन की कमी से हजारों मछलियों की गई जान

लालगंज रायबरेली ।लालगंज क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक पीठ बाबा बालेश्वर मंदिर तालाब के पानी में ऑक्सीजन की कमी के चलते हजारों मछलियों की मौत हो गई है ।मंदिर के पुजारी पंडित झिलमिल जी महाराज ने जहां गोताखोरों की मदद से मृत मछलियों को बाहर निकलवा कर गड्ढे में दफन कराया है वही पानी में ऑक्सीजन बढ़ाने वाली दवा ओटूमैक्स को पानी में डलवाया है। पुजारी पंडित झिलमिल जी महाराज ने बताया कि पहली बरसात में अक्सर मछलियां मर जाती है ।गत वर्ष भी मछलियां मर गई थी ।मछलियों के जीवन को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## श्रावण मास में काट नगर पंचायत में चलाया विशेष सफाई अभियान

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–
शाहजहांपुर। नगर पंचायत घाट प्रशासक एवं उप जिला अधिकारी ने श्रावण मास में विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ कर अभियान को सफल बनाने के लिए प्रशासन प्रयासरत है। श्रावण मास में विशेष सफाई अभियान के तहत नगर पंचायत कांट में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिला शाहजहांपुर के नगर पंचायत काट के प्रशासक एवं एसडीएम सदर के सुप्रिया गुप्ता के निर्देशन एवं अधिशासी अधिकारी विकास आनंद के नेतृत्व में नगर पंचायत का के हाईवे एवं अन्य खासकर उन जगहों पर विशेष सफाई अभियान चल रहा है जहां से श्रावण के पवित्र माह में कांवड़ियों का गुजर ना है यहां शाहजहांपुर जलालाबाद स्टेट हाईवे पर नगर पंचायत कार्ड से क्षेत्र की सीमा तक सफाई कर्मियों द्वारा युद्ध स्तर पर सफाई कार्य किया जा रहा है इस दौरान सत्यजीत रोहित मनोज अनुज सफाई नायक हरपाल सफाई नायक संजय द्वारा सफाई कार्य कराया जा रहा है।

## फतेहाबाद में नगर पंचायत की टीम ने चलाया पॉलीथिन चेकिंग अभियान, पॉलीथिन का प्रयोग करने पर दुकानदारों से वसूला 10000 का जुर्माना, दुकानदारों में खलबली

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा
फतेहाबाद। पॉलिथीन मुक्त अभियान के तहत फतेहाबाद में नगरपालिका की टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कस्बे के मुख्य बाजार में कई दुकानों पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 2 दर्जन से अधिक दुकानदार पॉलीथिन का प्रयोग करते पकड़े गए। जिसे लेकर नगर पालिका के अधिकारियों ने दुकानदारों से हजारों का जुर्माना वसूला है। साथ ही भविष्य में पॉलीथिन का उपयोग न करने की हिदायत दी गई है । बृहस्पतिवार को दोपहर करीब 12:00 बजे नगरपंचायत फतेहाबाद की टीम ने अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी के नेतृत्व में कस्बे में पॉलिथीन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मुख्यतरू आगरा रोड, मेन बाजार, गांधी चोक, शमशाबाद मार्ग, पर दुकानों की चेकिंग की गई।
चेकिंग के दौरान दुकानदारों में खलबली मच गई, कई दुकानदार पॉलिथीन छुपाते नजर आए। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी के मुताबिक बाजार में तकरीबन 2 दर्जन से अधिक व्यापारियों की दुकानों को चेक किया गया। जिन पर पॉलिथीन पाई गई, सभी दुकानदारों से पॉलीथिन का प्रयोग करने पर 10000 का जुर्माना वसूला गया है। आने वाले दिनों में कस्बे में पॉलीथिन का प्रयोग न करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही लोगों से अपील की जाएगी के घर से थैला लेकर ही सामान लेने आए। जिससे पॉलिथीन मुक्त अभियान को अमलीजामा पहनाया जा सके। इस दौरान नगर पंचायत कर्मी बलवीर सिंह, प्रशांत चक, सचिन गुप्ता ,योगेंद्र सिंह समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## जीसीपीएल ने भारत का पहला रेडी-टू-मिक्स बॉडीवॉश गोदरेज मैजिक बॉडीवाश का अनावरण किया

• एक नया और जादुई उत्पाद है गोदरेज मैजिक बॉडीवाश–शाहरुख खान

–अनिल बेदाग–
मुंबई। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) ने श्पुटिंग प्लैनेट बिफोर प्रॉफिट्सश के अपने मूल्य के अनुरूप, गोदरेज मैजिक बॉडीवाश का अनावरण किया। यह भारत का पहला रेडी – टू – मिक्स बॉडीवाश है जिसकी कीमत सिर्फ 45 रु. है। यह नवाचार पुनरू उपयोग की आदत को प्रोत्साहित करता है और नुकसान को कम करता है। इस प्रकार, लोगों को उनके दैनिक जीवन की गतिविधियों के लिए स्थायी विकल्प के चुनाव में सशक्त बनाता है। अभिनेता शाहरुख खान को गोदरेज मैजिक बॉडीवाश का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। गोदरेज मैजिक बॉडीवाश, अपने रेडी – टू – मिक्स प्रारूप के चलते, पर्यावरणीय चिंताओं के साथ – साथ उपभोक्ता चुनौतियों का एक उपयुक्त समाधान है। भारत हर साल 3.5 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा पैदा करता है। त्वचा और शरीर की देखभाल वाले उत्पादों में जल तत्व की मात्रा अधिक होती हैय नतीजतन, उत्पादन से पहले टनों पानी भेजा जाता है और इसलिए तैयार उत्पाद परिवहन की दृष्टि से भारी हो जाता है। गोदरेज मैजिक बॉडीवाश के पैकेजिंग में केवल 16: प्लास्टिक की आवश्यकता होती है और नियमित बॉडीवाश की तुलना में इसके निर्माण में केवल 19: ऊर्जा की आवश्यकता होती है, और साबुन बनाने के लिए कुल मिलाकर सिर्फ 10: ऊर्जा की आवश्यकता होता है। चूंकि जेल – आधारित पाउच छोटे और हल्के होते हैं, इसलिए प्रत्येक ट्रक में अधिक पाउच ले जाया जा सकता है, जिससे 44: कम डीजल की खपत होती है और परिणामस्वरूप 44: कम कार्बन उत्सर्जन होता है। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के प्रबंध निदेशक और सीईओ, सुधीर सीतापति ने कहा, षस्थिरता हमारी रणनीति का मूल



आधार है। ऐसा करते हुए, हम किफायती कीमतों पर अद्भुत गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 2018 में पेश किया गया हमारा मैजिक पाउडर–टू–लिक्विड हैंडवाश इस बात का एक बड़ा उदाहरण है कि हमने प्लास्टिक, पानी के उपयोग और परिवहन लागत को कैसे कम किया है।
बॉडीवाश के ब्रांड एंबेसडर के रूप में जुड़ने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, अभिनेता शाहरुख खान ने कहा, ष्यह पर्यावरण के प्रति सजग जीवन शैली का समर्थन करने के लिए सोच–विचार कर डिजाइन किया गया एक नया और जादुई उत्पाद है। यह सरल और प्रभावकारी सोच है जिससे प्लास्टिक की बर्बादी और ऊर्जा खपत को कम करने में मदद मिलेगी। मुझे इसका समर्थन करने पर गर्व है और लगता है कि स्थिरता एक जीवन विकल्प है और कोई भी इसे छोटे से छोटे तरीकों से अपना सकता है।

## पुलिस ने पकड़े डग्गामार टेंपो तो फूटा आक्रोश, तहसील मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

संवादाता सभाजीत वर्मा फतेहाबाद आगरा। फतेहाबाद पुलिस द्वारा बुधवार को फतेहाबाद क्षेत्र में आसपास के इलाकों में चलने वाले डग्गामार ऑटो को पकड़ लिया । बड़ी संख्या में ऑटो पकड़े जाने के बाद ऑटो चालकों में आक्रोश फैल गया ।बृहस्पतिवार को बड़ी संख्या में ऑटो चालक अपने–अपने ऑटो लेकर तहसील मुख्यालय फतेहाबाद पहुंच गए ।जहां उन्होंने प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही का विरोध किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहाबाद के फिरोजाबाद मार्ग तिराहा, अवंती बाई चौक आदि स्थानों से फतेहाबाद पुलिस द्वारा बुधवार शाम करीब 12 टेंपो पकड़े तथा उनके खिलाफ सीज किए जाने की कार्रवाई की गई। बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी अन्य टेंपो चालकों को हुई तो वह करीब 3 दर्जन से अधिक टेंपो लेकर तहसील मुख्यालय फतेहाबाद पर पहुंच गये। जहां उन्होंने प्रशासन द्वारा की जा रही इस कार्यवाही का विरोध किया । टेंपो चालकों का कहना था परिवहन विभाग द्वारा उन्हें परमिट दिया गया है, तथा वह परमिट के अनुरूप ही इन टेंपो को चला रहे हैं। तथा यह उनकी भरण पोषण का साधन भी है ऐसी स्थिति में अगर टेंपो बंद होते हैं तो उनके परिवारों पर भुखमरी का संकट पैदा हो जाएगा । इस दौरान हालांकि तहसील मुख्यालय पर कोई अधिकारी नहीं मिला इसके बाद टेंपो चालक लौट गए ।उन्होंने उच्चाधिकारियों से शिकायत किए जाने की बात कही है। इस दौरान टेंपो चालकों में प्रमुख रूप से कल्याण सिंह ,गौरव, सुनील कुमार, संदीप, प्रीतम , थान सिंह, जयप्रकाश, मोहन सिंह, मनोज कुमार ,मौजूद में रहे। इस संदर्भ में ईस्पेक्टर आलोक कुमार सिंह का कहना है कि डग्गामार वाहनो के खिलाफ पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 12 टेंपो के खिलाफ कार्यवाही की गई है।

## स्वास्थ्य विभाग शाहजहांपुर में कोविड-टीकाकरण के दौरान बड़े घोटाले के आरोप

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–
शाहजहांपुर। सरकार में सबसे तेज तर्रार स्वास्थ्य विभाग के मुखिया उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के विभाग में भ्रष्टाचार हो और फिर लगातार 7 महीने से शिकायतों के बावजूद कारवाई ना हो यह कहीं पर संभव दिखाई नहीं देता लेकिन शाहजहांपुर जिले में असंभव भी संभव दिखाई दे रहा है यहां पिछले 7 माह से कोविड–टीकाकरण के दौरान भुगतान के नाम पर हुए लाखों में गोलमाल की शिकायत ऑल इंडिया आशा बहू कार्यकर्ती संगठन की जिला अध्यक्ष कमलदीप कौर लगातार करती चली आ रहीं हैं इन्होंने मई माह में जिला अधिकारी शाहजहांपुर को ज्ञापन के माध्यम से मुख्य चिकित्सा अधिकारी और ददरौल सीएससी के प्रभारी अमरीश पर मनमाने तरीके से एक एक व्यक्ति के नाम टीकाकरण के बहाने एक –एक लाख रुपए खाते पर डाल कर गबन करने का आरोप लगाया है ऑल इंडिया आशा बहू कार्यकर्ती जिला अध्यक्ष यहीं नहीं रूकी उन्होंने महिला आयोग की सदस्य सुनीता बंसल को भी एक प्रार्थना पत्र देते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा ए बी डी मलखान के खाते पर एक लाख रुपए एबी डी अमन के खाते पर 89000 हजार रुपए प्रदीप कुमार के खाते पर 83000 हजार रुपए सहित कई खातों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीका करण के नाम पर धनराशि खाते में भेज कर गोलमाल करने का आरोप लगाया है ।
कमलदीप कौर ने जब जिला स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई तो समय लेकर स्वास्थ्य विभाग के मुखिया उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मिलकर 15 मई 2022 को उनके हाथ में एक शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की लेकिन जिला स्तर पर आज भी जांच में लीपापोती चल रही है कमलदीप कौर ने बताया कि इस मामले में अगर गहनता से जांच की जाए तो कोविड–टीकाकरण के नाम पर बड़ी गड़बड़ी करते हुए शाहजहांपुर चिकित्सा विभाग में बड़ा घोटाला किया गया है उन्होंने बताया जिला अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र की जांच उप जिला अधिकारी सुप्रिया गुप्ता को दी गई थी ।
जो आज भी दबी पड़ी है उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा की मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनमाने ढंग से लोगों को भुगतान करवाकर भ्रष्टाचार में स्वयं सम्मिलित है कमलदीप कौर ने टीवी रोगियों के नाम पर भी फर्जी धनराशि निकालकर बंदरबांट करने का आरोप लगाया है।

## गाय को भगाने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–
शाहजहांपुर। थाना कांट क्षेत्र के गांव अर्थुआ के व्यक्ति को गाय को भगा देने पर चार लोगों ने लात घुसो और लाठी–डंडों से पीटने की घटना में लिप्त चार आरोपियों के खिलाफ थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर के थाना कांट अंतर्गत गांव अर्थआ निवासी सत्यवीर पुत्र चंद्रपाल ने काट थाना में तहरीर देकर बताया कि उसके घर के सामने बनी चन्नी पर गांव के महेश पुत्र रघुवीर की गाय चारा खा रही थी।
जिसे उसने भगा दिया और तथा उपेंद्र महेश के घर शिकायत करने गया कहा कि अपनी गाय बांध लो इसी बात को लेकर उपरोक्त सतीश राजू विमलेश राजकुमार उसे गंदी गंदी गालियां देने लगे गालियां देने से मना करने पर इसी बात को लेकर लात घुसा लाठी–डंडों से पीटने लगे जिसे गांव के लोगों ने आकर बताया वादी की तहरीर पर कांट थाना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## जिला स्तरीय बन्धुआ श्रमिक सतर्कता समिति एवं बाल श्रम उन्मूलन समिति, की बैठक

• पं० राम प्रसाद विस्मिल राजकीय जिला चिकित्सालय द्वारा चिन्हित बाल श्रमिकों की आयु परीक्षण में देरी को लेकर जवाब तलब,बलात् श्रम, न्यूनतम वेतन से कम मजदूरी व बन्धुआ मजदूरों को लेकर प्रशासन सजग
• भीख मांगने वाले बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ा जाये–डीएम

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम
शाहजहाँपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के वी0सी0 कक्ष में जिला स्तरीय बन्धुआ श्रमिक सतर्कता समिति एवं बाल श्रम उन्मूलन समिति, की बैठक सम्पन्न की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बलात् श्रम, न्यूनतम वेतन से कम मजदूरी व बन्धुआ मजदूरों को चिन्हित करने हेतु गठित बन्धुआ श्रमिक सतर्कता समिति के सदस्य/सामाजिक संस्थाएं अपनी सजग दृष्टि बनाये रखते हुए सेवायोजक के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु जिला प्रशासन ६ श्रम विभाग के अधिकारियों को अवगत करायें। श्रम प्रवर्तन अधिकारी घनश्याम वर्मा द्वारा बताया गया कि विगत वर्ष में जनपद में बन्धुआ श्रम से सम्बन्धित कोई भी प्रकरण संज्ञान में नही आया हैजिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समिति के समस्त पदाधिकारियों ६ सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे जनपद में बन्धुआ श्रम से सम्बन्धित प्रकरणों पर सतर्कता के साथ सजग दृष्टि रखते हुए सर्विलांस करते रहे।बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति के सम्बन्ध में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा बताया गया कि आयु के आधार पर 14 वर्ष तक की आयु के बच्चे खतरनाक प्रक्रिया व 14 से 18 वर्ष तक बच्चे गैर खतरनाक प्रक्रिया के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए उनका शैक्षिक पुनर्वासन कराया जाता है। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि श्रम मंत्रालय भारत सरकार को पत्र प्रेषित कर स्वीकृत/सरेण्डर हेतु मदवार स्थिति ज्ञात कर ली जाए। घनश्याम वर्मा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा बताया गया कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पं० राम प्रसाद विस्मिल राजकीय जिला चिकित्सालय द्वारा चिन्हित बाल श्रमिकों के आयु परीक्षण तत्काल उसी दिन नही किया जाता है। जिससे आयु परीक्षण में दो–तीन दिन लग जाते है, जिससे बच्चों को उनके अभिभावकों को सुपुर्द किये जाने में काफी समय लग जाता है। जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का जवाब तलब करने के निर्देश दिये। विनोवा भावे सेवा आश्रम के सचिव द्वारा बताया गया कि चाईल्ड हेल्प लाईन के तहत भीख मांगने वाले बच्चों को



मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया गया है, लेकिन वे दोबारा पुनः भीख मांगना प्रारम्भ कर देते है। ऐसे प्रकरणों को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यदि मुख्य धारा से जुड़ने के बाद बच्चे पुनः भीख मांगते दिखते है तो उन्हे बाल सुधार गृह में दाखिल कराने की कार्यवाही की जाए।बैठक में जिला विकास अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी आदि अधिकारीगण व अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## निबोहरा के ग्राम शाहवेद में वन विभाग ने कब्जा मुक्त कराई जमीन, जमकर चला बुलडोजर

संवादाता सभाजीत वर्मा फतेहाबाद आगरा
फतेहाबाद। निबोहरा थाना क्षेत्र के ग्राम साहवेद में दबंगों द्वारा वन विभाग की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था ।इस मामले में कई बार ग्रामीणों ने शिकायत की परंतु कोई भी मामला हल नहीं हो सका। बृहस्पतिवार को वन विभाग तथा निबोहरा पुलिस की संयुक्त टीम ने जेसीबी चलाकर अवैध कब्जे को हटवा दिया।
प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहाबाद तहसील क्षेत्र के थाना निबोहरा अंतर्गत निबोहरा से साहवेद जाने वाली सड़क के दोनों ओर वन विभाग की



जमीन पर कुछ दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर दिया गया था पिछले 10 साल से दबंग कब्जा करे हुए थे। तथा भूमि में लगे पेड़ पौधों को भी नष्ट कर रहे थे। इस मामले में मक्खन लाल पुत्र सरदार सिंह निवासी नेहरे का पुरा ने एसडीएम फतेहाबाद को भेजे शिकायती पत्र में इस मामले की जांच कराए जाने की मांग की।
तथा अवैध रूप से कब्जा हटाए जाने की मांग की गई। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी सिकंदर सिंह के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को वन विभाग तथा निबोहरा पुलिस की संयुक्त टीम ने जेसीबी चलाकर अवैध कब्जे को हटवा दिया।

## अवैध असलाह सहित अपराधी गिरफ्तार

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम
शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक एस आनंद के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम बाप अवैध शराब एवं अवैध शस्त्र का कारोबार करने वाले टॉप 10 क्रियाशील एवं चन्हित किए गए अपराधों एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अपराध की रोकथाम अभियान के क्रम में जैतपुर पुलिस ने अवैध असलाह सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है थाना जैतीपुर प्रभारी राजेश बाबू



मिश्रा के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के गांव भरई तिराहे से करीब 70 मीटर की दूरी पर स्थित अभियुक्त आदेश सिंह पुत्र रिशिपाल निवासी गांव नाउट थाना जैतीपुर को अवैध असला एवं कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया पुलिस ने अपराधी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## काली पट्टी बांध किया नीति विरुद्ध स्थानांतरण का विरोध

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम
बंडा–शाहजहांपुर। कार्मिक विभाग द्वारा स्थानांतरण नीति के विपरीत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न संवर्गों में किये गये स्थानांतरण के विरोध में दूसरे दिन भी स्वास्थ्य कर्मियों ने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के बैनर तले काली पट्टी बांध कर विरोध प्रकट किया।बताते चलें प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग के कार्मिक विभाग द्वारा कर्मचारियों का मनमाने तरीके से स्थानांतरण नीति के विपरीत स्थानांतरण कर दिए गए।हद तो तब हो गई।जब मनमाने तरीके से किये गये स्थानांतरण में मृतकों, विकलांगों,दाम्पत्य नीति से आक्षादित लोगों के स्थानांतरण कर दिए।पटल परिवर्तन के नाम पर जमकर वसूली की गई। इस वर्ष जारी स्थानांतरण नीति को दरकिनार कर जिला व मंडल में तैनाती की अवधि पूरी कर चुके लोगों को छोड़कर दो या तीन वर्ष की अवधि वालों कर्मचारियों का स्थानांतरण कर दिया गया।पटल व क्षेत्र परिवर्तन ब्लाक में ही होने थे। लेकिन ब्लाक से बाहर कर दिए गए। डेंटल हाईजिनिस्टो का पटल परिवर्तन तो दूसरे ब्लाकों में बिना किसी मानक के निदेशालय से कर दिये गये। जबकि स्थानांतरण नीति में केवल ब्लाक के कर्मचारियों का ही स्थानांतरण होना था।पटल व क्षेत्र परिवर्तन केवल फील्ड में काम करने वाले कर्मचारियों पर लागू होता है।इस प्रकार हुए स्थानांतरण के विरोध में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा स्वास्थ्य भवन का भी घेराव किया गया था। विभाग के दोनों मंत्रियों ने भी स्थानांतरण का विरोध किया था। लेकिन जांच के बाद भी स्थानांतरण को निरस्त नहीं किया गया। संयुक्त परिषद के आह्वाहन पर दूसरे दिन भी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर विरोध दर्ज कराते हुए कार्य किया।परिषद के जिला महामंत्री दिनेश चन्द्र सक्सेना ने बताया कि जब कर्मचारियों के स्थानांतरण स्थानांतरण नीति के विपरीत हुए हैं विभागीय मंत्री भी इसे मान चुके हैं जांच में भी गलत पाया गया है तो शासन को इसे सभी स्थानांतरण निरस्त करने में क्या परेशानी हो रही है। कर्मचारी परेशान हैं स्वास्थ्य सेवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है।कर्मचारी नेता मनोज कुमार ने मांग की सभी स्थानांतरण निरस्त किये जाने चाहिए।सीएचसी बंडा पर स्थानांतरण के विरोध में कर्मचारियों



ने काली पट्टी बांध कर अपनी ड्यूटी की। जिला संयुक्त मंत्री विवेक कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के दिशानिर्देश के तहत विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

## योग प्रशिक्षक को सीएमओ ने किया सम्मानित

शाहजहांपुर। आयुष विभाग द्वारा संचालित योग वैलनेस सेंटर पुराना जिला चिकित्सालय में कार्यरत योग सहायक चिवनाथ पाल द्वारा पुराना जिला चिकित्सालय कैंपस में स्थित योग वैलनेस सेंटर पर 3 माह तक नियमित



कैंपस के कर्मचारियों को शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए एवं योग के प्रति जागरूक करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसको देखते हुए आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसपी गौतम ने योग प्रशिक्षक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## ब्लाक प्रमुख ने किया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम
बंडा–शाहजहांपुर। बंडा सीएचसी में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कृमि मुक्ति की दवा खिलाने के लिए बुधवार से अभियान शुरू हो गया ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर ओम प्रकाश ने इस अभियान का उद्घाटन किया यह दवा 1 से 19 साल तक के लोगों को खिलाई जाएगीतो वही सीएचसी प्रभारी डॉ वीके वर्मा ने बताया बच्चों और किशोर किशोरियों को क्रम मुक्ति की दवा , अल्बेंडाजोल पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाने का लक्ष्य आंगनवाड़ी केंद्र पर मुक्त दी जाएगी तथा/आशा



कार्यकत्री द्वारा स्कूल ना जाने वाले बच्चों को घर–घर वितरण की जाएगी इस अभियान के तहत शिक्षण संस्थाओं में भी कैंप लगाया जाएगा उन्होंने बताया कि इस अल्बेंडाजोल गोली का कोई साइड इफेक्ट नहीं है इसे खाने से पेट में पनप रहे जहरीले कीड़े नष्ट हो जाते हैं और कई बीमारियों से मुक्ति मिलती है,इस मौके पर बंडा सीएचसी प्रभारी डॉ वीके वर्मा अपर शोध अधिकारी हरिवंश पांडे, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बृजेश सिंह, बीपीएम दिनेश शर्मा पर्यवेक्षक जन्मेजय सिंह बीसीपीएम फराबी, नवीन दीक्षित राहुल वर्मा,आलोक शुक्ला राममूर्ति राज सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।
———————————

## द्रोपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर फतेहाबाद में भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा
फतेहाबाद । द्रोपति मुर्मू के भारत गणराज्य के राष्ट्रपति बनने पर फतेहाबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान कार्यक्रम का आयोजन गांधी चौक पर किया गया। भाजपा मंडल फतेहाबाद नगर के समस्त भाजपा पदाधिकारियों द्वारा देश के 15 वी राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को निर्वाचित होने पर सभी भाजपा पदाधिकारियों द्वारा महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे नगर महामंत्री अजय जादौन,आनंद गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष हरि सिंह कर्दम, महेंद्र कुशवाहा, धीरज शर्मा, अवकेश गोलस, सत्य प्रकाश, राहुल शर्मा, दीपा राठौर, रामप्रकाश,सेक्टर संयोजक सचिन कर्दम,मनोज राठौर, राम नरेश उपाध्याय, राहुल प्रकाश, भूरी सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने वृक्षारोपण कर मनाया 115वां स्थापना दिवस

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–
शाहजहांपुर ।बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रिय कार्यालय का 115वां स्थापना दिवस वृक्षारोपण कर मनाया गया। बैंक कर्मियों ने नियामतपुर स्थित फूल सिंह शिक्षा निकेतन विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के सहायक महाप्रवनधक मिहिर कुमार झा ने की। स्थापना दिवस और वृक्षारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र पाल सिंह यादव रहे । बैंक ने इस अवसर पर विधालय परिसर में 50



पेड़ लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया । क्षेत्रीय कार्यालय के सभी स्टाफ के साथ उप क्षेत्रीय प्रमुख मनोज कुमार झा के निर्देशन में वृक्षारोपण किया गया ।
कार्यक्रम में दीपक चंद्रा अग्रणी बैंक प्रबंधक , अभिषेक कुमार क्षेत्रीय व्यवसाय विकास प्रबंधक, कुमार शुभेन्दु क्षेत्रिय विपणन प्रबंधक , प्रियांशु बाथम कार्यालय प्रशासन एवं अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## करोड़ों रुपए की साइबर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़

• बिहार के जालसाजों सहित 05 शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार,विभिन्न बैंकों के 40 से ज्यादा खातों में एक करोड़ से ज्यादा की ठगी करने के मिले ट्रांजैक्शन, 10 एटीएम, दो चेकबुक, 04 पासबुक, मोबाइल, जाली आधार कार्ड, खातों के विवरण आदि बरामद

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम
शाहजहांपुर। साइबर क्राइम सेल व थाना सदर बाजार की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर सदर बाजार थाना क्षेत्र के खिरनी बाग के पास धर्मशाला में अचानक छापेमारी कर बिहार के जलसाजों सहित पांच शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया ।
जनपद में पूर्व मे साइबर ठगी से सम्बन्धित शिकायतो के आधार पर थाना रामचन्द्र मिशन व थाना कोतवाली पर ,थाना कोतवाली शाह0 पंजीकृत किया गया था ।वर्तमान परिदृश्य मे साइबर ठगी की घटनाओं को देखते हुए श्री एस. आनन्द, पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर द्वारा साइबर ठगी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के व अखंड प्रताप सिंह क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल नीरज सिंह के नेतृत्व मे साइबर क्राइम टीम गठित कर अपराध कारित करने वाले अपराधियों के गिरोह की गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश दिए गए इसी क्रम में साइबर क्राइम सेल व थाना सदर बाजार की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर सदर बाजार थाना क्षेत्र के खिरनी बाग के पास धर्मशाला में अचानक छापेमारी कर बिहार के जलसाजों सहित पांच शातिर साइबर ठग गौतम कुमार पुत्र दिलीप रविदास निवासी ग्राम लखनूबीगा थाना अस्थामा जनपद नालंदा बिहार



प्रदेश ,सचिन कुमार पुत्र राजेश्वर प्रसाद निवासी ग्राम नौवा थाना अस्थामा जिला नालंदा बिहार ,पवन मिश्रा पुत्र सत्यनारायण मिश्रा निवासी स्टेशन रोड जेबी गंज थाना पसगवां जनपद खीरी,बालिस्टर सिंह पुत्र सियाराम यादव निवासी ग्राम कुईया खेड़ा थाना पसगवां खीरी ,राजेश पुत्र मैकूलाल निवासी कुंइया खेड़ा थाना पसगवां खीरी को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के कब्जे से 10 एटीएम, 04 पासबुक, चेकबुक, खातों के विवरण, जाली आधार कार्ड आदि बरामद किया गया। इस संबंध में थाना सदर बाजार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने सोनिया गांधी को फिर जारी किया समन, दूसरे दौर की पूछताछ के लिए 25 जुलाई को बुलाया

नेशनल हेराल्ड से जुड़े एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को एक बार फिर से समन जारी किया है। आज इसी मामले में पूछताछ के लिए सोनिया गांधी प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय पहुंची थी। लगभग 2 घंटे तक उनसे पूछताछ हुई है। 2 घंटे की पूछताछ के बाद सोनिया गांधी बाहर लौट आई थी। अब एक बार फिर से दूसरे दौर की पूछताछ के लिए सोनिया गांधी को प्रवर्तन निदेशालय की ओर से नया समन जारी किया गया है। इस समन के मुताबिक 25 जुलाई को उन्हें एक बार फिर से पूछताछ के लिए बुलाया गया है। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों की ओर से दावा किया गया था कि सोनिया गांधी की तबीयत खराब नहीं होने की वजह से आज पूछताछ पूरी नहीं हो पाई। वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया था कि प्रवर्तन निदेशालय के पास पूछताछ के लिए प्रश्न नहीं थे। इसलिए उसने सोनिया गांधी को जाने की अनुमति दी। कुल मिलाकर देखें तो सोनिया गांधी से पूछताछ को लेकर कांग्रेस का सरकार के खिलाफ हल्ला बोल जारी रहा। आज कांग्रेस ने सोनिया गांधी से पूछताछ के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन किया। इस मुद्दे को कांग्रेस की ओर से संसद में भी उठाया गया जिस पर खूब हो हल्ला हुआ। अधिकारियों ने बताया कि कोविड से उबर रहीं सोनिया गांधी (75) से पूछताछ करीब दो घंटे चली और उनके अनुरोध पर पूछताछ सत्र समाप्त कर दिया गया। कोविड–19 नियमों को ध्यान में रखते हुए पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान मौजूद सभी के पास कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं होने का प्रमाण पत्र था। सोनिया गांधी से भी उसी सहायक निदेशक–स्तर के जांच अधिकारी ने पूछताछ की, जिसने इस मामले में राहुल गांधी से पूछताछ की थी।यह जांच कांग्रेस से जुड़ी यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कथित वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित है। यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के पास नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र का मालिकाना हक है। पूछताछ टीम में महिला अधिकारी भी शामिल थी। जयराम रमेश ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय के पास पूछने के लिए सवाल नहीं थे इसलिए उसने सोनिया गांधी को जाने की अनुमति दे दी। जयराम रमेश ने कहा कि आज सोनिया गांधी प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय गई थीं और उनसे 2 से 3 घंटे तक पूछताछ की गई है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि ईडी के अधिकारियों ने सोनिया गांधी को जाने की अनुमति दी क्योंकि उनके पास पूछने के लिए और कुछ नहीं था। इसके साथ ही कांग्रेस के राज्यसभा सांसद ने कहा कि सोनिया गांधी ने से कहा है कि ईडी के अधिकारी उनसे जितने चाहे उतने सवाल पूछ सकते हैं। हालांकि, खबर यहां आई थी कि सोनिया गांधी के अनुरोध पर आज की पूछताछ को ईडी के अधिकारियों के द्वारा रोक दिया गया था। इसको जयराम रमेश ने पूरी तरीके से निराधार बताया है।



## डीएम ने महाविद्यालय के प्राचार्यो व प्रबंधकों के साथ की बैठक



संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। विद्यालय वह संस्थान है जहां से किसी भी कार्यक्रम को ऊंचे से ऊंचे उठाया जा सकता है,और अधिक से अधिक सहभागिता के लिए आमजन को प्रेरित किया जा सकता है। जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने उक्त विचार कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के डिग्री कॉलेजों के प्राचार्य एवं प्रबंधकों के साथ बैठक में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को महोत्सव का रूप प्रदान करने और आमजन को इसके महत्त्व को समझाना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए छात्रछात्राओं के माध्यम से घर–घर तक इसके महत्व को समझाया जा सकें। उन्होंने कहा कि आजादी कैसे प्राप्त हुई और इसका क्या महत्व है, इस संबंध में महाविद्यालयों में कार्य योजना बनाकर विभिन्न प्रतियोगिता यथा वाद–विवाद, निबंध, रंगोली, कवि सम्मेलन, मैराथन दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं करके लोगों को जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर सभी महाविद्यालय अपनी कार्य योजना बनाकर 11 अगस्त से 17 अगस्त तक प्रत्येक दिन एक कार्यक्रम आयोजित कराएं तथा इस अवसर पर साफ–सफाई तथा राष्ट्रध्वज तिरंगे के महत्व को भी बताएं। जिससे छात्र/छात्राओं द्वारा यह भी संदेश अधिक से अधिक लोगों के मध्य पहुंचे और कार्यक्रम एक महोत्सव के रूप में पूर्ण हो। जिलाधिकारी ने कहा कि 11 से 17 अगस्त के मध्य सभी महाविद्यालयः संस्थाओं पर तिरंगा को ससम्मान फहराया जाए। सभी संस्थानों को झंडा और लाइटों से सजाया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी से कहा कि कोरोना अभी पूर्ण रूप से समाप्त नहीं हुआ। इसके लिए हम सभी का दायित्व बनता है कि विद्यालय में आने वाले सभी छात्र छात्राओं को जागरूक कर टीकाकरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिन छात्रछात्राओं ने पहली डोज एवं दूसरी डोज लगवा ली है वह छात्रछात्राएं बूस्टर डोज लगाते समय यह विशेष ध्यान रखें कि जो वैक्सीन पूर्व में लगी है उसी की बूस्टर डोज लगवाएं और सभी को टीकाकरण करवाने के लिए प्रेरित भी करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी रेखा एस चौहान सहित प्राचार्य एवं प्रबन्धक मौजूद रहे।

## वेस्टइंडीज सीरीज से पहले भारत को बड़ा झटका, केएल राहुल कोरोना वायरस से संक्रमित

नई दिल्ली। भारतीय टीम एकदिवसीय और टी20 श्रृंखला के लिए इस वक्त वेस्टइंडीज में मौजूद है। वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टी–20 सीरीज में दिग्गज बल्लेबाज केएल राहुल को शामिल किया गया था। केएल राहुल को लेकर फिलहाल एक बड़ी खबर आ रही है। केएल राहुल फिलहाल कोरोना संक्रमित हो गए हैं। केएल राहुल बेंगलुरु के राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन कर के दौर से गुजर रहे थे। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ टी–20 श्रृंखला में भी उनके फिटनेस के आधार पर ही शामिल किया गया था। केएल राहुल के कोरोना संक्रमित पाए जाने की पुष्टि बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने की है। ऐसे में इसे टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।



## मुक्तिधाम रथ सेवा का हुआ लोकार्पण,जल्द दो डीप फ्रीजर भी

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

- व्यवसायी धीरज शुक्ला ने पिता पंडित भानू प्रकाश शुक्ला की पुण्य स्मृति में जनता को किया समर्पित

दिबियापुर,औरैया। जनपद के जिलाधिकारी पीसी श्रीवास्तव ने पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत व सेहुद मंदिर के महंत बालयोगी बाबा रामप्रिय दास की उपस्थिति में बुधवार देर शाम दिबियापुर में मुक्तिधाम रथ सेवा का लोकार्पण किया। नगर के प्रमुख व्यवसायी धीरज शुक्ला ने पिता पंडित भानू प्रकाश शुक्ला की पुण्य स्मृति में संवेदना ग्रुप सेवा न्यास के माध्यम से इस सेवा को दिबियापुर के लोगों को समर्पित किया है। जिलाधिकारी पीसी श्रीवास्तव व पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत ने नर सेवा को ही नारायण सेवा बताया, और से समाजसेवा के क्षेत्र में बढ़ चढ़कर काम करने के लिए कहा।

धीरज शुक्ला ने बताया कि मोबाइल नंबर 7055362222 पर फोन कर इसकी सुविधा ली जा सकती है। दिवंगतजनों की सम्मानजनक अंतिम यात्रा के लिए फोन कर यह सुविधा ले सकते हैं। बताया कि प्रेरणा व परिजनों के सहयोग से यह सुविधा शुरू किया है। वहीं उन्होंने जल्द ही नगर में दो डीप फ्रीजर की भी व्यवस्था करने की बात कही है। जल्द ही यह उपलब्ध होगा।इससे पूर्व मुक्तिधाम रथ सेवा की प्रेरणास्रोत शांति देवी शुक्ला,धीरज शुक्ला व उनके परिवार को संवेदना ग्रुप के पदाधिकारियों ने शाल,,स्मृति चिह्न ,प्रमाण पत्र ,कलेंडर देकर सम्मानित किया। उधर कार्यकम संयोजक धीरज शुक्ला ने मुख्य अतिथि के द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के लिए कन्हैया लाल गुप्ता, मनीष यादव, पंकज तिवारी , गुड्डू भदौरिया, आशीष मिश्रा, योगाचार्य कृष्ण कुमार उर्फ सोनू को स्मृतिचिह्न व शाल ओढाकर सम्मानित कराया। कार्यकम का शुभारंभ दीप प्रजबलित कर किया गया। वहीं कार्यकम संयोजक धीरज शुक्ला ने मुख्य अतिथियो को स्मृति चिह्न , शाल , मालार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर मां शांति देवी शुक्ला डॉ. सक्षम सेंगर, सुशील दुबे, राघव मिश्रा, सभासद राहुल दीक्षित, डॉ. श्याम गुप्ता, पवित्र दुबे विक्की, राजेश अग्निहोत्री, मोहन कृष्ण त्रिवेदी ,उत्तम शुक्ला, डाक्टर अरविंद शुक्ला, डाक्टर रामचन्द्र दीक्षित ,अरुण त्रिपाठी, डाक्टर महेंद्र तिवारी, मिलन तिवारी, राजेश उर्फ बबलू बाजपेई, एडवोकेट अर्पित दुबे, अजय पैराडाइज आदि लोग मौजूद रहे। संचालन राजेश अगिनहोत्री ने किया। कार्यकम के बाद सभी लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।



## द्रोपती मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर आदिवासी समुदाय के लोगों में खुशी की लहर



दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता –ईशू चेनानी अछनेरा। राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए द्वारा समर्थित प्रत्याशी द्रोपदी मुर्मू जी के विजयी होने देश के इतिहास में पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति होने का गौरव प्राप्त किया इस मौके पर किरावली में गुरुवार को भाजपा नेताओं ने आदिवासी समाज के मोहल्ले मे जाकर बधाई दीं एवं मिष्ठान वितरण किया और आदिवासी समाज को सम्बोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष पवन इंदौलिया ने कहा कि ये देश के लिए गौरवशाली बात है कि आदिवासी महिला को देश का प्रथम नागरिक बनने का मौका मिला है। आदिवासी समाज के सुशील कुमार पूर्व एडिशनल कमिश्नर जीएसटी ,अशोक कुमार,गंगाराम,रोहित भोटिया,सुरेश चंद,मंगल,कन्हैया , सागर भोटिया,हरिशंकर, आशू, प्रेम सिंह, सुनील भोटिया,प्रहलाद कुमार ने आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाने पर भाजपा नेतृत्व का शुक्रिया अदा किया।

इस अवसर पर हरिपाल सिंह इंदौलिया, कृष्ण मोहन राजपूत, दीवान सिंह आदि भाजपाई मौजूद रहे।

## दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को कृत्रिम अंग किये वितरण

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। चौधरी विशंभर सिंह भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एल्मिको), कानपुर द्वारा सामाजिक अधिकारिता शिविर के अंतर्गत एपिड एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनान्तर्गत दिव्यांग जन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो० (डॉ०) रामशंकर कठेरिया, मा० सांसद, लोकसभा द्वारा दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में माननीय सांसद लोकसभा प्रो (डॉ) रामशंकर कठेरिया जी ने अपने संबोधन में एल्मीको संस्था के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि यदि भगवान किसी को कहीं शारीरिक रूप से कमजोर करते हैं, तो उसे मानसिक रूप से कोई ना कोई शक्ति भी प्रदान करते हैं। भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांग पेंशन योजना दिव्यांग जनों को स्वावलंबी बनाने में एक छोटा सा कदम है। इसमें आप सभी लोगों को किसी भी कार्य क्षेत्र में, चाहे वह कंप्यूटर कोर्स हो या कढ़ाई बुनाई का कार्य हो, स्वयं स्वावलंबी बनकर अपना व अपने परिवारजनों का भरण पोषण का कार्य करना चाहिए।भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीराम मिश्रा ने अपने शब्दों में सभी दिव्यांग जनों को इस कार्यक्रम में आने के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि दिव्यांग उपकरण वितरण के कार्यक्रम के लिए जनपद में लगातार कैंपों का आयोजन किया जाता है। इसके लिए अपने अपने आसपास के जो भी दिव्यांगजन को कोई भी योजना या उपकरण का लाभ नहीं मिल रहा है, तो उसको समाज कल्याण व दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी से संपर्क कर योजना का लाभ दिलाएं। जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में दिव्यांग पेंशन योजना व दिव्यांग उपकरण के वितरण के लिए जनपद में 22 व 23 जुलाई को भाग्यनगर एवं बिधूना विकास खंड कार्यालय में कार्यक्रम किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी दिव्यांगजन किसी भी योजना से छूट रहा है तो उसकी जानकारी विभागीय स्तर पर अवश्य उपलब्ध कराएं। हमारा उद्देश्य दिव्यांग जनों को पूर्णता लाभ प्रदान करने का है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अजय अंजाम जी द्वारा बताया गया कि एल्मीको संस्था द्वारा अभी तक लगभग 42 लाख से अधिक दिव्यांग जनों को लाभान्वित किया जा चुका है। जनपद में तीन दिवसीय कार्यक्रम में कुल 995 लाभार्थियों को उपकरण वितरण किए जाएंगे। जिनमें मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन जैसे कई कृत्रिम अंग व कैलिपर तथा अन्य उपकरण शामिल हैं। चौधरी विशंभर सिंह भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज में कुल 224 लाभार्थियों को लगभग 25 लाख 50 हजार मूल्य के कुल 409 उपकरण वितरित किए गए। जिनमें मुख्य रुप से 16 मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल, 148 ट्राईसाइकिल हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राम मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, सदर विधायक गुड़िया कठेरिया, सौरभ भूषण शर्मा, जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, दिव्यांगजन अधिकारी सहित सदर ब्लाक व अजीतमल ब्लॉक से आए दिव्यांग लाभार्थी उपस्थित रहे।



## आगरा महानगर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के छठवां वार्षिक उत्सव धूमधाम से हुआ संपन्न

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। अतिथि वन वाटर बॉक्स आगरा में ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस न्यू दिल्ली के अध्यक्ष कुलतरण सिंह अटवाल मुख्य अतिथि ने ट्रांसपोर्ट रेट की स्थिति को बहुत दयनीय स्थिति के लिए सरकार को कोसते हुए कहा कि करो ना काल से अब तक लगभग 28 माह में डीजल के महंगा होने और टायर की कीमतों में भारी मूल्य वृद्धि टोल की दरों में हुए इजाफे से देश का ट्रांसपोर्ट बहुत घाटे में अपने व्यापार को करने के लिए विवश है। उन्होंने कहा कि सरकार को ट्रांसपोर्ट ट्रेड की महत्ता को समझना होगा और इस के लिए हमारे दिए गए सुझावों पर विचार कर आगरा महानगर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने सभी उपस्थिति अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा संगठन विगत 6 वर्षों से ट्रेड के ट्रांसफर हित में कार्य कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। सह प्रवक्ता, वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि हमारे ट्रेड को सबसे ज्यादा डीजल की बेतहाशा मूल्य वृद्धि से जूझ रहा है, जहां हमारे माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी का मिशन है कि वन नेशन वन टैक्स के आधार पर सरकार को पेट्रोलियम पदार्थों को तत्काल जीएसटी में शामिल करते हुए अपने मिशन को चरितार्थ करना चाहिए। उन्होंने टोल नीति पर तंज कसते हुए कहा कि हमसे डीजल का लगभग 8 प्रति लीटर से लिया जाता है, सड़कों के निर्माण के लिए और सड़क पर चलने के लिए रोड टैक्स के बावजूद अनाप–शनाप टोल भी वसूला जाता है। इसे उचित नहीं ठहराया जा सकता अतः टैक्स छुटकारा मिलना चाहिए। विशिष्ट अतिथि आरटीओ प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि ट्रांसपोर्ट को लेकर कोई परेशानी ना हो इसको डिजिटल इंडिया की तर्ज पर ज्यादातर काम ऑनलाइन कर दिया गया है ताकि पारदर्शिता बनी रहे वहीं एसपी ट्रैफिक अरुण कुमार ने कहा है, कि वाहन चालकों को यातायात नियमों का पूर्ण ज्ञान होना जरूरी है ताकि दुर्घटना कम हो उन्होंने यह भी कहा कि दुर्घटना वाले क्षेत्रों की सड़कें दुरुस्त कराई जा रही हैं और कैमरे सिंगल आदि पर भी कार्य निरंतर हो रहा है। जहां हम को अपने ट्रांसपोर्ट का भी साथ सहयोग मिलता रहना चाहिए। डॉ रंजना बंसल ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने वाहन पर पूर्व में लगी लेट फीस को माफ किया है। उसका फायदा वाहन स्वामियों को लेना चाहिए उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा समय–समय पर सड़क सुरक्षा जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और अंतर्गत सभी चालकों के नेत्र कैंप के माध्यम से जांच हो और यातायात की समस्त जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। संस्था के महासचिव शैलेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रशासन शहर में कार्यरत ट्रांसपोर्ट पर हटाने के लिए दबाव बनाया जाता है यह हमको जगह उपलब्ध नहीं करा पाता इस अवसर पर ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के सह प्रवक्ता वीरेंद्र गुप्ता का एआइएमटीसी का चतुर्थ वार मैनेजिंग कमेटी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित होने पर संस्था द्वारा और अन्य साथियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

स्वागत अध्यक्ष ने सभी अतिथियों का फुल बुक गए मोमेंटो माला पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि ट्रेड से संबंधित सभी को ट्रेड की सुधारने के प्रयास करने होंगे कार्यक्रम का संचालन रोहित पुरी ने किया वह कार्यक्रम में उपस्थिति सभी अतिथि गण व सदस्यों का आभार संस्था के संरक्षक राजेश तिवारी ने किया। इस अवसर पर फिरोजाबाद, हाथरस, अलीगढ़, मथुरा, आधी ट्रांसपोर्ट यूनियन के साथ–साथ शहर के अन्य एसोसिएशन के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे। साथ ही संस्था के कोषाध्यक्ष संजीव मिश्रा, विशिष्ट सदस्य पीएस मिश्रा, विनोद जैन, काशी , रामकिशन कालरा, गोपाल बांग्ला, रोहित, संजय यादव, नरेंद्र सिंह, आशीष, अशोक बंसल, गिरीश बंसल, वासुदेव मित्तल, गोविंद, रवि शर्मा, बालमुकुंद दुबे, कुल सभी मौजूद रहे।














## मुक्तिधाम रथ सेवा का हुआ लोकार्पण,जल्द दो डीप फ्रीजर भी

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स


- व्यवसायी धीरज शुक्ला ने पिता पंडित भानू प्रकाश शुक्ला की पुण्य स्मृति में जनता को किया समर्पित

दिबियापुर,औरैया। जनपद के जिलाधिकारी पीसी श्रीवास्तव ने पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत व सेहुद मंदिर के महंत बालयोगी बाबा रामप्रिय दास की उपस्थिति में बुधवार देर शाम दिबियापुर में मुक्तिधाम रथ सेवा का लोकार्पण किया। नगर के प्रमुख व्यवसायी धीरज शुक्ला ने पिता पंडित भानू प्रकाश शुक्ला की पुण्य स्मृति में संवेदना ग्रुप सेवा न्यास के माध्यम से इस सेवा को दिबियापुर के लोगों को समर्पित किया है। जिलाधिकारी पीसी श्रीवास्तव व पूर्व कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत ने नर सेवा को ही नारायण सेवा बताया, और से समाजसेवा के क्षेत्र में बढ़ चढ़कर काम करने के लिए कहा।

धीरज शुक्ला ने बताया कि मोबाइल नंबर 7055362222 पर फोन कर इसकी सुविधा ली जा सकती है। दिवंगतजनों की सम्मानजनक अंतिम यात्रा के लिए फोन कर यह सुविधा ले सकते हैं। बताया कि प्रेरणा व परिजनों के सहयोग से यह सुविधा शुरू किया है। वहीं उन्होंने जल्द ही नगर में दो डीप फ्रीजर की भी व्यवस्था करने की बात कही है। जल्द ही यह उपलब्ध होगा।इससे पूर्व मुक्तिधाम रथ सेवा की प्रेरणास्रोत शांति देवी शुक्ला,धीरज शुक्ला व उनके परिवार को संवेदना ग्रुप के पदाधिकारियों ने शाल,,स्मृति चिह्न ,प्रमाण पत्र ,कलेंडर देकर सम्मानित किया। उधर कार्यकम संयोजक धीरज शुक्ला ने मुख्य अतिथि के द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के लिए कन्हैया लाल गुप्ता, मनीष यादव, पंकज तिवारी , गुड्डू भदौरिया, आशीष मिश्रा, योगाचार्य कृष्ण कुमार उर्फ सोनू को स्मृतिचिह्न व शाल ओढाकर सम्मानित कराया। कार्यकम का शुभारंभ दीप प्रजबलित कर किया गया। वहीं कार्यकम संयोजक धीरज शुक्ला ने मुख्य अतिथियो को स्मृति चिह्न , शाल , मालार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर मां शांति देवी शुक्ला डॉ. सक्षम सेंगर, सुशील दुबे, राघव मिश्रा, सभासद राहुल दीक्षित, डॉ. श्याम गुप्ता, पवित्र दुबे विक्की, राजेश अग्निहोत्री, मोहन कृष्ण त्रिवेदी ,उत्तम शुक्ला, डाक्टर अरविंद शुक्ला, डाक्टर रामचन्द्र दीक्षित ,अरुण त्रिपाठी, डाक्टर महेंद्र तिवारी, मिलन तिवारी, राजेश उर्फ बबलू बाजपेई, एडवोकेट अर्पित दुबे, अजय पैराडाइज आदि लोग मौजूद रहे। संचालन राजेश अगिनहोत्री ने किया। कार्यकम के बाद सभी लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।







## अच्छे उत्पादन के लिए किसानों को अरहर का बीज का वितरण किया गया

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

- तीन गावों में किसानों को दिया गया बीज

फफूंद, औरैया। गुरुवार को चंद्र शेखर आजाद कृषि एवम प्रोधोगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन कृषि विज्ञान केंद्र, ग्वारी, औरैया द्वारा समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत अरहर की आई पी ए 203 प्रजाति का प्रदर्शन अछल्दा विकास खंड के गाँव घांघरपुर, मानिकपुर, पूरनपुर के 25 किसानों के 25 एकड़ प्रक्षेत्र पर कराया जिसमे आज बीज का वितरण किया गया। प्रदर्शन कार्यक्रम में केंद्र के अध्यक्ष एवम वरिष्ठ वैज्ञानिक डा अनंत कुमार, प्रदर्शन प्रभारी और पशुपालन वैज्ञानिक बृज विकास सिंह, उपस्थित रहे डॉक्टर अनंत कुमार ने किसानों को अरहर की प्राकृतिक विधि से वैज्ञानिक खोती एवम अरहर की उपयोगिता के साथ कीट और रोग प्रबंधन तथा बृज विकास सिंह ने जैविक खाद एवम उर्वरकों का प्रयोग विषय पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवम प्रोद्धोगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति महोदय डॉ डी आर सिंह एवम निदेशक प्रसार डॉ ए के सिंह की अपेक्षा अनुरूप केंद्र द्वारा आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु किसानों से अपील की। कार्यक्रम में घांगर पर ग्राम के दिनेश, संजय उपाध्याय, राकेश, राजेंद्र के साथ साथ 42 किसान और महिला किसान उपस्थित रहे।







## रामकृष्ण नगर में खुला मैनहोल बढ़ा रहा परेशानी, आए दिन हो रही घटनाएं

संवाददाता विमल पाण्डेय दैंनिक अयोध्या टाइम्स

- मोहालवासियों ने की जिला व नगर प्रशाशन से मैनहोल को बन्द करने की मांग

दिबियापुर,औरैया। नगर के मुहाल रामकृष्ण नगर स्थित राम स्वीट हाउस वाली गली में स्वीट हाउस के सामने की सड़क पर खुला मैनहोल खतरनाक साबित हो र हा हैं। मैनहोल सड़क की सूरत बिगाड़ रहे हैं।

इनसे दिन के उजाले व रात में सड़क पर बाइक से या पैदल चलना खतरनाक हो गया है। आए दिन उसमे गिरने की घटनाएं होती रहती है ,मुहल्ले में स्थित स्कूल , कोचिंग सेंटर में छात्रों को व अन्य लोगो को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । यह मेन्होल कई दिनों से खुला है इस पर अभी तक नगर पंचायत के अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं गया है । नगर पंचायत प्रशासन नींद से जाग नहीं सका है। सड़क के किनारे अंडरग्राउंड नालियों के खुले मैनहोल दुर्घटनाओं का सबब बन रहे हैं। ऐसी दशा में सड़कें समय पूर्व ही खराब हो जा रही हैं। इस वार्ड में रात के अंधेरे में जाते लोग अक्सर हादसे का शिकार हो जाते हैं। विशेष रूप से रात के समय। मुहल्ले वालों ने जिला प्रशासन व नगर पंचायत प्रशाशन से मेन होल जल्द बन्द कराने की मांग की है।



## 21वीं सदी के श्रवण कुमार से, माता-पिता को पालकी में बिठाकर चल पड़ा कांवड़ यात्रा पर

माता–पिता का होना एक बच्चे के लिए दुनिया का सबसे बड़ा तोहफा होता है। माना जाता है कि अगर धरती पर ईश्वर का दूसरा रूप कोई है तो वह खुद माता–पिता है। अगर आप अपने माता–पिता के साथ रहते है तो खुद को सबसे भाग्यशाली लोगों में से एक समझिए। खैर, आप सोच रहे होंगे कि हम अचानक इस बारे में क्यों बात कर रहे हैं? दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसे देखकर आप भी दिल से खुश हो जाएंगे। ऑनलाइन हो रहे इस वायरल वीडियो में एक शख्स को कांवड़ यात्रा के दौरान अपने बुजुर्ग माता–पिता को कंधों पर उठाकर ले जाते देखा जा रहा है। इस क्लिप को आईपीएस अधिकारी अशोक कुमार ने शेयर किया है और अब इसे 10 हजार से अधिक बार देखा जा चुका है। इस वायरल वीडियो में शख्स ने तराजू के कंटेनरों को छोटी कुर्सियों में बदल दिया है और अपने माता–पिता को अपने कंधों पर ले लिया है। 21 वीं सदी के श्रवण कुमार ने ऐसा इसलिए किया ताकि शख्स के माता–पिता भी कांवड़ यात्रा में शामिल हो सकें। नेटिजन्स ने शख्स की काफी सराहना की और उस पर अपना प्यार बरसाया है। एक यूजर ने लिखा, जितनी तारिफ करू उतनी कम है। वहीं एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, सलाम। आईपीएस अधिकारी अशोक कुमार ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ष्जहां आजकल बूढ़े मां–बाप का तिरस्कार होता है, उन्हें घर से निकाल दिया जाता है या अपने साथ रहने नहीं दिया जाता.. वहीं आज इसका विपरीत दृश्य देखने को मिला.. लाखों शिवभक्तों के बीच एक श्रवण कुमार भी है जो पालकी में अपने बुजुर्ग माता–पिता को लेकर कांवड़ यात्रा पर आया है..मेरा नमन!



# मगध के अतीत को सरल भाषा में प्रस्तुत करता 'मगधनामा'

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ।
कुमार निर्मलेन्दु लेखित "मगधनामा" जो राजकमल प्रकाशन समूह के 'लोकभारती प्रकाशन' से प्रकाशित है, आपको विमर्श के क्षितिज पर अधिक से अधिक रास्ते दिखला कर स्वनिर्णय पर छोड़ देता है कि आपको क्या अपनाना है। मगध का इतिहास प्राचीन भारत का इतिहास है, और इसकी कथात्मक यात्रा को सरल–सहज भाषा में आम पाठकों तक पहुँचाना श्लाघनीय है।ईसा पूर्व छठी शताब्दी से छठवीं शताब्दी तक सम्पूर्ण भारत वर्ष का इतिहास मगध के केंद्र से संचालित है।

मगध के संज्ञा का निर्णय हो या वैदिक, बौद्ध, जैन प्रभृति विमर्शों पर प्राचीन ग्रंथों–साहित्यों का संदर्भ आपको इतिहास पठन में आलस्य नहीं आने देता।वैदिक युग से ईस्ट इंडिया कम्पनी के काल तक के सामाजिक,धार्मिक और राजनैतिक यात्रा संपन्न करते, कई ऐसे आख्यान मिलेंगे जो आपको रोमांच और ज्ञान से आपूरित करते हैं। 'मगध का आत्मकथ्य' अभिधेय शीर्षक प्राचीन भारत का केंद्रबिंदु मगध का परिचय अथर्ववेद से प्रारम्भ कर सम्राट अशोक तक के गौरवशाली परंपरा से कराता है। किताब को मोटे तौर पर देखें तो सतर प्रतिशत हिस्सा व्रात्यों से लेकर गुप्तोत्तर राजाओं के संघर्षों और सामाजिक अवदानों को करा रही है बाकी में मुगलकालीन और ईस्टइंडिया कम्पनी के कालखंड में मागधीय गतिविधियों को।

जातियों के निर्माण, विस्तार और पहचान के दृष्टि में विमर्श के लिए भी यह ग्रंथ आम पाठकों के लिए पुराने इतिहासविदों को संदर्भित कर तथ्यों को स्पष्ट कराता है।एक तरह यह मगध के पुरातात्विक, सांस्कृतिक,राजनैतिक और सामाजिक गौरवता और कथाओं का संग्रह है।मगध की प्रगतिशीलता और भारत में नवाचार के आदि प्रयोग मागधीय संदर्भ में इसका विश्लेषण है। लेखन शैली और तथ्यों का संदर्भीकरण लेखक के विद्योपासक होने का परिचायक है।लेखक की कई किताबें हैं इतिहास–संस्कृति विषयक,अभी उत्तर प्रदेश सरकार के राजपत्रित अधिकारी के रूप में सेवा और साहित्य लेखन में सक्रिय हैं।

राघवेंद्र दास

# आपका प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत जिलाधिकारी ने टेढ़ागाछ प्रखंड में किया जन संवाद,प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ मैराथन बैठक

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
☒ जन शिकायतो का गंभीरता से संज्ञान लेकर करें निष्पादन : डीएम

किशनगंज। श्री श्रीकांत शास्त्री भा०प्र०से०, जिलाधिकारी, किशनगंज के द्वारा आपका प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन टेढ़ागांछ प्रखंड में किया गया। प्रखंड स्तरीय सभी विभागीय पदाधिकारी और पंचायत जन प्रतिनिधि उपस्थित रहें।
जिलाधिकारी द्वारा टेढ़ागांछ प्रखंड के सभाकक्ष में संभावित बाढ़ ,आपदा के मद्देनजर प्रखंड के सभी मुखिया, प्रखंड प्रमुख एवं प्रखंड स्तरीय सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। प्रायः जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ निरोधात्मक कार्य त्वरित गति से कराए जाने की मांग उठाई।

बैठक में सर्वप्रथम जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा परिचय दिया गया। उसके बाद बाढ़ आपदा की तैयारी हेतु आश्रय स्थल, नाव, प्लास्टिक, गोताखोर, एनडीआरएफ एवं कटाव स्थल पर निरोधात्मक कार्य पर चर्चा की गई। सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि विशेष चौकसी रखेंगे ताकि आपदा पूर्व विशेष तैयारी किया जा सके तथा आपदा के जोखिम को न्यूनीकरण किया जा सके। मुख्य रूप से भौराहा,मटियारी,फुलवरिया, इंडो नेपाल सीमा के पास रामपुर,चिल्हानिया आदिवासी टोला में बाढ़ से बचाव हेतु कटाव निरोधात्मक कार्रवाई की मांग स्थानीय जन प्रतिनिधियों के द्वारा की गई। इसके बाद डीएम के द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों से उनके पंचायतों की समस्या एवं कार्य के दौरान उत्पन्न परेशानियों को सुना गया तथा निष्पादन हेतु सम्बन्धित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। नल जल योजना अंतर्गत खनियाबाद,चिल्हानिया, बीबीगंज में जलापूर्ति ठीक ढंग से नहीं होने की शिकायत प्राप्त हुई।प्रायः यह शिकायत थी कि लगभग सभी पंचायत में नल जल योजना अंतर्गत पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो रही है।जिलाधिकारी ने उपस्थित पीएचईडी के सहायक अभियंता को निर्देश दिया।समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभर कर आया कि जलापूर्ति में बिजली की मुख्य समस्या लो वोल्टेज है।आवश्यकता अनुसार वोल्टेज नहीं मिल पाने के कारण मोटर संचालन में तकनीकी समस्या है। बिजली अभियंता ने बताया कि पलासी में सब स्टेशन निर्माणाधीन है,पूर्ण होने पर समस्या से निजात मिलने की संभावना है। इसी प्रकार



फुलवरिया मध्य विद्यालय की शिकायत पर उपस्थित प्रखंड शिकायत पदाधिकारी को जांच कर जांच प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु डीएम ने निर्देशित किया। भौरहा में आंगनबाड़ी केंद्र की शिकायत पर सीडीपीओ को जांच हेतु निर्देश दिया गया। प्रखंड नाजीर के द्वारा बीपीडीपी योजना में रुचि नहीं लेने तथा असहयोगात्मक रवैया पर जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि बीडीओ सुनिश्चित कराएंगे कि या तो नाजीर काम करें अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव दें। जिलाधिकारी आपका प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आम लोगों से जन संवाद कर उनकी समस्या को भी बारी–बारी से सुना गया तथा निष्पादन हेतु सम्बन्धित विभाग के पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। जनता दरबार में मुख्य रूप से लोगों ने राशन कार्ड, भू–राजस्व, नल–जल योजना आदि से सम्बन्धित शिकायत की गई। मालूम हो कि अपर समाहर्त्ता (राजस्व) के द्वारा राजस्व कार्य की समीक्षा बैठक अंचलाधिकारी और उप विकास आयुक्त, किशनगंज के द्वारा ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक बीडीओ के साथ करते हुए विभागीय निर्देश के आलोक में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त किशनगंज, अपर समाहर्त्ता किशनगंज, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा,प्रखंड विकास पदाधिकारी ,अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और सभी विभागों के कनीय अभियंता एवं प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारीध कर्मी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## वायरल फोटो के अभियुक्तदेशी कट्टा के साथ गिरफ्तार

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
सारण। जिला के इसुआपुर थानान्तर्गत हथियार के साथ वायरल फोटो के आधार पर अभियुक्त पंकज मॉझी को 01 देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया।



विगत दिनों सोशल मीडिया पर हथियार के साथ एक युवक का फोटो वायरल हुआ था। वायरल फोटो का तत्क्षण संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक, सारण,. संतोष कुमार द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मढ़ौरा एवं थानाध्यक्ष इसुआपुर थाना को वायरल फोटो का सत्यापन कर अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया। सत्यापनोपरांत थानाध्यक्ष इसुआपुर थाना के द्वारा वायरल फोटो में अवैध हथियार के साथ फोटो वायरल करने वाले युवक की पहचान पंकज मॉझी, पिता– तिवारी माँझी, सा0 महुली , थाना इसुआपुर , जिला सारण के रूप में की गई , जिसे इसुआपुर थाना के पुलिस टीम द्वारा 01 देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में इसुआपुर थानान्तर्गत कांड सं0–160 ध 22 दिनांक– 19.07.22 , धारा– 25 (1 – बी) ए/26 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।
गिरफतार अभियुक्त का नाम–
1. पंकज मॉझी , पिता– तिवारी मॉझी , सा0 महुली , थाना इसुआपुर , जिला सारण।
बरामद/जप्त वस्तुओं की विवरण
देशी कट्टा– 01।

## समस्तीपुर में पति-पत्नी के आपसी झगड़े में पत्नी ने पति को दांत काट कर घायल कर दिया।

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ निरंजन जायसवाल समस्तीपुर,चकमेहसी। समस्तीपुर जिले के चकमेहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत



चकमेहसी गांव में एक अजीबो–गरीब मामला सामने आया है जहां पति–पत्नी के आपसी झगड़े में पत्नी ने पति को दांत काट कर घायल कर दिया। इतना ही नही दाँत काटने से पहले पत्नी ने अपने पति को लगातार कई थप्पड़ दोनों गालों पर जमाई, पत्नी के दाँत काटने के बाद पति इस दौरान जख्मी हो गया। इसके बाद परिजनों ने घायल को इलाज के लिए पीएचसी कल्याणपुर लाया जहां उसका उपचार जारी है। घायल की पहचान चकमेहसी गांव के मोहम्मद आलम के 26 वर्षीय पुत्र चंदू मोहम्मद के रूप में हुई है। जानकारी पीएससी चिकित्सा प्रभारी डॉ बीके ठाकुर ने दी है। पति–पत्नी के झगड़े का अब तक पता नहीं चल सका है। बताया जाता है कि आये दिन पति–पत्नी में किसी ना किसी बात को लेकर झगड़ा होता ही रहता था।

## एक और मामले में अनंत सिंह को 10 वर्ष की सजा

साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी। अनंत सिंह को एक और मामले में 10 वर्ष की सजा सुनाई गई! वर्ष 2015 में उनके पटना आवास से मैगजीन और बुलेट प्रूफ जैकेट बरामद हुई थी! कोर्ट ने पिछले ही सप्ताह दोषी करार दिया गया था!

## दो पक्षों में हुई मारपीट, 4 बच्चे घायल


दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स
मानसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मध्य विद्यालय एकनिया मानसी के परिसर में विद्यालय के दो पक्षों में झगड़ा हुई, जिसकी सूचना पाकर बच्चे के अभिभावक गण पहुंचकर जमकर मारपीट की । जिनसे विद्यालय के चार बच्चे बुरी तरह से जख्मी हो गए एक पक्ष से मंगल पटेल का पुत्र रोशन कुमार बुरी तरह घायल हो चुका है ।मौके पर



छात्र राजद नेता अमृत राज पहुंचे समझा–बुझाकर किसी तरह शांत करवाया। इधर दोनों पक्षों ने मानसी थाना पुलिस को अपना अपना आवेदन दिया। जिसे पाकर पुलिस विद्यालय परिसर आकर मामले की पूछताछ कर दोषी पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## कुंडवा चौनपुर में बाइक सवार अपराधियों ने रेलवे स्टेशन मंदिर के मुख्य पुजारी को गोली मारकर हुए फरार।

(बिपिन बिहारी मौर्य,संवाददाता अयोध्या टाइम्स, ढ़ाका ,पूर्वी चम्पारण।)



ढ़ाका। कुंडवा चौनपुर स्टेशन के करीब बने मंदिर के मुख्य पुजारी सुरेश मुस्तान जी को अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारकर फरार हो गया जिनकी मौत मौके पर ही हो गई। घर तथा आसपास के इलाकों में सन्नाटा पसरा हुआ है। चिंतनीय विषय यह है कि घटनास्थल से एसएसबी कैंप की दूरी लगभग 200 मीटर तथा कुंडवा चौनपुर थाना की दूरी लगभग 400 मीटर ही हैं। मृतक के अनुयाई व शुभचिंतकों में बहुत ही रोष व्याप्त है। पुलिस प्रशासन के द्वारा अपराधियों की खोज–बीन जारी है। अभी तक किसी अपराधी की गिरफ्तारी होने की सूचना नहीं है।


## राजद कार्यकर्तओं की हुई बैठक में मौजूद राजद कार्यकर्ता

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी।
पीपराकोठी। प्रखंड क्षेत्र के जीवधारा स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में राजद कार्यकर्ताओं की बैठक की गई। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव नरेन्द्र यादव थे जबकि अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष शौकीलाल सहनी प्रखंड संगठन सचिव संजय शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होती है। सभी कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र का भ्रमण कर पार्टी के नीति को जनजन तक पहुंचा कर पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य करें। इस अवसर पर नवचयनित प्रखंड कमिटि के पदाधिकारियों का माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रभु राय, सुरेश सहनी, अरविंद सिंह, मो मनान, इंतेखाब आलम, किशुनदेव सहनी, सुबोध सहनी, भूमिनाथ यादव, मदन प्रसाद यादव, सुनील प्रसाद यादव, लालबाबू राय सहित कई राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।



## मधुबन विधानसभा कार्यालय में हुई बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी। मधुबन विधान सभा पार्टी कार्यालय दिनांक 21 जुलाई 2022 को भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक संम्पन हुई। जिसमें आगामी 28 जुलाई और 29 जुलाई को होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा किया गया । इस दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम में युवा मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री श्री रवि भगत जी, जम्मु–काश्मीर के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरुण प्रभात जी का आगमन हो रहा है। इस बैठक में उपस्थित बिहार भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री आलोक कुमार सिंह, युवा मोर्चा के अध्यक्ष पप्पू चौधरी एवं सांगठनिक जिला ढाका युवा मोर्चा के सभी सम्मानित कार्यकर्ता गण ।



# कैमूर में औसतन 40 फीट नीचे खिसका जलस्तर

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। बरसात के समय में भीषण गर्मी पड़ रही है। इसका असर जल स्तर पर भी पड़ रहा है। जिले का औसत भू जल स्तर 40 फीट नीचे चला गया है। इससे कई जगहों पर चापाकलों ने पानी देना बंद कर दिया है। इसके अलावा कई जगहों पर हैंडपंप तथा चापाकल सूख चुके हैं। वहीं भू जल स्तर कम होने के कारण पीएचईडी विभाग को अभी तक चापाकल मरम्मत करना पड़ रहा है। ऐसे में ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को हर दिन पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कई इलाकों में तो लोग कई किमी दूर से पानी लेकर आ रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक सबसे अधिक जल स्तर नीचे अधौरा प्रखंड में गया है। इसके अलावा सभी प्रखंड स्तरों पर भी अभी बारिश नहीं होने से खेतों में सिचाई करने के लिए मोटर पंप चलाया जा रहा है। इससे जल स्तर लगातार नीचे की ओर खिसकते जा रहा है। कई जगहों पर पानी के नीचे खिसक जाने से नल जल योजना की मोटर भी बंद हो गई है। इसके अलावा खराब चापाकल को मरम्मत करने में पीएचईडी विभाग जुटा हुआ है। जबकि कई जगहों पर पानी के नीचे चले जाने से चापाकल बंद पड़ा हुआ है अभी बारिश और नहीं होगी तो जिले में और भी जलस्तर नीचे की ओर चला जाएगा। क्योंकि नहर के पानी अभी भी नहीं आ रहा है। जबकि खेतों में लगाई गई धान की फसल को किसान मोटर का पंप से ही सिचाई कर रहे हैं। वाटर लेबल नीचे इसलिए खिसक रहा है। क्योंकि तालाब को भर दिया गया है तथा वाटर रिचार्ज करने का कोई व्यवस्था नहीं है। कई गांव में भी पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है जहां लोग दूर से पानी लेकर काम चला रहे हैं।



# मोतिहारी में फर्जी CBI अधिकारी गिरफ्तार, स्टेशन पर TTE को दिखा रहा था रौब



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
मोतिहारी। सुगौली रेल पुलिस ने एक फर्जी सीबीआई अधिकारी को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवक खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर टीटीई से झगड़ रहा था. मिथिला एक्सप्रेस के कोच नंबर 4 में टीटीई पर रौब झाड़ रहा था. गिरफ्तार युवक ढाका थाना क्षेत्र के विसरहिया का रहने वाला शत्रुध्न कुमार है। कस्टडी में लिए गए शत्रुध्न के बारे में जांच शुरु की. जांच के दौरान शत्रुध्न का भंडा फुट गया. उसके बाद फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर धौंस जमा रहे शत्रुध्न को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार शत्रुध्न कुमार झारखंड के जमशेदपुर जिला के पूर्वी सिंहभूमि के आदर्श नगर में रहता है. वह मूल रूप से पूर्वी चंपारण जिले के ढाका थाना क्षेत्र के विसरहिया का रहने वाला है। विवेकानन्द प्रसाद, रेल थानाध्यक्ष मिथिला एक्सप्रेस में टीटीई से कर रहा था लड़ाईः बताया जाता है कि सुगौली रेलवे स्टेशन पर खड़ी मिथिला एक्सप्रेस कोच नंबर एस 4 में युवक अपने आप को सीबीआई का अधिकारी बता कर टीटीई पर रौब झाड़ रहा था. युवक जब हद से आगे बढ़ने लगा. टीटीई के साथ झड़ा की नौबत तक आ पहुंची. इसी दौरान सुगौली जीआरपी की पुलिस पार्टी वहां पहुंच गई. पुलिस ने जब हस्तक्षेप किया तो खुद को सीबीआई का अधिकारी बताने वाला युवक जीआरपी के जवानों के साथ हाथापाई करने लगा. इसके बाग रेल पुलिस ने युवक को कस्टडी में ले लिया।

# ट्रांसफार्मर में आई खराबी को ठीक कर रहे लाईनमैन के बिजली की स्पर्शाघात से मौत

शैलेन्द्र कुमार चंचल, दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार शरीफ
नालंदा। इस वक्त की बड़ी खबर नालंदा जिले से आ रही है जहां करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है।जी हां हम बात कर रहें हैं नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र की, जहां रहुई निवासी 34 वर्षीय अजीत कुमार पाण्डेय,पिता–विरेन्द्र कुमार पाण्डेय की करंट लगने से मौत हो गई है। मृतक रहुई बिजली सब स्टेशन में लाईनमैन के पद पर कार्यरत था। रहुई के नट टोला के पास लगे ट्रांसफार्मर में आई खराबी को ठीक करने के लिए मृतक ने पहले बिजली सब स्टेशन में मौजूद कर्मचारी को फोन करके साइट डाउन लिया और ट्रांसफार्मर पर काम करने के लिए चढ़ गया। जैसे ही अजीत ट्रांसफार्मर पर चढ़ा कि इसी बीच रहुई सब स्टेशन से किसी कर्मचारी द्वारा लाईन चालू कर दिया गया। लाईन चालू होते ही अजीत ट्रांसफार्मर पर ही छटपटाने लगा और देखते ही देखते अजीत ट्रांसफार्मर में सटा रह गया। मृतक का शरीर बिजली के स्पर्शाघात आधा से अधिक जल गया और ट्रांसफार्मर पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने जब मृतक को छटपटाते हुए देखा तो पास में ही बने सब स्टेशन की ओर चिल्लाते हुए भागे और लाइन कटवाया। लोगों की भीड़ बढ़ते देख सब स्टेशन में मौजूद कर्मचारी संजीव कुमार और भरत कुमार झटके से गेट में ताला लगाकर रफूचक्कर हो गये।
मृतक के परिजन ने आरोप लगाते हुए मीडिया कर्मियों को बताया कि मृतक अजीत मेहनती था उसे सब स्टेशन के वरिष्ठ पदाधिकारी मानते थे और उनके साथ अच्छा संबंध था।
मृतक के पदाधिकारियों के साथ अच्छे संबंध से रहुई बिजली सब



स्टेशन में ही काम करने वाले संजीव कुमार एवं भरत कुमार जलन होती थी रहा और इसी जलन के कारण उन्होंने मृतक अजीत के द्वारा साइट डाउन लेने के बाद भी लाइन चालू कर दिया गया और अजीत की मौत हो गई। पुलिस को जब घटना की सूचना मिली तो आनन–फानन में घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहार शरीफ भेज दिया और घटना की जांच में जुट गई।

# हसनपुर थाने क्षेत्र अंतर्गत देवधा पंचायत के बेला गांव के एक खेत में मिले शिवलिंग को ले कर दो पक्षों में मारपीट

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ–निरंजन जायसवाल समस्तीपुर, हसनपुर। समस्तीपुर जिले के हसनपुर थाने क्षेत्र अंतर्गत देवधा पंचायत के बेला गांव में खेत में काम करने के दौरान एक मजदूर को मिले भोले बाबा की शिवलिंग। देवधा पंचायत के बेला गांव में शिवलिंग मिलने से श्रद्धालुओं में खुशी की लहर है. इस दौरान शिवलिंग पर कुछ लोग कब्जा करना चाहा जिसके कारण कब्जे को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए। इसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों की पिटाई भी की। हालांकि मामला थाने में नहीं गया। गांव के ही लोगों ने बीच–बचाव कर मामला शांत करा दिया। गॉव के लोगो के द्वारा बताया गया है कि सावन के पहले दिन एक खेत में काम कर रहे मजदूर को एक शिवलिंग मिला। जिसके बाद लोगों ने पोखर के भिंडा पर स्थापित कर उसकी पूजा अर्चना शुरू कर दी। इस दौरान बुधवार को दबंग किस्म के कुछ लोग शिवलिंग को अपने इलाके में स्थापित करने की बात कह ले जाने का प्रयास किया, जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया तो शिवलिंग लेने गए लोगों ने उनकी पिटाई शुरू कर दी। बाद में



कुछ लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। उसके बाद बेला के एक व्यक्ति ने अपनी एक कठ्ठा जमीन मंदिर बनाने के लिए देने की घोषणा की, जिसके बाद उस जमीन पर शिवलिंग स्थापित करने और मंदिर बनाने पर सभी ने सहमति जतायी।

# महाअभियान के तहत जिले में 11 हजार से अधिक लाभुकों का हुआ टीकाकरण




(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
किशनगंज। बढ़ते संक्रमण के मामलों के बीच बेहद जरूरी है पूर्ण टीकाकरण टीकाकरण संबंधी लक्ष्य प्राप्ति को लेकर टीकाकरण को बनाया गया जनसुलभ।
जिले में कोरोना संक्रमण का मामला फिर तेजी से बढ़ रहा है। गुरुवार को जिले में संक्रमण के 16 नये मामले सामने आये। इसके साथ ही जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़ कर 45 हो गयी है। संक्रमित शेष मरीज होम आइसोलेशन में इलाजरत हैं। बढ़ते संक्रमण के मामलों को देखते हुए जिले में कोरोना संबंधी जांच व टीकाकरण में तेजी लाने की कवायद जारी है। निर्धारित डोज से वंचितों के टीकाकरण के लिये कर्मी चिह्नित लाभुकों के घर पहुंच रहे हैं। वहीं समय–समय पर विशेष अभियान संचालित करते हुए अधिक से अधिक लोगों के टीकाकरण का प्रयास भी जिले में जारी है। इधर बचाव संबंधी उपायों की मजबूती को लेकर विभागीय प्रयास भी तेज हो चुका है। इसी क्रम में गुरुवार को जिले में संचालित विशेष टीकाकरण अभियान में निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति को लेकर स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मी पूरे दिन वंचितों का टीकाकरण सुनिश्चित कराने के प्रयास में जुटे रहे। अभियान के तहत शाम 04 बजे तक लगभग 11 हजार लोगों को टीकाकृत किये जाने की जानकारी है। अभियान के सफल संचालन को लेकर प्रखंडवार जिलास्तर से अभियान के अनुश्रवण व निरीक्षण के लिये अधिकारी प्रतिनियुक्त किये गये थे। कोविड टीकाकरण महा–अभियान की सफलता के लिए डीएम ने आभार प्रकट किया।
जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने जिला वासियों से कोविड टीकाकरण महा–अभियान की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि समाज को कोरोना के चौथी लहर से सुरक्षित रखने का एक मात्र उपाय टीकाकरण है। इसलिए अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण किया जाए। एक अधूरा दो से टीकाकरण के पूर्ण होने का संदेश विभागीय अधिकारी व कर्मी जन–जन तक पहुंचाने के प्रयास में जुटे हैं। उन्होंने सामूहिक सहयोग से अभियान के शतप्रतिशत सफलता का महत्व बताया और इससे समाज का और प्रशासन दोनों को ही लाभ होने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि समाज के लोग सुरक्षित रहेंगे तो उनके बीच काम करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मी भी सुरक्षित रहेंगे। साथ ही सभी टीकाकर्मी, चिकित्सक, पारामेडिकल स्टाफ तथा आपरेटर, जिला स्वास्थ्य समिति के चिकित्सक एवं कर्मी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित यूनिसेफ, केयर इंडिया, विश्व स्वास्थ्य संगठन व अन्य सहायक संगठनों के प्रतिनिधियों से इस कार्य में अपना पूरा सहयोग देने के लिए आभार प्रकट किया।
☒ जनसुलभ है टीकाकरण की प्रक्रिया
सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि टीकाकरण संक्रमण के खतरों से बचाव का आसान जरिया है। सरकार द्वारा हर आयु वर्ग के लोगों को निरूशुल्क टीका का निर्धारित डोज लगाया जा रहा है। टीकाकरण की प्रक्रिया को सुलभ बनाने के लिये विभिन्न स्तरों पर जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। हर घर दस्तक अभियान में योग्य लाभुकों के घर पहुंच कर टीकाकर्मी वंचितों को टीकाकृत करने के प्रयास में जुटे हैं। जो बेहद कारगर साबित हो रहा है।
प्रीकॉशन डोज की उपलब्धियों में सुधार की हो रही कवायद
जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ देवन्द्र कुमार ने बताया कि जिले में निर्धारित लक्ष्य 13.60 लाख लाभुकों में 12.27 लाख लाभुक टीका का पहला डोज ले चुके हैं। वहीं टीके के दूसरे डोज के योग्य 11.83 लाख लाभुकों में 10.70 लाख लाभुक ने दूसरी डोज का टीका लिया है। 12 से 14 साल के 95566 हजार लाभुकों के निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 80 हजार 546 लाभुक ने टीका का पहला व दूसरे डोज के योग्य 86 हजार लाभुकों में 80 हजार 546 लाभुक ने टीका का दूसरा डोज लिया है। इसी तरह प्रीकॉशन डोज के लाभार्थी की संख्या जिले में 85 हजार से अधिक है। निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में अग्रसर हैं हम जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ देवेन्द्र कुमार ने बताया कि पूर्व में जिले में संचालित पल्स पोलियो अभियान के क्रम में आशा, एएनएम व संबंधित क्षेत्र की सेविका के माध्यम से क्षेत्र में टीकाकरण से वंचितों की सूची तैयार की गयी है।और हर घर दस्तक कार्यक्रम भी जारी है इसके आधार पर स्वास्थ्य कर्मी वंचितों के घर पहुंच कर उनका टीकाकरण सुनिश्चित कराने के प्रयास में जुटे है। वैसे इलाके जहां लोगों में अब भी टीकाकरण को लेकर हिचकिचाहट है। वहां तत्काल रेपिड रिस्पोंस टीम पहुंच कर लोगों को समझा कर टीकाकरण के लिये राजी करने के प्रयास में जुटी है।

# दो ट्रको में हुई आमने सामने भीषण टक्कर



दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रखंड संवाददाता तरियानी से कुमार उत्कर्ष सिंह मोनू की रिपोर्ट शिवहर शिवहर,सीतामढ़ी। आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि शिवहर जिले के तरियानी में देर रात दो ट्रक के बीच आमने सामने में भीषन टक्कर हुई । जिसमे चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है वही आप सभी बता टक्कर की आवाज से आस पास के कुछ लोग डर गए वही मौके पर पहुंची थाना सह इंस्पेक्टर शोभा कांत पासवान ने इलेक्ट्रिक कटर मशीन तथा जेसीबी के माध्यम से ड्राइवर को निकाला गया ड्राइवर के स्थिति को देखते हुए एसकेएमसीएच में भेजा गया और दूसरे ड्राइवर को नजदीकी स्वास्थ केंद्र पर पुलिश प्रशान के रहते कराई गई भर्ती वही शिवहर से आ रही खाली ट्रक में मुजफ्फरपुर के रूट से कोयले लदी ट्रक ने मारी ठोकर शिवहर से आ रही ट्रक ने अचानक से फल के दूकान में जा टकराई दोनों ट्रको के आगे दाहिना साइड पुरी तरह से प्रभावित था है सभी सुरक्षित है कोई हताहत की खबर सामने नही आया है मौके पर दोनों ट्रक के खलासी भागने में सफल हुए।

## महाप्रबंधक के आने पर उनके द्वारा स्थानीय शाखाओं का निरीक्षण किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चंपारण मोतिहारी। भारतीय स्टेट बैंक ,मुजफ्फरपुर अंचल के उप महाप्रबंधक श्री रंजन कुमार नायक के मोतिहारी आगमन पर उनके द्वारा स्थानीय शाखाओं का निरिक्षण किया गया द्य उनके द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम के अलावा मध्य विद्यालय भवानीपुर जिरात में विद्यालय को ०५ पंखे भी प्रदान किये गये द्यविद्यालय के छात्र छात्राओं से उनके द्वारा संवाद भी किया गया एवं भारतीय स्टेट बैंक के इतिहास के बारे में बताया गया एवं बैंक से शुरुआत से ही जुडने के



लिए बच्चो को प्रोत्साहित किया गया द्य शाखाओं में भिजीट के दौरान वे शाखाओं के ग्राहकों से भी मिले एवं बैंक के विभिन्न प्रोडक्ट्स एवं ऋण सुविधाओं के बारे में जानकारी दीद्य इस अवसर पर बापूधाम शाखा में "एस एम ई उत्सव मेला" का भी आयोजन किया गया जिसमे ग्यारह हाई वैल्यू ग्राहकों ने भाग लिया द्य इस अवसरपर नया प्रोपोजल्स रूपये २.८५ करोड़ का सोर्स किया गया एवं उपमहाप्रबंधक महोदय ने ०३ एस एम ई ग्राहकों को रूपये १५.७८ करोड़ का स्वीकृति पत्र प्रदान किया द्य मोतिहारी बाजार शाखा में भी ०४ एस एम ई प्रोपोजल्स (०.६२ करोड़ )सोर्स किया गया एवं उप महाप्रंधक द्वारा ०५कारध्रेहबू ग्राहकों के बीच रुपये ०.८४ करोड़ का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया द्य मोतिहारी शाखा में भी उन्होंने एक कार लोन ग्राहक को रुपये २५.०० लाख का स्वीकृति पत्र प्रदान किया द्य उनके सम्मान में गायत्रीनगर शाखा द्वारा रूपये एक करोड़ का म्यूच्यूअल फण्ड लक्ष्य कैम्पेन के तहत बुक किया गया द्य

इस अवसर पर उन्होंने सभी बैंक कर्मियों को यह बताया की ग्राहकों के साथ विनम्रता पूर्वक ब्यावहार , उनके व्यवसाय को बढ़ाने में काफी सहायक होगीद्य ग्राहकों के साथ मीटिंग के दौरान उन्होंने कतिपय ग्राहकों को सम्मानित भी किया एवम ऋण स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया द्य बैंकिंग सेवाओं के विस्तार में ग्राहकों को सहयोग के लिए उन्होंने धन्यवाद् भी दिया द्य इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक श्री सुजीत कुमार झा द्वारा क्षेत्र के बैंकिंग विकास हेतु किये गए प्रयासों की जानकारी प्रदान किया गया।

## राजद के पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह को एक और बड़ा झटका, एमपी-एमएलए कोर्ट ने एक और आपराधिक मामले सुनाई दस साल की सजा

नागेंद्र कुमार राजा ब्यूरो चीफ अयोध्या दैनिक टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा)। बिहार के मोकामा विधानसभा से पांच बार विधायक रहे बाहुबली अनंत सिंह को एक और बड़ा झटका लगा है। छोटे सरकार के नाम से मशहुर अनंत सिंह को पटना की एमपी–एमएलए कोर्ट ने एक और आपराधिक मामले में दस साल की सजा सुनाई है। यह सजा उनके पैतृक आवासा से मिले अवैध हथियार मामले मे सुनाई गई है। दरअसल वर्ष 2015 में अनंत सिंह के पैतृक आवास से 6 मैग्जीन, इंसास राइफल और एक बुलेट प्रूफ जैकेट को पुलिस ने बरामद किया था। इसी मामले में कोर्ट ने अनंत सिंह को दोषी करार दिया था।



जिसमे फैसले की तारीख को आगे बढ़ाते हुए 21 जुलाई मुर्करर की गई थी। इसी मामले में आज एमपी–एमएलए कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है।बता दें की साल 2015 में बाढ़ निवासी युवक की हत्याकांड मामले में पुलिस सर्च वारंट लेकर एटीएस और डॉग स्क्वायड के साथ त्श्रक विधायक अनंत कुमार सिंह के पैतृक आवास पर छापामार कार्रवाई की थी। इस दौरान विधायक के आवास से इंसास राइफल की गोली, मैगजीन बुलेटप्रूफ जैकेट और संदिग्ध कपड़े बरामद हुए थे। हथियारों की बरामदगी के बाद कोर्ट ने विधायक के खिलाफ वारंट जारी किया था। जिसके बाद उन्होंने दिल्ली के साकेत कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। इस मामले में करीब तीन सालों तक ट्रायल चलने के बाद एमपी–एमएलए कोर्ट ने अनंत सिंह को दोषी ठहराया और दस साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही कोर्ट ने मोकामा विधायक के नौकर रहे सुनील राम को भी 10 साल की सजा सुनाई है।

## सही से नहीं हो रही सहरसा में आगामी प्राथमिक शिक्षक बहाली में सीटों की गणना

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। बिहार में 7वे चरण प्राथमिक शिक्षक बहाली के लिए ब्ज्म्ज ठज्म्ज अभ्यर्थी कई सालों से इंतेजार कर रहे। शिक्षा विभाग ने कहा है कि जुलाई के अंतिम सप्ताह में बहाली का विज्ञापन निकाल दिया जाएगा। उससे पहले बिहार के स्कूलों के सीटों की गणना विभाग करवा रही है। शिक्षा विभाग के द्वारा सभी जिलों के सीटों का लिस्ट जारी



किया गया है। जिसमें सहरसा में सीटों की गणना विभाग द्वारा निर्देशित RTE एक्ट के अनुसार सही से नहीं किया गया और कक्षा 1 से 5 एवम 6 से 8 में टाइपिंग एरर भी है। इसीलिए विभाग ने 22 जुलाई को सभी जिले के डीईओ और डीपीओ को कार्यशाला के लिए बुलाया है कि किस तरह से सीटों की गिनती कर विभाग को सौंपना है सहरसा के कई सारे स्कूलों में छात्रों की संख्या बहुत अधिक है लेकिन इस हिसाब से शिक्षक बहाल नहीं है, हम शिक्षक अभ्यर्थी कई सालों से टीचर ट्रेनिंग कोर्स और टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण कर बैठे है, मगर बिहार सरकार हमें बहाल नहीं कर रही है। बिहार सरकार प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों की बहाली अगस्त माह में करे और भावी शिक्षकों को बिहार के शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने का अवसर प्रदान किया जाए।

## जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण किया गया

साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी । जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना अरुण कुमार मिश्रा के द्वारा बेलछी प्रखंड अंतर्गत महंत राम नारायण पुरी उच्च माध्यमिक विद्यालय सकसोहरा का निरीक्षण कीया गया जिसमें कस्तूरबा टाइप फॉर में लड़कियों के प्रति व्यवस्थित रूप



से संचालन पर जोर दिए कस्तूरबा के बाद स्कूल निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापिका रेखा कुमारी को बाउंड्री वाल निर्माण का निर्देश दिए! ताकि लड़कियों की सुरक्षा हो सके! एवं 102 की संख्या बढ़ाने की बात पर उन्होंने कहा कि सीटो को लेकर राज्य स्तर पर बात रखी जाएगी ! निर्देश देते हुए उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापिका को कहा कि थाना प्रभारी को लेटर देकर लड़कियों की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग के लिए निर्देश दें एवं विद्यालय का नियमित सुरक्षा एवं भयमुक्त वातावरण बनाने एवं विद्यालय के जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाने की बात किए एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण कर्म में सभी वर्गो में बच्चों के साथ पठन पाठन की क्रियांवयन किए बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बच्चों के बीच पढ़ाएं एवं सवाल जवाब किये जिससे बच्चों में काफी उत्साह दिखा!

## दूरस्थ क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन कृतसंकल्पित : जिलाधिकारी



आकाश वर्मा ब्योरो चीफ अयोध्या टाइम्स पश्चिम चम्पारण। सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय जनता को सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने, स्थानीय स्तर पर प्रशासन की सभी इकाईयों के माध्यम से सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाने एवं जन शिकायतों को दूर करने के लिए आज बगहा अनुमंडल अंतर्गत मधुबनी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज तमकुहाँ के राजकीय उ0 मा0 विद्यालय, तमकुहाँ में ष्आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रमष् के तहत ग्रामीण विकास शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से सैकड़ों निवासियों को लाभ पहुँचाया गया।जिलाधिकारी, पश्चिमी चम्पारण, बेतिया, श्री कुंदन कुमार द्वारा फीता काटकर ग्रामीण विकास शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व विभाग, आपूर्ति विभाग, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग आदि विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों का मुआयना किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों, कर्मियों एवं लाभुकों से विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी ली गयी। ग्रामीण विकास शिविर में स्वास्थ्य के 411, कोविड टीका के 60, कोविड जाँच के 378, ब्लड टेस्ट के 102, कृषि के 09, शिक्षा के 02,आवास योजना के 54, सामाजिक सुरक्षा के 25, जन्म–मृत्यु के 02, अंचल कार्यालय के 17, मनरेगा के 17, मातृ वंदना के 04 कन्या सुरक्षा के 01,राशन कार्ड के 28, पशुपालन के 40, पशुपालक दवा वितरण के 114, बिजली के 20 मामलों का ऑन–द–स्पॉट निष्पादन किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुँचे ग्रामीणों वीरेंद्र मद्देशिया, छविलाल बैठा, हरिमोहन प्रसाद सिंह, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, रामभरोस कुशवाहा, कैफ अंसारी, रमाशंकर यादव, संगीता देवी, फूल कुमारी, विनोद राम, वंशी खटिक, कुसमी देवी, फुलवा देवी, फूलमती देवी, बंधु राम आदि को जिलाधिकारी ने सुना और समस्याओं का निष्पादन कराया तथा कुछ मामलों का निष्पादन नियमानुकूल तरीके से अविलंब कराने का निदेश अधिकारियों को दिया। इंदिरा आवास की शिकायत लेकर पहुँची फुलवा देवी ने बताया कि वह बैरवा बाजार मुशहरी की रहने वाली है। उसे रहने के लिए पक्का मकान नहीं है। वार्ड सदस्य रमेश हरिजन द्वारा इंदिरा आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए 10 हजार रुपया भी ले लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा इसे अत्यंत गंभीरता से लिया गया और एसएचओ को तुरंत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही बीडीओ को निदेश दिया गया कि उक्त फरियादी की समस्या का निराकरण कराना सुनिश्चित किया जाय। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से बातचीत के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर ग्रामीण विकास शिविर का आयोजन किया गया है। स्थानीय प्रशासन द्वारा लगातार इस क्षेत्र की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभुकों को समयबद्ध तरीके से आसानी से मिल जाया करे, इस हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण विकास शिविर इसका उदाहरण है। ऐसे कई शिविर लगाकर यहाँ के सभी लाभुकों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जिलाधिकारी से स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मिले और अपनी–अपनी बातों को रखा। सभी जनप्रतिनिधि काफी खुश थे और जिलाधिकारी के आगमन को लेकर उन्हें धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों से विद्यालय संचालन सहित अन्य विषयों से संबंधित फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधिगण बच्चों, युवाओं के लिए बेहतर प्रयास करें ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। उन्होंने कहा कि अपने–अपने पंचायत को बेस्ट बनाएं, आदर्श पंचायत बनाएं। इससे पंचायत के विकास के साथ–साथ प्रखंड, जिला, राज्य और देश का विकास होगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, श्री अनिल राय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, श्री मो0 इमरान, विशेष कार्य पदाधिकारी, श्री वैद्यनाथ प्रसाद सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी,मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार की अध्यक्षता में सभा कक्ष में जिला अभियोजन की बैठक सम्पन्न हुई



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
जिलाधिकारी,मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार की अध्यक्षता में सभा कक्ष में जिला अभियोजन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुजफ्फरपुर जिला के सभी न्यायालय में अभियोजन के क्रम में आ रही समस्याओं,उत्पाद केस के अभियोजन,गवाहों के उपस्थापन, चार्जशीट,पॉक्सोकेस के लंबित मामलों के निष्पादन,अभियोजन पदाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों के बीच सामंजस्य,प्रत्येक वाद में राज्य के तरफ से पैरवी, होस्टाइल गवाह पर मुख्य रूप से समीक्षा हुई। इसके साथ ही इंजुरी रिपोर्ट हॉस्पिटल के द्वारा स– समय उपलब्ध कराया जाए इस आशय का सख्त निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। पॉक्सो केस से संबंधित सप्लीमेंट्री रिपोर्ट में आ रहे दिक्कतों के बारे में जानकारी दी गई। निर्देश दिया गया कि सप्लीमेंट्री रिपोर्ट हर हाल में स–समय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में Prosecution सेल को विशेष निर्देश दिया गया। निर्देश दिया गया कि प्रॉसीक्यूशन सेल की कमी दूर करते हुए अभियोजन शाखा में गवाह रजिस्टर/सम्मन,वारंट रजिस्टर ,कुर्की– जब्ती रजिस्टर ,सजा रजिस्टर संधारित करने एवं उसे दिन प्रतिदिन अद्धतन करना सुनिश्चित करें। जिले के थानों में लंबित सम्मन, वारंट एवं कुर्की का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय को निर्देशित किया गया कि त्वरित विचारण एवं अन्य महत्वपूर्ण कांडों में गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करावे ।अभियोजन वार मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर लोक अभियोजकों के स्तर पर लंबित त्वरित विचारण के लंबित वादों का लोक अभियोजक के स्तर से अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। sc-st अधिनियम संबंधी लंबित कांडों का निष्पादन अत्यंत कम होने पर नाराजगी व्यक्त की गई ।निर्देश दिया गया कि sc-st से संबंधित कांडों के निष्पादन को लेकर गंभीर प्रयास करना सुनिश्चित करें ।दोषी को हर हाल में सजा दिलाई जाए। जिलाधिकारी ने सभी लोक अभियोजक,विशेष अभियोजक के कार्यों और उनके स्तर पर लंबित रहने का कारणों पर समीक्षा कर निर्देशित किया कि सभी संबद्ध पदाधिकारी समन्वय से कार्य कर कांडो के निष्पादन में रुचि लेकर कार्य करें। अधिकतम दोषसिद्धि कराना लक्ष्य रखें,जघन्य अपराधों यथा यौन उत्पीड़न,बलात्कार,लैंगिक अपराध,जुवेनायिल,मानव व्यापार, एससी एसटी के मामले उच्च प्रथमिकता के साथ निष्पादन कराएं। जिलाधिकारी ने वैसे केस जो आदेश फलक पर या अंतिम चरण में हो,को चिन्हित करते हुए सभी अभियोजकों को पांच –पांच लक्ष्य रखकर वैसे केस का निष्पादन का निर्देश दिया गया।बैठक में पुलिस उपाधीक्षक ने पुलिस के स्तर से आवश्यक कार्रवाई के निमित सभी अनुसंधानकर्ता से समन्वय कर त्वरित निष्पादन की बात कही।
उक्त बैठक में जिलाधिकारी के अतिरिक्त , पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के प्रतिनिधि, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा,सभी लोक अभियोजक,विशेष अभियोजक,सभी सहायक अभियोजन पदाधिकारी उपस्थित थे।

## फुलवारी प्रखंड मुख्यालय में जिलाधिकारी का औचक निरीक्षण अनुपस्थित पाए गए 2 लिपिक

अमित कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना फुलवारी शरीफ, (अजीत)। प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को अचानक पटना के जिलाधिकारी दल बल के साथ पहुंचे। उन्होंने घूम घूम कर प्रखंड व अंचल के सभी विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागों में लंबित मामलों का तेजी से निपटारा करने का आदेश दिया है। साथ ही उन्होंने छानबीन के दौरान पाया कि 2 लिपिक जिनमें एक का यहां से तबादला हो गया है, दोनों लगातार कई महीनों तक अनुपस्थित रहे हैं। ऐसे में उन पर विभागीय कार्रवाई का आदेश दिया गया है। इन दोनों के खिलाफ समय से पहले सेवा मुक्त किए जाने की कार्रवाई की बात प्रखंड में चर्चा चल रही थी। पटना जिला अधिकारी का औचक निरीक्षण के दौरान प्रखंड मुख्यालय परिसर में हड़कंप मचा रहा। उन्होंने यहाँ स्थित लोक सेवा केंद्र, आधार केन्द्र, बाल विकास परियोजना कार्यालय, कार्यक्रम पदाधिकारी(मनरेगा) का कार्यालय, निर्वाचन कार्यालय सहित विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का निरीक्षण किया, पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति की जांच की, उनका परिचय प्राप्त किया तथा उनके दायित्वों एवं कार्यों की जानकारी ली। वही बड़ी संख्या में अपनी अपनी समस्याओं को लेकर आए नागरिकों ने जिलाधिकारी के समक्ष समस्याओं व शिकायतों की बौछार लगा दी । कई लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष कहा कि अंचल में बगैर नजराना दिए कोई मोटेशन का काम सीओ व अन्य कर्मचारी नहीं करते हैं। जिलाधिकारी पटना डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि दाखिल–खारिज अंतर्गत कुल प्राप्त 77,446 आवेदनों में से 73,073 आवेदनों को निष्पादित कर दिया गया है। 4,373 आवेदन निष्पादन हेतु लंबित है। इसमें से 50 आवेदन 63 दिन से अधिक समय से लंबित है। डीएम डॉ. सिंह ने इन आवेदनों को 02 सप्ताह के अंदर निष्पादित करने का निदेश दिया। परिमार्जन के तहत 20,419 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें 19236 आवेदन को निष्पादित कर दिया गया है। भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र अंतर्गत कुल 4901 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें 4,854 आवेदनों को निष्पादित कर दिया गया। डीएम डॉ. सिंह ने प्रक्रियाधीन आवेदनों को निर्धारित समय–सीमा के अंदर निष्पादित करने का निदेश दिया। इसके अलावा 50 मामलों को पाया गया है जो समय के बाद निष्पादित किया गया है। आगे बताया कि करीब चार हजार लंबित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का भी निर्देश दिया गया है।



जिलाधिकारी ने बताया कि लिपिक कुमार राजन और चंदन सेन के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिया गया है इनके बारे में शिकायत मिली है कि यह लोग लगातार कई माह तक बगैर किसी सूचना के ही अनुपस्थित रहे हैं।
वही पत्रकारों से बातचीत के दौरान पटना जिलाधिकारी ने कहा कि निरीक्षण के क्रम में गड़बड़ी पाए जाने पर पूर्व अंचल नाजिर चंदन सेन को निलंबित कर दिया गया है। नाजिर चंदन सिंह के द्वारा अभी तक नजारत का प्रभार नहीं सौंपा गया है। इसके कारण अंचल कार्यालय का कार्य बाधित है। उनका पदस्थापना प्रखंड कार्यालय दुल्हिनबाजार में है। अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि हर हाल में दाखिल खारिज, मापी, अतिक्रमण कार्य जल्द से जल्द निष्पादन करें। लापरवाही बरतने पर दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत लक्ष्य के अनुरूप तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी 201 वार्ड में शत–प्रतिशत घर तक पक्की गली नाली योजना का क्रियान्वयन से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। निरीक्षण क्रम में फुलवारी शरीफ प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी कर्मी मौजूद रहे।

## जमुई सांसद श्री चिराग पासवान जी के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने बिहार प्रदेश मीडिया प्रकोष्ठ की नई सूची जारी की

अमित कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना। लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जमुई सांसद श्री चिराग पासवान जी के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने बिहार प्रदेश मीडिया प्रकोष्ठ की नई सूची जारी की। पार्टी ने अनुभव और योग्यता के आधार पर पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश भट्ट को मीडिया सेल की कमान सौंपते हुए उन्हें मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेवारी दी हैं, वहीं नई सूची में सात प्रवक्ताओं और दो मीडिया प्रभारी को मनोनीत किया गया। पार्टी ने प्रवक्ता सूची में प्रो0 विनीत सिंह, जितेन्द्र यादव, अनुपम पासवान, दिनेश पासवान, कैप्टन नन्द कुमार पासवान, नवल शर्मा, देवजानी मित्रा जबकि प्रदेश मीडिया प्रभारी के रूप में निशांत मिश्रा, कुन्दन पासवान को शामिल किया है। उक्त नव मनोनयन को लेकर पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। सभी नव मनोनित मीडिया सेल के प्रवक्ताओं और नवमनोनीत प्रभारियों को मुख्य रूप से पार्टी के प्रधान महासचिव संजय पासवान, संसदीय बोर्ड अध्यक्ष हुलास पाण्डेय, प्रदेश संगठन मंत्री ई0 रविंद्र सिंह, प्रदेश सदस्यता प्रभारी संजय रविदास, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, इं0 रमेश कुमार अशरफ अंसारी, अजय कुशवाहा, राकेश रौशन, भुवनेश्वर पाठक, प्रकाष चन्द्रा, इन्दु कश्यप, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र विवेक, युवा अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, एससीध्एसटी प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान छात्र प्रदेश अध्यक्ष सिमांत पासवान महिला प्रदेश अध्यक्ष शोभा पासवान आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार रानु, रामप्रवेश यादव, सुधीर यादव, अमित किशोर सिन्हा, सुरेन्द्र ठाकुर, इमाम गजाली, प्रदेश महासचिव रंजन सिंह, ओम प्रकाश भारती, रंजीत पासवान आदि लोगों ने बधाई दी।



# संक्षिप्त समाचार

### सोनबरसा प्रखंड में चावल के अभाव के कारण एक दर्जन स्कूलों में मध्याह्व भोजन बन्द

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता किशन कुमार सोनबरसा प्रखंड। सोनबरसा प्रखण्ड अंतर्गत लगभग एक दर्जन स्कूलों में मध्याह्न भोजन ठप है। जानकारी के अनुसार चावल आवंटन के अभाव में खापखोपरहा पंचायत के खाप, खोपरहा , दुलारपुर सहित एक दर्जन स्कूलों में बीते दो तीन दिनों से बच्चों का मध्याह्न भोजन योजना पर ग्रहण लग गया है। आपको बता दे की बच्चे स्कूल में घर से भूखे ही चले जाते है,और उन्हे भूखे ही वापस घर आना पड़ता है। एमडीएम प्रभारी उमेश झा ने इस बारे में कहा कि जिला एफसीआई गोदाम से आवंटन नही मिलने के कारण कई स्कूलों का मध्याह्न भोजन बन्द पड़ा है। जहाँ कही थोड़ा बहुत चावल का स्टाक है वहां भोजन कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि बन्द पड़े स्कूलों में सुचारू रूप से मध्याह्न भोजन खाद्यान्न आवंटन के लिए विभागीय अधिकारी प्रयासरत हैं। उम्मीद है दोचार दिन में आवंटन मिल जायेगा।



### चार दिनों से सदर अस्पताल में एक्स-रे सेवा ठप

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। जिला अस्पताल में पिछले 4 दिनों से मरीजों को एक्स–रे सेवा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इससे उन्हें बाहर के निजी जांच घरों में मनमानी वसूली का शिकार होना पड़ रहा है। जिला अस्पताल के जानकारों का कहना है कि इन दिनों औसतन 400 मरीजों का ओपीडी हो रहा है। जिनमें से 60 लोगों को एक्स–रे की जरूरत पड़ती है। अस्पताल में एक्स–रे सुविधा नहीं होने के चलते परेशानी हो रही है।जबकि एक्स–रे कराने के लिए मरीजों व उनके परिजनों को बाहर जाना पड़ रहा है,जहां उन्हें आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही है। बुधवार को अस्पताल में आए धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में हल्की चोट आई। सूजन है। इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाया गया। यहां एक्सरे की जरूरत थी लेकिन वह नहीं हो सका। बाहर निजी जांच घर में 400 खर्च कर एक्स–रे कराना पड़ा।



### सड़क किनारे लगी दुकान पर प्रशासन ने की कार्रवाई

☒ स्टुअरगंज बाजार में कार्रवाई करती नगर पंचायत प्रशासन।
☒ कार्रवाई करते हुए 2800 रुपए जुर्माना की गई

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। बुधवार को नगर पंचायत प्रशासन ने एक बार फिर अतिक्रमणकारियों पर डंडा चला। कार्यपालक पदाधिकारी शशि भूषण मिश्रा के नेतृत्व में नगर पंचायत कर्मी व पुलिस ने नगर के स्टुअरगंज बाजार चांदनी चौक रामगढ़ रोड व भभुआ रोड में एक 100 मीटर की परिधि तक सड़क के किनारे अपनी दुकान सजाए अतिक्रमणकारी दुकानदारों पर प्रशासनिक नकेल कसा। नगर पंचायत प्रशासन की कार्रवाई करने के बाद अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया करवाई शुरू होते ही जहां–तहां फुटपाथ पर दुकान सजाए अतिक्रमण कारी दुकानदार इधर–उधर भागने लगे। इस दौरान नगर पंचायत में दो ठेला व प्लास्टिक तिरपाल को जप्त करते हुए 2800 रुपए जुर्माना वसूल की। कार्यपालक पदाधिकारी शशि भूषण मिश्रा ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर नगर पंचायत प्रशासन गंभीर है। सड़क के किनारे व जहां–तहां अतिक्रमण कर दुकान सजाए अतिक्रमणकारी दुकानदारों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।



### कृषि विज्ञान केन्द्र बाढ़, पटना के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर सह पशुपालक गोष्ठी का आयोजन

प्रमोद कुमार त्रिवेदी, दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना। पटना जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र,बाढ़ के प्रांगण में गुरुवार दिनांक 21/07/2022 को बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय पटना एवं कृषि विज्ञान केन्द्र बाढ़,पटना के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर सह पशुपालक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ एस०के० शीतल, डॉ० विपिन कुमार एवं डॉ० पंकज कुमार ने पशुपालन के विभिन्न पहलुओं पर स्थानीय उपस्थित किसानों से चर्चा की। इस कार्यक्रम में स्थानीय किसानों के द्वारा लाये गए गाय, भैंस एवं बकरियों के रोग एवं समस्या की पहचान कर चिकित्सीय सलाह एवं औषधि उपलब्ध करायी गयी। किसान गोष्ठी में उपस्थित स्थानीय पशुपालकों को पशु के खान–पान प्रबंधन, गर्भाधान में होने वाली समस्या एवं उपचार, बकरी पालन, कुकुट पालन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। छोटे पशु पालकों को बकरी पालन एवं कुकुट पालन के माध्यम से आय बढ़ाने पर जोर दिया गया।



### महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर महिलाओं को ट्रेनिंग दिया गया

साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी आज बेलछी प्रखंड अंतर्गत सकसोहरा हाई स्कूल में बिहार पुलिस के पहल पर महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर मीटिंग किया गया जिसमें तीन थाना अध्यक्षों का मौजूदगी रहा जिसमें बेलछी थाना अध्यक्ष अमरदीप कुमार एवं सकसोहरा एवं भदौर थानाध्यक्षों की मौजूदगी में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एवं बाल सुरक्षा को लेकर चर्चा किया गया जिसमें (1) महिला सुरक्षा (2) बाल विवाह एवं (3) महिलाओं की सुरक्षा कैसे हो उनमें कैसे जागरूकता लाई जाए ! बाल विवाह ना हो इसको लेकर सभी महिलाओं को बतलाया गया ताकि लोग कम उम्र में बच्चियों की शादी ना करें क्योंकि कम उम्र में बच्चियों को विवाह होने के बाद कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ता है इसलिए बाल विवाह सरकार द्वारा निर्धारित उम्र पर ही हो! भयमुक्त बनाने के लिए सभी थानाध्यक्षों ने सभी महिलाओं को सुरक्षा देने की बात कही!।



### राष्ट्रपति बनने पर दी बधाई

साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी। आज बाढ़ अनुमंडल के जदयू जिला महासचिव अश्वनी कुमार सिंह के द्वारा भारत गणराज्य के 15 वी देश की प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।



# सफल दरोगा अभ्यर्थियों को किया गया सम्मानित

विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) दलसिंहसराय। बिहार सरकार द्वारा आयोजित बिहार पुलिस अधीनस्थ सेवा परीक्षा में दलसिंगसराय अनुमंडल के अधिकांश सफल अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह दलसिंहसराय स्थित आर एल महतो बी एड कॉलेज परिसर में किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ की गई ।

इस सम्मान समारोह में दारोगा बनी वीआईपी कॉलोनी निवासी महाविद्यालय की पूर्व छात्रा स्मिता



राजश्री, किशुन पंडित, विनीत कुमार,सुप्रिया भारती, किरण कुमारी, सन्नी कुमार, देवानंद कुमार, मनोज कुमार पंडित, इंद्रदेव कुमार, रामबाबु सहनी, राकेश कुमार, नितीन कुमार, रजनीश कुमार, रौशन कुमार इत्यादि ने अपना परिचय देते हुए अपनी सफलता के बारे में अपनी बात को रखा। महाविद्यालय के निदेशक सह जद यू नेता प्रशांत पंकज ने सभी सफल अभ्यर्थियों के साथ–साथ उनके माता–पिता को भी मिथिला चादर व पाग से सम्मानित किया गया । इस अवसर पर प्रशांत पंकज ने सभी सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएँ व बधाई देते हुये बताया कि ये लोग इतनी उच्च स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त कर ली है,यह सब उनकी निष्ठा एवं प्रयत्नों का ही परिणाम है । अधिकांश युवक व युवतियां की चाहत होती है कि वह एक पुलिस अफसर बने ! प्रशांत पंकज ने ये भी बताया कि बदन पर खाकी वर्दी कंधे पर स्टार एवं कमर पर लटकती पिस्टल देखकर मुझे काफी अच्छा लगेगा एवं क्षेत्र के लिए बहुत ही गर्व की बात होगी है। समारोह में रामदयालू महतो, राम सकल महतो, हरिचंद्र पोद्दार, जगन्नाथ कुँवर, रामकरण चौधरी, विनोद चौधरी, विमला देवी, मो सिराज, प्रेम किशन महतो, सुधीर कुशवाहा, प्रमोद चौधरी, अरविंद कुमार, उमेश पासवान, पुरुषोत्तम भारद्वाज, मनोज झा, रामपदार्थ महतो, राम सकल सिंह कुशवाहा, उपेंद्र सिंह, महेश्वर सिंह आदि मौजूद थे !

# पहली आदिवासी महिला बनी भारत की नई राष्ट्रपति : द्रौपदी मुर्मू

☒ भारत गणराज्य की 15 वी राष्ट्रपति

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह आदिवासी समुदाय से संबंध रखने वाली और उड़ीसा राज्य में पैदा हुई द्रौपदी मुर्मू को हाल ही में भारतीय जनता पार्टी के भारत के नई महिला राष्ट्रपति निर्वाचित हुए आप सभी को इस संदर्भ से अवगत करा दिया जाए द्रौपदी मुर्मू का जन्म 20 जून 1958 में पिता बिरांची नारायण टुडू पति श्याम चरण मुर्मू जन्म स्थान मयूरभंज,उड़ीसा,भारत वह अनुसूचित जनजाति से आती है इनकी शिक्षा जब इन्हें थोड़ी समझ प्राप्त हुई, तभी इनके माता–पिता के द्वारा इनका एडमिशन इनके इलाके के ही एक विद्यालय में करवा दिया गया, जहां पर इन्होंने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई को पूरा किया। इसके पश्चात ग्रेजुएशन की पढ़ाई करने के लिए यह भुवनेश्वर शहर चली गई। भुवनेश्वर शहर में जाने के पश्चात इन्होंने रामा देवी महिला कॉलेज में एडमिशन प्राप्त किया और रामा देवी महिला कॉलेज से ही इन्होंने ग्रेजुएशन की पढ़ाई कंप्लीट की। वही इनकी राजनीतिक जीवन उड़ीसा गवर्नमेंट में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के तौर पर द्रौपदी मुर्मू को साल 2000 से लेकर के साल 2004 तक ट्रांसपोर्ट और वाणिज्य डिपार्टमेंट संभालने का मौका मिला। इन्होंने साल 2002 से लेकर के साल 2004 तक उड़ीसा गवर्नमेंट के राज्य मंत्री के तौर पर पशुपालन और मत्स्य पालन डिपार्टमेंट को भी संभाला। साल 2002 से लेकर के साल 2009 तक यह भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के मेंबर भी रही। भारतीय जनता पार्टी के एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के पद को इन्होंने साल 2006 से लेकर के साल 2009 तक संभाला। एसटी मोर्चा के साथ ही साथ भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय



कार्यकारिणी के मेंबर के पद पर यह साल 2013 से लेकर के साल 2015 तक रही। झारखंड के राज्यपाल के पद को उन्होंने साल 2015 में प्राप्त किया और यह इस पद पर साल 2021 तक विराजमान रही। वही 64 वर्ष की है द्रौपदी मुर्मू वही आप सभी को बता दूं कि राष्ट्रपति चुनाव में भरतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू तो वही विपक्ष से उम्मीदवार यशवंत सिन्हा यशवंत सिन्हा को पराजित। करते हुए देश की अगली महिला महामहिम नवनिर्वाचित द्रौपदी मुर्मू हुई।द्रौपदी मुर्मू सहित सभी आदिवासी में जश्न का माहौल।

# देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति मुबारक : मांझी



नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या दैनिक टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा) पटना। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से०) के संस्थापक संरक्षक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा की मेरी हमेशा यह इच्छा रही थी कि कोई आदिवासी परिवार से देश के सर्वोच्च पद तक का सफर तय करे । ईश्वर ने मेरी बात सुन ली और आज द्रौपदी मुर्मू भारत की 15वां राष्ट्रपति बनी।

मांझी ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू भारत की 15 वीं राष्ट्रपति बनी यह मेरे जीवन में सबसे बड़ी खुशियों में एक है । हम जीत पर आदिवासी, दलित एवं हर भारत वासियों को इस जीत पर बधाई देता हूं। मांझी ने कहा कि आदिवासी परिवार से द्रौपदी मुर्मू का 15 वां राष्ट्रपति चुनाव जितना यह भारत के इतिहास में अनुसूचित जातिध्जनजाति एवं सभी वर्ग के पिछड़े हुए गरीब परिवारों के लिए यह जीत ऐतिहासिक है । द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनने पर दलित, आदिवासी परिवारों के लिए भारत के इतिहास में आज का दिन सबसे बड़ा जश्न का दिन है। भेद भाव से ऊपर उठकर आदिवासी परिवार से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति चुनाव में जनप्रतिनिधियों द्वारा अपार समर्थन दिए जाने पर उन सभी जन प्रतिनिधियों को इस ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए मेरा आभार एवं जीत पर बधाई।

हम के पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार में लघु जल संसाधन, अनुसूचित जातिध्जनजाति कल्याण मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन ने कहा कि समाज के सबसे पिछड़े आदिवासी परिवार से पहली बार भारत के इतिहास में द्रौपदी मुर्मू को भारत के 15 वां राष्ट्रपति के रूप चुनाव में जीत हासिल करने पर मेरे और मेरे पार्टी की ओर से जीत पर हार्दिक बधाई। डॉ0 संतोष कुमार सुमन ने कहा कि भाजपा नेतृत्व और भारत के प्रधानमंत्री के द्वारा एनडीए ने खुले विचार का प्रदर्शन करते हुए आदिवासी परिवार से द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाए जाने का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया गया उसी समय तय हो गया था कि अगला 15वां राष्ट्रपति देश की द्रौपदी मुर्मू होंगी । द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति के रूप में जीत पर आदिवासी परिवार एवं अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों के साथ साथ सभी जाति धर्म के लोगों के बीच आज खुशी की लहर है । यह जीत हम सभी के लिए ऐतिहासिक जीत है।

मैं पुनः द्रौपदी मुर्मू जी को भारत के 15वां राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने पर बधाई देता हूं। द्रौपदी मुर्मू को देश की 15वां राष्ट्रपति के रूप में जीत हासिल करने पर हम पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव डॉक्टर दानिश रिजवान, पूर्व मंत्री (विधायक) डॉ० अनिल कुमार, ज्योति मांझी (विधायक) प्रदेश अध्यक्ष बिहार (विधायक) प्रफुल्ल मांझी, संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी वर्मा, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अमरेंद्र कुमार त्रिपाठी आदि हम नेताओं ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति चुनाव जीतने पर बधाई दी।

# सावन के पावन महीने का पहला बारिश आज शुरू हुआ

(बिपिन बिहारी मौर्य,संवाददाता अयोध्या टाइम्स, ढ़ाका ,पूर्वी चम्पारण) ढ़ाका। सावन के पावन महीने का पहला वारिस किसान व आम लोगों के लिए बहुत ही प्यारा व सुनहरा दिन साबित हुआ। हमारे किसान भाई अपने गाढ़ी कमाई को जमीन में डालकर बहुत बेसब्री के साथ इंद्र भगवान से झमाझम बारिश को देखने का इंतजार कर रहे थे। हमारे ढाका प्रखंड के कई जगहों पर कही सुबह से, कहीं दोपहर से, कहीं शाम से इंद्र भगवान ने किसानों व आम लोगों के परेशानी तथा भीषण गर्मी को देखते हुए सावन की फुहारों के साथ झमाझम बारिश आयो रे की सौगात आखिर दे ही दिए। सावन के मनभावन बारिश को देखते हुए किसानों व आम लोगों में खुशी की लहर दौड़ने लगी। बहुत सारे किसान भाइयों ने अपने खेतों में धान का बिछड़ा लगाने के बाद से ही बारिश का इंतजार करते–करते बहुत ही निराश व मायूस हो गए थे। बहुत से किसान भाई खेतों में रोपनी करने के उपरांत पानी के कमी को देखते हुए तथा सूखे पौधों को देखते



हुए नल ,कुआ और पंप सेट के द्वारा पानी का पटवन भी स्टार्ट कर चुके थे लेकिन जैसे ही आज बारिश को देखते हुए अपने खेतों में फसलों को लहलहाते देखते हुए अपने अपने प्रसन्न चित्त से इंद्र भगवान का गुणगान और दुहाई देने लगे। सावन के पावन महीने में आसमान में लगा बदरिया व टप–टप टपकता पानी को देखते हुए साथ ही भीषण गर्मी मे राहत मिलते ही लोगों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

# साहेबगंज में निजी अस्पताल में डॉक्टर की लापरवाही से इलाज के दौरान किशोर की मौत होने पर परिजनों ने जमकर किया हंगामा

(जितेन्द्र कुमार राय संवाददाता अयोध्या टाइम्स साहेबगंज। साहेबगंज में निजी अस्पताल में डॉक्टर की लापरवाही से इलाज के दौरान किशोर की मौत होने पर परिजनों ने जमकर किया हंगामा

साहेबगंज थाना क्षेत्र के निमचौक के पास एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान एक किशोर की गुरुवार की सुबह मौत हो गई। मौत के बाद डॉक्टर समेत अन्य कर्मी फरार हो गए। वहीं मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया तथा मौत से आक्रोशित परिजनों ने जमकर हंगामा किया। अस्पताल में परिजनों ने तोड़फोड़ भी की।सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राजेश रंजन, प्रशिक्षु दारोगा पुरुषोत्तम कुमार, जमादर शिवनंदन भगत, महादेव पाल,सुरेश प्रसाद सिंह तथा सुदर्शन प्रसाद पहुंचे। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की कोशिश की लेकिन परिजनों ने डॉक्टर पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर जमकर विरोध किया। इसके बाद कुछ लोगों के काफी समझाने के बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम के लिए शव भेजने को लेकर तैयार हुए तो पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएम सीएच भेज दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार को केसरिया थाना क्षेत्र के नारायणपुर में दो बाइकों की टक्कर हो गई थी। जिससे बाइक सवार केसरिया थाना क्षेत्र के दिलावरपुर निवासी कवींद्र दास के 16 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था।



नारायणपुर में परिजनों ने घायल को इलाज के लिए ले गए जहाँ से रेफर कर दिया गया।इसके बाद गांव के ही अभय नामक व्यक्ति ने निमचौक के पास जीएसबी अस्पताल में ले गए वहां अस्पताल के मालिक तथा कथित डॉक्टर राजकुमार ने भर्ती करते हुए ठीक करने की बात कही। इसके बाद गुरुवार की सुबह घायल की मौत हो गई।परिजनों का कहना था तो अगर डॉक्टर द्वारा बुधवार को ही किशोर को रेफर कर दिया गया होता तो शायद किशोर की जान बच जाती।

# सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में कारगिल चौक पर बिहार कांग्रेस का प्रदर्शन



अमित कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को ईडी दफ्तर बुलाया है। ईडी की उनसे पूछताछ भी शुरू हो गई है। इसके विरोध में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से पटना में प्रदर्शन किया गया। कारगिल चौक से विरोध मार्च शुरू हुआ जो ईडी ऑफिस तक पहुंचा। इसके बाद पटना के ईडी ऑफिस के बाहर भी कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन किया। वही बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने बताया कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण होगा। बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी भक्त चरण दास ने कहा था कि हम किसी हालत में अपनी मां का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। वही उन्होंने यह भी कहा था कि नरेन्द्र मोदी की सरकार मनमानी कर रही है। ईडी चाहती तो सोनिया गांधी से उनके घर पर आकर पूछताछ कर सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं कर उनका अपमान किया जा रहा है। जिन्होंने प्रधानमंत्री पद को त्याग दिया था और मिसाल कायम की थी। गांधी परिवार ने देश के लिए अपना बलिदान दिया है भाजपा को यह याद रखना चाहिए। वही इसके पहले नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी से ईडी द्वारा पूछताछ के विरोध में भी कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं ने धरना–प्रदर्शन किया था। पटना सिटी में ऐसे ही एक आयोजन में युवा नेता कन्हैया कुमार शामिल हुए थे। कन्हैया कुमार का विरोध हिंदूवादी संगठन से जुड़े युवाओं ने किया था।

# बेलपत्र की कहानी



(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स)

महादेव का सवसे प्रिय चढ़ावा।

स्कंद पुराण के अनुसार, एक बार माता पार्वती के पसीने की बूंद मंदराचल पर्वत पर गिर गई और उससे बेल का पेड़ निकल आया। चुंकि माता पार्वती के पसीने से बेल के पेड़ का उद्भव हुआ। अतरू इसमें माता पार्वती के सभी रूप बसते हैं। वे पेड़ की जड़ में गिरिजा के स्वरूप में, इसके तनों में माहेश्वरी के स्वरूप में और शाखाओं में दक्षिणायनी व पत्तियों में पार्वती के रूप में रहती हैं, फलों में कात्यायनी स्वरूप व फूलों में गौरी स्वरूप निवास करता है। इस सभी रूपों के अलावा, मां लक्ष्मी का रूप समस्त वृक्ष में निवास करता है। बेलपत्र में माता पार्वती का प्रतिबिंब होने के कारण इसे भगवान शिव पर चढ़ाया जाता है। भगवान शिव पर बेल पत्र चढ़ाने से वे प्रसन्न होते हैं और भक्त की मनोकामना पूर्ण करते हैं। जो व्यक्ति किसी तीर्थस्थान पर नहीं जा सकता है अगर वह श्रावण मास में बिल्व के पेड़ के मूल भाग की पूजा करके उसमें जल अर्पित करे तो उसे सभी तीर्थों के दर्शन का पुण्य मिलता है।

बेल वृक्ष का महत्व–

1. बिल्व वृक्ष के आसपास सांप नहीं आते।
2. अगर किसी की शवयात्रा बिल्व वृक्ष की छाया से होकर गुजरे तो उसका मोक्ष हो जाता है।
3. वायुमंडल में व्याप्त अशुद्धियों को सोखने की क्षमता सबसे ज्यादा बिल्व वृक्ष में होती है।
4. 4, 5, 6 या 7 पत्तों वाले बिल्व पत्रक पाने वाला परम भाग्यशाली और शिव को अर्पण करने से अनंत गुना फल मिलता है।
5. बेल वृक्ष को काटने से वंश का नाश होता है और बेल वृक्ष लगाने से वंश की वृद्धि होती है।
6. सुबह–शाम बेल वृक्ष के दर्शन मात्र से पापों का नाश होता है।
7. बेल वृक्ष को सींचने से पितर तृप्त होते हैं।
8.बेल वृक्ष और सफेद आक को जोड़े से लगाने पर अटूट लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।
9.बेलपत्र और ताम्र धातु के एक विशेष प्रयोग से ऋषि मुनि स्वर्ण धातु का उत्पादन करते थे।
10.जीवन में सिर्फ 1 बार और वह भी यदि भूल से भी शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ा दिया हो तो भी उसके सारे पाप मुक्त हो जाते हैं।
11. बेल वृक्ष का रोपण, पोषण और संवर्द्धन करने से महादेव से साक्षात्कार करने का अवश्य लाभ मिलता है। कृपया बिल्व पत्र का पेड़ जरूर लगाएं। बिल्व पत्र के लिए पेड़ को क्षति न पहुचाएं।

# सीतामढी जिला अधिकारी ने सोनवरसा प्रखंड क्षेत्र में किया जांच पड़ताल

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा द्वारा सोनबरसा प्रखण्ड के भुतही पंचायत में आवास एप्प प्लस से जोड़े गये ऐसे लाभुक जिनको प्रथम किस्त प्राप्त है लेकिन द्वितीय किस्त प्राप्त नही है उसकी भौतिक जाँच की गयी जाँच



के क्रम में पाया गया कि कुछ लाभुकों के द्वारा सामग्री क्रय की गयी है लेकिन आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ नही किया है वैसे लाभुकों को दो दिनों के अंदर आवास निर्माण कार्य शुरू करने को कहा गया ताकि इनको द्वितीय किस्त दिया जा सके जाँच के क्रम में वैसे लाभुक जिनको प्रथम किस्त प्राप्त हो गयी है और उनके द्वारा ना ही सामग्री खरीदा गया ना ही कार्य शुरू किया गया है उनको एक सप्ताह के अंदर कार्य प्रारंभ करने को कहा गया अगर एक सप्ताह के अंदर कार्य शुरू नही करते है तो उनसे रुपये वापसी की कार्रवाई शुरू की जायेगी साथ ही इसी योजना से लाभान्वित कृष्णा देवी,दुलारी देवी,जगवंश मुखिया रेखा देवी का आवास पूर्ण करने पर जिला पदाधिकारी के द्वारा उनको बधाई दी गयी साथ ही उन्होंने कहा कि घर के अंदर बने शौचालय का ही उपयोग करें। साथ ही जिला पदाधिकारी ने नल जल योजना की जाँच में अनिमियता पाये जाने पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सोनबरसा को निदेश दिया कि नलजल योजना को ठीक कराकर चालू करें। उक्त निरीक्षण में उप विकास आयुक्त विनय कुमार, ओएसडी प्रशांत कुमार,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ओमप्रकाश कुमार, एपीओ आलोक कुमार, के साथ आवास सहायक उपस्थित थे।

# स्वच्छता के दावों की खुल रही है पोल, न नालिया है न पानी निकासी की कोई व्यवस्था

(संजय कुमार अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण)। रक्सौल अनुमंडल के छौड़ादानो शहर के मुख्य प्रवेश द्वार से जीप स्टैंड चौक तक बरसाती पानी की अंबार लगी रहती है जिससे आवागमन प्रभावित हो रही है. यहां पानी निकासी के लिए कहीं भी नालियां नहीं होने के कारण पानी रास्ता पर जमा रहती है व कुछ पानी रास्तों पर खुले में बहता है. क्षेत्रवासियों का कहना हैं कि यहां के कई क्षेत्र ऐसे हैं जो बारिश के दिनों में तालाब में तब्दील हो जाते हैं .कई शिकायतों के बावजूद भी न तो संबंधित अधिकारी सुनते हैं और ना कोई जनप्रतिनिधि इसओर ध्यान देते हैं . यह रास्ता शहर के मुख्य प्रवेश द्वार है जो मोतिहारी को जोड़ता है.इसी द्वार से प्रतिदिन प्रखंड के विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी व वरीय अधिकारी सहित जनप्रतिनिधिगण आते आते जाते हैं. बरसात के दिनों में ढेर पानी जमा होने से हमेशा दुर्घटना की भी समस्याएं बनी रहती है.कुल मिलाकर हालात बेहद खराब है. पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रत्याशी व युवा समाजसेवी श्री संतोष कुमार उर्फ बबलू कुमार, दुकानदार मिश्रीलाल शर्मा ,परशुराम साह, सुरेश शाह ,मणि भूषण शर्मा, सोनू कुमार, दीनानाथ प्रसाद, ईश्वर साह शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर बसंत कुमार, बिरेंद्र प्रसाद आदि लोगों ने बताया है कि थोड़ी सी भी बरसात होने पर यहां दुकान के सामने पानी की अंबाल लग जाती है इससे राहगीरों सहित ग्राहकों को



आवागमन में काफी परेशानी झेलनी पड़ती है उसे स्थानीय लोगों ने बताया है कि बरसात के दिनों में दुकान के सामने ढेर पानी लगने से ग्राहक दुकान में नहीं आने से आर्थिक संकट उत्पन्न हो जाती है यू कहे तो इस वजह से कई दुकानदारों के घरों में कई दिनों तक भुखमरी की स्थिति भी पैदा हो जाती है शहर के मुख्य प्रवेश द्वार पर ढेर पानी लगने से गंदगी का भी अंबार लग जाता है, जिससे साफ सफाई को लेकर काफी परेशानी झेलनी पड़ती है. देखना बाकी है कि सरकार के संबंधित विभागीय अधिकारी सहित जनप्रतिनिधिगण कब तक आमजनों की समस्या को दूर करती है।

# संक्षिप्त समाचार

## भारत की 15 वीं राष्ट्रपति बनी द्रौपदी मूर्मू



भारत गणराज्य की 15 वीं व देश की प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनी द्रौपदी मूर्मू। राष्ट्रपति चुनाव मतगणना में एनडीए समर्थित द्रौपदी मुर्मू को 540 सांसदों ने दिए वोट तो वहीं यशवंत सिन्हा को 208 सांसदों ने वोट दिए। दैनिक अयोध्या टाइम्स टीम की ओर से देश के नए राष्ट्रपति को बधाई व शुभकामनाएं। दैनिक अयोध्या टाइम्स।

## बाहुबली अनंत पर फिर गिरी न्यायालय की गाज,एक अन्य मामले में फिर हुई 10 साल की सजा

प्रमोद कुमार त्रिवेदी, दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना

पटना।राजधानी पटना से बड़ी खबर आ रही है, जहां मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह पर फिर एकबार न्यायालय की गाज गिरी है। गुरुवार को न्यायालय ने मोकामा विधायक अनंत सिंह के सरकारी आवास से 2015 में बरामद इंसास राइफल की मैगजीन और विदेशी बुलेटप्रूफ जैकेट की बरामदगी के मामले में 10 साल की सजा सुनाई।



इस मामले में कोर्ट ने उन्हें पिछले सप्ताह ही दोषी करार दे दिया था। विदित हो कि कुछ दिन पहले ही उनके पैतृक गांव नदावां आवास से बरामद AK-47 राइफल मामले में 10 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। सजा के बाद उनकी विधायकी भी चली गई थी।

## आजादी के 75 वें वर्ष में भाजपा ने किया जनजातीय समुदाय को सम्मान

देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। देश के 15 में राष्ट्रपति के रूप में द्रोपदी मुर्मू को निर्वाचित होने पर संगठन जिला बाढ़ भाजपा के सदस्यों ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशियों का इजहार किया स जिला अध्यक्ष डॉ सियाराम सिंह एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश सिंह ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भाजपा ने ही जनजातीय समुदाय के महिला को सम्मान दिया है स कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुए नेता द्वय ने कहा कि अब तक कॉन्ग्रेस अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के लोगों को ठगने का ही काम कियास देश के इतिहास में पहली दफा जनजातीय समुदाय की महिला को सम्मान मिलास इसके लिए संगठन जिला बाढ़ भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया गया एवं धन्यवाद दिया गया।

## सत्य, अहिंसा, साहस और बलिदान कांग्रेस की ताकत : सतेन्द्र बहादुर सिंह

प्रमोद कुमार त्रिवेदी, दैनिक अयोध्या टाइम्स पटना। गुरुवार को राजधानी पटना में कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी को ईडी द्वारा अनैतिक तरीके से तंग किए जाने के खिलाफ ईडी और भाजपा सरकार के खिलाफ पटना में गुरुवार को सैंकड़ो



कांग्रेसी कार्यकर्त्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में बाढ़ विधान सभा के पूर्व कांग्रेस विधायक प्रत्याशी एवं जिला अध्यक्ष सत्येंद्र बहादुर सिंह ने भी भाग लिया। श्री सत्येन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि सत्य, अहिंसा, साहस और बलिदान कांग्रेस की ताकत है। यह महात्मा गांधी, सरदार पटेल और पंडित नेहरू की पार्टी है, जिसने दुनिया के सबसे बड़े साम्राज्य को हराया है। कांग्रेस म्क और ब्ठप् से डरने वाली नहीं हैं।

सतेन्द्र बहादुर सिंह पूर्व विधायक प्रत्याशी (बाढ़ विधानसभा)

## बक्सर में चला प्रतिबंधित सिंगल यूज पश्लीथिन के इस्तेमाल के विरुद्ध नगर परिषद का अभियान

दैनिक अयोध्या टाइम्स बक्सर बीयूरो चीफ गोविन्द जायसवाल की रिपोर्ट बक्सर में प्रतिबंधित सिंगल यूज पालीथिन के इस्तेमाल के विरुद्ध नगर परिषद के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है नगर परिषद



के कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम के नेतृत्व में चीनी मिल के इलाके में अभियान चलाया गया।

## निर्वाचित हुई : द्रौपदी मुर्मू

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह

एनडीए से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने तीसरे दौर की मतगणना के बाद कुल वैध मतों का 50ः का आंकड़ा पार कर लिया है। जीत के लिए 5,43,261 मूल्य के वोट चाहिए थे और सत्ताधारी एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को तीसरे चरण की मतगणना में ही 5,77,777 मूल्य के मत मिल गए। वहीं, विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को सिर्फ 2,61,062 मूल्य के वोट प्राप्त हुए हैं। वर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है। 25 जुलाई को नए राष्ट्रपति का शपथग्रहण समारोह होगा।

## शराब तस्करी के मामले में एक शराब तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक हिरासत में

(संजय कुमार अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण)। छौडादानो थाना क्षेत्र के अंतर्गत छौड़ादानो स्थित नहर चौक से बुधवार को 50 बोतल नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को थाना के गश्ती दल के द्वारा गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने यह कार्रवाई मिली गुप्त सूचना के आधार पर की है. गिरफ्तार तस्कर की पहचान आदापुर थाना क्षेत्र के बखरी गांव के कल्लू कुमार के रूप में हुई है. छौडादानो के थानाअध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया है कि गिरफ्तार तस्कर पर मध निषेध अधिनियम का केस दर्ज करके उसे जेल भेज दिया गया है।

## उच्चकों ने ग्राहक से पैसे छीने

दलसिंहसराय! शहर में मालगोदाम स्थित सेंटर बैंक के अंदर से एक ग्राहक का उचक्कों ने 45 हजार रुपये लेकर फरार हो गया.पीड़ित व्यक्ति की पहचान मालपुर निवासी हरे राम महतो के रूप में हुई है. पीड़ित व्यक्ति ने थाना में आवेदन देते हुए बताया कि वह 45 हजार रुपये अपने खाता में जमा कराने आ खाता बंद होने के कारण बैंक के कैशियर ने राशि गिन कर वापस कर दिया.वही काउंटर के पास पहले से ताक लगाए दो उचक्कों ने पीड़ित को दोनों बगल से घेर कर आसानी से 45 हजार रुपये निकाल कर चलते बने.ये सारी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।



वही आवेदन मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई !

# प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित

बोखड़ा। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को प्रमुख सुधीर कुमार की अध्यक्षता में एवं बीडीओ रीता कुमारी व प्रभारी कृषि पदाधिकारी अरबिन्द कुमार की उपस्थिति में प्रखंड स्तरीय उर्वरक व निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में प्रमुख सुधीर कुमार ने सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य 266.50 रुपए पर यूरिया खाद किसानों को उपलब्ध कराने का निर्देश अनुज्ञप्ति धारी उर्वरक बिक्रेताओं को दिया।जबकि अनुज्ञप्ति धारी उर्वरक बिक्रेताओं ने कहा की उर्वरक बिक्रेता तभी 266. 50 रुपए में यूरिया खाद किसानों को उपलब्ध कराएंगे जब उनके दुकान तक कंपनी अथवा थोक व्यापारी 255 रुपए यूरिया खाद



उपलब्ध कराएंगे।इस पर बिधायक प्रतिनिधि के तौर पर मौजूद आफताब आलम मिंटू ने सरकार की मंशा पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सरकार की मंशा किसानों के प्रति ठीक नहीं है।इसका कारण है, की सरकार किसानों को 266.50 रुपए प्रति बोरा यूरिया खाद उपलब्ध कराने का निर्देश दे रखी है।जबकि उर्वरक बिक्रेताओं का कहना है की उर्वरक बिक्रेता तभी निर्धारित मूल्य पर यूरिया खाद उपलब्ध कराएगी जब उर्वरक बिक्रेताओं के दुकान तक 255 रुपए प्रति बोरा यूरिया खाद उपलब्ध होगा।ऐसे में किसानों को खाद निर्धारित मूल्य पर मिलना मुमकिन प्रतीत होता है।वहीं कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जिवेन्द्र झा ने कहा की यदि किसानों को सरकारी स्तर पर निर्धारित मूल्य से यूरिया उपलब्ध नहीं होती है, तो इसके बिरुद्ध प्रदर्शन की जाएगी।प्रखंड भाजपा अध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि प्रखंड के उर्वरक बिक्रेताओं को सही दर पर यूरिया खाद उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा ताकि किसानों को सरकारी दर पर यूरिया खाद मिल सके। बैठक में जिप सदस्य सिराजुल हक मोहम्मद, पंचायत समिति सदस्य पंकज कुमार, सहकारिता पदाधिकारी दिलीप कुमार,किसान सलाहकार रामानंद ठाकुर, किसान सेवा केन्द्र भाउरगढ़ के संचालक रामकिशोर साह के अलावा शिव कुमार साह, असलम अंसारी, केदारनाथ गाई व ब्रजेश कुमार सिंह समेत कई उर्वरक बिक्रेता मौजूद थे।

## मशरक प्रखंड में पीएम श्री योजना में विधालय चयनित करने की मांग पर खुशी, लोगों ने जताया आभार

मशरक (सारण)।महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के द्वारा लोकसभा में पीएम श्री स्कूल योजना में मशरक प्रखंड के भी विद्यालय को शामिल करने की मांग पर लोगों में खुशी देखी गई। गुरूवार को भाजपा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में एक बैठक कर खुशी जाहिर की गयी वही सांसद के प्रति भाजपा उतरी मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, कृष्णा तिवारी,धीरज सिंह, श्याम बिहारी सिंह,स्वामी नाथ गिरि, राकेश सिंह महथ,ब्रजेश सिंह,गौतम ओझा ने धन्यवाद दिया गया जिन्होंने महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में पीएम श्री स्कूल योजना में एक एक विधालय चयनित करने की मांग उठाई। सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने लोकसभा में मांग उठाई कि महाराजगंज लोकसभा सारण और सिवान का सबसे ग्रामीण इलाके को जोड़कर बनाया गया है मेरे लोकसभा की जनता को शिक्षा के क्षेत्र में अधिक से अधिक आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में अवसर उपलब्ध कराना जाना अति आवश्यक है।लोकसभा का अधिकांश क्षेत्र ग्रामीण इलाके से हैं। इसी क्रम में शिक्षा मंत्रालय के द्वारा 2024 तक देश के सभी प्रखंडों में पीएम श्री स्कूल के नाम से आदर्श विद्यालयों का चयन कर उन्नयन करने का निर्णय लिया गया है यह



योजना बहुत ही लाभकारी एवं जनहितकारी हैं। इसलिए इसे महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में एक एक विधालय का चयन कर अपग्रेड करने की कृपा प्राप्त करें।

# दलसिंहसराय में बनेगा 50 बेड का फैब्रिकेटेड अस्पताल

विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) दलसिंगसराय। समस्तीपुर जिले में सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति लचर है ! जिले




के प्रायः सभी अनुमंडलीय अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत खस्ता है ! मरीजों को बेहतर इलाज के लिए या तो किसी निजी अस्पताल का सहारा लेना पड़ता है अथवा बगड़ के जिलों में जाना पड़ता है ! भारत सरकार के द्वारा अब जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने की कवायद शुरू हो गई हैं, इसके तहत दलसिंहसराय अनुमंडलीय अस्पताल में 50 बेड का फैब्रिकेटेड हॉस्पिटल का निर्माण करवाया जाएगा! स्वास्थ्य सुविधाओं में बेहतरी को लेकर जिले में बड़ी कवायद शुरू हो रही है। अनुमंडलीय अस्पताल दलसिंह सराय में 50 बेड का स्पेशल और प्री–फैब्रिकेटेड अस्पताल बनाया जाएगा। सरकार की विशेष योजना के तहत बनने वाले इस अस्पताल पर तीन करोड़ की लागत आएगी। इस अस्पताल के निर्माण को लेकर विभागीय स्तर पर प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इस स्पेशल अस्पताल के लिए माडल नक्शा तैयार हो गया है। सरकार ने कोरोना के दौरान हुए अनुभवों के आधार पर इस तरह का अस्पताल बनाने का निर्णय लिया है। इस अस्पताल में कोरोना जैसी दूसरी बीमारियों का भी इलाज होगा। अस्पताल पूरी तरह से वातानुकूलित होगा और इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती होगी।

## घर में सोए बुजुर्ग को बदमाशों ने मारी गोली घटना स्थल पर ही बुजुर्ग की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार) सुपौल। बेखोफ बदमाशों द्वारा सोए हुए अवस्था में बुजुर्ग की गोली मार कर हत्या कर देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यह घटना सुपौल जिला के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के लतौना वार्ड 4 की है। मृतक 62 वर्षीय जगदीश यादव घटना के वक्त घर मे सोया हुआ था। बताया गया कि मृतक के सिर में नजदीक से दो गोली मारी गई है जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



घटना की जानकारी मिलने के बाद त्रिवेणीगंज एडसीपीओ गणपति ठाकुर थानाध्यक्ष संदीप सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने घटना का विवरण लिया और जांच शुरू कर दी। घटना के बाद से ही जगदीश यादव के घर मे कोहराम मच गया है। पत्नी रीता देवी का रो–रो कर बुरा हाल है। परिजनों के मुताबिक जगदीश यादव की किसी से दुश्मनी नही थी। हत्या किन वजहों के कारण हुई है इसका उत्तर आना बाकी है। लेकिन गोली चलने की आवाज सुनाई नही देना कई प्रश्न खड़े कर रहा है। मृतक के दो पुत्र है जिनमे भूषण बाहर रहता है घर पर मौजूद छोटे पुत्र रोशन के मुताबिक घटना की जानकारी सुबह तकरीबन चार बजे उन्हें मिली। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में इकठ्ठे हो गए और इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। लाश को कब्जे में लेते हुए स्थानीय पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को सुपौल भेज दिया।जगदीश यादव की हत्या किन वजहों से हुई पुलिस सुराग तलाश रही वही गांव में भी तरह तरह की चर्चा का बाजार गर्म है।

# शक और सदेह के घेरे में डूबे शिक्षकों से बेहतर राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना करना असंभव है : मनोज कुमार यादव

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल) सुपौल। टीईटी–एसटीईटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ गोपगुट सुपौल के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने कोशी प्रमंडल आयुक्त सहरसा को पत्र लिखकर कहा है कि भवदीय कार्यालय के पत्रांक–373 दिनांक–11•06•2022 के आदेशालोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी सुपौल के ज्ञापांक–561 नि• दिनांक–29•06•2022 के द्वारा सुपौल में पदस्थापित शिक्षकों को प्रतिदिन विद्यालय खुलने एवं बंद होने के समय अपना सेल्फी फोटो एवं शिक्षकों उपस्थिति पंजी का फोटो खींचकर पदाधिकारी के ह्वाटसएप समूह पर भेजकर विश्वास दिलाना पड़ता है कि हम सभी शिक्षक विद्यालय में उपस्थित हैं जबकि बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक एवं सेवा शर्त नियमावली 2020 में इस प्रकार का उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं विद्यालय में उपस्थित होकर पदाधिकारी के व्हाट्सएप समूह पर फोटो भेज कर विश्वास दिलाने जैसा कहीं कोई जिक्र नहीं है यह आदेश शिक्षक नियोजन नियमावली 2012 एवं 2020 से अलग एवं गैर संवैधानिक है, वर्तमान समय में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं पदाधिकारी को विश्वास दिलाने के लिए जो गैर संवैधानिक नियम लाया गया है उनसे पुरे सुपौल के शिक्षक समाज मर्माहत हैं,शिक्षक समाज का जिले एवं राज्यों के पदाधिकारी से सीधा प्रश्न है कि जो शिक्षक स्वयं शक और संदेह के घेरे में है वह बेहतर राष्ट्र का निर्माण कैसे करेंगे? संघ के जिला अध्यक्ष श्री मनोज कुमार यादव ने कोशी प्रमंडल आयुक्त सहरसा को संबोधित पत्र में कहा है कि शिक्षक समाज के दर्पन होते हैं,शिक्षक राष्ट्र के निर्माता होते हैं,शिक्षक स्वंय बच्चों को देश काल एवं परिस्थितियों के समान ढालते हैं और हर चुनौतियों से निपटने के लिए बच्चों को तैयार करते हैं।शिक्षकों पर बेवजह शक करना,शिक्षकों के मनोबल को तोड़ना राष्ट्र हित में नहीं है उक्त आदेश से शिक्षक समाज में हँसी का पात्र बन गया है फिर भी शिक्षक अपना काम इबादत और पूजा समझ कर कर रहे हैं लेकिन शिक्षकों का दर्जनों काम पदाधिकारी के टेबल पर लंबित है,लेकिन पदाधिकारी शिक्षकों के लम्बित कार्य को करने में असमर्थ है,जो पदाधिकारी स्वंय के कार्यों करने में असफल हैं,वहीं पदाधिकारी शिक्षकों को अनर्गल और बेतुका आदेश देकर शिक्षकों से



निष्ठा पूर्वक काम करने की कैसे अपेक्षा कर सकते हैं।पहले पदाधिकारी स्वंय अपना काम निष्ठा पूर्वक और इमानदारी से करें,उसके बाद शिक्षकों से निष्ठा पूर्वक कार्य करने की अपेक्षा करें। शिक्षकों के द्वारा बेहतर कार्य करने का ही परिणाम है आज बिहार का साक्षरता दर सर्वोच्च स्थान पर हैं।

## बाजिदपुर बाजार में स्कूल का संचालन समय पर नहीं होने पर लोग आक्रोशित




संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर। विद्यापति प्रखंड के बाजितपुर बाजार स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय वाजिदपुर के सभी शिक्षकों के द्वारा बरती जा रही है। लापरवाही।गौरतलब हो कि पिछले दिनों समस्तीपुर में बढ़ती गर्मी को देखकर समस्तीपुर के जिला अधिकारी महोदय के द्वारा यह निर्देश दिया गया कि वर्ग एक से वर्ग आठवीं तक के सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूल का संचालन सुबह 6रू30 से 11रू30 तक संचालित होगा।किंतु विद्यापति प्रखंड के बाजितपुर बाजार स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय वाजिदपुर के सभी पदस्थ आठ महिला शिक्षिका जिसमें से एक प्रधानाध्यापिका सह 7 सहायक शिक्षिका जो कि अपने रवैया से बाज नहीं आ रही है।जिस पर ग्रामीणों ने पूछा कि महोदिया आप सही समय पर विद्यालय क्यों नहीं पहुंचती हैं तो गुस्से में आग बबूला हो कर! एच एस चंदा प्रियदर्शी ने बोली कि सभी शिक्षिकाएं यहां की महिला है। उनका भी छोटा छोटा बच्चा है तो लेट हो जाता है उसी क्रम में पत्रकार के पूछे जाने पर वह और भड़क गई और अपने मोबाइल फोन निकालकर अपने पति को स्कूल पर बुला ली जो आते–आते धमकी देने लगा कि आप लोग स्कूल के समय को बाधित कर रहे हो किंतु सत्य यह था कि 8:00 बजे तक मात्र तीन शिक्षिका जिसमें से वर्ग 4 की शिक्षिका अमृता प्रियदर्शी सबसे पहले उपस्थिति के बाद 8:30 बजे तक।भी मात्र 4 शिक्षकों की उपस्थिति रही। वहीं गांव के समाजसेवी शशि प्रकाश भट्ट उर्फ ब्रिगेडियर एवं प्रेम कुमार ने कहा कि यह रवैया आज से नहीं बल्कि सालों से चलता आ रहा है।

# जिला दवा भंडार में करोड़ों की दवा एक्सपायर

☒ गठित टीम के द्वारा नहीं की जा रही जांच,

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ।

शिवहर,सीतामढ़ी। अनियमितताएं और लापरवाही को देखना है तो शिवहर स्वास्थ्य विभाग की तरफ आपको एक नजर करना होगा। जी ह बिहार लघु जिले शिवहर एक मात्र सरोजा सीताराम सदर अस्पताल सहित जिले के सभी पांचों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उप केंद्रों पर यह दवा नहीं है –वहा दवा नहीं है, कहकर चिकित्सकों के द्वारा बाहर की दवा लिख कर दवा खरीदने को मजबूर कर दिया जाता है। परंतु मातृ शिशु अस्पताल कैंपस स्थित ड्रग इंस्पेक्टर कार्यालय में जिला दवा भंडार में रखे करोड़ों रुपए की दवाई खराब गल रहा है तथा एक्सपायर हो चुका है।परंतु जिला दवा भंडार में विगत 2019 से ही दवा स्टॉक कीपर के सेवा निवृत्त होने के बाद स्थिति और चरमरा गई आप सभी को इस संदर्भ में बता दूं कि 2019 में राजेश्वर प्रसाद जिला दवा भंडार के स्टोर कीपर के सेवानिवृत्त होने के बाद उनकी मृत्यु भी हो चुकी है लेकिन आप सभी को बता दूं उनके द्वारा प्रभार नहीं दिया गया था। फिर अस्पताल ने सहदेव कुमार को स्टोर कीपर की जिम्मेवारी दी,वे भी सेवा निवृत्त हो गए। उनके बाद बिना प्रभार के ही अंजनी कुमार को दवा स्टॉक कीपर की जिम्मेदारी दी। करोड़ों रुपए की दवा गरीब जनता को न देकर जिला दवा भंडार को साज बढ़ा रहे एक्सपायर दवाओ ने आज स्वास्थ्य विभाग को हलचल में ला दिया है। इतनी बड़ी मात्रा में दवा का स्टॉक , तथा स्टॉक का मिलान नहीं होना कुछ अलग ही स्थिति बयां कर रहा है। इस बाबत सिविल सर्जन डॉ शैलेंद्र कुमार झा ने 4 सदस्य टीम गठित कर स्टॉक मिलान करने का निर्देशित किया था, बावजूद चारों सदस्य टीम के द्वारा स्टॉक मिलान नहीं कर अपने दो सहयोगियों को लगाया है। स्टॉक मिलान को लेकर 4 सदस्य टीम में एसईएमओ डॉ त्रिलोकी शर्मा, डॉ जेड जावेद, डॉ सुरेश राम एनसीडीओ, तथा ड्रग इंस्पेक्टर एवं उनके सहयोगी क्यों



लेकर लगाया गया था स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय लिपिक जयशंकर प्रसाद एवं अंजनी कुमार। इतना बड़ा मसला सहयोगी के जिम्मे में छोड़कर गठित टीम के पदाधिकारियों ने खुलेआम सिविल सर्जन के आदेश का उल्लंघन कर रहे हैं। स्टॉक जांच कर रहे हैं कार्यालय लिपिक जयशंकर प्रसाद एवं अंजनी कुमार ने बताया है कि आदेश के बाद पिछले 3 दिनों से दवा का मिलान किया जा रहा है, मिलान के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगा कि कौन दवा कितनी मात्रा में है और इसका वैल्यू कितना है। फिलहाल यह दवा सभी लगता है एक्सपायर हो गया है। अगर यह दवा एक्सपायर हो गया है तो बहुत ही गलत बात है। गरीबों को यह दवा समय पर दे दिया जाता तो उसके आर्थिक स्थिति खराब ना होती ,सरकारी खजाना का दुरुपयोग किया जा रहा है ,आखिर इसका जिम्मेदार होगा कौन।

# द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति चुनाव जीता, लोगों ने दी बधाई



विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) दलसिंगसराय! शुक्रवार की शाम जैसे ही द्रोपदी मुर्मू के राष्ट्रपति चुनाव जीतने की खबर आई लोगों ने पटाखे जलाकर जश्न मनाना शुरू कर दिया ! अनुमंडल मुख्यालय दलसिंहसराय सहित संपूर्ण देश में अगले राष्ट्रपति के रूप में द्रौपदी मुर्मू के चुने जाने से लोगों में हर्ष का माहौल है ! द्रौपदी मुर्मू देश की 15वें राष्ट्रपति के रूप में 24 जुलाई को शपथ लेंगे ! श्रीमती मुर्मू देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति होंगी ! वे मूल रूप से उड़ीसा राज्य से आती हैं तथा आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व करती हैं ! इससे पूर्व श्रीमती मुर्मू लंबे अरसे तक झारखंड का राज्यपाल रह चुकी हैं ! द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति चुने जाने पर विभिन्न राजनीतिक दलों एवं समाजसेवियों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है ! अंग्रेजी के शिक्षक राजीव कुमार ने श्रीमती मुर्मू को बधाई देते हुए कहा कि भारत के राष्ट्रपति पद पर भगवान जगन्नाथ की साधिका व राघवेंद्र राम सरकार को ध्येय–पथ सुझाने वाली हमारी माँ शबरी की वंशबेलि, आदरणीय बड़ी बहन श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के निर्वाचन पर हार्दिक बधाई।श्रद्धेय राजेंद्र बाबू, डॉ राधाकृष्णन जी व अभूतपूर्व कलाम साहब की तपस्या–जनित सुगंध से सुवासित भारतीय गणतंत्र के राज–उपवन को यह पवित्र वनफूल मंगलकारी हो! राकेश कुमार भारद्वाज ने कहा कि श्रीमती मुर्मू देश की महिलाओं के लिए बेहतर काम करेंगे जिससे महिला सशक्तिकरण की दिशा में अमूलचूल परिवर्तन आएगा ! शिवम् कुमार झा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू आदिवासी समाज से आती हैं तथा साफ सुथरी राजनीति के लिए जानी जाती है, अतः देश की जनता को उनसे काफी उम्मीद है ! अंकित कुमार ने कहा कि देश की नई राष्ट्रपति राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे ! इसके अलावा बधाई देने वालों में मनीष निषाद, रवीन्द्र कुमार, पंकज कुमार, श्याम कुमार (शिक्षक),सुधीर कुमार साह, मोहम्मद इबरार, रोशन कुमार, मोहम्मद शकील, विकास कुमार सिंह, संजीव कुमार आदि शामिल हैं!

# एसएसबी 65 वी ने किया वृक्षारोपण

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। 65वी वाहिनी के मुख्यालय प्रांगण मे वृक्षारोपण कार्यक्रम आर बी सिंह, उप कमांडेंट कार्यवाहक कमांडेंट 65वी वाहिनी कि अगुआई मे संपन्न किया गया। कार्यक्रम मे प्ब्ब् विनदकंजपवद, नौरंगिया, पश्चिमी चंपारण, बिहार के मुकुल कुमार तथा शैलेश कुमार भी शामिल हुए।जिसमे जामुन के 6, अमरूद के 6 कुल 12 पौधे लगाए गए। कार्यवाहक कमांडेंट ने बल कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाएं।




इसके अलावा अपने लगाए गए पौधे कि जिम्मेदारी के साथ ही इसका हमेशा खयाल रखें तथा अगर किसी कारण वस पौधे सूखते है तो उसके स्थान पर नए पौधे लगाना सुनिश्चित करें । बता दें कि 65वी वाहिनी के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान कुल 20,000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके अंतर्गत अभी तक कुल 1693 पौधे लगाए जा चुके है।

इसमे जामुन, अमरूद, गुलमोहर, आम, लिची, अनार, कटहल, गम्हार, बकेन, मूलचेरी, अशोक, टिक, पीपल, बनयान इत्यादि के पौधे 65वी वाहिनी के सीमा चौकियों व वाहिनी के कार्य क्षेत्र मे लगाए जा चुके है।आज के कार्यक्रम मे आर बी सिंह, उप कमांडेंट (कार्यवाहक कमांडेंट) 65वी वाहिनी, सौरभ कुमार उप कमांडेंट 65वी वाहिनी, प्ब्ब् विनदकंजपवद, नौरंगिया, पश्चिमी चंपारण, बिहार के मुकुल कुमार तथा शैलेश कुमार, निरीक्षक सामान्य रितेश कुमार, उप निरीक्षक सामान्य सुरेश कापड़ी, सहायक उप निरीक्षक सामान्य रौशन लाल ठाकुर के अलावा अन्य बल कर्मी के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## डीजल अनुदान किसानों को दिया जायेगा : नवनीत कुमार झा

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)

शिवहर। जदयू नेता नवनीत कुमार झा ने बताया है कि किसानों को सरकार देगी डीजल अनुदान। जदयू नेता श्री झा ने बताया है कि प्रदेश में अल्पवृष्टि से सूखे की स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए डीजल पर अनुदान देने का फैसला किया है। मंगलवार को राज्य मंत्री परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी



दी गई। जदयू नेता श्री झा ने कहा है कि राज्य में सूखे की स्थिति को देखते हुए सरकार ने किसानों को डीजल की खरीद पर अनुदान देने का निर्णय लिया गया है। श्री झा ने जदयू के पूर्व युवा जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार को जदयू युवा प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## तन्हाइयो के किस्से

बात करके उनसे मेरा हर दर्द हवा हो जाता है
ये सुनकर उनको भी खुदपर गुमा हो जाता है
कौन कहता है ।नही मिटती जहन से किसी की यादे
चंद लम्हो में जलता हुआ शख्स भी धुंआ हो जाता
सहेजकर रखते जिसको हर घड़ी दिल मे ताउम्र
वस वही एक शख्स ताउम्र के वास्ते जुदा हो जाता है ।
हद से ज्यादा तवज्जो दी जाए जब किसी को
इंसान नही रहता वही शख्स खुदा हो जाता है ।
तलब लग जाए जब शराब और साकी की
बिना सरकी के तब पीना भी सजा हो जाता है
मिले बेहतर तो दुहाई दे ईश्क की छोड़ देते है
बेपनाह इश्क ही बिछड़ने कि तब वजह हो जाता है ।


पत्रकार सुमित सिंह

## तिरहुत मुफ्त नहर के दक्षिण भादा पुल के समीप नहर के बांध मे कटाव शुरू



(हरसिद्धि अनिल कुमार संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम)। भादा तिरहुत मुख्य नहर के दक्षिण भादा पुल के समीप नहर के बांध में कटाव शुरू, जगह जगह आई बांध में दरारें, अगर समय रहते बांध की मरम्मती नहीं हुई तो बांध टुटने पर बड़े पैमाने से इस क्षेत्र के धान कि फसलें बर्बाद हो सकती हैं।

## मगध के अतीत को सरल भाषा में प्रस्तुत करता 'मगधनामा'




दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ। कुमार निर्मलेन्दु लेखित "मगधनामा"जो राजकमल प्रकाशन समूह के 'लोकभारती प्रकाशन' से प्रकाशित है, आपको विमर्श के क्षितिज पर अधिक से अधिक रास्ते दिखला कर स्वनिर्णय पर छोड़ देता है कि आपको क्या अपनाना है। मगध का इतिहास प्राचीन भारत का इतिहास है, और इसकी कथात्मक यात्रा।

## अंचल कार्यालय मे आपदा से आकशीय विजली ठनका से हुई मौत के आश्रित को सीओ ने दिया चार चार लाख चेक

मशरक(सारण)। मशरक अंचल कार्यालय मे आपदा से आकाशीय बिजली ठनका गिरने से हुई मौत के लोगों के मरने वाले ब्यक्ति के आश्रित परिवार को चेक सीओ रविशंकर पाण्डेय के द्वारा चार लाख का चेक दिया गया ।स्व.ब्रजेश सिंह उर्फ भगत सिंह के आश्रित शिक्षिका पत्नी हृदया कुमारी ग्राम सेमरी मुखिया जी के टोला का आकाशीय बिजली ठनका से मौत के आश्रितों को चार लाख चेक दिया गया ।



## मशरक में देसी कट्टा के साथ युवकों की तस्वीर वायरल

मशरक(सारण)मशरक में सोशल मीडिया पर हाथ में देसी कट्टा लेकर युवकों का फोटो तेजी से वायरल हो रहा है जो पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती देने का काम कर रहा है। वायरल फोटो कर्ण कुदरिया का लोगों द्वारा बताया जा रहा है पर इसकी पुष्टी नही की गई है पर गुरुवार को फोटो तेजी से वायरल हो रहा है। फोटो में एक लड़का का हाथ में देसी कट्टा लिया हैं वही साथ में और तीन भी मौजूद है जिसका फोटो वायरल हो गया है वही स्थानीय लोग बताते हैं कि युवकों में आज कल दबंगई के क्षेत्र में फेमस होने की ललक बढ़ी हैं या फिर लोगो में अपना खौफ दिखाना चाहते है।



अगर इस तरह के मनचलों युवक पर पुलिस प्रसाशन एक्शन नही लेते है। तो क्षेत्र में किसी ना किसी तरह की घटना घट सकती है। और इस तरह के युवकों का मन इसी तरह बढा रहेगा । ऐसा करने वालों पर लोगों ने कार्रवाई की मांग की।

## गर्मी से लोग परेशान थे 15 मिनट बारिश होने से गर्मी से राहत मिली

साहिल कुमार सिंह (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार) कटिहार



जिला अंतर्गत बरारी प्रखंड के सेमापुर ओपी क्षेत्र के कावर पंचायत में गर्मी से लोग का हाल बेहाल और इसी में 15 मिनट बारिश होने से रात मिली इससे लोगों को बहुत ही राहत मिली और खेत में कुछ पानी मिलने से किसान काफी खुश नजर आ रहे हैं लोगो ने बताया कि एक तो हम लोग बढ़ती गर्मी।

दैनिक अयोध्या टाइम्स RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# बगहा के लगुनाहा-चौतरवा पंचायत में किया गया शिविर का आयोजन

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड बगहा एक के लगुनाहा चौतरवा पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लगुनाहा अतिरिक्त अहिरवलिया वार्ड नम्बर 15 के परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। जहां बिभिन्न प्रकार के पेंशनधारियों ने अपना अपना आवेदन कैम्प मे जाति, निवास ,आय के लिए लोगों ने आवेदन जमा किया।पंचायत के मुखिया शैल देवी मुखिया प्रतिनिधि आनंद शाही ने बताया कि विकास मित्र छोटेलाल, राम आई टी सहायक दीपक कुमार ,कार्यपालक सहायक मनीष कुमार, पंचायत कार्यपालक सहायक श्रेया कुमारी समेत सभी विभागों के कर्मी शामिल रहे।प्रखंड कर्मियों ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश के आलोक में शिविर का आयोजन किया गया है। तथा शिविर मे विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, वृद्धा पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, बिहार शताब्दी कुस्ट कल्याण योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन का जीवन प्रमाणीकरण, कबीर अंत्येष्टि योजना के साथ–साथ जाति व आय प्रमाण पत्र का आवेदन लोगों ने जमा किया।कर्मियों ने बताया कि लाभुक जिनको पेंशन का लाभ मिलता है जीवन प्रमाणीकरण अभी तक नहीं कराया गया है वैसे लाभुकों का जीवन प्रमाणीकरण कार्य किया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मधुबन अंतर्गत प्रखंड के 17 स्थानों पर कैंप लगाकर लगभग 500 लोगों को कोरोना का वैक्सीन दिया गया

(राकेश कुमार सिंह प्रखण्ड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मधुबन पूर्वी चंपारण) मधुबन। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मधुबन अंतर्गत प्रखंड के 17 स्थानों पर कैंप लगाकर लगभग 500 लोगों को कोरोना का वैक्सीन दिया गया।

बिहार में फिर से बढ़ रही कोरोना की रफ्तार ने एक बार फिर लोगों को डरा दिया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.इंद्रजीत कुमार ने बताया कि कोरोना की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए एहतियात बहुत जरूरी है।सोशल डिस्टेंसिंग एवं मास्क बचाव के लिए बहुत जरूरी है।उन्होंने कहा कि प्रखंड में 17 स्थानों पर कैंप लगाकर लगभग500 लोगों को बूस्टर डोज एवं कोरोना का दूसरा डोज दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्य निर्धारित कर पूरे प्रखंड को कोरोना के टीके से आच्छादित करने में जी–जान से जुटी है।इस कार्य मे बीएचएम रमेश कुमार सिंह,बीसीएम बृज किशोर कुमार सिंह,एएनएम अनिता कुमारी,आरती कुमारी,सविता कुमारी,डेजी कुमारी,रंजना कुमारी, बिभा कुमारी,श्यामा कुमारी,पूनम कुमारी,प्रदीप कुमार सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।


# साहिबगंज एवं पारु प्रखंड के जनता ने रेलवे महाप्रबंधक को भेजा पत्र



(जितेंद्र कुमार राय संवाददाता अयोध्या टाइम्स साहेबगंज मुजफ्फरपुर)
सेवा में
श्रीमान रेलवे प्रबंधक महोदय रेलवे मंडल सोनपुर
विषय– हाजीपुर से सुगौली रेलवे लाइन में बने जाने वाली पुल 104 के निर्माण के संबंध में !
महोदय,
निवेदन पूर्वक कहना है कि हाजीपुर से सुगौली जाने वाली रेलवे लाइन में देवरिया बिशुनपुर सरैया दरबारी सड़क में कुल संख्या 104 का निर्माण होना है उस पुल की ऊंचाई जमीन से महज 12 फीट की निर्माण होना है ।?
इसी पुल के निर्माण होने के बाद भविष्य में देवरिया पुल मार्ग से धरफरी जाने वाली सड़क से बड़े वाहनों का परिचालन हमेशा के लिए बंद हो जाएगा जिसे पारू प्रखंड एवं साहिबगंज प्रखंड के दर्जनों पंचायत इससे मार्गदर्शन होगा आने वाले समय में सैकड़ों गांव तक बड़ी गाड़ी से अर्थात नियंत्रण बंद हो जाएगा अतः श्रीमान से रेलवे प्रबंधक महोदय जी से आग्रह है कि धर पारी सड़क में पुल की जगह रेलवे फाटक का निर्माण कराने की कृपया करें इसी पुल कार्य के लिए हम सब जनता श्रीमान का सदा आभारी रहेंगे ।

# किसी की मदद करने से मुझे खास खुशी मिलती है : मिलन शर्मा

बराकर। गुरुवार को बराकर हनुमान चढ़ाई स्थित मेडी क्लीनिक में क्लिनिक के निदेशक मिलन शर्मा के नेतृत्व में एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति के तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बराकर चौम्बर के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल ने फीता काटकर किया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ0 अभिरूपा घोष ने 450 के करीब मरीजों के आंखों की जांच की एवं उन्हें उचित सलाह दिया। शिविर में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की ओर से अध्यक्ष किरण अग्रवाल, सचिव हेमलेखा चौधरी, सरिता चौधरी, संगीता अग्रवाल, सरिता चौबे, संध्या मस्करा, सोभा अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, रजनी माधोगोंडिया, कृष्णा अग्रवाल, पूजा आदि उपस्थित थे। इस दौरान समिति के भी कई महिलाओं ने अपनी आंखों की जांच कराई। मालूम हो कि मेडी क्लिनिक के निदेशक मिलन शर्मा द्वारा हमेशा से गरीबों असहायों के लिए इस तरह के निःशुल्क शिविर लगाए जाती है। इस दौरान क्लिनिक के निदेशक मिलन शर्मा ने कहा कि किसी की मदद करने से मुझे खास खुशी मिलती है और बात गरीब और असहाय की हो तो में उनकी मदद के



लिए कभी पीछे नही हटता। उन्होंने कहा कि आज मेडी क्लिनिक में मुफ्त नेत्र जांच शिविर में अभीतक 450 लोगो की आंखों जांच की गई। और भी संख्या में लोग बचे हैं जिन्हें कल या किसी और अवसर पर शिविर के माध्यम उनकी भी जांच की जाएगी।

# देशवासी नोटबंदी के बाद से बदहाल अर्थव्यवस्था, बेतहाशा

(जितेन्द्र कुमार राय संवाददाता अयोध्या टाइम्स साहेबगंज मुजफ्फरपुर) साहेबगंज। देशवासी नोटबंदी के बाद से बदहाल अर्थव्यवस्था, बेतहाशा महँगाई और रिकॉर्डतोड़ बेरोजगारी एवं नौकरी के विकल्पों के अभाव से पहले से ही जूझ रहे थे कि अब सरकार ने आजादी के बाद अति आवश्यक खाद्य पदार्थों गेंहू, अनाज, चावल, आटा, एवं किताब, कफन,इलाज इत्यादि पर भी GST लगाकर गरीबी में आटा गीला करने जैसा क्रूर काम किया है। आजाद भारत में पहली बार अनाज और कफन पर टैक्स लगाया गया है जिसका सबसे अधिक खामियाजा निम्न और मध्यम वर्ग को उठाना पड़ेगा। इस टैक्स के कारण दूध–दही, घी, आटा, चावल, स्टेशनरी इत्यादि के भाव 10–15: बढ़ गए है। इससे लोगों की पढ़ाई लिखाई और खान–पान व पोषण अर्थात् लोगों के भविष्य और वर्तमान पर सीधा सीधा असर पड़ रहा है। हर बीतते महीने के साथ देश में डेढ़–दो करोड़ बेरोजगारों की संख्या में बढ़ौतरी हो रही है। यानी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों और बिना सोचे समझे अचानक लिए गए अतार्किक फैसलों एवं गलत जनविरोधी नीतियों के कारण एक ओर आय के विकल्प लगातार खत्म हो रहे हैं, वहीं बढ़ती महँगाई और नित नए थोपे जा रहे टैक्सों के कारण बचत और जीवनयापन करना असंभव सा हो गया है।

सरकार दाम बढ़ाकर, राष्ट्र की संपत्ति बेचकर, निजीकरण कर, नौकरी छिनकर, लोगों की पेट पर लात मारकर कमाई करना बिल्कुल बंद करे। आम आदमी, गरीब, मजदूर, किसान का जीना मुहाल हो गया है। छोटे व मंझोले किसान व व्यापारी बर्बाद हो रहे हैं। सरकारी नौकरियाँ खत्म की जा रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को आम नागरिकों की पहुँच से बाहर कर दिया गया है। पूँजीपति मित्रों के 11 लाख करोड़ की राशि तक के टैक्स और लोन माफ करने वाली जनविरोधी केंद्र सरकार में आम आदमी बिल्कुल विकल्पहीन और आशा–विहीन हो गया है जो देश के लिए बहुत खतरनाक है।

# जिलाधिकारी द्वारा फीता काटकर ग्रामीण विकास शिविर का किया गया विधिवत उद्घाटन

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। जिलाधिकारी पश्चिमी चम्पारण, बेतिया, श्री कुंदन कुमार द्वारा फीता काटकर ग्रामीण विकास शिविर का विधिवत उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व विभाग, आपूर्ति विभाग, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग आदि विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों का मुआयना किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों, कर्मियों एवं लाभुकों से विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी ली गयी।ग्रामीण विकास शिविर में स्वास्थ्य के 411, कोविड टीका के 60, कोविड जाँच के 378, ब्लड टेस्ट के 102, कृषि के 09, शिक्षा के 02,आवास योजना के 54, सामाजिक सुरक्षा के 25, जन्म मृत्यु के 02, अंचल कार्यालय के 17, मनरेगा के 17, मातृ वंदना के 04 कन्या सुरक्षा के 01,राशन कार्ड के 28, पशुपालन के 40, पशुपालक दवा वितरण के 114, बिजली के 20 मामलों का ऑन–द–स्पॉट निष्पादन किया गया।इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुँचे ग्रामीणों वीरेंद्र मद्देशिया, छविलाल बैठा, हरिमोहन प्रसाद सिंह, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, रामभरोस कुशवाहा, कैफ अंसारी, रमाशंकर यादव, संगीता देवी, फूल कुमारी, विनोद राम, वंशी खटिक, कुसमी देवी, फुलवा देवी, फूलमती देवी, बंधु राम आदि को जिलाधिकारी ने सुना और समस्याओं का निष्पादन कराया तथा कुछ मामलों का निष्पादन नियमानुकूल तरीके से अविलंब कराने का निदेश अधिकारियों को दिया। इंदिरा आवास की शिकायत लेकर पहुँची फुलवा देवी ने बताया कि वह बैरवा बाजार मुशहरी की रहने वाली है। उसे रहने के लिए पक्का मकान नहीं है। वार्ड सदस्य रमेश हरिजन द्वारा इंदिरा आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए 10 हजार रुपया भी ले लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा इसे अत्यंत गंभीरता से लिया गया और एसएचओ को तुरंत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही बीडीओ को निदेश दिया गया कि उक्त फरियादी की समस्या का निराकरण कराना सुनिश्चित किया जाय। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से बातचीत के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में जिला मुख्यालय से 80



किलोमीटर दूर ग्रामीण विकास शिविर का आयोजन किया गया है। स्थानीय प्रशासन द्वारा लगातार इस क्षेत्र की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभुकों को समयबद्ध तरीके से आसानी से मिल जाया करे, इस हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण विकास शिविर इसका उदाहरण है। ऐसे कई शिविर लगाकर यहाँ के सभी लाभुकों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।इस दौरान जिलाधिकारी से स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मिले और अपनी–अपनी बातों को रखा। सभी जनप्रतिनिधि काफी खुश थे और जिलाधिकारी के आगमन को लेकर उन्हें धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों से विद्यालय संचालन सहित अन्य विषयों से संबंधित फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधिगण बच्चों, युवाओं के लिए बेहतर प्रयास करें ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। उन्होंने कहा कि अपने–अपने पंचायत को बेस्ट बनाएं, आदर्श पंचायत बनाएं। इससे पंचायत के विकास के साथ–साथ प्रखंड, जिला, राज्य और देश का विकास होगा।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनिल राय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता मो0 इमरान, विशेष कार्य पदाधिकारी वैद्यनाथ प्रसाद सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उम्मीद वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम में 21 पौधे रोपें गए



बराकर। सामाजिक संगठन उम्मीद वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में गुरुवार की सुबह पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उम्मीद वेलफेयर फाउंडेशन के सभी सदस्यों के साथ कुल्टी विधानसभा के भाजपा विधायक डॉ अजय कुमार पोद्दार ने पीएचसी हॉस्पिटल रोड बराकर मैं पीएचसी की सीनियर डॉ शिला मुखर्जी की उपस्तिथि मैं और कुल्टी के विभिन्न जगहों पर पौधारोपण किया गया। इस दौरान कुल 21 पौधों का पौधारोपण किया गया इस दौरान कुल्टी विधायक डॉ अजय कुमार पोद्दार ने कंहा कि आज मानव विकास के मार्ग पर अग्रसर है लेकिन पर्यावरण पर ही हमारा भविष्य आधारित है किन्तु तेजी से हो वायु प्रदूषण ने भी हमारे पर्यावरण को बहुत हानि हो रही है प्रदूषण से बचने के लिए पौधारोपण कर बचा जा सकता हैं,और हर व्यक्ति को अपने जीवन काल मैं एक–दो पेड़ जरूर लगाना चाहिए, हमारा धर्म हमे पेड़ो की पूजा करना सिखाता है,जिस देश मैं पेड़ की पूजा की जाती है वहाँ पेड़ो की रक्षा और उनका पालन भी हमारा धर्म है, उन्होने कहा कि उम्मीद वेलफेयर फाउंडेशन संस्था के सदस्यों द्वारा क्षेत्र में लागतार किए जा रहे अनेक प्रकार के समाजिक कार्यों की प्रशंसा की।

उम्मीद वेलफेयर फाउंडेशन संस्था के फाउंडर शेखर राजनीवाल ने कहा कि संस्था के द्वारा लगातार अनेक समाजिक कार्यक्रम किया जा रहे है और आने वाले समय में भी पौधारोपण लगातार किया जाएगा और इसी प्रकार कार्यक्रम किया जाएगा। और जल्द ही रक्त दान शिविर भी आयोजन किया जाएगा, हम आशा करते है कि संस्था को इसी प्रकार पूरे क्षेत्र का प्यार और सयोग मिलता रहेगा। इस दौरान संस्था के अंकित अग्रवाल, वसीम खान, राजा एहमद सिद्दीकी, शमशाद खान, अंकित भुकानिया उर्फ लाला, तथा बराकर के व्यवसायी सुरेश सुल्तानिया, राकेश मित्तल, चरण सिंह, अमित शर्मा, और नटवर केजरीवाल उर्फ ठुल्ला मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पूर्वी चम्पारण कोटवा में बिजली विभाग के अधिकारी ही करवा रहे ,बिजली की चोरी

कोटवा प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में पंचायती राज विभाग ने लगभग कुल लागत रूपए तीन करोड एकतीश लाख अठासी हजार नौ सौ तेरेपन रूपए (3,31,88, 953) का स्ट्रीट लाइट लगाया, और बिजली विभाग को बिजली आपूर्ती संबंधित कंज्यूमर नम्बरध्या कोई अन्य जानकारी का कुछ पता ही नही ।
(संवाददाता अर्जुन राय अयोध्या टाइम्स कोटवा पूर्वी चम्पारण)
बिजली आपूर्ति सब सेक्शन कोटवा के जेई जनर्धन कुमार ने बताया हमे कोई जानकारी नहीं है।
सूत्रों से मिली जानकारी केअनुसार आपको बता दू। कोटवा प्रखण्ड के विभिन्न पंचायत में। पंचायती राज विभाग ने वित्तीय वर्ष 2020/2021 में कुल 3,31,88,953 रूपए। (3करोड़ एकतिश लाख अठासी हजार नौ सौ तेरेपन रूपए) का स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति सभी पंचायत के सभी वार्डो में किया।
जो की egramswarajgov-in पोर्टल पे ऑनलाइन है। जबकी बिजली विभाग को स्ट्रीट लाइट का कंज्यूमर नम्बर ही नही पता है।
जेई कोटवा जनार्धन कुमार ने बताया। (फोन पे हुई बातचीत के अनुसार ) हमे ईश सम्बंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं है। तो सम्बन्धित स्ट्रीट लाइट के खपत ऊर्जा का भुगतान कैसे होता है, इसके सम्बंध में भी कोई जानकारी नही है। जेई कोटवा जनर्धन कुमार से स्ट्रीट लाइट आपूर्ति से संबंधित उपभोक्ता संख्या की जानकारी और डायरेक्ट एलटी वायर में कट कर जोड़ी हुई स्ट्रीट लाइट से सम्बन्धित विवरण मांगी गई, जिसमे कोटवा जेई ने बताया हमे कोई जानकारी नहीं है।
सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आपको बता दू। स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए विभागीय नियम के अनुसार किसी भी उपभोक्ता को बिजली विभाग को कनेक्शन के लिए अप्लाई करना होता है। और विभाग मीटर इंस्टाल करती हैं, जिससे होने वाले बिजली खपत का निर्धारण किया जा सके। और कंज्यूमर नम्बर अवेलेवल कराया जाता है। जिससे भुगतान बिजली विभाग को प्राप्त हो सके।
और विभाग द्वारा दिए गए दिशानिर्देश के अनुसार स्ट्रीट लाइट के लिए खंभा, वायर, आदि आवश्कता अनुसार लगाया जाता है।
परन्तु यहां तो बिजली विभाग के अधिकारी को कुछ पता ही नही है। जबकि पंचायती राज विभाग ने 3,31,88,953 रूपए का स्ट्रीट लाइट लगाया। और बिजली विभाग ने कोई कनेक्शन दिया ही नही तो ये स्ट्रीट लाइट चलाए कैसे जा रहे हैं।और कोटवा जेई को कुछ पता ही नही है। इसको चोरी नहीं तो और क्या कहते है, और आम जनता को तो इसके सम्बंध में कुछ पाता ही नही चलता है। और मजे की बात बता दू , एलटी वायर में डेयरेक्ट कट कर के, बिजली के खंभे पर ही डायरेक्ट कनेक्शन किया गया है। जिससे खपत का कोइ निर्धरणन ही नही हो पायेगा।
पंचायत राज विभाग द्वारा कोटवा प्रखण्ड में स्ट्रीट लाइट में खर्च पंचायत वार–
अहिरौलिया 14,46,643 रूपए
बरहरवा कला पूर्वी –18,00, 000 रूपए बरहरवा कला पश्चिमी–6,77, 622 रूपए बथना 29,66, 903 रूपए भोपतपुर नॉर्थ –29,99, 720 रूपए भोपतपुर साउथ–13,00,001 रूपए डुमरा –17,70, 000 रूपए
गोपीछपरा –13,78, 295 रूपए
जगीरहा –6,16, 351 रूपए
जसौली –27,85, 917 रूपए
जसौली पट्टी –30,80, 000 रूपए
करारिया –18,00, 000 रूपए
कोटवा –35,74, 994 रूपए
मछरगवा –18,00, 000 रूपए
महारानी भोपट –21,58, 868 रूपए
पोखरा –30,33, 639 रूपए
कुल रूपए=3,31,88, 953 रूपए।
इतने रूपए के लागत खर्च से सभी पंचायत में स्ट्रीट लाइट लगा।
और बिजली कनेक्शन का कोई अता पता ही नहीं है। कंज्यूमर नम्बर ही नही है। तो ये सभी स्ट्रीट लाइट कैसे काम कर रहे हैं।
या ये कहे की विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से विधुत विभाग को छती पहुचाई जा रही है। या ऐसे बिजली खपत को सम्बन्धित एरिया के आम जानता से राजस्व की वसूली की जाति है। अगर नही?
तो सम्बन्धित बिजली की खपत का भुगतान कौन और कैसे करता है।
अगर चोरी माना जाय तो अनुमानित विद्युत चोरी की विवरणी–
प्रति वार्ड/20 लाइट
प्रति 1 स्ट्रीट लाइट/50 वाट
प्रति पंचायत वार्डो की संख्या अनुमानित 12वार्ड कोटवा प्रखण्ड में पंचायत की संख्या 16 स्ट्रीट लाइट वाट में वार्डो की संख्या =पंचायत
502012=12,000 वाट/पंचायत
12, 000वाट 16=1,92, 000वाट
स्ट्रीट लाइट के लिए बिजली विभाग प्रति 100वाट के लिए 375रूपए मीटर रहित चार्ज करती हैं। ईश लिए 1,92,000100= 1920
1920375= 7,20,000 रूपएकी अनुमानित चोरी।
7,20, 000प्रति माह 7,20,00024 माह=1,72,80,000 अनुमानित यानी अभितक एक करोड बहत्तर लाख अशी हजार रुपए की अनुमानित चोरी मानी जा सकती है। ये सिर्फ और सिर्फ अनुमान है, पंचायत में किसी में वार्डो की संख्या कम और ज्यादा हो सकती है। फिर भी बिजली विभाग के अधिकारी को ये सब नहीं दिखाई पड़ता। जब कमजोर गरीब आम किसान पे चोरी की प्राथमिकता दर्ज कर जुर्माना उसूली की जा सकती है, तो खुलेआम हो रही चोरी पे क्यू नही। या इन सभी के लिए कोई और कारण है ये अभीतक पता नहीं चला है। ये भ्रष्टाचार नहीं तो और क्या हो सकता है।

# उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की फिरोजाबाद इकाई का हुआ गठन



☒ यूके दीक्षित (वरुण) जिलाध्यक्ष व प्रशांत शर्मा (शिवम) बने महामंत्री

रिपोर्ट राज पलिया रिपोर्टर फिरोजाबाद। जिले में उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का गठन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष के रूप में यूके दीक्षित वरुण, उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, महामंत्री प्रशांत शर्मा ,कोषाध्यक्ष आदित्य मिश्रा को बनाया गया जिसमें यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे यूनियन के प्रदेश सचिव नरेंद्र भारद्वाज के द्वारा संगठन के बारे में विस्तार से बताया संगठन के प्रदेश महासचिव रमेश शंकर पांडे ने संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियो को बधाई देते हुए संगठन की स्थापना व संगठन की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा हम सब को संगठित रहने की आवश्यकता है पत्रकारों का उत्पीड़न हमारे बिखराब की वजह से हो रहा है हम एक रहेंगे तो हमारी तरफ कोई आंख उठा कर नहीं देख सकता संगठन चलाने के लिए अर्थ की आवश्यकता होती है इसका ध्यान भी हम सभी को रखना है इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी ने कहा कि कोई संगठन बड़ा या छोटा नहीं होता न हीं कोई पत्रकार बड़ा या छोटा होता पत्रकार तो अपनी लेखनी से अपना परिचय कराता है हम सबको एकत्रित रहकर संघर्ष करना है कार्यक्रम में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष यू.के. दीक्षित श्वरुण श ने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा आप सब ने जो





जिम्मेदारी मुझ पर सौंपी है मैं उसको निभाने का पूर्ण प्रयास करूंगा कार्यक्रम में मुख्य रूप से आदित्य मिश्रा अतुल उपाध्याय , राज पलिया, सौरभ शर्मा, अश्वनी शर्मा ,जयंत भारद्वाज ,अमन शर्मा ,अमन पचौरी ,अर्जुन मिश्रा अभिषेक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## कोलकाता शहीद दिवस में जाने से पहले शांतिभूषण ने नितुरिया में चार शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नितुरिया। 21 जुलाई कोलकाता के धर्मतल्ला में तृणमूल नेत्री द्वारा विशाल शहीद दिवस मनाया जाता है। कोलकाता शहीद दिवस में जाने से पहले बुधवार को नितुरिया में तृणमूल ब्लॉक सभापति शांतिभूषण यादव के नेतृत्व में 4 शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर भारी संख्या में तृणमूल समर्थक एवं कार्यकर्ता कोलकाता



शहीद दिवस समारोह के लिए रवाना हुए। ब्लॉक सभापति शांतिभूषण यादव ने कहा कि बाम सरकार में चार पार्टी कर्मियो की सीपीएम द्वारा हत्या कर दी गयी थी। 2010 के 29 मार्च की घटना है।अज्ञात लोगों के हाथों नितुरिया ब्लॉक तृणमूल सभापति शशिभूषण यादव के साथ, तृणमूल कर्मी देवदास बाउरी, मुरारी बाउरी एवं सुनील मांडी की हत्या हुआ था। उन्होंने कहा कि सीपीएम का उद्देश्य था 2011 विधान सभा वोट से पहले राज्य में आतंक फैला देना। मगर ऐसा नही हुआ और 2011 में सीपीएम को हार का मुंह देखना पड़ा। और जीती तृणमूल, हमारी नेत्री ममता बनर्जी। और ऐतिहाशिक लड़ाई में शहीद हुए कर्मियों को सम्मान देकर ही पार्टी भविष्य में आगे बढ़ रहे हैं। और हर वर्ष यह 21 जुलाई को शहीद दिवस मनाया जाता है।

## 21 जुलाई शहीद सभा मे जाने को लेकर बराकर स्टेशन में लगी कार्यकर्ताओ की भीड़

बराकर। तृणमूल नेतृत्व द्वारा 21 जुलाई धर्मतल्ला चलो कार्यक्रम को



लेकर गुरुवार की सुबह बराकर रेलवे स्टेशन से कोलकाता जाने को लेकर काफी संख्या में तृणमूल कार्यकर्ता एवं समर्थक को देखा गया। मालूम हो कि तत्कालीन नेता ममता बनर्जी के नेतृत्व में नो एपिक नो वोट आंदोलन के दौरान कोलकाता में पुलिस फायरिंग के दौरान 13 लोग मारे गए थे। उसके बाद से तृणमूल दल द्वारा उस दिन को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। गुरुवार 21 जुलाई कोलकाता में शहीद दिवस में शामिल होने को लेकर स्टेशन के अंदर एवं बाहर काफी संख्या में तृणमूल कार्यकर्ता एवं समर्थको की भीड़ देखी गई। तृणमूल कार्यकर्ताओ में पूर्व पार्षद सजल, सुमिता घोष, सोमनाथ घोष, दीनानाथ दास, सुब्रत भादुड़ी, पप्पू सिंह, सुबल चक्रवर्ती, बबलू अंसारी सहित सैंकड़ो की संख्या में तृणमूल चेहरे देखे गए। इस दौरान इन कार्यकर्ता एवं समर्थकों के यात्रा में सुविधा को ध्यान में रखते हुए तृणमूल नेता टुन्नी लोहिया के नेतृत्व में उन्हें पानी का बोतल, बिस्कुट आदि बांटे गए।

## 40 परिवारों का राशन कार्ड आधार कार्ड से हुआ लिंक, तृणमूल कार्यकर्ता का रहा सहयोग

सलानपुर। सलानपुर ब्लॉक के देंदुआ पंचायत के होदला गांव के लगभग 40 गरीब परिवारों का राशन कार्ड आधार से लिंक ना होने के कारण बिना राशन के ही राशन दुकान से वपास लौटना पड़ रहा था। कई बार (पीडीएस) सरकारी राशन दुकान में अपने राशन कार्ड को आधार से लिंक कराने के प्रयास किया गया, लेकिन कुछ तकनीकी समस्या के कारण लिंक नहीं हो पाया। वही राशन कार्ड के आधार से लिंक ना होने के कारण सभी



परिवार राशन सामग्री से वंचित हो गये थे। सूचना पा कर कल्याणेश्वरी क्षेत्र की तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता मीना देवी गौंड एंव लक्ष्मी सोरेन ने गरीब परिवार की समस्या को तृणमूल कांग्रेस ब्लॉक महासचिव भोला सिंह के सामने रखी। बुधवार तृणमूल कांग्रेस ब्लॉक महासचिव भोला सिंह, मीना देवी गौंड एंव लक्ष्मी सोरेन की पहल से सभी 40 परिवारों का सालानपुर ब्लॉक बीडीओ कार्यालय प्रांगण के राशन कार्ड कार्यालय में राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक कराया गया। राशन लभ्यार्थी ने तृणमूल कांग्रेस ब्लॉक महासचिव भोला सिंह एंव तृणमूल कांग्रेस महिला कार्यकर्ता के इस सहयोग के लिऐ धन्यवाद किया।

## रेलवे स्कूल स्कूल नही होगी बंद, रेलवे स्कूल को मॉडल स्कूल

आसनसोल । कुछ दिन पहले अच्छी खबर आई थी कि रेलवे स्कूल बंद नहीं किया जाएगा। आसनसोल दक्षिण की विधायक अग्निमित्र पाल ने दावा किया कि उन्होंने रेल मंत्री के अनुरोध के बाद रेल मंत्री की पहल पर स्कूल को बंद करने से रोक दिया। इसके बाद आज आसनसोल ईस्टर्न रेलवे स्कूल में आजादी के



महोत्सव नामक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें आसनसोल रेल मंडल के डीआरएम परमानंद शर्मा, आसनसोल दक्षिण विधानसभा के विधायक अग्निमित्र पाल सहित रेलकर्मी छात्र–छात्राओं के साथ मौजूद रहे। इस दिन अग्निमित्र पाल ने कहा, मैंने रेल मंत्री से स्कूल बंद न करने का अनुरोध किया था। उसने मेरी बात रखी। माननीय प्रधानमंत्री जी और रेल मंत्री जी को धन्यवाद। डीआरएम परमानंद शर्मा ने कहा कि आने वाले दिनों में इन रेलवे स्कूलों को मॉडल स्कूल बनाया जाएगा और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाएं सुविधाओं के अनुरूप उपलब्ध होंगी।

## दियारा क्षैत्र में गोलियों की थरथराहट

दैनिक आयोध्या टाईम्स/खगड़िया। खगड़िया जिले के परबत्ता थाना क्षेत्र के नयागांव सतखुट्टी दियारा क्षेत्र में गोलियों की थरथराट से थर्राया दियारा क्षेत्र 2 व्यक्ति को गोली मारकर जख्मी कर दिया है वही जख्मी का पहचान नयागांव सतखूंट्टी निवासी बुलबुल सिंह उर्फ बोलू सिंह के दो



पुत्र 26 वार्षिय साकेत कुमार,24 वार्षिय अंकित कुमार आदि जख्मी हो गया है। मौके जख्मी व्यक्ति ने बताया कि दियारा क्षेत्र मे (गाछ) वृक्ष काटने को लेकर विवाद चल रहा था जिसको लेकर हम लोगों ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर बार–बार वे लोग जान से मरने के लिए धमकी रहा था जिसको लेकर पीड़ित ने दो दिनों पूर्व परबत्ता थाना मे सनाहा दर्ज कराये थेजिसके बाद बमबम सिंह, शुभम सिंह आदि लोगों ने गोली चला दिया है। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि दियारा क्षेत्र मे लग भाग 15 से 20 राउंड गोली चलाने कि सूचना मिला है.मौके ग्रामीणों की सहायता से इलाज के लिए परबत्ता सीएचसी लाया गया. मौके पर तैनात प्रभारी डॉ राजीव रंजन ने बताया कि जख्मी को देखने से लगता है कि गोली जख्मी शरीर मे ही फस गया है वही गोली से जख्मी को इलाज कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल खगड़िया रेफर कर दिया है।

## सुबोध राय हत्याकांड मामला नामजद आरोपियों के घर पर लगाया गया इस्तिहार

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ शिवहर,सीतामढ़ी। आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दिया जाय जाप नेता सुबोध राय हत्याकांड मामला, नामजद आरोपियों के घर पर लगाया गया इस्तिहार, डुगडुगी बजाकर लगाया गया इस्तिहार,8 आरोपी के घर पर लगाया गया इस्तिहारैं,भ्ब विजय कुमार ने दी जानकारी।

